www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

67 YEARS देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 27 मई 2025 । वर्ष – 67 । अंक –41 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन– 06072/59



■ बहुत कुछ है जिस की पर्दादारी है!
■ ट्रम्प का व्यापार धर्मयुद्ध : विनिर्माण राष्ट्रवाद की बेपरवाह कोशिश — पृष्ठ 6

■ अपने देश का भला नहीं कर रहे राष्ट्रपति पुतिन व जेलेंस्की
■ इजरायल ने गाजा में नए संघर्ष विराम के प्रस्ताव को किया अस्वीकार — पृष्ठ 7

आरसीबी को शीर्ष दो की होड़ में बने रहने के लिए लखनऊ से जीतना ही होगा — पृष्ठ 8

## ऑपरेशन सिंदूर पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# हमने छुपाकर नहीं बताकर मारा



आतंकवाद को पनाह देने वालों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से मुकाबला करना इतना मुश्किल होगा: नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

- सिंदूर मिटाने वालों का मिटना तय
- मैंने तीनों सेनाओं को पूरी छूट दी

**दाहोद**, 26 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के दाहोद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सिंदूर मिटाने वालों का मिटना तय है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने छिपाकर नहीं, बताकर मारा। यह सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि ये हम भारतीयों के संस्कारों, हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है।

पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा, ये क्षेत्र मां भारती की, मानवता की रक्षा के लिए हमारे तप और त्याग को दर्शाता है। सोचिए, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने जो कुछ किया, क्या भारत चुप बैठ सकता है? क्या मोदी चुप बैठ सकता है? आतंकवाद को पनाह देने वालों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से मुकाबला करना इतना मुश्किल होगा।

उन्होंने कहा, अगर कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। इसलिए 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है। ये हम भारतीयों के संस्कारों, हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है।

**140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी**

'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैंने तीनों सेनाओं को पूरी छूट दी और हमारे बहादुर सैनिकों ने वो कर दिखाया, जो दुनिया ने दशकों में नहीं देखा था। हमने सीमा पार चल रहे नौ सबसे बड़े आतंकी शिविरों की पहचान की और उनके ठिकानों की पुष्टि की। 22 अप्रैल को उन्होंने जो खेल खेला, उसके जवाब में हमने 6 मई की रात को सिर्फ 22 मिनट में उन्हें धूल चटा दी। आतंकवादियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। इसलिए मैंने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे प्रधान सेवक की जिम्मेदारी दी है।

### भारतीय सेना ने बुकलेट जारी की, तीनों सेना प्रमुख मॉनिटरिंग कर रहे थे

भारतीय सेना ने सोमवार को एक बुकलेट जारी की है। इसमें बताया गया कि 6–7 मई को लॉन्च किए ऑपरेशन सिंदूर की तीनों सेना प्रमुख मॉनिटरिंग कर रहे थे। बुकलेट में दिखाया गया है कि कैसे वॉर रूम से पूरे ऑपरेशन पर नजर रखी जा रही थी। इसमें आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और एयरफोर्स चीफ एयरचीफ मार्शल एपी सिंह मौजूद थे।

**हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान को धूल चटा दी**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत की इस कार्रवाई से बौखलाकर जब पाकिस्तानी सेना ने दुस्साहस दिखाया, तो हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी धूल चटा दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा, विभाजन के बाद जिस देश का जन्म हुआ, उसका एक ही लक्ष्य था, भारत का विरोध करना, भारत से नफरत करना और भारत को नुकसान पहुंचाना। लेकिन, भारत का लक्ष्य गरीबी मिटाना, अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और विकसित भारत के रूप में प्रगति करना रहा है। विकसित भारत का विजन केवल एक मजबूत सेना और एक मजबूत अर्थव्यवस्था के माध्यम से ही साकार होगा।

### गुयाना के प्रधानमंत्री ने भारत को दिया समर्थन

**जॉर्जटाउन।** गुयाना के प्रधानमंत्री मार्क एंथनी फिलिप्स ने बर्बिस में शशि थरूर के नेतृत्व वाले भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान सीमा पार आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के उपायों के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि फिलिप्स ने रविवार शाम (स्थानीय समयानुसार) को ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के प्रति भारत की शून्य सहनशीलता की नीति के बारे में सांसदों से जानकारी प्राप्त की। फिलिप्स आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के प्रति समर्थन व्यक्त करने वाले दूसरे गुयाना नेता थे।

# अब देश के सबसे उन्नत ट्रांसफॉर्मर बनेंगे रायपुर में



**रायपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ एक और बड़ी छलांग लगाने जा रहा है। देश की प्रतिष्ठित कंपनी करमवीर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने रायपुर में अत्याधुनिक ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस इकाई में 300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा, जिससे छत्तीसगढ़ का नाम देश के सबसे बड़े ट्रांसफॉर्मर निर्माण केंद्रों में शामिल हो जाएगा।

- 300 करोड़ से अधिक का निवेश प्रस्ताव
- छत्तीसगढ़ से होगा अब पूरे देश को ट्रांसफॉर्मर सप्लाई

इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक विवेक जैन ने मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ सदन, नई दिल्ली में मुलाकात की। बैठक में प्रस्तावित परियोजना की रूपरेखा, निवेश संभावनाएं और रोजगार सृजन के आयामों पर विस्तार से चर्चा हुई। जैन ने बताया कि यह यूनिट तकनीकी दृष्टि से देश की सबसे उन्नत ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई होगी, जो भविष्य में ऊर्जा क्षेत्र की ज़रूरतों को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निवेश प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़, विकसित भारत 2047 के निर्माण में एक मजबूत स्तंभ बने। यह निवेश सिर्फ एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की तकनीकी क्षमता और आत्मनिर्भरता की दिशा में ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### रायपुर में जल्द स्थापित होगा देश का प्रमुख एआई डेटा सेंटर



- ईएसडीएस करेगी 600 करोड़ का निवेश

छत्तीसगढ़ देश के डिजिटल परिदृश्य में बड़ा कदम रखने जा रहा है। रायपुर में अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए टेक्नोलॉजी कंपनी ईएसडीएस साफ्टवेयर सोल्यूशन लिमिटेड ने 600 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री से नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में मुलाकात के दौरान कंपनी के चेयरमैन पीयूष सोमानी और उपाध्यक्ष लोकेश शर्मा ने कहा कि यह सेंटर न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे भारत के डिजिटल भविष्य को गति देगा। इस प्रस्ताव के माध्यम से छत्तीसगढ़ को एआई क्लाउड टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल स्टोरेज के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में ठोस पहल होगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा, डिजिटल इंडिया की भावना को छत्तीसगढ़ में धरातल पर उतारने के लिए यह निवेश मील का पत्थर साबित होगा। सरकार हरसंभव सहायता देगी ताकि यह परियोजना जल्द से जल्द मूर्तरूप ले। ईएसडीएस की यह पहल छत्तीसगढ़ को एक टेक्नोलॉजी हब बनाने के साथ-साथ युवाओं के लिए उच्च स्तरीय रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। यह सेंटर राज्य के आईटी इकोसिस्टम को मजबूती देगा और डिजिटल आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के इनवेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सेन भी उपस्थित थी।

## सार संक्षेप

### भाजपा के पूर्व सांसद छत्रपाल सिंह का निधन

**बुलंदशहर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ छत्रपाल सिंह का लम्बी बीमारी के चलते दिल्ली में निधन हो गया है। वह करीब 79 वर्ष के थे। बुलंदशहर के बिगराऊ गांव के मूल निवासी डा सिंह फिलहाल बुलंदशहर नगर की टीचर्स कॉलोनी में निवास कर रहे थे। वह बुलंदशहर लोकसभा सीट से चार बार सांसद और उड़ीसा से राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वह राज्यमंत्री थे। डा सिंह के निधन पर राजनीतिक हस्तियों और समाजसेवियों ने दुख प्रकट किया है।

### तुर्की, पाकिस्तान बढ़ाएंगे द्विपक्षीय सहयोग

**इस्तांबुल।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से यहां मुलाकात की तथा इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने का संकल्प लिया। दोनों नेताओं के बीच रविवार को यहां हुई बैठक के बाद तुर्की के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में श्री एर्दोगन ने कहा, वह दोनों देशों के बीच हर क्षेत्र में, विशेष रूप से ईंधन, परिवहन और रक्षा में सहयोग बढ़ाने का प्रयास करेंगे। राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में तुर्की और पाकिस्तान के बीच बढ़ती एकजुटता दोनों देशों के हितों की पूर्ति करती है।

### 2027 तक एआई अपनाने में 383 प्रतिशत वृद्धि संभव

**नई दिल्ली।** भारत में ह्युमन रिसोर्स इंडस्ट्री के लीडर्स को उम्मीद है कि 2027 तक एजेंटिक एआई अपनाने में 383 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जा सकती है। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। एजेंटिक एआई को ऐसी तकनीक के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो एआई एजेंटों को इस प्रकार सक्षम बनाती है कि वे मानवीय निगरानी के बिना स्वायत्त रूप से कार्य कर सकें।

### बृजभूषण को पॉक्सो केस में राहत

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली। इस रिपोर्ट में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह पर नाबालिग होने पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक पहलवान द्वारा दायर मामले को रद्द करने की मांग की गई थी।

# जातिगत जनगणना पर सरकार काम नहीं कर रही : भूपेश



**रायपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। जातिगत जनगणना को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने दिल्ली रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा करते हुए

कहा कि जब से राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की बात की है, तब से देशभर में इसे लेकर माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्तर पर बड़ा बदलाव संभव है। इसी विषय को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का फैसला किया, यह कैबिनेट का निर्णय है।हालांकि यह प्रक्रिया समय और संसाधन मांगती है, और फिलहाल भारत सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने बताया कि इन्हीं मुद्दों को लेकर दिल्ली में छत्तीसगढ़ के सभी ओबीसी नेता एकजुट हो रहे हैं।

भूपेश बघेल ने पूछा कौन चला रहा है मुख्यमंत्री के विभाग?

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंत्रिमंडल विस्तार में विलंब और सीमित मंत्रियों की संख्या को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जितने कम मंत्री होंगे, उनके सारे विभाग मुख्यमंत्री के पास चले जाएंगे।

अब यह जानने की आवश्यकता है कि मुख्यमंत्री के पास जो विभाग हैं, उन्हें आखिर चला कौन रहा है? उन्होंने कहा कि चाहे वह माइनिंग हो या शिक्षा, सभी विभाग मुख्यमंत्री के पास हैं, तो फिर उनका संचालन कौन कर रहा है?

मेकाहारा अस्पताल में पत्रकारों के साथ हुई बदसलूकी और मारपीट की घटना पर भूपेश बघेल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि पत्रकारों के साथ ऐसी घटना की मैं निंदा करता हूं।सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों। रविवार रात कवरेज करने गए मीडियाकर्मी के साथ मेकाहारा अस्पताल में तैनात बाउंसरों ने धक्कामुक्की की और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी थी. इस घटना को लेकर मीडियाकर्मियों में भारी आक्रोश है।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को लेकर सरकार पर साधा निशाना

दंतेवाड़ा जिले में नक्सलवाद को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल में वहां नक्सलियों की संख्या में भारी कमी आई थी। हमने वहां शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया और आदिवासियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अभियान चलाए। उन्होंने वर्तमान की साय सरकार पर आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार तेंदूपत्ता नहीं खरीद पा रही है और मनरेगा भी सुचारू रूप से नहीं चल रहा है, जिससे आदिवासियों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है।

### एनआईए ने सीआरपीएफ जवान को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के साथ संवेदनशील जानकारी साझा करने के आरोप में दिल्ली से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान मोती राम जाट को गिरफ्तार किया। वह 2023 से पाकिस्तानियों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा कर रहा था।

**खरगे का कंद्र सरकार पर हमला**

# अच्छे दिन की बात डरावने सपने साबित हुए



**नई दिल्ली**, 26 मई (एजेंसियां)। 26 मई 2014 को के दिन नरेंद्र मोदी ने देश के प्रधानमंत्री के तौर पर पहली बार शपथ ली थी। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मौके पर पीएम मोदी और उनकी सरकार को घेरा है।

मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 6 मई 2014, 11 सालों में बड़े-बड़े वादों को खोखले दावों में बदलकर मोदी सरकार ने देश की ऐसी दुर्दशा की, कि अच्छे दिन की बात अब एक 'डरावने सपने' की तरह साबित हुए। मल्लिकार्जुन खरगे ने हर तबके का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं से सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा किया गया था। असलियत ये है कि उन्होंने करोड़ों नौकरी गायब की हैं। किसान से सरकार ने वादा किया था कि सरकार आने पर आय दोगुनी हो जाएगी। न आय हुई दोगुनी, ऊपर से रबर बुलेट खाने पड़ी। महिला आरक्षण पर शर्तें लागू, सुरक्षा तार-तार कर दी। कमजोर वर्ग जैसे, एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों पर भयावह अत्याचार हो रहे हैं, हिस्सेदारी खत्म की जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने अर्थव्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि महंगाई की पराकाष्ठा, बेरोजगारी की बाढ़ और असमानता चरम पर है। हर तरफ लोग परेशान हैं। सरकार ने 2014 से पहले विदेश नीति को लेकर वादा किया था विश्वगुरु बनाकर रहेंगे। हालत ये है कि आज हर देश से सम्बन्ध बिगाड़ दिए हैं।

### लालू परिवार पर भड़कीं ऐश्वर्या

**पटना**, 26 मई (एजेंसियां)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और घर से निकाले जाने पर पत्नी ऐश्वर्या राय पहली बार मीडिया के सामने आईं। ऐश्वर्या ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए लालू यादव के परिवार पर जमकर निशाना साधा और कई सवाल पूछ डाले। उन्होंने कहा पूरा परिवार ड्रामा कर रहा है। मैं ये पूछना चाहती हूं कि जब इन लोगों (लालू यादव के परिवार को) तेजप्रताप के बारे में पता था कि ऐसी बात है तो मेरी शादी क्यों कराई, मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की? उनसे पूछिए कि मुझे मारा क्यों?

## मेकाहारा अस्पताल की पोल खुलने से बचाने तैनात किए गए हैं गुंडे : सिंहदेव



**रायपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। ।राजधानी रायपुर के सरकारी अस्पताल मेकाहारा में पत्रकारों के साथ मारपीट मामले में कांग्रेस ने सोशल मीडिया में पोस्टर जारी कर सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने कहा, अस्पताल की पोल खुलने से बचाने गुंडों को तैनात किया गया है। एक्स पर कांग्रेस ने लिखा, प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल मेकाहारा हॉस्पिटल में बाउंसरों का कहर है। खस्ता हाल व्यवस्थाओं और लापरवाही को ठीक करने की बजाए भारी भुजाओं वाले गुंडे पाल लिए गए हैं, जो मीडिया कर्मियों के साथ मारपीट, बदतमीजी कर भीतर की पोल खुलने से बचाते हैं।

प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने एक्स पर पोस्ट कर इस घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा, प्रदेश के सबसे बड़े और प्रख्यात सरकारी अस्पताल मेकाहारा में हुई अप्रिय और हिंसक घटना बहुत चौंकाने वाली और अत्यंत निन्दनीय है। सरकारी अस्पताल में बाउंसर के रूप में हिंसक और असामाजिक तत्वों का मौजूद होना और पत्रकारों के विरुद्ध प्रशासन की मौजूदगी में हिंसा और बदतमीजी करना प्रदेश की कानून व्यवस्था और पत्रकारिता की स्वतंत्रता का हाल साफ दिखाता है। सिंहदेव ने कहा, मैं प्रदेश के पत्रकार साथियों के साथ मजबूती से खड़ा हूं।उनकी सुरक्षा, रिपोर्ट और सवाल करने की स्वच्छंदता के लिए पूरी शक्ति के साथ आवाज उठाऊंगा।

## कांग्रेस ने गौरव गोगोई को सौंपी असम की कमान



- तीन कार्यकारी अध्यक्ष भी नियुक्त किए

**नई दिल्ली**, 26 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने लोकसभा में पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई को असम प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त कर उनके सहयोग के लिए तीन प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भी नियुक्त किए हैं। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है और सभी पदाधिकारी को तत्काल काम शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि श्री गोगई को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है जबकि वरिष्ठ नेता जाकिर हुसैन सिकदर, श्रीमती रोजलीना टिर्की तथा प्रदीप सरकार को प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। श्रीमती टिर्की को कांग्रेस सचिव पद से मुक्त किया गया है। श्री वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी ने भूपेन बोरा को प्रचार समिति, देवब्रत सैकिया को समन्वय समिति, प्रद्युत बोरडोलोई को घोषणा पत्र समिति तथा रकीबुल हुसैन को पब्लिसिटी विभाग का प्रमुख बनाया है। पार्टी ने श्री गोगोई से पहले प्रदेश अध्यक्ष रहे भूपेन वोरा के काम की प्रशंसा की है।

## ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा



**हिसार**, 26 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार की एक अदालत ने सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद ज्योति को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने का आदेश दिया गया। ज्योति मल्होत्रा को पुलिस ने नौ दिन की रिमांड पर लिया था, जो अब समाप्त हो चुकी है। इस दौरान पुलिस ने उससे गहन पूछताछ की और जासूसी से संबंधित महत्वपूर्ण सुराग जुटाने का प्रयास किया। इससे पहले भी पुलिस ने ज्योति को दो बार रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान जांच एजेंसियों ने ज्योति से गहनता से पूछताछ की।ज्योति मल्होत्रा एक यूट्यूबर है और उसके खिलाफ 16 मई को सरकारी गोपनीयता अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। वह उन 12 लोगों में शामिल थी जिन्हें जासूसी के संदेह में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया था। बताया गया कि वह पाकिस्तानी उच्चायोग के कर्मचारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के संपर्क में थी। भारत ने कथित तौर पर जासूसी में लिप्त होने के कारण 13 मई को दानिश को देश से निष्कासित कर दिया था।

**महामारी** सबसे ज्यादा सक्रिय मामले केरल में, दिल्ली में भी कोरोना ने पकड़ी रफ्तार

# देश में लगातार बढ़ रहे कोविड मामले

- कुल मामलों की संख्या 1,010 हुई

**नई दिल्ली, 26 मई (देशबन्धु)। भारत में कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। देश में कुल मामलों की संख्या 1,010 हो गई है। देश में कोरोना के सबसे ज्यादा 430 मरीज केरल में है। वहीं राजस्थान, महाराष्ट्र, बंगाल और कर्नाटक में कुल 12 मरीजों की मौत हुई है। हालांकि इनमें से कइयों को दूसरी गंभीर बीमारियां भी थीं।**

*इसके अलावा महाराष्ट्र में 209, दिल्ली में 104, गुजरात में 83 और कर्नाटक में 47 केस शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में 15 मरीज मिले हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोविड-19 के मामलों में बड़ा उछाल आया है।*

*राजधानी में कोरोना के 104 मामले सक्रिय हैं। इनमें से 99 मामले पिछले एक सप्ताह के दौरान बढ़े हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में सबसे ज्यादा सक्रिय मामले केरल में हैं।*



***सबसे ज्यादा मरीज महाराष्ट्र में ठीक हुए-*** *इसके अलावा, कोविड-19 से सबसे ज्यादा मरीज महाराष्ट्र में ठीक हुए हैं। महाराष्ट्र में 8,29,849, केरल में 6,84,927 और आंध्र प्रदेश में 2,32,635 में सबसे अधिक मरीजों ने कोरोना को मात दी है। सबसे ज्यादा मौतें (कोरोना की पहली लहर से अब तक) – महाराष्ट्र (1,48,606), तमिलनाडु (38,086) और कर्नाटक (40,412) में हुई हैं। 19 मई के बाद देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस के नए मामले दर्ज किए गए हैं। जिनमें आंध्र प्रदेश में (4), छत्तीसगढ़ में (1), गोवा में (1), गुजरात में (76), हरियाणा में (8), कर्नाटक में (34), मध्य प्रदेश में (2), राजस्थान में (11), तमिलनाडु में (3) और तेलंगाना में (1) मरीज शामिल हैं। इस बीच, दिल्ली में कोविड-19 के मामले 100 के पार पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार स्थिति पर करीबी से नजर बनाए हुए है। सीएम गुप्ता ने कहा, सभी अस्पतालों को दिशानिर्देश दिए गए हैं और सरकार स्थिति पर नजर रख रही है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में मामलों से निपटने की पूरी तैयारी कर रखी है। यहां हर तरह की सुविधाएं मौजूद हैं।*

# देश

**उवाच**



"मध्य प्रदेश में महिलाओं, दलितों और आदिवासियों के साथ लगातार अत्याचार की घटनाएं हो रही हैं और राज्य सरकार इसे नियंत्रित नहीं कर पा रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव गृह मंत्रालय का कार्य भी संभाल रहे हैं इसलिए राज्य में सबसे पहले पूर्णकालिक गृह मंत्री होना चाहिए।
-डॉ.विक्रांत भूरिया, कांग्रेस नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 28.0 |
| मुंबई | 27.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# कृषि विकास से ही आएगी समृद्धि : धनखड़

■ उप राष्ट्रपति ने तीन दिवसीय कृषि उद्योग समागम का किया उद्घाटन
■ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



देश के किसान भाइयों के परिश्रम से ही विकसित भारत 2047 का लक्ष्य पूरा होगा : जगदीप धनखड़

**नरसिंहपुर,** 26 मई (एजेंसियां)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि खेती-किसानी देश की अर्थव्यवस्था की नींव है। यह हमारी प्रगति का मूल आधार है। कृषि के क्षेत्र में विकास और नित नए नवाचार जरूरी हैं। कृषि के विकास से ही देश में समृद्धि आएगी। देश का उदर-पोषण करने वाले अन्नदाता की खुशहाली में ही हमारे देश की खुशहाली सन्निहित है। उन्होंने कहा कि देश के किसान भाइयों के परिश्रम से ही विकसित भारत 2047 का लक्ष्य पूरा होगा। धनखड़ सोमवार को यहां जिला मुख्यालय में कृषि उद्योग समागम-2025 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उपराष्ट्रपति धनखड़, राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीप प्रज्जवलन, कन्या पूजन एवं भगवान बलराम की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 26 से 28 मई तक चलने वाले तीन दिवसीय 'कृषि-उद्योग समागम 2025' का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. श्रीमती सुदेश जगदीप धनखड़ विशेष रूप से उपस्थित थीं। वहीं उप राष्ट्रपति कृषि उद्योग समागम कार्यक्रम परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस दौरान उनके साथ उपस्थित रहे और पौधरोपण किया। मंत्रिपरिषद् में शामिल कई अन्य मंत्रियों ने भी पौधरोपण में हिस्सा लिया। उपराष्ट्रपति ने कृषि उद्योग समागम के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस पहल का अन्य राज्यों को भी अनुसरण करना चाहिए। किसान हमारे अन्नदाता हैं। अन्नदाताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि किसान भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बेहद कर्मठ और कार्यशील है। कोई ऐसा दिन नहीं रहता, जब वे गांव, गरीब और किसान की चिंता न करें।

मध्य प्रदेश सरकार ने गांव-किसान और उद्योग को जोड़ने की अभिनव पहल शुरू की है। धनखड़ ने कृषि-उद्योग समागम के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि देश का हर राज्य मध्यप्रदेश की इस पहल का अनुकरण करेगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा भी 29 मई से 12 जून तक नई दिल्ली में कृषि आधारित एक वृहद आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का रास्ता गांव और किसान के खेत से निकलता है। देश में विकसित भारत के लिए महायज्ञ चल रहा है इसमें सबसे बड़ी आहूति किसान भाइयों की ही है। किसान केवल फसल उत्पादन तक सीमित न रहें। उन्हें खाद्य प्र-संस्करण, व्यापार और मार्केटिंग भी सीखनी चाहिए। उप राष्ट्रपति ने कहा कि किसान अधिक से अधिक कृषि आधारित उद्योग स्थापित करें। उन्होंने सुझाव दिया कि अन्नदाता को उद्यमी बनाने के लिए स्थानीय सांसद और विधायक गांवों को गोद लें, किसानों को समृद्ध बनाएं, जिससे खेती में नई तकनीक का इस्तेमाल हो और हर गांव में समृद्धि आए। उन्होंने कहा कि देश में 720 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नेतृत्व में सभी संस्थान बेहद सजग होकर कार्य कर रहे हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर एक नया इतिहास रच दिया है। हमने जापान को पीछे छोड़ा है और बहुत जल्द जर्मनी को पीछे छोड़कर हम तीसरे स्थान पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि के मामले में शस्य श्यामला है। नरसिंहपुर पर मां नर्मदा की विशेष कृपा है। नरसिंहपुर जिला दाल का कटोरा है, यहां की तुअर दाल को जीआई टैग मिला है। दाल उत्पादक किसान देशभर में पहचान बना चुके हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। मध्यप्रदेश तो नदियों का मायका है।

मध्य प्रदेश 247 नदियों का उद्गम है, जो देश में सर्वाधिक है। यहां घने जंगल नदियों एवं जलराशि को समृद्ध करते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश को मां नर्मदा का आशीर्वाद मिला हुआ है। नर्मदा मध्य प्रदेश के साथ-साथ गुजरात और राजस्थान को भी जल प्रदान करती है। झ

महाकौशल, मालवा और निमाड़ का कुछ हिस्सा मां नर्मदा से सिंचित है। मालवा की तरह बुंदेलखंड में केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना से समृद्धि आएगी। स्व. श्री अटलजी का सपना पूरा करते हुए प्रदेश सरकार ने तीन बड़ी नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम शुरू कर दिया है।

## कृषि सब्सिडी किसान के खाते में मिले : उप राष्ट्रपति

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि सब्सिडी किसानों के बैंक खातों में भेजने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि इसका उद्योग से व्यापक जुड़ाव है। धनखड़ ने कहा कि किसानों को हर प्रकार की सहायता सीधे बैंक खाते में मिलनी चाहिए। इससे किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि खाद को लेकर सब्सिडी की राशि बहुत बड़ी है और अन्य भी सब्सिडी की राशियां भी बहुत बड़ी हैं, पर यह अप्रत्यक्ष हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि यदि यह सब सीधी किसानों को दी जाएं, तो मेरा आकलन है कि हर किसान को हर साल कम से कम 35,000 रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को इस पर ध्यान देना चाहिए और अध्ययन कराया जाना चाहिए। इससे किसान को ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि किसान को हर तरीके से सरकार मदद कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधा किसानों के खाते में जाती है, लेकिन अन्य सहायता भी सीधी किसानों के खाते में जानी चाहिए।

# बिहार में पथ निर्माण के क्षेत्र में करोड़ों की सौगात देंगे मोदी

**पटना,** 26 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 मई को दो दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे हैं और इस दौरान वह राज्य में पथ निर्माण के क्षेत्र में 17088 करोड़ रुपए की सौगात देंगे। राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 मई को दो दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे हैं और इस दौरान वह राज्य में पथ निर्माण के क्षेत्र में 17088 करोड़ रुपए की सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पटना-गया-डोभी जो राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-22 है उसके पैकेज एक, दो और तीन का उद्घाटन करेंगे। इस परियोजना पर कुल लागत 5519 करोड़ रुपए की आई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री गोपालगंज शहर में एनएच-27 पर चार लेन एलिवेटेड सड़क का उद्घाटन करेंगे। इसका निर्माण केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 249 करोड़ रुपए की लागत से कराया गया है। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी इसके अतिरिक्त बिहार को कई सड़क परियोजना की भी सौगात देने जा रहे हैं।



■ 29 मई को दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे प्रधानमंत्री

नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री जिन सड़क परियोजनाओ का शिलान्यास करेंगे उनमें एनएच-119 पटना-आरा-सासाराम के पैकेज एक और दो शामिल हैं। इसका निर्माण सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 3712 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है। इसी तरह वह एनएच-319बी वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेसवे के पैकेज दो एवं तीन तथा छह और सात का भी शिलान्यास करेंगे। इसकी कुल लागत क्रमश: 2817 करोड़ एवं 3177 करोड़ रुपए है।

## पटना हवाई अड्डे में नवनिर्मित टर्मिनल का करेंगे उद्घाटन

राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के क्रम में पटना हवाई अड्डा में नवनिर्मित टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे, जो कुल 1200 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है। इसके अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय में आठ करोड़ रुपए की लागत से निर्मित डारमेट्री और स्टाफ क्वार्टर का भी उद्घाटन प्रधानमंत्री करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री औरंगाबाद में नबीनगर सुपर थर्मल पॉवर परियोजना के दूसरे चरण और बिहटा हवाई अड्डा के सिविल एन्क्लेव का भी शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी राजधानी पटना में भव्य रोड शो करेंगे।

## सार संक्षेप

### ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की वैज्ञानिक ताकत को दिखाया : मनोज सिन्हा

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं, रक्षा क्षेत्र में नवाचारों एवं तकनीकी प्रगति को दिया और कहा कि इसने देश की वैज्ञानिक ताकत को प्रदर्शित किया है। उधमपुर से भौतिकी भारत यात्रा का उद्घाटन करते हुए, अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने भारतीय भौतिकी शिक्षकों संघ (आईएपीटी) और राष्ट्रीय अंतर्वेशिका नेटवर्क इंडिया (एनएएनआई) द्वारा शुरू की गई उत्कृष्ट पहल की सराहना की।

### कोलकाता में एक बांग्लादेशी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कालीघाट में वाणिज्यिक कार चालक के ड्यूटी पर तैनात कोलकाता पुलिस अधिकारी को टक्कर मारने के बाद की जांच में पता चला है कि आरोपी एक बंगलादेशी नागरिक है, जिसने महज 15,000 रुपए में फर्जी भारतीय पहचान पत्र हासिल कर भारतीय नागरिक बन गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार चालक बंगलादेश के फरीदपुर का निवासी आजाद शेख अक्टूबर, 2023 में उत्तर 24 परगना के रास्ते भारत आया था। वह फ़र्ज़ी आधार और मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड हासिल करने के बाद भारतीय नागरिक बन गया।

### मुंबई के होटल में लगी आग

**मुंबई।** मुंबई के उपनगर अंधेरी ईस्ट के चकला इलाके में ज्योति होटल में सोमवार सुबह आग लग गई, जिससे इलाके में रहने वालों और होटल में ठहरे लोगों में दहशत फैल गई। एक अधिकारी ने बताया कि आपात स्थिति में दमकल विभाग और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और इमारत के अंदर फंसे सभी 35 लोगों को बाहर निकाला। दमकल विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। बताया गया कि आग होटल की छठी मंजिल पर लगी थी। दमकल विभाग व पुलिस की समय पर कार्रवाई से जानमाल का नुकसान होने से बच गया।

### केरल से कश्मीर तक 'चलो एलओसी' यात्रा एक जून से

**तिरुवनंतपुरम।** केरल से कश्मीर तक 'चलो एलओसी' यात्रा आगामी एक जून को आदि शंकराचार्य के जन्मस्थान कलडी से शुरू होगी और 12 जून को जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास टीटवाल में शारदा मंदिर पहुंचेगी। अभिनवगुप्त उन्नत अध्ययन संस्थान के निदेशक एवं चलो एलओसी के राइड कैप्टन आर. रामानंद ने बताया कि 100 बुलेट मोटर साइकिलों के काफिले के साथ, बुलेट अगेंस्ट बुलेट्स के नारे के तहत विरोध यात्रा शुरू की जाएगी।

# मुर्मु से मधुबनी गोंड कला के कलाकारों ने की भेंट

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेसियां)। राष्ट्रपति भवन में आयोजित आर्टिस्ट इन रेजिडेंस (घरेलू जीवन के कलाकार) कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मधुबनी चित्रकार और गोंड लोक-कला के कलाकारों के एक समूह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति में बताया गया राष्ट्रपति ने इस कार्यक्रम में प्रदर्शित लोक-चित्रकारों की कलाकृतियों का अवलोकन भी किया। उन्होंने भारत की महत्वपूर्ण पारंपरिक कलाओं के इन दो रूपों में उनके योगदान की सराहना की और उनके भविष्य के कलात्मक प्रयासों में सफलता की कामना की। इस कला उत्सव में भारत की पारंपरिक कलाओं को उनके मूल स्वरूप में प्रदर्शित किया जा रहा है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस कला उत्सव ने भारत के लोक, आदिवासी और पारंपरिक कलाकारों को राष्ट्रपति भवन में एक मंच भी प्रदान किया है, जिन्होंने पीढ़ियों से कला के विभिन्न रूपों को जारी रखा है। आर्टिस्ट-इन-रेजिडेंस कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश की गोंड कला और बिहार की मधुबनी कला के कलाकार 20 से राष्ट्रपति भवन में ठहरे हुये हैं और वे वहां कल तक रहेंगे। इस कार्यक्रम में आये कलाकारों में मधुबनी कलाकार-शांति देवी, अंबिका देवी, मनीषा झा, प्रीति कर्ण, रंजन पासवान, शांति देवी, उर्मिला देवी आदि शामिल हैं।



■ राष्ट्रपति ने लोक-चित्रकारों की कलाकृतियों का किया अवलोकन

# पाकिस्तान को सम्मान देने का काम भाजपा के नेताओं ने किया : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने वर्तमान संकट के लिए उसे जिम्मेदार ठहराने पर भाजपा नेता निशिकांत दुबे को आड़े हाथ लेते हुए सोमवार को कहा कि इतिहास का ज्ञान नहीं होने पर भी उन्हें समझना चाहिए कि पाकिस्तान को सम्मान देने का काम कांग्रेस ने नहीं बल्कि भाजपा के नेताओं ने ही किया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि निशिकांत दुबे कांग्रेस पर हमला करने के लिए भुट्टो का हवाला दे रहे हैं। अब बताइए, पाकिस्तान के नेताओं को सम्मान कौन दे रहा है लेकिन इसमें हैरानी की कोई बात नहीं है, अडवाणी और जसवंत सिंह ने सार्वजनिक रूप से जिन्ना की तारीफ की थी और मोदी ने पठानकोट एयरबेस पर आतंकी हमले की जांच के लिए आईएसआई को बुलाया था। निशिकांत दुबे पर व्यक्तिगत और तीखा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि और ये बिचौलिए से नकली इतिहासकार बना व्यक्ति यह भी जान ले कि सरदार स्वर्ण सिंह और भुट्टो के बीच 1963 में छह दौर की वार्ताएं हुई थीं, लेकिन वो सारी बातचीत भारत और पाकिस्तान में हुई थी, किसी तटस्थ स्थान पर नहीं, जैसा कि 10 मई 2025 की संघर्षविराम घोषणा में डॉ. जयशंकर के मित्र और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था।



निशिकांत दुबे कांग्रेस पर हमला करने के लिए भुट्टो का दे रहे हैं हवाला : पवन खेड़ा

वर्तमान संकट का जिम्मेदार ठहराने पर भाजपा को घेरा

गौरतलब है कि दुबे ने इतिहास का हवाला देते हुए कांग्रेस पर हमला किया और कहा कि आयरन लेडी इंदिरा जी और उनके पिताजी नेहरु जी कश्मीर के अवैध कब्जे पाकिस्तान के द्वारा 1948 के बाद दुबारा मध्यस्थ अमेरिका और ब्रिटेन के दबाव में भारत सरकार के मंत्री स्वर्ण सिंह जी व ज़ुल्फ़िकार अली भुट्टो की लगातार बैठक 1962 से 1964 के बीच हुई,भारत ने पुंछ तथा उरी पाकिस्तान के द्वारा जबरदस्ती हथियाए भूभाग को पाकिस्तान को देने का फैसला ही कर लिया था, इतने पर ही मामला नहीं रुका गुरेज में पूरी नीलम और किशनगंगा घाटी के साथ लाइन ऑफ कंट्रोल को अन्तरराष्ट्रीय सीमा। भारत की आज की समस्या का एकमात्र कारण कांग्रेस का हाथ, किसके साथ।

# झारखंड में पांच लाख का इनामी नक्सली ढेर

**रांची,** 26 मई (एजेंसियां)। झारखंड में लातेहार जिला के नेतरहाट थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में भाकपा माओवादी संगठन के कमांडर पांच लाख के इनामी मनीष यादव मारा गया जबकि दस लाख का इनामी कुंदन खेरवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नक्सलियों के साथ यह मुठभेड़ रविवार देर रात शुरू हुई और सोमवार की सुबह तक चली। मुठभेड़ खत्म होने के बाद चलाए गए सर्च अभियान के दौरान मनीष यादव का शव मिला। मनीष यादव के उपर सरकार ने पांच लाख इनाम की घोषणा की थी। इस अभियान के दौरान लातेहार पुलिस को 10 लाख इनामी कुंदन खरवार को भी पकड़ने में भी सफलता हाथ लगी है।मारे गए नक्सलियों के पास से पुलिस ने कई हथियार भी बरामद किया है। उल्लेखनीय है कि बीते 24 मई को एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में लातेहार पुलिस की टीम ने लातेहार थाना क्षेत्र के इचाबार जंगल में जेजेएमपी सुप्रीमो 10 लाख इनामी उग्रवादी पप्पू लोहरा और पांच लाख इनामी उग्रवादी प्रभात गंझू को भी मार गिराया था।



# भाजपा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेगी कर्नाटक सरकार



झूठे और भ्रामक मीडिया अभियान को लेकर जताई नाराजगी

**बेंगलुरू,** 26 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने घोषणा की है वह कथित तौर पर झूठे और भ्रामक मीडिया अभियान के लिए भारतीय जनता पार्टी और उसके नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेगी। राज्य सरकार की सोमवार को यहां जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक वह बेंगलूरू के 42 वे मुख्य मेट्रोपोलिटन न्यायाधीश के समक्ष भाजपा सरकार के विज्ञापन 'दो सालों में राज्य सरकार की असफलताओं की सूची' के खिलाफ मामला दाखिल करेगी। विज्ञापन में राज्य सरकार एवं पार्टी नेताओं पर कथिततौर पर भ्रष्टाचार और प्रशासनिक असफलता के आरोप लगाए गए है। विज्ञापन में कांग्रेस के वर्ष 2023 में सत्ता में आने के बाद से राज्य सरकार पर घोटालो और प्रशासनिक असफलताओं के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई गलत सूचना के फैलाव को रोकने और सार्वजनिक तौर पर दायित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई हैं।

## विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा : विजयेंद्र

इस बीचर राज्य सरकार के इस कदम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कर्नाटक भाजपा प्रमुख विजयेंद्र येदियुरप्पा ने राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए उस पर विपक्ष को दबाने और मीडिया को चुप कराने के लिए आपातकाल-युग की रणनीति का सहारा लेने का आरोप लगाया है। पार्टी के जारी एक बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का लोकतंत्र को कमजोर करने, राजनीतिक विरोधियों को जेल में डालने और प्रेस की स्वतंत्रता को दबाने का इतिहास रहा है और विरोध की आवाजों को निशाना बनाकर राज्य में भी यही परिपाटी लागू की जा रही है।



# बंगाल में कोरोना के सात नए मामले

**कोलकाता,** 26 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में कोरोना के सात नए मामले सामने आए है। प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में हाल ही में कोविड जैसे लक्षणों के साथ 11 लोगों को भर्ती कराया गया है। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने कहा है



कि सभी मरीज स्थिर हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। विभाग के अनुसार रविवार को कोलकाता में कोविड-19 के सात नए मामले सामने आए, जिनमें से छह दक्षिण कोलकाता के एक निजी अस्पताल में और एक शहर के पूर्वी इलाके में स्थित एक अन्य निजी अस्पताल में पाया गया। अस्पताल के सूत्रों ने कहा कि अधिकांश मरीज खांसी और जुकाम के लक्षणों के साथ आए थे और नियमित कोविड-19 जांच में वायरस के लक्षण पाए गए, जिसके कारण उन्हें आइसोलेशन वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया।

# स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य में हुआ बड़ा सकारात्मक बदलाव : शाह

**नागपुर,** 26 मई (एजेंसियां)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को यहां कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के स्वास्थ्य परिदृश्य में बहुत सकारात्मक बदलाव आया है और करोड़ों गरीबों के लिए केंद्र ने मुफ्त इलाज का प्रबंध किया है। शाह यहां नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट परिसर में मरीजों और उनके परिजनों के लिए बनाए जाने वाले 'स्वस्ति निवास' परिसर का भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उन्होंने नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) के नागपुर कैम्पस के स्थायी परिसर का भूमिपूजन और अस्थायी कैम्पस का ई-उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश के करोड़ों गरीबों के लिए पांच लाख रुपए तक के सभी इलाज मुफ्त प्राप्त करने की सुविधा कर दी है। इसमें राज्य द्वारा दी जाने वाली राशि जोड़ने पर लगभग किसी गरीब को 25 लाख रुपए तक के इलाज पर कोई पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं होती है। इसके कारण गरीबों के जीवन में बीमारी के समय में लड़ने का हौंसला आया है और उनमें बीमारी से ठीक होकर फिर से अपने परिवार के साथ रहने की आशा जन्मी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसके साथ ही सस्ती और अच्छी औषधियों के लिए जन-औषधि दुकानों की श्रृंखला शुरू की है।



■ स्वस्ति निवास परिसर का किया भूमि पूजन

**कवायद** *कश्मीर के पर्यटन को फिर से जिन्दा करने की कोशिशें तेज*

# पर्यटन पैकेजों पर छूट देने की योजना बना रहे होटल व्यवसायी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,**26 मई (देशबन्धु)। पहलगाम नरसंहार के बाद पूरी तरह से खत्म हो चुके कश्मीर के पर्यटन को फिर से जिन्दा करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। इसके लिए सरकारी के साथ साथ गैर सरकारी स्तर पर भी प्रयास तेज हुए हैं।

अगर सरकारी तौर पर मुख्यमंत्री ने कश्मीर के अलग-अलग हिस्सों में कैबिनट बैठकें करने की घोषणा की है तो होटल आदि ने 50 परसेंट छूट के साथ पर्यटकों को लुभाने का प्रयास भी आरंभ किया है। पहलगाम में हुए विनाशकारी आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में संघर्षरत पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के प्रयास में, स्थानीय होटल व्यवसायी पर्यटन पैकेजों पर 50 प्रतिशत की छूट देने की योजना बना रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में टूरिस्टों को वापस आकर्षित करना और पर्यटन पर निर्भर हजारों कर्मचारियों को राहत प्रदान करना है। यह बात जेएंडके होटलियर्स क्लब के महासचिव तारिक गनी ने साझा की, जिन्होंने कहा कि यह छूट 27 मई से 30 मई तक निर्धारित फेम टूर नामक एक व्यापक विश्वास-निर्माण कार्यक्रम का हिस्सा होगी। इसमें भाग लेने के लिए पूरे भारत से राष्ट्रीय टूर ऑपरेटर, शीर्ष होटल व्यवसायी और मीडिया प्रतिनिधि आमंत्रित हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय टूर ऑपरेटर और राष्ट्रीय मीडिया, श्रीनगर हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद, 27 मई को सीधे पहलगाम की ओर जाएंगे, जहां वे होटल व्यवसायियों, टट्टूवालों, स्थानीय लोगों और अन्य लोगों से बातचीत करेंगे और जमीनी स्थिति का आकलन करेंगे।



■ क्षेत्र में पर्यटकों को वापस आकर्षित करना उद्देश्य

गनी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल पहलगाम, श्रीनगर, सोनमर्ग और गुलमर्ग सहित चार प्रमुख सुरम्य स्थानों का दौरा करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को भी राष्ट्रीय टूर ऑपरेटरों और मीडियाकर्मियों से बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। वे बताते थे कि कार्यक्रम के दौरान, जम्मू-कश्मीर के होटल व्यवसायी, हाउसबोट मालिक, टूर ऑपरेटर, ट्रांसपोर्टर और अन्य सहित कश्मीर के पर्यटन हितधारक भी श्री अमरनाथ जी यात्रा-2025 के श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे। जबकि दूसरी ओर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई। जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर्यटकों में विश्वास पैदा करने के लिए घाटी के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर आधिकारिक बैठक करेंगे। बैठक के लिए सबसे पहले गुलमर्ग को चुना गया है। 28 मई बुधवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक होगी। जम्मू कश्मीर सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने नोटिस जारी कर सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में शामिल होने के लिए कहा है।

### हरभजन सिंह और उनकी पत्नी लेकर आ रहे नया चैट शो 'हू इज द बॉस'

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी हरभजन सिंह और उनकी पत्नी गीता बसरा ने हाल ही में अपनी नई प्रोडक्शन कंपनी 'पर्पल रोज एंटरटेनमेंट' शुरू की है। अब उन्होंने इस बैनर के तले एक नया चैट शो 'हू इज द बॉस' शुरू किया है। हरभजन सिंह ने बताया कि इस शो को बनाने का आइडिया उन्हें महिलाओं से मिला। उन्होंने कहा कि लोग क्रिकेटरों को तो जानते हैं, लेकिन उनकी पत्नियों को नहीं जानते। इन महिलाओं की अपनी एक पहचान है, एक अलग कहानी है। ये अपने आप में बेहद खास हैं, और हम चाहते हैं कि इनकी कहानियां सबके सामने आएं। इसी सोच के साथ इस शो को शुरू करने का आइडिया आया। वहीं गीता बसरा ने बताया कि घर में असली बॉस कौन है?, इसका जवाब देते हुए कहा कि मुझे लगता है कि हम दोनों मिलकर बराबरी से जिम्मेदारियां निभाते हैं।

वैज्ञानिकों ने नए अध्ययन में पाया

# तीन रात बिना सोए रहने से हृदय रोग का बढ़ा खतरा

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। एक नए अध्ययन के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति लगातार तीन रातों तक ठीक से नहीं सोता है, तो उसे दिल की बीमारियां होने का खतरा बढ़ सकता है। स्वीडन की उप्साला यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने पाया कि जब नींद पूरी नहीं होती, तो शरीर में सूजन (इंफ्लेमेशन) बढ़ जाती है। यही सूजन दिल की बीमारियों की वजह बन सकती है। इस अध्ययन के प्रमुख डॉक्टर जोनाथन सेडरनेस ने बताया कि अब तक किए गए ज्यादातर शोधों में अधेड़ उम्र के लोगों पर ध्यान दिया गया है, जिनमें पहले से ही दिल की बीमारी का जोखिम होता है। लेकिन इस बार जब बिल्कुल स्वस्थ और युवा लोगों को कुछ रातों तक ठीक से नहीं सोने दिया गया, तब भी उनके शरीर में वही बदलाव दिखे। इसका मतलब है कि जीवन के शुरुआती दिनों में ही हृदय संबंधी स्वास्थ्य के लिए नींद के महत्व पर जोर देना जरूरी है। इस शोध में 16 जवान और स्वस्थ पुरुषों को शामिल किया गया। इन सबका वजन सामान्य था और नींद की आदतें भी ठीक



- शोध में 16 जवान और स्वस्थ पुरुषों को किया शामिल
- कम नींद लेने वाले व्यक्ति को व्यायाम करने के बाद शरीर की प्रतिक्रिया थोड़ी बदली

थीं। सभी को दो बार एक नींद प्रयोगशाला में रखा गया- एक बार उन्हें तीन रातों तक अच्छी नींद लेने दी गई, और दूसरी बार हर रात सिर्फ 4 घंटे की नींद दी गई। दोनों बार खाने और गतिविधियों को भी नियंत्रित रखा गया।

हर सुबह और शाम, उनके खून के नमूने लिए गए- खासकर 30 मिनट की तेज कसरत के बाद। वैज्ञानिकों ने खून में लगभग 90 तरह के प्रोटीन की मात्रा मापी। जब नींद पूरी नहीं हुई थी, तब कई ऐसे प्रोटीन की मात्रा बढ़ी जो शरीर में सूजन और दिल की बीमारियों से जुड़े होते हैं। शोधकर्ताओं ने बायोमार्कर रिसर्च जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में कहा कि इनमें से कई प्रोटीन पहले से ही हार्ट फेल होने और धमनियों में रुकावट जैसी बीमारियों से जोड़े जा चुके हैं।

शोध में यह भी देखा गया कि व्यायाम करने के बाद शरीर की प्रतिक्रिया थोड़ी बदली, अगर व्यक्ति ने कम नींद ली थी। लेकिन अच्छी बात यह रही कि कुछ अच्छे प्रभाव वाले प्रोटीन भी बढ़े। चाहे व्यक्ति ने अच्छी नींद ली हो या नहीं। यानी कम नींद के बावजूद कसरत के कुछ फायदे फिर भी मिलते हैं। हालांकि, वैज्ञानिकों ने यह भी कहा कि जब कम नींद के साथ व्यायाम किया जाता है, तो यह दिल की मांसपेशियों पर थोड़ा ज्यादा असर डाल सकता है।

# आयुर्वेदिक औषधीय गुणों से भरपूर सौंफ

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। गैस, अपच, और पेट की जलन की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए सौंफ के दाने काफी लाभदायक साबित हो सकते हैं। अगर नियमित रूप से सौंफ के दाने का इस्तेमाल किया जाए तो आपका पाचनतंत्र मजबूत बनेगा और चेहरे पर चमक भी वापिस लौट आएगी। आयुर्वेद में सौंफ को शतपुष्पा के नाम से जाना जाता है। जो पेट संबंधी विकारों को दूर करने में सहायक होता है। सौंफ के दाने शीतल और शांतिदायक होते हैं। जो पित्त दोष को संतुलित करने में मददगार होते हैं। इससे गैस, अपच और पेट की जलन की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सौंफ का इस्तेमाल घरों में मसाले के तौर पर किया जाता है। लेकिन, रात को खाना-खाने के बाद मुंह का स्वाद बदलने और ताजगी महसूस करने के लिए काफी लोग सौंफ के दाने का प्रयोग करते हैं।

आयुर्वेद के अनुसार, सौंफ को चबाने या चाय के रूप में लेने से पाचन तंत्र मजबूत होता है और मानसिक शांति भी मिलती है। सौंफ के दाने चबाने से पेट फूलना और भारीपन कम होता है, जिससे पाचन सुचारू रहता है। सौंफ की शीतल प्रकृति पित्त दोष को शांत करती है। सीने में जलन, सिरदर्द में सौंफ राहत देती है।

पेट की समस्याओं के अलावा सौंफ के दाने खाने से मुंह से आने वाली दुर्गंध भी दूर



- पेट संबंधी विकारों को दूर करने में सहायक
- आयुर्वेद में सौंफ का नाम शतपुष्पा
- रात को खाना-खाने के बाद मुंह का स्वाद बदलने में लाभदायक

होती है। सौंफ में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो मुंह की दुर्गंध को कम करते हैं और मसूड़ों को स्वस्थ रखते हैं। वहीं, रात्रि के भोजन के बाद सौंफ खाने से सांसों में ताजगी बनी रहती है। सौंफ की चाय पीने से मासिक धर्म की असहजता और पेट दर्द में आराम मिलता है। नियमित रूप से सौंफ का सेवन शरीर को मौसमी बीमारियों से बचाने में मदद करता है। सौंफ खाने से मानसिक तनाव दूर होता है और नींद भी अच्छी आती है।

सौंफ खाने से वैसे तो कोई भी नुकसान नहीं है। लेकिन, गर्भवती महिलाओं को सौंफ का सेवन ज्यादा नहीं करना चाहिए। कई बार कुछ लोगों में एलर्जी या हार्मोनल बदलाव का कारण बन सकता है। अगर आप कोई चिकित्सा ले रहे हैं तो सौंफ खाने के लिए एक बार डॉक्टर से परामर्श जरूर लें।

# 'तेरी यादें' में हनी सिंह और नरगिस फाखरी की दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री

**मुंबई,** 26 मई (एजेंसियां)। रैपर-संगीतकार यो यो हनी सिंह ने अपना नया म्यूजिक वीडियो 'तेरी यादें' रिलीज किया। इस म्यूजिक वीडियो में अभिनेत्री नरगिस फाखरी और ग्रिनी भी नजर आ रहे हैं। 'तेरी यादें' हनी सिंह के एल्बम ग्लोरी का एक बोनस ट्रैक है और इसमें अंतरराष्ट्रीय कलाकार ग्रिनी भी हैं। टी-सीरीज ने इंस्टाग्राम पर हनी सिंह का नया म्यूजिक वीडियो जारी किया और इसके कैप्शन में लिखा, हनी सिंह एक ऐसी धुन के साथ वापस आ गए हैं जो आपकी यादों में बस जाएगा। 'तेरी यादें' रिलीज हो गया है।' फैंस को हनी सिंह के इस नए म्यूजिक वीडियो में उनका नरगिस फाखरी के साथ रोमांटिक अंदाज काफी पसंद आ रहा है। गीत हनी सिंह और ग्रिनी दोनों ने लिखे हैं, और संगीत हनी सिंह ने दिया है। 2024 में हनी सिंह ने अपना एल्बम ग्लोरी लॉन्च किया, जिसमें 'मिलियनेयर', 'पायल' और 'जट्ट महकमा' सहित 18 ट्रैक शामिल थे। इस एल्बम में उन्होंने लियो ग्रेवाल के साथ गीतकार के रूप में एक संगीत निर्माता के रूप में भी वापसी की। इस एल्बम में हिंदी, पंजाबी, अंग्रेजी, हरियाणवी, भोजपुरी, स्पेनिश, फ्रेंच, अरबी, सिंधी और बलूची सहित 10 विभिन्न भाषाएं शामिल हैं। 10 में से 6 भाषाएं भारतीय उपमहाद्वीप की मूल भाषा हैं। एल्बम ने तब से कई स्ट्रीमिंग रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मुख्य ट्रैक मिलियनेयर ने सिर्फ 8 महीनों में यूट्यूब पर 350+ मिलियन व्यूज और दूसरे प्लेटफॉर्म पर 150 प्लस मिलियन स्ट्रीम पार कर लिए हैं।

# हाथ से खाना खाने के ढेर सारे लाभ

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। चम्मच या कांटे के बजाय अगर हाथ से खाना खाया जाए तो यह शरीर के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। हाथ से खाना खाने वाले लोग शरीर के मोटापे को नियंत्रित करने में सफल होते हैं और उनमें पेट से संबंधित समस्याएं काफी कम पाई जाती हैं। आयुर्वेद में हाथ से खाना खाने के कई लाभकारी फायदों के बारे में बताया गया है। आयुर्वेद के अनुसार, उंगलियों से भोजन छूने से शरीर के पांच तत्वों (अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी, आकाश) के साथ संतुलन बनता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। हाथ से खाना खाने से लोगों में भोजन को अच्छी तरह से चबाने की आदत विकसित होती है, जिससे पाचन क्रिया में सुधार होता है और पाचनतंत्र मजबूत बनता है। हाथ की उंगलियों से भोजन को छूने से मस्तिष्क को मिलने वाले संकेत पाचन एंजाइम्स को सक्रिय करते हैं। हाथ से भोजन करने से भोजन की मात्रा निर्धारित रहती है, जिससे अधिक भोजन करने की आवश्यकता कम हो जाती है। कम भोजन करने से मोटापे को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। हाथ से खाना खाने के पीछे हमारा सांस्कृतिक जुड़ाव भी है।

हाथ से खाना खाकर हम भोजन के प्रति अपनी ओर से सम्मान जाहिर करते हैं। इससे मस्तिष्क और मांसपेशियों के बीच समन्वय बढ़ता है। प्लास्टिक के चम्मच या कांटे की तुलना में अगर हम हाथ से भोजन करते हैं तो हमें चम्मच की आवश्यकता नहीं होती है। इससे हम पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे सकते हैं। हाथ से भोजन करने के कई लाभ हैं, लेकिन ये लाभ तभी मिलेंगे जब आप स्वच्छता




का ध्यान रखें। इसलिए, खाना खाने से पहले हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोएं। इसके बाद तौलिए से हाथों को अच्छी तरह से साफ करें। इसके बाद ही भोजन करना शुरू करें।

आयुर्वेद के अलावा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इसके कई लाभ बताए गए हैं। कई शोध में पाया गया है कि हाथ से भोजन करने और धीरे-धीरे भोजन को चबाने से पाचन प्रक्रिया प्रारंभिक स्तर पर ही बेहतर होती है। हाथ से खाना खाने से भोजन के प्रति जागरूकता बढ़ती है, जिसे माइंडफुल ईटिंग कहा जाता है।

# पीसीओएस महिलाओं की दिमाग पर भी डालता है असर

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम यानी पीसीओएस एक आम बीमारी है जो महिलाओं के हार्मोन को प्रभावित करती है। यह सिर्फ शरीर पर ही नहीं, बल्कि दिमाग पर भी असर डाल सकता है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे के वैज्ञानिकों ने नए अध्ययन में पाया कि पीसीओएस महिलाओं की ध्यान केंद्रित करने और सोचने-समझने की क्षमता को कमजोर कर सकता है। पीसीओएस में आमतौर पर अनियमित पीरियड्स, ओवरी में छोटी-छोटी रसौलियों व गांठों के बनने, पुरुष हार्मोन (एंड्रोजन) के बढ़ने की शिकायत की जाती है।

पहले हुए कुछ शोध में पाया गया कि पीसीओएस पीड़ित महिलाएं तनावग्रस्त रहती हैं, वहीं इस नए अध्ययन ने 'ध्यान केंद्रित' करने की जरूरी मानसिक अवस्था का पता लगाया है। अध्ययन में देखा गया कि पीसीओएस से जूझ रही महिलाएं ध्यान केंद्रित करने में काफी संघर्ष करती हैं। ध्यान की कमी से उनकी सोचने, समझने और किसी भी जानकारी को याद रखने की क्षमता पर असर पड़ सकता है। आईआईटी बॉम्बे के साइकोफिजियोलॉजी प्रयोगशाला में काम करने वाली मैत्रेयी रेडकर और प्रोफेसर




- तनावग्रस्त रहती हैं पीसीओएस पीड़ित महिलाएं
- अध्ययन में पीसीओएस से पीड़ित 101 महिला शामिल

अजीजुद्दीन खान ने महिलाओं के दो समूहों का अध्ययन किया। इसमें पीसीओएस से पीड़ित 101 महिलाओं और पूरी तरह से स्वस्थ 72 महिलाओं को शामिल किया गया।

टीम ने अध्ययन शुरू करने से पहले दोनों समूहों की महिलाओं के हार्मोन की जांच की। इसके बाद उन्होंने सभी महिलाओं से 'ध्यान केंद्रित करने से जुड़ी कुछ गतिविधियां' करवाई। इस दौरान उन्होंने पाया कि पीसीओएस पीड़ित महिलाएं स्वस्थ महिलाओं की तुलना में देर से रिएक्ट कर रही थीं। उनका ध्यान जल्दी भटक जाता था।

# राकेश रोशन की फिटनेस को देख टाइगर श्रॉफ भी रह गए हैरान

**मुंबई,** 26 मई (एजेंसियां)। 'उम्र महज एक नंबर है' इन शब्दों को साबित कर दिखाया है हिंदी सिनेमा के दिग्गज फिल्म निर्माता राकेश रोशन ने। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिटनेस रूटीन का वीडियो शेयर किया। इस वीडियो को देख फैंस दावा कर रहे हैं कि वह फिटनेस के मामले में युवा एक्टर्स को भी मात दे सकते हैं। इस वीडियो पर अनुपम खेर, टाइगर श्रॉफ समेत कई सेलेब्स ने भी कमेंट्स किए। राकेश रोशन ने इस वीडियो को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। 75 साल के राकेश रोशन वीडियो में जिस तरह से एक्सरसाइज करते दिख रहे हैं, वह देख सभी हैरान हैं। वीडियो में उन्हें बॉक्सिंग की प्रैक्टिस, पैरों की एक्सरसाइज और हंसी-मजाक करते हुए देखा जा सकता है। इसके अलावा, वह वेटलिफ्टिंग करते हुए और बैटल रोप्स से एक्सरसाइज करते भी नजर



आए।

उन्होंने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि यह हेल्दी रहने के बारे में नहीं है, यह हर दिन अपने आप को बेस्ट महसूस करने के बारे में है। उनके इस पोस्ट पर कई सेलेब्स ने भी कमेंट्स किए। एक्टर अनुपम खेर ने लिखा, 'हर हर महादेव!', वहीं टाइगर श्रॉफ ने लिखा, 'लवली सर।' इनके अलावा, विक्की कौशल के पिता और एक्शन डायरेक्टर शाम कौशल ने लिखा, 'क्या बात... बेहद प्रेरणादायक है, राकेश जी' इस वीडियो पर फैंस भी ताबड़तोड़ कमेंट्स कर रहे हैं और राकेश रोशन की मेहनत की खूब तारीफ कर रहे हैं।

एक यूजर ने लिखा, आप सच में एक प्रेरणा हैं सर। तो अन्य ने उन्हें असली सुपरहीरो करार दिया।

हाल ही में राकेश रोशन ने अपने बेटे और बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन के डायरेक्टर बनने पर एक प्यारा सा पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उन्होंने लिखा, डुग्गू, 25 साल पहले मैंने तुम्हें एक अभिनेता के रूप में लॉन्च किया था, और आज फिर 25 साल बाद, दो फिल्ममेकर आदित्य चोपड़ा और मैं, तुम्हें एक निर्देशक के तौर पर लॉन्च कर रहे हैं, ताकि हमारी सबसे बड़ी फिल्म 'कृष 4' को आगे बढ़ाया जा सके। तुम्हें इस नए रोल के लिए बहुत सफलता और आशीर्वाद। बता दें कि 'कृष 4' फिल्म में ऋतिक रोशन डायरेक्टर और अभिनेता दोनों का काम करेंगे। यह फिल्म यश राज फिल्म्स और राकेश रोशन साथ मिलकर बनाएंगे।

# खतरनाक राक्षस से भिड़ी काजोल, 'मां' का ट्रेलर जारी

**मुंबई,** 26 मई (एजेंसियां)। बॉलीवुड स्टार काजोल ने अपनी नई फिल्म 'मां' से अपना पहला पोस्टर जारी किया, जिसमें वह एक बहादुर योद्धा के अवतार में नजर आ रही हैं। इस फिल्म में वह एक ऐसे किरदार में हैं जो अपने परिवार को खतरनाक और बुरी ताकत से बचाने के लिए लड़ती हैं। पोस्टर के साथ एक्ट्रेस ने ट्रेलर के रिलीज होने की डेट का भी खुलासा किया। काजोल ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में काजोल और एक शैतान नजर आ रहा है, जिसकी लाल आंखें चमक रही हैं और शरीर बेहद डरावना है। दोनों एक-दूसरे पर चिल्लाते हुए नजर आ




रहे हैं। बैकग्राउंड में आकाशीय बिजली चमकती नजर आ रही है। कुल मिलाकर पोस्टर काफी डरावना है। पोस्टर पर लाल रंग में लिखा है, 'रक्षक, भक्षक और मां', पोस्टर में दमदार ऑडियो सुनाई दे रहा है। यह ऑडियो काफी जोशीला है। ऐसा लगता है काजोल शैतान से लड़ने को पूरी तरह तैयार हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए काजोल ने कैप्शन में लिखा कि रक्षक, भक्षक, मां। बचाने वाली। बर्बाद करने वाली। चार के दिन के बाद ट्रेलर आएगा। फिल्म का निर्देशन विशाल फुरिया ने किया है। वह 'छोरी' और 'छोरी 2' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

फिल्म 'मां' को अजय देवगन और ज्योति देशपांडे प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में काजोल के अलावा इंद्रनील सेनगुप्ता, रोनित रॉय और जितिन गुलाटी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# पिट्यूटरी ट्यूमर के इलाज के लिए 'सबसे लंबे आदमी' की सर्जरी की गई



**चंडीगढ़,** 26 मई (एजेंसियां)। चंडीगढ़ के पीजीआईएमईआर के न्यूरो सर्जरी विभाग ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने अब तक 100 से अधिक पिट्यूटरी ट्यूमर के मामलों का इलाज किया, जिनमें सबसे लंबा मरीज भी शामिल था, जिसकी लंबाई 7 फीट 7 इंच थी। एक्रोमेगाली एक हार्मोनल बीमारी है जो पिट्यूटरी ग्रंथि में बनने वाले ट्यूमर के कारण होती है। इसमें हड्डियों और ऊतकों की अत्यधिक वृद्धि देखी जा सकती है। इसका इलाज एंडोस्कोपिक ट्रांसनसल पद्धति से किया जाता है। यह एक कम चोट पहुंचाने वाली तकनीक है, जिसमें सिर पर कोई चीरा नहीं लगाया जाता।

डॉ. राजेश छाबड़ा, डॉ. अपिंदरप्रीत सिंह और डॉ. शिल्पी बोस की अगुवाई वाली न्यूरोसर्जरी टीम ने डॉ. राजीव चौहान की नेतृत्व वाली न्यूरो एनेस्थीसिया टीम के सहयोग और डॉ. इकजोत व डॉ. दृष्टि पारेख की मदद से 100 जटिल ऑपरेशन किए। पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च ने सोमवार को कहा कि ओटी तकनीशियन गुरप्रीत सिंह सहित ऑपरेशन थियेटर टीम ने इन सर्जरियों को सही तरीके से और सुरक्षित रूप से पूरा करने में अहम भूमिका निभाई। पीजीआईएमईआर के निदेशक प्रोफेसर विवेक लाल ने टीम के सहयोग को सराहते हुए कहा कि 7 फीट 7 इंच लंबाई वाले सबसे लंबे मरीज समेत 100 से अधिक जटिल पिट्यूटरी ट्यूमर के सफल इलाज से पीजीआईएमईआर की चिकित्सा विशेषज्ञता, सटीकता और टीम वर्क साबित होता है। यह परिणाम दिखाते हैं कि हम नई सोच के साथ बेहतरीन देखभाल देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इस सर्जरी पद्धति की सफलता को बताते हुए पीजीआईएमईआर ने हाल ही में एक ऐसे युवक का इलाज किया, जिसकी लंबाई 7 फीट 7 इंच तक बढ़ गई थी। यह लंबाई अनियंत्रित वृद्धि हार्मोन के कारण होने वाली एक्रोमेगाली की एक दुर्लभ और गंभीर स्थिति थी। रोगी को जोड़ों में दर्द, नजर की समस्याएं और रोजमर्रा के काम करने में परेशानी हो रही थी। फिर बिना किसी निशान के ट्रांसनसल मार्ग के रास्ते ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। अस्पताल ने बताया कि सर्जरी के बाद उनके हार्मोन का स्तर सामान्य होने लगा और कुछ ही हफ्तों में उनके लक्षणों में सुधार दिखने लगा।

इस बारे में विस्तार से बताते हुए एनेस्थीसिया और गहन चिकित्सा विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. राजीव चौहान ने कहा कि यह अब तक पीजीआईएमईआर का सबसे लंबा मरीज था। उसकी असामान्य ऊंचाई और वजन ने एनेस्थीसिया में कई चुनौतियां पैदा की।

# 'स्वस्थ नारी, खुशहाल देश' अभियान शुरू, स्वास्थ्य और स्वच्छता को देगा नई दिशा

**नोएडा,** 26 मई (देशबन्धु)। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और महिला स्वास्थ्य के लिए कार्यरत सामाजिक संस्था शीविंग्स ने मिलकर 'स्वस्थ नारी, खुशहाल देश' नामक एक विशेष स्वास्थ्य और स्वच्छता अभियान की शुरुआत की है।

यह पहल मासिक धर्म स्वच्छता दिवस से पूर्व शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य वंचित तबके की लड़कियों और महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और जागरूकता उपलब्ध कराना है। इस अभियान के तहत गौतमबुद्ध नगर जिले में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली लगभग 5,500 किशोरियों और महिलाओं को शामिल किया गया है। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें बड़ी संख्या में छात्राएं और उनकी माताएं भाग ले रही हैं। इन शिविरों में महिलाएं अपने स्वास्थ्य से संबंधित



समस्याएं साझा कर रही हैं और विशेषज्ञ डॉक्टर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। शीविंग्स ने स्त्री रोग विशेषज्ञों और सामान्य चिकित्सकों की एक टीम को सरकारी स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्रों में भेजा है ताकि वंचित

- लगभग 5,500 किशोरियां व महिला शामिल
- स्तन कैंसर की पहचान, प्रसव पूर्व और पश्चात देखभाल और एनीमिया जैसी समस्या

समुदायों की महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

इस अभियान को जिलाधिकारी मनीष वर्मा और बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) राहुल पवार का भी पूर्ण समर्थन प्राप्त है। दोनों अधिकारियों ने जिले के सभी सरकारी स्कूलों को इस पहल में भाग लेने के निर्देश दिए हैं, जिससे अभियान का प्रभाव जमीनी स्तर तक सुनिश्चित हो सके। आईओसीएल के कार्यकारी निदेशक हेमंत राठौर ने बताया कि महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार देश की उत्पादकता और जीडीपी में सकारात्मक योगदान दे सकता है। यह पहल न केवल स्वास्थ्य सुधार लाएगी, बल्कि स्कूलों में अनुपस्थिति को कम करेगी और महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को भी बढ़ावा देगी।

शीविंग्स के संस्थापक मदन मोहित भारद्वाज ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि कोई भी लड़की केवल मासिक धर्म जागरूकता या देखभाल की सुविधा के अभाव में पीछे न रह जाए। हम इस अभियान के माध्यम से 5,500 से अधिक महिलाओं और किशोरियों तक स्वच्छता उत्पाद और जरूरी जानकारी पहुंचाना चाहते हैं।

यह अभियान केवल मासिक धर्म जागरूकता तक सीमित नहीं है। इसके अंतर्गत स्तन कैंसर की पहचान, प्रसव पूर्व और पश्चात देखभाल, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, स्तनपान की चुनौतियों और एनीमिया जैसी समस्याओं पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है।

रायपुर, मंगलवार 27 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मोदी की विदेश नीति पर सवालिया निशान

नरेन्द्र मोदी सरकार जिस विदेश नीति पर चल रही है, उसके संभावित नुकसान के बारे में राहुल गांधी काफी पहले से आगाह करते रहे हैं। लेकिन कभी भी नेता प्रतिपक्ष श्री गांधी की सही सलाह को मोदी सरकार ने नहीं सुना, बल्कि भाजपा नेता उन्हें राजनीति का नौसिखिया साबित करने में लगे रहे या फिर उनके बयानों से देशविरोधी ताकतों को बल मिलता है, ये आरोप लगाते रहे। अभी डोनाल्ड ट्रंप के युद्धविराम के दावों को लेकर भी राहुल गांधी ने जो सवाल किए उसके बाद भाजपा नेताओं ने यहां तक कह दिया कि राहुल गांधी पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं और उन्हें निशान-ए-पाकिस्तान से नवाज़ा जाएगा। घरेलू राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप चलते रहते हैं, लेकिन विदेश नीति में सारे दल अब तक एकजुटता दिखाते रहे हैं, मगर अब मोदी सरकार में यह परंपरा भी टूट चुकी है। अब विदेश नीति मोदीनीति के तौर पर प्रस्तुत की जा रही है।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर 33 देशों में भेजा गया सर्वदलीय प्रतिनिधमंडल इसकी मिसाल है। भारत के पहले भी पाकिस्तान और चीन के साथ युद्ध हुए, कभी भी भारत ने पहले हमला नहीं किया, बल्कि परिस्थितियां संभालने के लिए उसे हथियार उठाने पड़े। यह बात पूरी दुनिया में अकाट्य सत्य की तरह बनी हुई है, इसलिए इससे पहले भारत को कभी भी अपना पक्ष रखने के लिए सांसदों, राजनयिकों की टोली देश-देश नहीं भेजनी पड़ी। इस बार भी भारत ऐसा कुछ न करता तब भी दुनिया ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल नहीं करती। क्योंकि जैसा हमेशा हुआ, अब भी वैसा ही हुआ कि सीमापार से आतंकी हमारी धरती पर आए, हमला किया, निर्दोष नागरिकों को मारा और तब जाकर भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी अड्डों पर हमला किया। पाकिस्तान ने पलटवार करने के लिए जो कदम उठाए, भारत ने उनका भी तगड़ा जवाब दिया। अफसोस है कि पुंछ जैसे सीमाई इलाकों में निर्दोष नागरिकों की मौत हुई, लेकिन यहां सेना की नहीं सरकार की गलती थी, कि उसने पहले से नागरिक सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए। बाकी जिन शहरों या सैन्य अड्डों को पाकिस्तान ने निशाना बनाने की कोशिश की, वो सारी हमारी रक्षा प्रणाली ने नाकाम कर दी थी। लेकिन इस बीच डोनाल्ड ट्रंप ने बीच में आकर सब गड़बड़ कर दिया। ट्रंप की मध्यस्थता से भारत युद्ध विराम के लिए सहमत हुआ यह संदेश तो पूरी दुनिया में गया ही, क्योंकि भारत ने अब तक इसका खंडन नहीं किया है। दूसरी तरफ पाकिस्तान को भी बढ़कर बोलने और खुद को पीड़ित की तरह पेश करने का मौका मिला। मोदी सरकार की विदेश नीति की यह सबसे बड़ी असफलता थी कि जिन देशों ने पहलगाम हमले के तुरंत बाद भारत के लिए सहानुभूति दिखाई, उनमें से कोई ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारत के साथ खड़ा नहीं रहा, अफगानिस्तान को छोड़कर।

अब प्रधानमंत्री मोदी देश में तो खुद घूम-घूमकर ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय लेने और उस पर राजनीति करने में लगे हैं, उधर उनका पक्ष रखने के लिए विदेशों में गया प्रतिनिधिमंडल भी भारत के पक्ष में माहौल बनाने में किस हद तक सफल होगा, यह विचारणीय है। क्योंकि इन प्रतिनिधिमंडलों की बैठकें अमूमन सामाजिक संगठनों, विचार मंचों, और वहां के प्रवासी भारतीय समुदाय से हो रही हैं, बहुत कम देशों में सरकार के साथ उच्च स्तरीय बैठक इन दलों की हुई है। जबकि विदेश नीति के मसले, किस देश को किस मुद्दे पर कितना साथ देना है, ऐसे फैसले सरकार में ऊंचे पदों पर बैठे लोग ही तय करते हैं, जो नीति निर्धारक होते हैं असल शक्ति उनके हाथों में होती है, और इन लोगों के साथ सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल की बैठकें हुई हैं, ऐसा देखने नहीं मिला। मेहमाननवाजी के तकाजे के हिसाब से अपने देश आए भारतीय प्रतिनिधिमंडल को हर देश सम्मान दे रहा है, उनकी बात सुन रहा है, आतंकवाद की निंदा भी कर रहा है, लेकिन क्या मोदी सरकार का मकसद केवल यही था। अगर ऐसा ही समर्थन जुटाना था तो फिर इन तमाम देशों में भारतीय दूतावास इस जिम्मेदारी को पूरा कर सकते थे। अच्छी, मनलुभावन बातें करने के लिए क्या जनता के धन पर इन प्रतिनिधिमंडलों को भेजा गया है।

खास तौर पर अमेरिका की बात करें तो भारतीय प्रतिनिधिमंडल के पहुंचने के बाद डोनाल्ड ट्रंप के बयान में कोई बदलाव आया, यह परखना चाहिए। क्योंकि मकसद तो भारत को सही और पाकिस्तान को गलत दिखाना है। लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक ऐसी कोई खबर नहीं आई कि ट्रंप का कोई बयान परिवर्तन हुआ हो। बल्कि अब इस प्रतिनिधिमंडल के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और राष्ट्रीय सुरक्षा उपसलाहकार पवन कपूर भी अमेरिका जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनकी यात्रा का मकसद अमेरिका को यह समझाना ही है कि भारत और पाकिस्तान अपने मसले खुद सुलझा सकते हैं और इसमें किसी मध्यस्थ की जरूरत नहीं है। अमेरिका के पाकिस्तान के साथ बढ़ते व्यापारिक संबंधों को लेकर भी भारत अपनी चिंता व्यक्त कर सकता है। अब सरकार के इन दो प्रतिनिधियों से क्या ट्रंप को पाकिस्तान का साथ देने से रोका जा सकेगा, यह विचारणीय है। वैसे गौरतलब है कि शशि थरूर के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने वहां अलग-अलग मंचों से आतंकवाद के खिलाफ अपनी बात रखी, लेकिन इन मंचों पर ट्रंप सरकार का कोई नुमाइंदा रहा हो, ऐसी खबर नहीं थी।

इधर फ्रांस भी भारतीय दल पहुंचा है, लेकिन खबर ये भी है कि राफेल बनाने वाली दसॉ एविएशन ने भारत के साथ इस लड़ाकू विमान का सोर्स कोड यानी उसे चलाने वाला सॉफ्टवेयर या उसकी प्रोग्रामिंग भारत के साथ साझा करने से इंकार कर दिया है। भारत को अगर यह सोर्स कोड मिलता तो उसे अपने रक्षा उपकरणों को आगे जाकर अपग्रेड करने में मदद मिलती। मगर फ्रांसीसी कंपनी के इंकार के बाद अब भारत फिर से अपने पुराने परखे दोस्त रूस से सहायता लेने जा रहा है। रूस में बनने वाले एस यू 57 लड़ाकू विमान भारत खरीदने पर विचार कर रहा है और रूस ने इसकी तकनीकी जानकारी भारत के साथ साझा करने पर सहमति जताई है। यानी घूमफिर कर रूस ही हमारा मददगार साबित होता है। लेकिन फिर भी देश अमेरिका को लेकर दीवानगी दिखाता है, यह दुखद है।

कुल मिलाकर आज की तारीख में यही नजर आ रहा है कि मोदी सरकार बिना सोचे समझे वैश्विक, वैदेशिक संबंधों पर आगे बढ़ रही है, उसमें देश का नुकसान हो रहा है।

## बहुत कुछ है जिस की पर्दादारी है!

ऑपरेशन सिंदूर के बाद, राजस्थान में बीकानेर की अपनी सभा में प्रधानमंत्री मोदी, डॉयलागबाजी के अपने शीर्ष पर थे। यहां श्रोताओं की जोरदार तालियों के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने सिर्फ इसी का बखान नहीं किया कि कैसे ऑपरेशन सिंदूर के जरिए सफलता तथा सटीकता के साथ, पाकिस्तान में आतंकियों के अड्डों को तबाह कर दिया गया, उन्होंने इसका भी बखान किया किस तरह भारत ने पाकिस्तान के सीने पर ऐसा तगड़ा प्रहार किया था, जिससे पाकिस्तानी सेना लड़ाई रुकवाने के लिए बातचीत की प्रार्थना करने पर मजबूर हो गयी। भारत ने उसे अच्छी तरह समझा दिया है कि आइंदा उसके खिलाफ आतंकवादी हरकत की गयी तो उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी; पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, पाकिस्तान की सेना को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी आदि। बहरहाल, डॉयलागों की इस शृंखला का सिरमौर था प्रधानमंत्री मोदी का सिंदूर वाला डॉयलाग—'अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं गरम सिंदूर दौड़ रहा है'!

चाहे यह सिर्फ संयोग हो या बरबस वास्तविक मंतव्य का सामने आ जाना, प्रधानमंत्री मोदी को बीकानेर की इस सभा के मौके पर, पांच साल पहले बालाकोट एअर स्ट्राइक के बाद राजस्थान में ही चुरू में हुई अपनी सभा खूब याद थी। यह तो सभी जानते हैं कि बालाकोट एअर स्ट्राइक पुलवामा के आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में हुई थी, जिसमें सुरक्षा बलों के करीब चालीस जवान शहीद हुए थे। लेकिन, यह शायद ज्यादा लोगों को याद नहीं होगा कि चुरु की उक्त सभा से ही, जिसमें भी प्रधानमंत्री मोदी ने 'देश नहीं मिटने दूंगा, देश नहीं झुकने दूंगा' की प्रभावशाली डॉयलागबाजी की थी, पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के राजनीतिक और वास्तव में 2019 के आम चुनाव के लिए, दोहन के जबर्दस्त अभियान की शुरूआत हुई थी। बीकानेर की सभा से प्रधानमंत्री मोदी ने उसी सिलसिले के एक और चक्र की शुरूआत कर दी लगती है।

यह संयोग ही नहीं है कि सिंदूर के प्रतीक को सचेत रूप से इस अभियान के केंद्र में बनाए रखा जा रहा है। सिंदूर के प्रतीक का अगले कुछ ही महीने में होने वाले बिहार के विधानसभाई चुनाव के लिए और उसके कुछ और आगे, अगले साल के आरंभ में होने वाले बंगाल-असम के चुनावों के लिए विशेष महत्व है, हालांकि हिंदी सिनेमा से लेकर शिक्षा तथा सांस्कृतिक लेन-देन तक, प्रतीकों के सार्वदेशीकरण की प्रक्रिया में धीरे-धीरे सिंदूर, देश भर में विवाहिता के एक चिन्ह के रूप में स्थापित हो गया है, जोकि विडंबनापूर्ण तरीके से पितृसत्ता का प्रतीक भी है। इसीलिए, यह संघ परिवार के प्रिय प्रतीकों में से है, जो स्त्री के पूरे व्यक्तित्व को ही उसके वैवाहिक दर्जे में घटाने की कोशिश करता है। यह संयोग ही नहीं है कि संघ के इसी नजरिए को स्वर देते हुए, हरियाणा से भाजपा के सांसद, रामचंद्र जांगड़ा ने तो उन औरतों को, जिनके पतियों/ पिताओं की पहलगाम में आतंकवादियों ने हत्या की थी, बाकायदा इसके लिए फटकारा है कि उन्होंने मौके पर 'वीरांगना के भाव''का प्रदर्शन नहीं किया! सत्ताधारी पार्टी के सांसद के अनुसार, उनका वीरांगना के भाव का प्रदर्शन न कर के हाथ जोड़ना ही, उनके अपनों के काल का कारण बना। होना तो यह चाहिए था कि वे भले खुद शहीद हो जातीं, पर लाठी-डंडा जो भी मिल जाता,



राजेंद्र शर्मा

> राष्ट्रमत की यह कथित एकता तब कथित राष्ट्रमत की तानाशाही का रूप ले लेती है, जब इसके सहारे तमाम सवालों को दबाया जाने लगता है, भले ही वे सीधे शासन को कटघरे में खड़े करने वाले सवाल न हों, जैसे पहलगाम में सुरक्षा चूक के सवाल और जम्मू-कश्मीर में धारा-370 के खत्म किए जाने के बाद से, आतंकवाद के आखिरी सांसें गिन रहे होने के ढपोरशंखी दावों के सवाल, जो सीधे शासन को कटघरे में खड़ा करते हैं।

उसी से सामने से मुकाबला करतीं, पर वे तो हाथ जोड़े रहीं। बस संघ परिवार के नेता के इतना कहने की ही कसर रह गयी कि जब घर के पुरुष ही मार दिए गए, फिर इन महिलाओं के जिंदा रहने का क्या फायदा? यहां आकर सिंदूर के प्रतीक के उपयोग की वह प्रतिगामिता खुलकर सामने आ जाती है, जिसकी ओर 'ऑपरेशन सिंदूर' के आरंभ में ही कई नारीवादियों और जनतंत्रवादियों ने इशारा किया था।

पुन: जैसाकि मोदी राज में नियम ही बन गया है, इस अभियान के केंद्र में भी, सेना को हटाकर मोदी को लाया जा चुका है। यह, ऑपरेशन सिंदूर के फौरन बाद, 13 से 23 मई तक के भाजपा के देशव्यापी अभियान में पहले ही किया जा चुका था। अब जगह-जगह लगे होर्डिंगों, बैनरों पर, कहीं हवाई जहाजों के साथ, तो कहीं तोपों के साथ, सैनिक पोशाक में सिर्फ और सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी हैं। बीकानेर की सभा के दो-तीन दिन बाद ही, प्रधानमंत्री गुजरात के दौरे पर निकल गए हैं, जहां रोड शो समेत तरह-तरह के उन्हीं पर केंद्रित कार्यक्रमों के जरिए, मोदी की छवि के गिर्द ऑपरेशन सिंदूर और उसमें जीत के दावों को पुख्ता किया जाएगा। यह शायद इसलिए और भी जरूरी है कि अभी चुनाव में थोड़ा सा वक्त बाकी है यानी हवा को अपेक्षाकृत ज्यादा दिन तब बनाए रखना है।

यह भी कोई संयोग नहीं है कि नीति आयोग की काउंसिल के मौके पर आयोजित, एनडीए के मुख्यमंत्रियों तथा उप-मुख्यमंत्रियों की बैठक ने, बाकायदा एक प्रस्ताव पारित कर, ऑपरेशन सिंदूर में सेना की भूमिका के साथ-साथ, प्रधानमंत्री के नेतृत्व की प्रशंसा की है। संभवत: इसी प्रस्ताव का रास्ता तैयार करने के लिए, मोदी सरकार ने सिर्फ सत्तापक्षीय मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाने का निर्णय लिया था, जिस पर विपक्षी पार्टियों ने इस आधार पर आपत्ति भी की थी कि चूंकि यह बैठक ऑपरेशन सिंदूर पर मुख्यमंत्रियों को ब्रीफ करने के लिए बुलायी जा रही थी, विपक्षी मुख्यमंत्रियों को इससे बाहर क्यों रखा जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय राजनीतिक राय की एकता की जिस तरह की मांग सत्तापक्ष और मीडिया में उसके पक्षधरों द्वारा उठायी जा रही थी, यह भी उसके इकतरफापन का एक और उदाहरण था। लेकिन, नरेंद्र मोदी एकता के ऐसे तकाजों से रुकने वाले नहीं थे। उनकी निगाह अपनी प्रशंसा के प्रस्ताव पर थी और इसका नतीजा यह हुआ कि एकता की सारी लफ्फाजी के बीच सिर्फ सत्तापक्षीय मुख्यमंत्रियों-उप-मुख्यमंत्रियों की बैठक हुई, जिसने खुशी-खुशी उक्त प्रस्ताव पारित किया।

इस इकतरफापन का एक और भी बड़ा उदाहरण, विपक्ष के सारे आग्रह के बावजूद, मोदी सरकार का संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए तैयार नहीं होना और इसके बजाए, सांसदों के नेतृत्व में विभिन्न देशों में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का था, जिसमें पुन: आतंकवाद के मुद्दे पर राष्ट्रीय राय की एकता का वही संदेश दिया जाना है। इन प्रतिनिधिमंडलों के लिए सत्तापक्ष द्वारा जिस तरह से विपक्ष से प्रतिनिधियों को चुना गया है, वह भी उसी इकतरफापन का एक और उदाहरण है।

बहरहाल, राष्ट्रमत की यह कथित एकता तब कथित राष्ट्रमत की तानाशाही का रूप ले लेती है, जब इसके सहारे तमाम सवालों को दबाया जाने लगता है, भले ही वे सीधे शासन को कटघरे में खड़े करने वाले सवाल न हों, जैसे पहलगाम में सुरक्षा चूक के सवाल और जम्मू-कश्मीर में धारा-370 के खत्म किए जाने के बाद से, आतंकवाद के आखिरी सांसें गिन रहे होने के ढपोरशंखी दावों के सवाल, जो सीधे शासन को कटघरे में खड़ा करते हैं। विपक्ष के नेता, राहुल गांधी जब सीमावर्ती इलाके में पुंछ में, भारत-पाकिस्तान के बीच घोषित-अघोषित युद्ध की विभीषिका झेल रहे लोगों से जाकर मिले, इसने प्रभावशाली ढंग से यह याद दिलाया कि युद्ध से प्रभावित होने वाले ये लोग भी इसी देश के नागरिक हैं। राजधानियों के फैसलों के नतीजे में इन सीमावर्ती इलाकों को जो झेलना पड़ता है, क्या राजधानियों के फैसलों में उसका समुचित या पर्याप्त हिसाब रखा जाता है? युद्ध संबंधी निर्णयों की इस कीमत की मौजूदा निजाम में शायद ही कभी चर्चा सुनाई देती हो। इसीलिए, प्रधानमंत्री मोदी के किसी भी भाषण, किसी भी बयान में, सीमावर्ती इलाकों के लोगों की इन मुश्किलों और कुर्बानियों का भी कोई जिक्र तक नहीं मिलता है। लेकिन, क्या सैन्य विकल्प का कोई भी फैसला करते हुए, इस कीमत को भी हिसाब में नहीं लिया जाना चाहिए।

ऐसा ही एक और मुद्दा, जिसे राहुल गांधी ने ही प्रभावशाली तरीके से उठाया है, युद्ध के वास्तविक नतीजों का है। मोदी सरकार, ऑपरेशन सिंदूर के खत्म नहीं होने के स्वांग की आड़ में, इसकी न्यूनतम प्रामाणिक जानकारियां तक छुपा कर रखने की कोशिश कर रही है कि इस लड़ाई में हमें क्या और कितनी कीमत चुकानी पड़ी है? सत्ताधारी पार्टी के पास एक ही रटा-रटाया जवाब है—यह ऐसे सवालों के जवाब देने का समय नहीं है। वास्तव में इसके पीछे मूल समझदारी यह है कि सरकार के सिवा और किसी को ऐसी जानकारी की जरूरत ही क्या है? दूसरी ओर मिट्टी में मिला देने से लेकर धूल चटा देने तक के दावों को अंतहीन तरीके से दोहराया जा रहा है। इस तरह एक ऐसा नैरेटिव गढ़ा जा रहा है, जिसमें सरकार और उसके गोदी मीडिया की ओर से बोलने वालों की मानें तो, भारत के लिए युद्ध की कोई कीमत ही नहीं है, जबकि पाकिस्तान के लिए इकतरफा तरीके से भारी कीमत है। इस तरह का असंतुलित विचार बाकायदा युद्धोन्माद को हवा दे रहा है। और यह युद्धोन्माद, संघ-भाजपा की मूल कार्यनीति के साथ बखूबी फिट बैठता है, हालांकि आपरेशन सिंदूर के शस्त्रविराम को अपने अनुयाइयों के ही गले उतरवाने में उन्हें भी अच्छी-खासी मशक्कत करनी पड़ी थी। दुर्भाग्य से कथित राष्ट्रमत की तानाशाही, विपक्ष के भी बड़े हिस्सों को इसी गाड़ी के पीछे घिसटने के लिए मजबूर करती नजर आ रही है। नसों में दौड़ते सिंदूर की डॉयलागबाजी, इसी सब पर पर्दा डालने का साधन है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

## ट्रम्प का व्यापार धर्मयुद्ध : विनिर्माण राष्ट्रवाद की बेपरवाह कोशिश

■ के रवींद्रन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जिस आर्थिक राष्ट्रवाद कहते हैं वह अब उनका व्यापार धर्मयुद्ध बन गया है जिसके लिए वह अथक प्रयास कर रहे हैं। इसके तहत वह वैश्विक अर्थव्यवस्था के नये और अधिक विविध क्षेत्रों को निशाना साध रहे हैं। इस अभियान का नवीनतम मोर्चा हाई-टेक उद्योग है, जिसमें स्मार्टफोन निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है।

इस धर्मयुद्ध में सबसे खास घटनाक्रमों में से एक ट्रम्प द्वारा एप्पल के सीईओ टिम कुक को आईफोन निर्माण गतिविधियों को भारत से वापस संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थानांतरित करने के लिए राजी करने की कोशिश, जिसमें वह स्पष्ट रूप से विफल हो गये हैं। यह विफलता एक कठोर वास्तविकता को उजागर करती है-कॉर्पोरेट रणनीति उतनी लचीली नहीं है जितनी ट्रम्प उम्मीद कर सकते हैं, और वैश्विक विनिर्माण को आधार देने वाले आर्थिक तर्क को राजनीतिक दबाव से आसानी से पलटा नहीं जा सकता, भले ही दुनिया के सबसे शक्तिशाली कार्यालय द्वारा उसे लागू किया गया हो। भारत में अपने विनिर्माण कार्यों को जारी रखने और यहां तक कि विस्तार करने का एप्पल का निर्णय कई कारणों से प्रेरित है - लागत दक्षता, एक उभरते बाजार तक पहुंच और चीन पर अत्यधिक निर्भरता के खिलाफ भू-राजनीतिक बचाव। यह केवल ट्रम्प की अवहेलना का मामला नहीं है, बल्कि यह लोकलुभावन बहादुरी पर व्यावसायिक तर्क की जीत है।

> व्यापार जिहाद केवल एक आर्थिक अभियान नहीं है - यह एक राजनीतिक प्रदर्शन, चुनावी लाभ के लिए सावधानीपूर्वक बानाया गया अभियान है। फिर भी, इस प्रदर्शन की एक कीमत है। स्मार्टफोन और अन्य तकनीकी उत्पादों पर टैरिफ अनिवार्य रूप से उपभोक्ताओं पर डाला जायेगा, जिनमें से कई उन्हीं लोगों से संबंधित हैं, जिसकी रक्षा करने का दावा ट्रम्प करते हैं।

इस प्रतिरोध पर ट्रम्प की प्रतिक्रिया विशिष्ट रूप से आक्रामक रही है। अपने दृष्टिकोण को फिर से मापने के बजाय, उन्होंने थर्ड डिग्रीज तरीकों के माध्यम से कदम उठाये हैं जिसे आर्थिक जबरदस्ती ही कहा जा सकता है। इनमें अनुपालन को मजबूर करने के उद्देश्य से टैरिफ और अन्य दंडात्मक उपायों की धमकियां शामिल हैं। उच्च आयात शुल्क की धमकियों के साथ एप्पल को लक्षित करके और सैमसंग को इसी तरह की धमकियाँ देकर, ट्रम्प वैश्विक तकनीकी दिग्गजों को अपने घरेलू विनिर्माण एजंडे के साथ संरेखित करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, यह रणनीति विरोधाभासों और खतरों से भरी हुई है।

स्मार्टफोन निर्माण एक अत्यधिक जटिल और अधिक पूंजी लगने वाली प्रक्रिया है। यह एक सुव्यवस्थित वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भर करता है जिसमें कई देशों के घटक, अत्यधिक कुशल श्रम और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा शामिल हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, अपनी सभी तकनीकी क्षमताओं के बावजूद, वर्तमान में प्रतिस्पर्धी मूल्य पर घरेलू स्तर पर स्मार्टफोन का उत्पादन करने के लिए सक्षम नहीं है क्योंकि वहां बड़े पैमाने पर सुविधाओं और लागत संरचना का अभाव है। इस बदलाव को मजबूर करने के किसी भी प्रयास के परिणामस्वरूप उपभोक्ता कीमतें काफी बढ़ सकती हैं, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान आ सकता है और संभावित रूप से उत्पाद की गुणवत्ता के मुद्दे भी हो सकते हैं। यह उनकी नीति का बाजार की वास्तविकताओं से टकराव का एक पाठ्यपुस्तक वाला मामला है।

इसके अलावा, ट्रम्प का अभियान उनकी विदेश नीति की लेन-देन प्रकृति से कमज़ोर है। भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी तथाकथित दोस्ती, जिसका वे अक्सर सार्वजनिक भाषणों और रैलियों में बखान करते हैं, उस समय लुप्त हो जाती है जब अमेरिकी कॉर्पोरेट हित उनके राष्ट्रवादी एजंडे के साथ संरेखित नहीं होते हैं। यह दोहरापन अंतरराष्ट्रीय भागीदारों द्वारा अनदेखा नहीं किया जाता है, जो तेजी से अमेरिकी नीति को अनिश्चित और स्वार्थी के रूप में देखते हैं। यह कूटनीतिक रिश्तों की ईमानदारी और स्थायित्व पर भी सवाल उठाता है, जो साझा मूल्यों या दीर्घकालिक रणनीतिक हितों के बजाय सुविधा पर आधारित होते हैं।

यह असंगतता वैश्विक मंच पर संयुक्त राज्य अमेरिका की विश्वसनीयता को कमज़ोर करती है। ट्रम्प के एजेंडे के केंद्र में यह विश्वास है कि विनिर्माण नौकरियों को क्रूर बल द्वारा अमेरिका में वापस लाया जा सकता है। वह टैरिफ और व्यापार बाधाओं के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्र के पुनरुद्धार की कल्पना करते हैं, बावजूद इसके कि दशकों के आर्थिक विकास ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को सेवाओं, स्वचालन और डिजिटलीकरण की ओर बढ़ाया है। आर्थिक महानता का यह उदासीन दृष्टिकोण एक बीते युग की याद दिलाता है जिसे केवल आदेश द्वारा पुनर्जीवित नहीं किया जा सकता है। आज विनिर्माण कमज़ोर, अधिक स्वचालित और मानव श्रम पर कम निर्भर है। ऑफ़शोरिंग के कारण खोयी गयी नौकरियां वही नहीं हैं जो सबसे अनुकूल परिस्थितियों में भी वापस आ सकती हैं।

वास्तव में, व्यापार जिहाद केवल एक आर्थिक अभियान नहीं है - यह एक राजनीतिक प्रदर्शन, चुनावी लाभ के लिए सावधानीपूर्वक बानाया गया अभियान है।

फिर भी, इस प्रदर्शन की एक कीमत है। स्मार्टफोन और अन्य तकनीकी उत्पादों पर टैरिफ अनिवार्य रूप से उपभोक्ताओं पर डाला जायेगा, जिनमें से कई उन्हीं लोगों से संबंधित हैं, जिसकी रक्षा करने का दावा ट्रम्प करते हैं। उदाहरण के लिए, सैमसंग स्मार्टफोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ अमेरिकी खरीदारों के लिए उन्हें काफी महंगा बना देगा, जिससे उपभोक्ता विकल्प कम हो जायेंगे और संभावित रूप से मांग कम हो जायेगी। एप्पल के लिए, प्रभाव और भी अधिक स्पष्ट हो सकता है, क्योंकि यह पहले से ही प्रीमियम मूल्य बिंदु पर है और लाभ मार्जिन बनाये रखने के लिए मात्रा पर बहुत अधिक निर्भर करता है। उच्च कीमतें बिक्री को नुकसान पहुंचा सकती हैं, कंपनी की बाजार स्थिति को कमजोर कर सकती हैं, और यहां तक कि इसके स्टॉक मूल्य को भी प्रभावित कर सकती हैं। इसके जो परिणाम होंगे वे व्यापक अर्थव्यवस्था में लहर की तरह होंगे।

इसके अलावा, टैरिफ लगाने से अमेरिकी धरती पर कारखानों के विदेशों से वांछित स्थानांतरण के लक्ष्य हासिल होने की संभावना नहीं है। इसके बजाय कंपनियां अन्य उभरते बाजारों में विविधता ला सकती हैं जहां श्रम और उत्पादन लागत अभी भी अनुकूल हैं। वियतनाम, इंडोनेशिया और मैक्सिको इसके प्रमुख उदाहरण हैं। यह न केवल अमेरिकी टैरिफ को दरकिनार करेगा बल्कि वैश्विक तकनीकी अर्थव्यवस्था को आकार देने में अमेरिकी प्रभाव को और भी कम करेगा। नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास उत्पादन के विकेंद्रीकरण को तेज कर सकता है, जिससे इसके रणनीतिक लक्ष्य कमज़ोर हो सकते हैं।

## जवाहर लाल नेहरू और अटलजी

■ अरविंद कुमार सिंह

संसद भवन परिसर में संविधान सदन में ऐसे बेहद अहम हिस्से में पंडित जवाहर लाल नेहरू की 16 फीट ऊंची प्रतिमा लगी है, जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। वह प्रतिमा शिवराज पाटिल के लोकसभा अध्यक्ष काल में लगी। जो प्रतिमा लगी उसे वास्तव में हवाई अड्डे पर लगाने के लिए बनाया गया था लेकिन बाद में फैसला हुआ कि संसद भवन में लगे। प्रतिमा में नेहरूजी नीचे की ओर देख रहे थे। इस प्रतिमा पर उस दौर के विपक्षी नेता अटलजी से भी सलाह ली गयी थी। प्रतिमा उनके सुझाव के अनुरूप ही लगी।

नेहरूजी प्रधानमंत्री और दिग्गज नायक थे, जब अटलजी ने संसद में प्रवेश किया। पर वाजपेयी जी की हिंदी ने नेहरू को भी प्रभावित किया था। संसद में अटलजी के सवालों का जवाब नेहरूजी हिंदी में दिया करते थे। विदेशी मामलों में अटलजी की खासी दिलचस्पी थी और इस विभाग का प्रभार नेहरूजी के पास ही था। पक्ष और विपक्ष के बीच इनका जो रिश्ता बना वह कितना प्रगाढ़ था इसकी झलक लोगों ने तब देखी जब 1964 में पंडित नेहरू के निधन पर अटलजी ने राज्य सभा में जो शानदार भाषण दिया था वह समय-समय पर उद्धरित होता रहता है। उन्होंने अपने लंबे उद्गार में 29 मई 1964 को यहां तक कहा कि-

महर्षि वाल्मीकि ने रामायण में भगवान राम के सम्बन्ध में कहा है कि वे असम्भवों के समन्वय थे। पंडितजी के जीवन में महाकवि के उसी कथन की एक झलक दिखाई देती है। वह शान्ति के पुजारी, किन्तु क्रान्ति के अग्रदूत थे; वे अहिंसा के उपासक थे, किन्तु स्वाधीनता और सम्मान की रक्षा के लिए हर हथियार से लड़ने के हिमायती थे। वे व्यक्तिगत स्वाधीनता के समर्थक थे किन्तु आर्थिक समानता लाने के लिए प्रतिबद्ध थे। उन्होंने समझौता करने में किसी से भय नहीं खाया, किन्तु किसी से भयभीत होकर समझौता नहीं किया। पाकिस्तान और चीन के प्रति उनकी नीति इसी अद्भुत सम्मिश्रण की प्रतीक थी।

अटलजी ने ये भी कहा था कि चीनी आक्रमण के दिनों में जब हमारे पश्चिमी मित्र इस बात का प्रयत्न कर रहे थे कि हम कश्मीर के प्रश्न पर पाकिस्तान से कोई समझौता कर लें, तब एक दिन, मैंने उन्हें बड़ा क्रुद्ध पाया। जब उनसे कहा गया कि कश्मीर के प्रश्न पर समझौता नहीं होगा तो हमें दो मोर्चों पर लड़ना पड़ेगा तो वो बिगड़ गये और कहने लगे कि अगर आवश्यकता पड़ेगी तो हम दोनों मोर्चों पर लड़ेंगे। किसी दबाव में आकर वो बातचीत करने के खिलाफ़ थे।

वाजपेयीजी के मन में नेहरूजी के लिए बहुत अधिक इज़्ज़त थी। 1977 में जनता पार्टी सरकार बनने के दौरान जब अटलजी विदेश मंत्री के रूप में साउथ ब्लॉक अपने मुख्यालय पहुंचे तो उनको पता चला कि एक मुख्य स्थल पर दीवार पर लगा नेहरूजी का चित्र ग़ायब है। अटलजी ने इस बारे में पड़ताल कराई तो विदेश सचिव ने उनको बताया कि अधिकारियों ने यह सोचकर उसे हटवा दिया था कि शायद उसे देखकर आप खुश नहीं होंगे। इस घटना के बाद श्री वाजपेयी ने आदेश दिया कि उस चित्र को वापस लाकर उसी स्थान पर लगाया जाये। और फिर वह चित्र लगा।

प्रधानमंत्री के रूप में 17 वर्षों तक विदेश मंत्रालय का कार्य भी नेहरूजी ने संभाला था। यह उनकी सोच थी कि नवोदित राष्ट्र को सैन्य गुटों तथा गठबंधनों से बाहर रखें। गुट-निरपेक्षता की उनकी नीति इसी विचार के तहत थी। वह एक गतिशील नीति थी, जिसे वैश्विक प्रतिष्ठा मिली। पंडित जवाहर लाल नेहरू विश्व नेता थे। तीसरी दुनिया के तो वे निर्विवाद नायक ही थे। भारत के विदेश मंत्री के तौर पर देश के सबसे कठिन कालखंडों में संसद में जवाहर लाल नेहरू ने ही मोरचा संभाला और मील के पत्थर कायम किए। अक्टूबर 1947 में देश को कश्मीर पर पाकिस्तान के साथ संघर्ष का सामना करना पड़ा। चाहे वह पड़ोसी मुल्कों से अच्छे रिश्ते हों या फिर शांति व स्थिरता का संदेश, नेहरू प्रखरता से अपनी इन नीतियों का पालन करते रहे। तिब्बत सीमा विवाद के वक्त चीन ने पंडित जवाहर लाल नेहरू का कद छोटा करने के लिए उनका चरित्र हनन करना शुरू किया था। उनकी सोच यह थी कि नेहरू से टकराने के लिए पहले नेहरू का कद घटाना जरूरी है, पर उसमें उनको सफलता नहीं मिली।



## ललित सुरजन की कलम से

### तालाब सुखाने और पेड़ काटने का सुख

*' बिलासपुर यात्रा में मैंने एक तरफ तो यह देखा कि रास्ते के तमाम वृक्ष काटे जा चुके हैं और दूसरी ओर बिलासपुर शहर का तापमान रायपुर से अधिक रहने लगा है। राजमार्ग के पेड़ इसलिए कटे क्योंकि सड़क को फोरलेन बनाया जा रहा है। मैं मानता हूं कि देश में सभी तरफ बेहतर सड़कों की आवश्यकता है। देश के भीतर परिवहन की गति और सुरक्षा दोनों बढ़ाने की आवश्यकता है। भारत वैश्विक अर्थतंत्र का हिस्सा है और उसकी भी यही मांग है। रूपक रचना हो तो कहूंगा कि रॉकेट युग में बैलगाड़ी की रफ्तार से चलना अब वांछित नहीं है। इसके विस्तृत कारणों में नहीं जाऊंगा। लेकिन ध्यान आता है कि जब रायपुर नगर से विमानतल के रास्ते के सैकड़ों वृक्षों को बचाने के लिए योजना बन सकती है तो क्या बिलासपुर के मार्ग पर लगे ऊंचे घने पेड़ों को बचाना संभव नहीं था? हमारे देश में गर्मियां लंबी होती हैं। तीखी धूप का सामना कई महीनों तक करना पड़ता है। ये सड़क किनारे के पेड़ राहगीरों को सुकून पहुंचाते थे। इस बारे में सड़क बनाने वाले विभागों ने ध्यान नहीं दिया, इसकी तारीफ नहीं की जा सकती।'*

**( देशबन्धु में 17 मई 2018 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/05/blog-post_17.html

## पावन प्रसंग

### जब तक संतोष नहीं तब तक स्थायी शांति असम्भव

जैसे-जैसे लोभ होता जाता है वैसे-वैसे लोभ बढ़ता जाता है, तृष्णा आकाश के समान अनंत है, जीवन का अन्त निश्चित है परंतु लोभ का नहीं। लोभ के वशीभूत होकर मानव जीवन स्वाहा कर देते हैं। तीनों लोकों की संपति से भी मानव जन्म का एक-एक पल अनमोल है। संपति देकर भी एक पल भी नहीं खरीदा जा सकता। सद्कार्य करने पर जो बाधा डालता है, वह उसके पाप का भागी है। क्रोध तो प्रीति का विनाशक है। मान से विनय का, माया से सरलता का, परंतु लोभ तो सभी सद्गुणों का नाश कर सकता है। लोभ होने पर मानव, दानव बन जाता है। जिस प्रकार कुत्ते को खुजली होने पर अशांत भटकता है, उसी प्रकार लोभ के कीटाणुओं से शांति भंग हो जाती है व आत्मा की दुर्गति होती है। लोभ रूपी पिशाच ने पारिवारिक खून के रिश्ते में भी कड़वाहट घोल दी है, भाई-बहन, माता-पिता सभी स्वार्थ और लोभ के रिश्ते बन गये हैं। धन की मुख्य भूमिका परिवार में पनप रही है। वह धन भी जीवन के लिए अभिशाप है। जो प्रेम सद्भावना के पावन रिश्तों को नष्ट कर देता है। मानव-मानव आपस में खून के प्यासे हो जाते हैं इंसान नीति को भूल रहा है। अनीति का धन परिवार में अशांति ही पेदा करता है। तृष्णा के जाल से मुक्त नहीं हुए तो अतृप्त आत्मा बनकर उसके आसपास भटकती रहेगी। धन संपति का संयोग भागने-दौड़ने से नहीं बनता। किंतु पुण्य अर्जन से होता है। पशु-पक्षी के पास एक जून का भी संग्रह नहीं है फिर भी चैन की नींद सोते है। इंसान के पास इतना होते हुए भी अशांत है। अशांति से कई रोग उत्पन्न होते हैं।

जब तक मन में संतोष नहीं आता तब तक स्थायी शांति असंभव है। धन से सुख की सामग्री खरीद सकते हैं किंतु शांति नहीं। धन रोकने से कभी नहीं रूकता और मनौती से आता भी नहीं है। त्याग में जो सुख है, जो सच्चा आनंद है, वह अन्य किसी में नहीं, शुभ कर्मों से बढ़कर अपने लिए और कोई संपति नहीं ऐसा विचार जिसके मन में आता है। वहीं परम पिता परमेश्वर का सच्चा उपासक है। धन से बढ़कर धन को महत्व देकर धर्म की रक्षा में धन लगाना चाहिए अत: धर्म की रक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर करना पड़े तो भी हर पल तैयार रहें। यही शिक्षा सभी धर्मों में समान रूप से दी है।

**-कांतिलाल मांडोत**

## चीन व इंडोनेशिया स्थानीय मुद्रा लेन-देन को बढ़ावा देने पर सहमत

**बीजिंग,** 26 मई (एजेंसियां)। चीन और इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए एक सहयोग ढांचा स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) ने यह जानकारी दी। केंद्रीय बैंक ने रविवार को एक बयान में कहा कि चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो की संयुक्त गवाही के तहत, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) के गवर्नर पैन गोंगशेंग और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) के गवर्नर पेरी वारजियो ने स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए सहयोग के वास्ते एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की व्लादिमीर पुतिन व वोलोडिमिर जेलेंस्की की आलोचना, कहा

# अपने देश का भला नहीं कर रहे राष्ट्रपति पुतिन व जेलेंस्की

**वाशिंगटन,** 26 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि अगर वह उस समय पद पर होते तो दोनों देशों के बीच चल रहा युद्ध कभी नहीं छिड़ता।

ट्रंप की यह टिप्पणी रूस के बड़े हवाई हमले के बाद आई है। इस हमले में यूक्रेन के कई नागरिकों की मौत हो गई, जिनमें बच्चे भी शामिल थे। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने पुतिन को 'पागल' करार दिया। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनके एक समय पुतिन के साथ अच्छे संबंध थे।

ट्रंप ने लिखा कि मेरे और व्लादिमीर पुतिन के बीच हमेशा बहुत अच्छे रिश्ते रहे हैं, लेकिन उनको कुछ हो गया है। वह पूरी तरह पागल हो गए हैं। वह बेवजह कई लोगों को मार रहे हैं और मैं सिर्फ सैनिकों की बात नहीं कर रहा। मिसाइलें और ड्रोन यूक्रेन के शहरों में बिना किसी कारण के दागे जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि वे यूक्रेन का पूरा हिस्सा चाहते हैं। सिर्फ उसका एक टुकड़ा नहीं और शायद यह सही साबित हो रहा है,



**मैंने हमेशा कहा है कि पुतिन यूक्रेन का पूरा हिस्सा चाहते हैं, सिर्फ उसका एक टुकड़ा नहीं और शायद यह सही साबित हो रहा है : डोनाल्ड ट्रंप**

लेकिन अगर वे ऐसा करते हैं, तो इससे रूस का पतन हो जाएगा। ट्रंप ने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की पर भी सवाल उठाए। जेलेंस्की ने हाल ही में कहा था कि अमेरिका की चुप्पी ने पुतिन को और प्रोत्साहित किया है।

ट्रंप ने जेलेंस्की की बयानबाजी की आलोचना करते हुए कहा कि जेलेंस्की अपने देश का भला नहीं कर रहे। उनके मुंह से निकलने वाली हर बात समस्याएं पैदा करती हैं। मुझे यह पसंद नहीं और इसे बंद करना होगा। अगर मैं राष्ट्रपति होता तो यह युद्ध कभी शुरू ही नहीं होता।


अमेरिकी राष्ट्रपति रविवार शाम तक रूस के हवाई हमले पर चुप रहे, जब उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए इस मामले पर टिप्पणी की। पुतिन के बारे में ट्रंप ने कहा कि वह बहुत सारे लोगों को मार रहे हैं। मुझे नहीं पता उनके साथ क्या गलत है। उनके साथ आखिर हुआ क्या है? वह बहुत सारे लोगों को मार रहे हैं। मैं इससे खुश नहीं हूं।

## रूस की सुरक्षा के लिए आवश्यक निर्णय लेते हैं पुतिन : क्रेमलिन



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्णय लेते हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने सोमवार को यह बात कही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह यूक्रेन में रूस की हालिया कार्रवाइयों को अस्वीकार करते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह रूस के खिलाफ अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने की संभावना पर निश्चित रूप से विचार कर रहे हैं। जब पेसकोव से पूछा गया कि क्रेमलिन ने पुतिन के बारे में ट्रम्प के शब्दों का आकलन कैसे किया, तो उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन हमारे देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्णय लेते हैं।

## यूक्रेनी ड्रोन के बीच फंस गया था पुतिन का हेलीकॉप्टर



**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का हेलीकॉप्टर इस सप्ताह के शुरू में स्वतंत्र घोषित किए गए कुर्स्क क्षेत्र की उनकी पहली यात्रा के दौरान एक बड़े यूक्रेनी ड्रोन हमले में फंस गया था, यह खुलासा एक रूसी सैन्य कमांडर ने किया है। हालांकि, क्षेत्र में एयर डिफेंस यूनिट्स ने हमले को विफल करने में कामयाबी हासिल की और राष्ट्रपति की सुरक्षा सुनिश्चित की। एयर डिफेंस डिवीजन के कमांडर यूरी डैशकिन ने रविवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में चैनल रूस 1 को बताया। इसे न्यूज आउटफिट आरटी ने रिपोर्ट किया। डैशकिन ने कहा कि पुतिन का हेलीकॉप्टर कुर्सक क्षेत्र में दुश्मन के बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले को रोकने के लिए एक ऑपरेशन के केंद्र में था। क्रेमलिन के अनुसार अप्रैल में यूक्रेनी सेना से पूरी तरह से मुक्त होने के बाद, मंगलवार को कुर्स्क क्षेत्र की अपनी पहली यात्रा में पुतिन ने गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशटेन के साथ स्थानीय नगर पालिकाओं के प्रमुखों और स्वयंसेवकों से मुलाकात की। यह यूक्रेनी आक्रमण से प्रभावित लोगों की मदद कर रहे हैं। डैशकिन के अनुसार, उस समय, यूक्रेन ने क्षेत्र पर एक अभूतपूर्व यूएवी हमला किया, लेकिन रूसी वायु रक्षा ने 46 आने वाले फिक्स्ड-विंग यूएवी को नष्ट कर दिया।

## सुडोकू 6925

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 8 | | 3 | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| | 8 | 3 | | | | | | 4 |
| | 7 | | 1 | 8 | 6 | | | |
| | | 1 | | 7 | | 3 | | |
| | | | 2 | 3 | 5 | | 6 | |
| 8 | | | | | | 6 | 9 | |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| | 2 | | 6 | 1 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 27 मई, 2025 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15

### राशिफल

मेष - आज आप खर्च में संयम बनाए रखें। अनावश्यक कारणों पर भी धन खर्च हो सकता है। धन संबंधी एवं लेन-देन संबंधी सभी कामों में सावधानी रखने की जरूरत है। किसी के साथ विवाद न हो, इसका ध्यान रखें।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। मानसिक रूप से आज आप वैचारिक स्थिरता का अनुभव करेंगे। इसके परिणामस्वरूप आप लगन के साथ काम कर पाएंगे।

मिथुन - आपकी वाणी या व्यवहार से आज किसी के साथ गलतफहमी पैदा कर सकते हैं। परिजनों तथा सगे- संबंधियों के साथ खूब संभलकर रहना पड़ेगा। बीमारी या दुर्घटना का योग है, सावधानी बरतें। मान प्रतिष्ठा को हानि पहुंचेगी।

कर्क - आर्थिक आयोजनों और नए कार्य की शुरूआत करने के लिए उत्तम दिन है। व्यापार- धंधे में लाभ, नौकरी में पदोन्नति और आय के स्रोत में वृद्धि होने से आप आनंद और संतोष की भावना का अनुभव करेंगे।

सिंह - नौकरी तथा व्यवसाय के क्षेत्र में लाभदायक और सफल दिन है। आपके कार्यक्षेत्र में आप वर्चस्व और प्रभाव जमा सकेंगे। भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल से आपका काम सरलतापूर्वक पूरा होगा।

कन्या - आपका आज का दिन धार्मिक प्रवृत्तियों में व्यतीत होगा। किसी तीर्थ स्थान की यात्रा के संयोग बनेंगे। विदेश गमन के लिए अवसर निर्मित होंगे। भाई-बंधुओं से लाभ होगा। ऑफिस में अधिकारियों से वाद-विवाद ना करें।

तुला - आकस्मिक धन लाभ का दिन है। आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए उत्तम दिन है। फिर भी नए काम शुरू न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। दोस्तों से सचेत रहें।

वृश्चिक - दैनिक घटना चक्र की प्रवृत्तियों में आज परिवर्तन आएगा। आज आप मौज-मस्ती और मनोरंजन की दुनिया में घूमने के मूड में होंगे। इसमें मित्रों, परिजनों का साथ मिलेगा। सार्वजनिक जीवन में आपकी मान- प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

धनु - आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए आज का दिन शुभ है। कार्य सरलतापूर्वक सफल होंगे। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी। आपका दिन आमोद-प्रमोद में व्यतीत होगा।

मकर - आपका आज का दिन मिश्र फलदायी साबित होगा। बौद्धिक कार्यों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे। परिणाम स्वरूप शारीरिक थकान और ऊबन रहेगी। संतान को लेकर चिंता होगी।

कुंभ - नकारात्मक विचारों से मन में हताशा जन्म लेगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना अनुभव होगी। खर्च बढ़ेगा। वाणी पर संयम न रहने के कारण परिवार में मनमुटाव और झगड़े होने की संभावना है।

मीन - आपका आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। व्यापारियों को भागीदारी के लिए उत्तम समय है। दांपत्य जीवन में निकटता का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। प्रेमीजनों का रोमांस अधिक प्रगाढ़ बनेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इजरायल ने गाजा में नए संघर्ष विराम के प्रस्ताव को किया अस्वीकार

**यरुशलम,** 26 मई (एजेंसियां)। इजरायल ने गाजा में हमले रोकने और उसके 10 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित कराने के उद्देश्य वाले एक नए अमेरिकी प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इजरायल के सरकारी 'कान' टीवी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इस बाबत जारी 'वार्ता' दल में शामिल एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने कान टीवी को बताया कि अमेरिकी मध्यस्थों ने कल रात एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें पांच जीवित बंधकों की रिहाई एवं पांच बंधकों के शवों की सुपुर्दगी, गाजा में मानवीय सहायता सामग्री की आवाजाही, 70-दिवसीय युद्धविराम और स्थायी युद्धविराम की दिशा



**इजरायल ने 'विटकॉफ' प्रारूप पर दिया जोर**

में बातचीत जैसे मुद्दे शामिल थे।


अधिकारी ने बताया कि इजरायल ने इसे 'हमास के सामने आत्मसमर्पण' मानते हुए सिरे से खारिज कर दिया है। इजरायल ने तथाकथित 'विटकॉफ' प्रारूप पर जोर दिया है, जो देश के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा मार्च की शुरुआत में प्रस्तुत एक प्रस्ताव है। इसमें 50-दिवसीय युद्धविराम के बदले में अतिरिक्त इजरायली बंधकों की रिहाई और लंबे समय तक युद्धविराम पर बातचीत करने का वायदा किया गया है। इसमें हालांकि इजरायली सेना की वापसी या फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई का उल्लेख नहीं है, जो हमास की दो प्रमुख मांगें हैं। इस बीच, इज़रायल और हमास के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता का एक और दौर पिछले गुरुवार को श्री नेतन्याहू द्वारा देश के प्रतिनिधिमंडल को वापस बुलाए जाने के बाद समाप्त हो गया। इसका उद्देश्य इज़रायल के 19 महीने लंबे सैन्य अभियान को समाप्त करना और गाजा में अभी भी बंधक बनाकर रखे गए 58 लोगों की रिहाई सुनिश्चित करना था।

## अल्बानीस ने की इजरायल की गाजा में आपूर्ति सीमित करने की निंदा

**कैनबरा,** 26 मई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने गाजा में सहायता सीमित करने के इजरायल के फैसले की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया है। श्री अल्बानीस ने सोमवार को गाजा में जरूरतमंद लोगों को भोजन और आपूर्ति की नाकाबंदी को अपमानजनक बताया और कहा कि उन्होंने इजरायल सरकार को सीधे ऑस्ट्रेलिया की स्थिति से अवगत करा दिया है। उन्होंने कैनबरा में संवाददाताओं से कहा कि हमें इजरायल के बहाने और स्पष्टीकरण पूरी तरह से अस्वीकार्य और विश्वसनीयताहीन लगते हैं। लोग भूख से मर रहे हैं। यह विचार कि एक लोकतांत्रिक राष्ट्र आपूर्ति रोके रखता है, अपमानजनक है। यह मेरी स्पष्ट स्थिति है। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग ने मई की शुरुआत में जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन सहित 22 अन्य देशों के समकक्षों के साथ मिलकर इजरायल से गाजा में सहायता की तत्काल पूर्ण बहाली की अनुमति देने और संयुक्त राष्ट्र संगठनों को जीवन बचाने और पीड़ा को कम करने में सक्षम बनाने का आह्वान किया था।



## वर्ग पहेली 6925



**बायें से दायें:-**

१. दुर्गा, लक्ष्मी
४.मन की ताकत
६. खारा, नमकीन
७. विक्षिप्त (उर्दू)
८. अंगड़ाई, बदला, प्रतिफल, दंड,कष्ट ,हानि (उर्दू)
१०. अन्यथा (उर्दू)
११. बांस की तिलियों का बना परदा, (उर्दू)
१३. किसी गीत के मुखड़े के अतिरिक्त अन्य पद
१४. असंगत, अशिष्ट, भद्दा (उर्दू)
१५. मृतप्राय, जो मरने के निकट हो
१७. तनिक, थोड़ा, (उर्दू)
१९. रक्तपान करने वाला
२१. उचित, ठीक जरूरी (उर्दू)
२२. संदेशवाहक (उर्दू)
२४. राजाओं का निवास

**ऊपर से नीचे:-**

१. साथ पढ़ने वाला
२. शुभ समय
३. पांडवों को जीवित जला देने के लिए बनाया गया लाख का महल
४. मदिरालय (उर्दू)
५. श्रेष्ठ, उत्तम
९. केसर (उर्दू)
११.चमड़े, मांस,चरबी के जलने से निकलने वाली दुर्गंध
१२. शराब
१३. अनुमान हाव-भाव (उर्दू)
१४. असमय (उर्दू)
१५. जिसका निवारण न किया जा सके अटल अत्यावश्यक
१६. कब्र, मज़ार (उर्दू)
१८. राई, सरसों
१९. दया, कृपा (उर्दू)
२०. शुरुआत
२३. रहस्य, भेद, गुप्त बात (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6924



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## इथियोपिया में एमपॉक्स का पहला मामला आया सामने

**अदीस अबाबा,** 26 मई (एजेंसियां)। इथियोपिया में एमपॉक्स का पहला मामला सामने आया है। देश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को इसकी पुष्टि की।

इथियोपिया के स्वास्थ्य मंत्रालय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान ने एक संयुक्त बयान में कहा कि केन्या की सीमा के पास मोयाले शहर में 21 दिन के एक शिशु में एमपॉक्स की पुष्टि हुई है। मंत्रालय ने कहा कि बाद में किए गए परीक्षण में भी पुष्टि हुई है कि बच्चे की मां भी वायरस से संक्रमित है। मंत्रालय ने कहा कि बच्चे और उसकी मां को क्वारंटीन में रखा गया है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**अब देश के सबसे ...**

एक मजबूत कदम है। राज्य सरकार इस परियोजना को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। यह परियोजना राज्य में बिजली क्षेत्र के आधुनिकीकरण, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार, और उद्योग आधारित विकास को गति देगी। विशेष रूप से यह पहल मेक इन छत्तीसगढ़ के नारे को मजबूती देती है, जहां अब अत्याधुनिक तकनीक से बने ट्रांसफॉर्मर पूरे देश को रोशन करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के इनवेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सेन भी उपस्थित थी ।

## मलेशिया में आसियान शिखर सम्मेलन शुरू

**कुआलालंपुर,** 26 मई (एजेंसियां)। मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) का 46वां शिखर सम्मेलन सोमवार को शुरू हुआ। सम्मेलन में क्षेत्रीय एकीकरण और व्यापार तथा आर्थिक व्यवधानों के विरुद्ध लचीलापन एजेंडे में शीर्ष पर रहा।

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने पूर्ण अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए आसियान सदस्यों से बदलती विश्व व्यवस्था द्वारा लाई गई चुनौतियों का सामना करने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सतत और न्यायसंगत विकास का एजेंडा दरकिनार न हो। उन्होंने कहा कि आसियान के लिए हमारी शांति, स्थिरता और समृद्धि अक्सर एक खुली, समावेशी, नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था पर निर्भर रही है जो व्यापार, पूंजी और लोगों के मुक्त प्रवाह पर आधारित है। इन आधारों को अब मनमानी कार्रवाई के बल पर खत्म किया जा रहा है। उन्होंने कहा, वास्तव में भू-राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव हो रहा है





■ **सम्मेलन में क्षेत्रीय एकीकरण, व्यापार तथा आर्थिक व्यवधानों के विरुद्ध लचीलापन एजेंडा शीर्ष पर**

और हाल ही में अमेरिका द्वारा एकतरफा टैरिफ लगाए जाने के कारण वैश्विक व्यापार प्रणाली और भी दबाव में है। संरक्षणवाद फिर से उभर रहा है क्योंकि हम बहुपक्षवाद को टूटते हुए देख रहे हैं।

श्री अनवर ने समूह के मित्रवत भागीदारों के साथ सहयोग को मजबूत करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने पहले आसियान-चीन-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) शिखर सम्मेलन के महत्व को ध्यान में रखा जो क्षेत्र के सबसे बड़े आर्थिक भागीदार चीन और जीसीसी के साथ समूह को एक साथ लाता है।

## आज का इतिहास

1805-नेपोलियन बोनापार्ट इटली के सम्राट बने।
1894-ख्यातिप्राप्त आलोचक तथा निबन्धकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी का जन्म।
1896-जार निकोलस द्वितीय रुस के अंतिम सम्राट बने।
1931-प्रसिद्ध मलयाली कवि और गीतकार ओ. एन. वी. कुरुप का जन्म।
1935-डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पत्नी रमाबाई आम्बेडकर का निधन।
1937-अमरीका के सान फ्रांसिस्को में गोल्डन गेट नामक दुनिया के एक सबसे खूबरसूरत पुल का उद्घाटन हुआ।
1951-मुंबई में तारापोरवाला एक्केरियम का उद्घाटन हुआ।
1954-हिन्दी के कवि, पत्रकार एवं पत्रकारिता के प्राध्यापक हेमन्त जोशी का जन्म।
1957-भारत के उद्योगपति और %भारतीय जनता पार्टी% के वरिष्ठ राजनेता नितिन गडकरी का जन्म।
1962-प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी एवं कमेंटेटर रवि शास्त्री का जन्म।
1964-भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के महान सेनानी एवं स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री (1947-1964) जवाहरलाल नेहरू का निधन।
1981-सोवियत संघ के पूर्वी कजाख क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया गया।
1994-नोबेल साहित्य पुरस्कार विजेता रूसी लेखक एलेक्ज़ेंडर सोल्केनित्सिन पश्चिम में 20 वर्ष का निर्वासन समाप्त कर स्वदेश लौटे।
1999-बोत्सवाना की सुन्दरी पुले क्वेलागोव वर्ष 1999 की मिस यूनिवर्स चुनी गयीं।
2000-फिजी में महेन्द्र चौधरी सरकार बर्खास्त, राष्ट्रपति मारा ने प्रशासन सम्भाला।

**पहल** *बैजयंत पांडा के नेतृत्व में बहरीन की सफल यात्रा के बाद कुवैत पहुंचा प्रतिनिधिमंडल*

# आतंकवाद के खिलाफ व्यापक लड़ाई के बारे में दी जानकारी

**कुवैत सिटी, 26 मई (एजेंसियां)। बहरीन में अपनी सफल यात्रा पूरी करने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को कुवैत पहुंचा। यह दो दिवसीय यात्रा ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को रेखांकित करना है। कुवैत में भारत के राजदूत आदर्श स्वैका ने एयरपोर्ट पर बैजयंत पांडा के नेतृत्व में आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल कुवैत पहुंचा, जो आतंकवाद के खिलाफ भारत का दृढ़ संदेश लेकर आया है।**

■ **भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को रेखांकित करना है उद्देश्य**

इससे पहले कुवैत में भारतीय दूतावास ने एक अन्य एक्स पोस्ट में लिखा कि पहलगाम आतंकवादी हमला, ऑपरेशन सिंदूर, आतंक के खिलाफ लड़ाई, कभी मत भूलो कभी मत माफ करो। बहरीन में भारतीय दूतावास ने एक एक्स पोस्ट में लिखा कि बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बहरीन की अपनी सफल यात्रा पूरी की। भारत अपने मित्र बहरीन को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता व्यक्त करने के लिए धन्यवाद देता है। इस पोस्ट को भाजपा नेता पांडा ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भी साझा किया। बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में निशिकांत दुबे, फंगनन कोन्याक, रेखा शर्मा, असदुद्दीन ओवैसी, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व भारतीय राजनयिक हर्ष श्रृंगला शामिल हैं।



## कतर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति का किया समर्थन



**दोहा।** कतर के विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल अजीज बिन सालेह अल खुलैफी ने सोमवार को एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में यहां पहुंचे भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। इस दौरान पश्चिम एशियाई देश ने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद और ऑपरेशन सिंदूर के महत्व पर भारत के एकीकृत रुख की पुष्टि की।

## दुनिया को जानें

### शंघाई में शुरू होने जा रहा है दुनिया का सबसे बड़ा लेगोलैंड रिसॉर्ट

**शंघाई,** 26 मई (एजेंसियां)। दुनियाभर में बेहद लोकप्रिय लेगो टॉय ब्रांड पर आधारित लेगोलैंड चीन में शंघाई रिसॉर्ट दुनिया का सबसे बड़ा लेगोलैंड गंतव्य बनने जा रहा है। शंघाई रिसॉर्ट अपने अंतिम प्री-ओपनिंग चरण में प्रवेश कर चुका है और शनिवार से पार्क ट्रायल ऑपरेशन शुरू करेगा, जिसमें चुनिंदा मेहमानों को इसके आकर्षण, शो, रेस्तरां और होटल सुविधाओं का अनुभव करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। चरणबद्ध उद्घाटन का उद्देश्य 5 जुलाई को आधिकारिक लांच से पहले मेहमानों के अनुभव के सभी तत्वों को बेहतर बनाना है।

शंघाई के जिनशान जिले में स्थित यह रिसॉर्ट 318,000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है और इसे 2 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों वाले परिवारों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें 75 से अधिक इंटरैक्टिव राइड, शो और आकर्षण हैं साथ ही आठ थीम वाले क्षेत्रों में हजारों लेगो मॉडल भी हैं। इस सप्ताह एक आधिकारिक हैंडओवर समारोह के साथ परियोजना एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंच गई, जहां एक लेगो ईंट-निर्मित कुंजी परियोजना टीम से रिसॉर्ट की संचालन टीम और फिर बाल बच्चे पत्रकारों के एक समूह को सौंपी गई।

# खेल जगत

## राशिद खान की विकेट लेने की क्षमता कम हो रही है : अनिल कुंबले

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के मुताबिक गुजरात टाइटंस के लेग स्पिनर राशिद खान की विकेट लेने की क्षमता हाल में कम हुई है। इसकी वजह से टीम का गेंदबाजी विभाग कमजोर हुआ है। ईएसपीएनक्रिकइंफो से बात करते हुए अनिल कुंबले ने कहा, 'राशिद खान आईपीएल में अपने सबसे खराब सीजन से गुजर रहे हैं। सीजन के 14 मैचों में 53.66 की औसत और 9.47 की इकॉनमी रेट से वह केवल 9 विकेट ले सके हैं।' कुंबले ने कहा, जीटी के लिए शुरुआती 6 ओवरों में चीजें अच्छी नहीं रही, गेंदबाजी पर दबाव था। यहां राशिद खान से उम्मीद की जाती है कि वे आएंगे और विकेट लेंगे। लेकिन, उनकी विकेट लेने की क्षमता गायब है। वे संघर्ष कर रहे हैं। आरसीबी की कप्तानी के साथ-साथ पंजाब किंग्स के हेड कोच रह चुके कुंबले ने कहा, 'शुभमन गिल की कप्तानी वाली जीटी को अब शांत रहने और ध्यान केंद्रित रखने की जरूरत है।




# आरसीबी को शीर्ष दो की होड़ में बने रहने के लिए लखनऊ से आखिरी मैच जीतना ही होगा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 26 मई (देशबन्धु)। अपने पिछले मैच में विराट कोहली (43 रन, 25 गेद,एक छक्का, सात चौके) और फिल साल्ट (62 रन, 32 गेंद, पांच छक्के, चार चौके) की सात ओवर में 80 रन की तूफानी शुरुआत के बाद राह भटक सनराइजर्स हैदराबाद से लखनऊ में 42 रन से हारने वाली प्ले ऑफ के लिए पहले ही क्वॉलिफाई कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) 13 मैचों से 2025 आईपीएल में 17 अंक पर अटक गई। आरसीबी के लिए शीर्ष दो में पहुंचने के लिए अब प्ले ऑफ की होड़ से बाहर चुकी लखनऊ सुपर जायंटस (एलएसजी) से मौजूदा संस्करण के आखिरी लीग मैच में लखनऊ में मंगलवार को अपना 14वां आखिरी लीग मैच हर हाल में जीतना होगा। मिचेल मार्श के तूफानी शतक और निकोलस पूरन के अर्द्धशतक तथा न्यूजीलैड के तेज गेंदबाज विल ओ' रुक के चटकाए तीन तथा आवेश खान और ऑफ स्पिनर आयुष बड़ोनी के दो दो विकेट की बदौलत लगातार चार मैच हारने वाली सातवें स्थान पर लखनऊ सुपर जायंटस ने सबसे पहले प्ले ऑफ में पहुंचने वाली गुजरात टाइटंस को 33 रन से हराया था। सबसे पहले प्ले ऑफ के लिए क्वॉलिफाई करने वाली तीनों टीमों -गुजरात टाइटंस (14 मैच, 18 अंक) अपने पिछले लगातार दो तथा आरसीबी और पंजाब किंग्स अपना अपना 13 वां मैच हार गई और इससे एकबारगी शीर्ष दो की लड़ाई फिर दिलचस्प हो गई।



आरसीबी के लिए अच्छी खबर है कि उसके लिए दस मैचों में सबसे ज्यादा 18 विकेट चटकाने वाले कंधे की चोट के चलते सरहद पर पाकिस्तान की आतंकी गतिविधि के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के चलते आईपीएल के एक हफ्ते के लिए स्थगित होने पर ऑस्ट्रेलिया लौटने के बाद अब वापस उससे जुड़ गए हैं। बेशक आरसीबी की बल्लेबाजी मौजूदा संस्करण में सबसे ज्यादा सात अर्द्धशतक जड़ने वाले विराट कोहली और उनके सलामी जोड़ीदार फिल साल्ट पर निर्भर करेगी। अभी हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके विराट कोहली ने मौजूदा संस्करण में सबसे ज्यादा सात अर्द्धशतक सहित आरसीबी के लिए 548 रन और उनके सलामी जोड़ीर फिल साल्ट ने दस मैचों में तीन अर्द्धशतक सहित 301 रन बनाए हैं। वहीं आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने दो अर्द्धशतक सहित 257 रन, टिम डेविड ने 12 मैचो में एक अर्द्धशतक सहित 187 रन, क्रुणाल पांडया ने एक अर्द्धशतक सहित 105 रन बनाए हैं। विराट कोहली खासतौर पर लखनऊ सुपर जायंटस के बाएं हाथ के स्पिनर कर्णाल पांडया और मिस्ट्री स्पिनर दिग्वेश राठी से चौकस रहना होगा। लखनऊ सुपर जायंटस के लिए बाएं हाथ के स्पिनर कुणाल पांडया ने 12 मैचों में 15 विकेट, लेग स्पिनर दिग्वेश राठी ने 12 मैचों में 14 और इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में पांच टेस्ट की सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुने गए अपने कप्तान ऋषभ पंत के साथ 18 सदस्यीय टीम में चुने तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर ने 10 मैचों से 13 विकेट, तेज गेंदबाज आवेश खान ने 12 मैचों में 12 विकट , लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने 11 मेचों में 9 विकेट, आकाशदीप ने 6 मेचो मे तीन विकेट चटकाए हैं। भारत की टेस्ट टीम में वापस स्थान पाकर बेशक शार्दूल ठाकुर और आकाशदीप जरूर बड़े जिगरे से गेंदबाजी कर खासतौर पर आरसीबी के शीर्ष क्रम में विराट कोहली और साल्ट को सस्ते में आउट कर उसका शीर्ष दो पहुंचने का सपना तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## प्लेऑफ से पहले आरसीबी की टीम से जुड़े ब्लेसिंग मुजरबानी

**नई दिल्ली**। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी आईपीएल 2025 प्लेऑफ मुकाबलों से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम का हिस्सा बन चुके हैं। मुजरबानी को आरसीबी ने लुंगी एनगिडी के अस्थायी रिप्लेसमेंट के रूप में साइन किया था। एनगिडी दक्षिण अफ्रीकी पेसर हैं जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले अपनी तैयारियों के लिए प्रोटियाज टीम में शामिल होने के लिए रवाना होंगे। जिम्बाब्वे के मुजरबानी को आरसीबी ने 75 लाख रुपये में साइन किया है। मुजरबानी शनिवार को ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ जिम्बाब्वे के ऐतिहासिक टेस्ट का हिस्सा थे, जिसे मेहमान टीम ने एक पारी और 75 रन से गंवा दिया था। इस मैच में मुजरबानी 3-143 के आंकड़ों के साथ टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। 28 वर्षीय यह खिलाड़ी मंगलवार को लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आरसीबी के अंतिम लीग चरण के खेल के लिए उपलब्ध रहेगा। उन्होंने अब तक जिम्बाब्वे के लिए 70 टी20 मैच खेले हैं और 78 विकेट लिए हैं।

### जूनियर शूटिंग विश्व कप

## तेजस्विनी के 25 मीटर पिस्टल गोल्ड ने भारत को टॉप स्थान दिलाया

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। भारत की तेजस्विनी ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व कप के अंतिम दिन स्वर्ण पदक जीत लिया। यह प्रतियोगिता जर्मनी के सुहल शहर में हुई थी। तेजस्विनी की इस जीत की बदौलत भारत पदक तालिका में चीन जैसे देशों को पीछे छोड़ते हुए पहले स्थान पर रहा।



■ 20 वर्षीय तेजस्विनी का यह पहला व्यक्तिगत विश्व कप पदक

हरियाणा की 20 वर्षीय तेजस्विनी का यह पहला व्यक्तिगत विश्व कप पदक है। भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल 11 पदक जीते - 3 स्वर्ण, 4 रजत और 4 कांस्य। चीन ने भी 3 स्वर्ण पदक जीते, लेकिन उनके पास भारत से केवल एक अतिरिक्त कांस्य पदक था। फाइनल में तेजस्विनी ने कुल 31 अंक हासिल किए। दूसरे स्थान पर रही एलिना नेस्टियारोविच ने रजत और हंगरी की 23 वर्षीय मिरियम जाको ने कांस्य पदक जीता।

तेजस्विनी का यह यादगार प्रयास था, जिन्होंने दिन की शुरुआत ग्रिड पर 24वें स्थान से की, जबकि क्वालिफिकेशन के पहले दिन संभावित 300 में से 282 अंक प्राप्त किए थे। आज दूसरे रैपिड-फायर राउंड में उन्होंने 293 का शानदार स्कोर बनाया, जिससे उनका कुल स्कोर 575 रहा। 50 खिलाड़ियों की सूची में वे टॉप 8 में जगह बनाने वाली अकेली भारतीय रहीं। रिया शिरीष थत्ते, जो पहले दिन सबसे आगे थीं, उन्होंने आखिरी रैपिड-फायर राउंड में 92 अंक बनाए और कुल 569 अंकों के साथ सिर्फ 4 अंकों से फाइनल में जगह नहीं बना पाईं। जबकि दो बार की जूनियर यूरोपीय चैंपियन मिरियम ने आठवां स्थान हासिल किया। फाइनल में जब 10 राउंड की रैपिड-फायर शूटिंग शुरू हुई, तो तेजस्विनी ने लगातार दो बार चार अंक बनाकर अच्छी शुरुआत की। उनके साथ चीनी खिलाड़ी झाओ ताओताओ भी अच्छा कर रही थीं, लेकिन पांचवें राउंड में तेजस्विनी ने फिर चार अंक बनाए जबकि झाओ सिर्फ एक ही अंक बना सकीं, जिससे उनका मुकाबला वहीं खत्म हो गया। इसके बाद भी तेजस्विनी ने बहुत शांति और सटीकता से हर चुनौती को पीछे छोड़ते हुए जीत हासिल की।

### पीकेएल 12 की नीलामी से पहले सुनील कुमार ने कहा

## 'टीम को अनुभवी और युवा दोनों खिलाड़ियों की जरूरत'

**मुंबई,** 26 मई (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के लिए 31 मई और 1 जून को नीलामी होने जा रही है। यू मुंबा के कप्तान सुनील कुमार इसके लिए तैयार हैं और उनका मानना है कि यह अब तक की सबसे प्रतियोगी नीलामी में एक होगी, जिसमें जबरदस्त बीडिंग वॉर देखने के लिए मिलेगा।

अनुभवी डिफेंडर ने सात साल के सूखे बाद सीजन 11 में अपनी टीम को प्लेऑफ के लिए पहुंचाया था। उनको उम्मीद है कि आने वाली सीजन में उनके पास एक मजबूत टीम होगी। कुमार टीम की तैयारी की रणनीति पर विचार करते हुए कहते हैं, 'मैं नीलामी को लेकर आशान्वित हूं। टीम प्रबंधन ने एक योजना बनाई है, और हम उससे आगे बढ़ेंगे। हमें उम्मीद है कि हमें एक अच्छी टीम मिलेगी।'

सीजन 11 में यू मुंबा का फिर से उभार शानदार रहा। फ्रेंचाइजी ने 2019 के बाद से अपना पहला प्लेऑफ बर्थ सुरक्षित किया, 12 गेम जीते जो सीजन 7 के बाद से उनका सबसे ज़्यादा रहा। यू मुंबा की टीम का बाद के चरणों तक का सफर अनुभवी नेतृत्व और उभरती हुई प्रतिभा की नींव पर बना था। सुनील कुमार इस फ़ॉर्मूले को आगामी नीलामी में महत्वपूर्ण मानते हैं।



■ 12वें सीजन के लिए 31 मई और 1 जून को नीलामी होने जा रही

कुमार ने बताया, 'अगर आप एक अच्छी टीम बनाना चाहते हैं, तो आपको अनुभवी और युवा दोनों खिलाड़ियों की जरूरत है। अनुभवी खिलाड़ी अपने ज्ञान से टीम को आगे बढ़ने में मदद करते हैं, जबकि युवा खिलाड़ी खेल के प्रति अपने जुनून और फिटनेस के साथ आते हैं। जब दोनों चीजें तालमेल के साथ काम करती हैं, तो टीम आगे बढ़ती है।'

## टूर्नामेंट का पहला संस्करण 7 से 20 जून तक राजकोट में खेला जाएगा

**राजकोट,** 26 मई (एजेंसियां)। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) ने 'सौराष्ट्र प्रो टी20 लीग' (एसपीटीएल) की शुरुआत की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह एक फ्रेंचाइजी आधारित टी20 टूर्नामेंट होगा, जिसका मकसद सौराष्ट्र क्षेत्र के बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ियों को एक मंच देना है। इस टूर्नामेंट का पहला संस्करण 7 जून से 20 जून तक राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेला जाएगा।



■ इस टूर्नामेंट में पांच टीमें हिस्सा लेंगी

■ खिलाड़ियों का चयन आज 'प्लेयर्स ड्राफ्ट' के जरिए किया जाएगा

सौराष्ट्र प्रो टी-20 लीग

इसकी घोषणा सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। एससीए के अध्यक्ष जयदेव शाह ने इस अवसर पर टूर्नामेंट की जानकारी दी। उनके साथ एससीए के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे -सचिव हिमांशु शाह, कोषाध्यक्ष श्याम रायचूरा, संयुक्त सचिव करण शाह और एसपीटीएल के चेयरमैन जयवीर शाह।

इस टूर्नामेंट में पांच टीमें हिस्सा लेंगी: अनमोल किंग्स हालार, आर्यन सौरठ लायंस, डिटा गोहिलवाड़ टाइटंस, झालावाड़ स्ट्राइकर्स, जेएमडी कच्छ राइडर्स टीमों के खिलाड़ियों का चयन 27 मई को 'प्लेयर्स ड्राफ्ट' के जरिए किया जाएगा, जिसमें लगभग 125 खिलाड़ी तीन श्रेणियों में शामिल होंगे।

कोच और सपोर्ट स्टाफ सभी एससीए से ही चुने जाएंगे। इसके अलावा कुछ राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय पूर्व खिलाड़ी मेंटर की भूमिका में हो सकते हैं। एससीए ने इस टूर्नामेंट के संचालन के लिए 'अरिवा स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' के साथ साझेदारी की है, जो पहले बंगाल प्रो टी20 लीग का प्रबंधन कर चुकी है। एससीए का उद्देश्य इस लीग के माध्यम से क्षेत्र में पेशेवर क्रिकेट को बढ़ावा देना है, जिससे नए खिलाड़ी आगे चलकर आईपीएल या भारतीय टीम तक पहुंच बना सकें।

**ये टीमें हिस्सा लेंगी**

- अनमोल किंग्स हालार
- आर्यन सौरठ लायंस
- डिटा गोहिलवाड़ टाइटंस
- झालावाड़ स्ट्राइकर्स
- जेएमडी कच्छ राइडर्स

### सार संक्षेप

## धोनी के अंदर अभी भी जोश और फिर से खिताब जीतने की चाहत बाकी: रॉबिन उथप्पा

**नई दिल्ली**। पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज एमएस धोनी अब भी टीम के लिए खेलना चाहते हैं। उनके अंदर अभी भी एक और खिताब जीतने की चाह बाकी है। हालांकि सीएसके ने आईपीएल 2025 का अंत अपने आखिरी लीग मैच में शानदार जीत के साथ किया, लेकिन 43 वर्षीय धोनी इस सीजन में पहले जैसी फॉर्म में नजर नहीं आए। उन्होंने 14 मैचों में 24.50 की औसत से 196 रन बनाए। 135.17 के उनके स्ट्राइक रेट ने पिछले सीजन में उनके द्वारा दर्ज किए गए 220.55 के विस्फोटक स्ट्राइक रेट से काफी गिरावट दर्ज की। उथप्पा ने जियो हॉटस्टार पर कहा, 'सब कुछ इस पर निर्भर करता है कि धोनी का शरीर कैसा महसूस करता है। आपको यह समझना होगा कि वह वास्तव में खेलना चाहते हैं - उनमें अभी भी जोश है। उन्होंने मैच के बाद जो बातें कहीं, उनसे साफ है कि वे अब भी मैदान पर उतरना और खिताब जीतना चाहते हैं। अब वे अपने शरीर पर मेहनत करेंगे ताकि अगली आईपीएल के लिए तैयार हो सकें। अगर शरीर साथ नहीं देगा, तो वे मिनी ऑक्शन से पहले संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। नहीं तो सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट के जरिए इशारा मिलेगा।'

## हर्ष दुबे चालाक गेंदबाज, उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं : डेनियल विटोरी

**नई दिल्ली**। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ की रेस से बाहर सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने अपने अंतिम लीग मैच में जीत हासिल कर टूर्नामेंट के सफर का शानदार अंत किया।

## ओलंपिक का कभी सपना नहीं देखा था, बस परिवार की मदद के लिए नौकरी करना चाहती थी : पैरालिंपियन सिमरन

**नई दिल्ली**, 26 मई (एजेंसियां)। पैरालिंपियन सिमरन शर्मा ने विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने तक की अपनी चुनौतीपूर्ण यात्रा के बारे में बताया। सिमरन का जन्म समय से पहले हुआ था। किसी ने उनसे जीवन में इतना आगे निकलने की अपेक्षा नहीं की थी। सिमरन ने अपनी लड़ाई के बारे में बताया जिसमें धैर्य और दृढ़ संकल्प की झलक मिलती है। ट्रैक पर उनका सफर आम नहीं था, हर कदम पर चुनौतियों से भरा था, जो उनके जन्म से ही शुरू हो गई थी।

सिमरन ने गगन नारंग स्पोर्ट्स फाउंडेशन की पहल हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट में याद किया, 'डॉक्टरों ने कहा कि मैं बच नहीं पाऊंगी, और तब कोई भी बहुत परेशान नहीं था। यह समय से पहले की बात थी, और मैं एक लड़की थी। लेकिन मेरे पिता ने मुझे जीवित रखने का फैसला किया। मैं मशीनों के बिना जीवित रही, लेकिन कई समस्याओं के साथ। मेरी आंखें कमजोर थी, कमजोर मांसपेशियों और शरीर के साथ मैं बड़ी हुई। मैंने कभी ओलंपिक के बारे में सपना भी नहीं देखा था। बस अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए एक छोटी सी नौकरी की उम्मीद थी।' लेकिन शादी के बाद सब कुछ बदल गया। उनके पति और कोच गजेंद्र सिंह ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। 2024 पेरिस पैरालिंपिक कांस्य पदक विजेता ने बताया, 'उन्होंने मुझे कभी घर का काम नहीं करने दिया। उन्होंने कहा कि बस अच्छा खाना खाओ और ट्रेनिंग करो। उन्होंने सुनिश्चित किया कि मैं घूंघट न पहनूं, हमारे गांव की बाकी महिलाओं पर जिस तरह के प्रतिबंध थोपे जाते रहे हैं, वह मैं खुद पर लागू न करूं। उनका एक ही लक्ष्य था - ओलंपिक'



मैंने कभी ओलंपिक के बारे में सपना भी नहीं देखा था। बस अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए एक छोटी सी नौकरी की उम्मीद थी।' लेकिन शादी के बाद सब कुछ बदल गया। उनके पति और कोच गजेंद्र सिंह ने उनकी प्रतिभा को पहचाना: सिमरन

सेना के जवान गजेंद्र ने याद किया, 'ऐसे दिन भी थे जब मैंने उसे इतनी कड़ी ट्रेनिंग दी कि वह जमीन पर उल्टी कर देती थी। मेरी मां ने उसे एक बार देखा और मुझसे पूछा, 'क्या तुम उसे मारने की कोशिश कर रहे हो?' लेकिन मुझे पता था कि उसे उस स्तर तक पहुंचने के लिए क्या चाहिए। मैं रसोई में घंटों बिताता था, उसके आहार पर काम करता था और मैदान पर उसे व्यवस्थित तरीके से ट्रेनिंग देता था।' शारीरिक कठिनाइयों के साथ-साथ मानसिक संघर्ष भी कम नहीं थे। 2019 की वर्ल्ड चैंपियनशिप के समय सिमरन के पिता वेंटिलेटर पर थे और उनके पति कर्ज में डूबे हुए थे, क्योंकि उन्होंने सारा पैसा सिमरन की ट्रेनिंग में लगा दिया था।

सिमरन ने बताया, 'पापा की एक दवा 150 रुपए की थी, और हमारे पास पैसे नहीं थे। लोग मेरे पति को दोष देते थे कि वह मेरा साथ क्यों दे रहा है। मैं टूट गई थी। लगा कि शायद अगर मैं ही नहीं रहूं, तो सारी परेशानियां भी खत्म हो जाएँगी। मैंने आत्महत्या की कोशिश की।' लेकिन एक बार फिर उनके पति ने उन्हें संभाला।

## पंजाब किंग्स को करना होगा अपनी डेथ बॉलिंग पर काम : मांजरेकर

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले एक अहम मुकाबले से पहले, पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को अपनी डेथ ओवर की गेंदबाजी पर खास ध्यान देना होगा। पंजाब किंग्स 11 साल बाद आईपीएल प्लेऑफ में पहुंची है और अगर सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में वे मुंबई इंडियंस को हरा देते हैं, तो वे अंकतालिका में टॉप-2 में जगह बनाने वाली पहली टीम बन जाएँगे। हालांकि, टीम पिछला मैच दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार गई, जहां वे 206 रन का स्कोर भी नहीं बचा पाए।



■ आईपीएल 2025: मांजरेकर ने कहा, पंजाब किंग्स को करना होगा अपनी डेथ बॉलिंग पर काम

टीम की चिंता इस बात को लेकर भी है कि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल चोट के कारण टीम से बाहर हैं। पंजाब किंग्स की बल्लेबाज़ी तो अच्छी लग रही है, लेकिन गेंदबाजी अभी भी चिंता का विषय है।' मांजरेकर ने जियोहॉटस्टार पर कहा, 'उम्मीद है चहल जल्दी फिट हो जाएँ। जब आप उमरजई से 18वां ओवर और स्टॉइनिस से 20वां ओवर करवा रहे हैं, तो करीबी मैचों में हार की संभावना बढ़ जाती है। यही वह पहलू है जिस पर टीम को मेहनत करनी होगी।'

शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चहल की गैरमौजूदगी में, बाएं हाथ के युवा स्पिनर हरप्रीत बरार ने दो विकेट लिए (2/41), लेकिन वह जीत दिलाने के लिए काफी नहीं थे। इस सीजन में अब तक बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 13 मैचों में 8.70 की इकॉनमी रेट से सबसे ज्यादा 16 विकेट लिए हैं। चहल और मार्को यान्सन के नाम 14-14 विकेट हैं, जबकि बरार ने अब तक 9 विकेट लिए हैं। दिल्ली से हार के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने माना कि उनकी टीम ने जरूरत से ज्यादा बाउंसर गेंदें फेंकी और अपनी योजना ठीक से लागू नहीं कर पाई।

### सुडोकू 6925 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 | 4 | 5 |

## प्रो लीग के जरिए भारत के पास विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का अच्छा मौका : हार्दिक सिंह

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 (पुरुष वर्ग) के यूरोपीय चरण की शुरुआत करते हुए भारतीय टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर मजबूती से बनी हुई है। टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतकर खत्म करना बहुत जरूरी है।

हार्दिक ने कहा, 'हमने टीम में इस पर बात की है और सब मानते हैं कि अगर हम अपनी योजना पर टिके रहें, ज़्यादा से ज़्यादा अंक जुटाएं, और मैच जीतने की कोशिश करें, यहां तक कि ड्रॉ और शूटआउट से भी अंक लें तो हमारे पास प्रो लीग के माध्यम से वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने का शानदार मौका है।' उन्होंने आगे समझाया, 'बेल्जियम (वर्तमान में नंबर 2 रैंक) और नीदरलैंड्स (भारत से एक रैंक पीछे नंबर 4 पर) 2026 के पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप की सह-मेजबानी कर रहे हैं, इसलिए वे सीधे क्वालीफाई कर चुके हैं। अब मुख्य मुकाबला इंग्लैंड, जर्मनी और स्पेन से है। इसके अलावा अर्जेंटीना के खिलाफ हमारे मैच भी बहुत अहम होंगे। यह हमारे लिए एक अच्छा अवसर है और अगर हम जल्दी क्वालीफाई कर लें, तो वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए हमारे पास ज्यादा समय रहेगा।' फिलहाल ऑस्ट्रेलिया पिछले संस्करण की विजेता होने के कारण वर्ल्ड कप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है। ऑस्ट्रेलिया प्रो लीग में छठे नंबर पर है। बेल्जियम और नीदरलैंड्स मेजबान होने के नाते पहले से क्वालीफाई हैं। जर्मनी, जो इस समय पांचवें स्थान पर है, उसके अभी छह मैच बचे हैं, और वह भारत की राह में चुनौती बन सकता है।



इस बीच, भारतीय टीम ने बेंगलुरु के साई सेंटर में पिछले तीन हफ्तों में कड़ी मेहनत की है। अभ्यास सत्रों से साफ है कि खिलाड़ी मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तैयारी कर रहे हैं। हार्दिक मुस्कराते हुए कहते हैं, 'हमारे अभ्यास सत्र काफी कठोर रहे हैं। फिटनेस और ताकत को लेकर हमने काफी मेहनत की है। कोच और हमारे वैज्ञानिक सलाहकार एलेन ने हमें पूरी तरह पसीना बहाने पर मजबूर किया। हम लगातार मैच खेलने वाले हैं, हमारे पास आराम के लिए ज़्यादा समय नहीं होगा। जो थोड़ा-बहुत समय मिलेगा, उसमें हमें एक देश से दूसरे देश की यात्रा करनी है।'

भारत अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत 7 और 9 जून को नीदरलैंड के खिलाफ लगातार दो मैचों के साथ करेगा, उसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटेलवीन के वैगनर स्टेडियम में अर्जेंटीना के खिलाफ डबल-हेडर होगा। फिर टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से एंटवर्प में खेलेगी और अंत में 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ अपने मैच खेलेगी।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 14 | 9 | 5 | 18 | +0.254 |
| 2- | पंजाब किंग्स | 13 | 8 | 4 | 17 | +0.327 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 13 | 8 | 4 | 17 | +0.255 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 13 | 8 | 5 | 16 | +1.292 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 14 | 7 | 6 | 15 | - 0. 011 |
| 6- | सनराइजर्स हैदराबाद | 14 | 6 | 7 | 13 | -0.241 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 13 | 6 | 7 | 12 | - 0-337 |
| 8- | कोलकाता नाइट राइडर | 14 | 5 | 7 | 12 | +0.305 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 14 | 4 | 10 | 8 | -0.549 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 14 | 4 | 10 | 8 | -0.647 |

# अर्थ जगत

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.17 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.65 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.53 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.52 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.49 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इटरनल | 4.51 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमेंट | 0.47 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.45 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.45 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.32 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 96,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 97,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.37 | 89.71 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.02 | 121.84 |
| यूरो | 88.24 | 102.34 |
| चीन युआन | 8.38 | 13.6 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |




## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# महंगाई दर कम होने से लोगों के क्रय शक्ति में होगा सुधार : एचएसबीसी

- बारिश अनुकूल होने की संभावना से खाद्य मुद्रास्फीति कम रहने का अनुमान
- वित्त वर्ष 2025 की मार्च तिमाही पहले की तुलना में बेहतर रही



**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। एचएसबीसी रिसर्च की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि बचे हुए वर्ष के लिए महंगाई दर कम होने से भारत में परिवारों की वास्तविक क्रय शक्ति में सुधार होगा और कॉर्पोरेट्स के लिए इनपुट लागत कम होगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कम स्पष्ट, लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण लाभ राजकोषीय वित्त के माध्यम से हो सकता है। शेष वर्ष को अगले छह महीनों के लिए लगभग 2.5 प्रतिशत की कम मुद्रास्फीति से समर्थन मिलने की संभावना है।

सार्वजनिक अन्न भंडारों में स्टॉक और मानसून की बारिश अनुकूल होने की संभावना के साथ, खाद्य मुद्रास्फीति कम रहने की संभावना है। देश के लिए अपने 100 इंडीकेटर्स डेटाबेस को अपडेट करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि कम कमोडिटी कीमतों, धीमी वृद्धि, मजबूत रुपया (अमेरिकी डॉलर के मुकाबले) और चीन से आयातित अवस्फीति के कारण कोर मुद्रास्फीति भी सीमित दायरे में रहने की संभावना है। ये संकेतक विभिन्न क्षेत्रों को दर्शाते हैं और विकास की एक विस्तृत तस्वीर पेश करते हैं। वित्त वर्ष 2026 के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य पर बजट से कम नॉमिनल जीडीपी वृद्धि, प्रत्यक्ष कर उछाल और उच्च रक्षा व्यय से कुछ दबाव हैं। एचएसबीसी रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि, कुछ ऑफसेटिंग कारक विशेष रूप से बजट से अधिक आरबीआई लाभांश (2.7 ट्रिलियन रुपए) भी मौजूद हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार के पास तेल उत्पाद शुल्क बढ़ाकर वैश्विक तेल कीमतों में गिरावट का कुछ हिस्सा अपने पास रखने का विकल्प है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति पहले से ही कम है। हमारा अनुमान है कि अगर सरकार पंप कीमतों को कम करने के बजाय ऑयल 'बाउंटी' का आधा हिस्सा रख लेती है, तो यह न केवल राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पूरा करेगा, बल्कि विकास समर्थन के लिए कुछ अतिरिक्त फंड भी उपलब्ध करवाएगा।

वित्त वर्ष 2025 की मार्च तिमाही पहले की तुलना में एक पायदान बेहतर रही, जिसमें पिछली दो तिमाहियों में 64 प्रतिशत और 61 प्रतिशत के मुकाबले 66 प्रतिशत संकेतक सकारात्मक रूप से बढ़े।

## भारत के पीसी बाजार ने की 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली।** भारत के पारंपरिक पीसी बाजार (डेस्कटॉप, नोटबुक और वर्कस्टेशन) में 2025 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें 3.3 मिलियन यूनिट शिप किए गए हैं। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) के आंकड़ों के अनुसार, यह भारत के पीसी बाजार के लिए लगातार सातवीं तिमाही में वृद्धि को दर्शाता है। नोटबुक में 13.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि वर्कस्टेशन में 30.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जनवरी-मार्च तिमाही में प्रीमियम नोटबुक शिपमेंट (1,000 डॉलर और उससे अधिक) में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि लोअर बेस के कारण 185.1 प्रतिशत की वृद्धि देखने के बावजूद एआई नोटबुक का मूल्यांकन जारी है। गणतंत्र दिवस की बिक्री और मार्च में विभिन्न श्रेणियों में भारी शिपमेंट के कारण कंज्यूमर सेगमेंट में सालाना आधार पर 2025 की पहली तिमाही में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## नीति आयोग ने मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए छह-सूत्री रोडमैप किया जारी




**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। नीति आयोग ने सोमवार को एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें भारत के मध्यम उद्यमों को अर्थव्यवस्था के भविष्य के विकास इंजन में बदलने के लिए एक व्यापक छह-सूत्री रोडमैप पेश किया गया है।

रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि मध्यम उद्यम देश के एमएसएमई का मात्र 0.3 प्रतिशत हिस्सा हैं, लेकिन इस क्षेत्र के निर्यात में इनका योगदान 40 प्रतिशत है। मध्यम उद्यमों की पूरी क्षमता को अनलॉक करने के लिए, लक्षित हस्तक्षेपों की रूपरेखा तैयार की गई है। रिपोर्ट एमएसएमई क्षेत्र में संरचनात्मक विषमता पर गहराई से चर्चा करती है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 29 प्रतिशत और निर्यात में 40 प्रतिशत का योगदान देता है। साथ ही 60 प्रतिशत से अधिक वर्कफोर्स को रोजगार देता है। इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, इस क्षेत्र की संरचना असमान रूप से भारित है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रजिस्टर्ड एमएसएमई में से 97 प्रतिशत माइक्रो एंटरप्राइज हैं, 2.7 प्रतिशत स्मॉल और केवल 0.3 प्रतिशत मध्यम उद्यम हैं। रिपोर्ट में मध्यम उद्यमों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों को रेखांकित किया गया है, जिसमें अनुकूलित वित्तीय उत्पादों तक सीमित पहुंच, एडवांस तकनीकों को सीमित रूप से अपनाना, अपर्याप्त आरएंडडी सपोर्ट, सेक्टोरल टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा उद्यम आवश्यकताओं के बीच बेमेल शामिल हैं। ये सीमाएं उनके पैमाने और इनोवेशन की क्षमता में बाधा डालती हैं।

इन मुद्दों को संबोधित करने के लिए, रिपोर्ट में छह प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में लक्षित हस्तक्षेपों के साथ एक व्यापक नीति की रूपरेखा दी गई है।

इनमें उद्यम टर्नओवर से जुड़ी एक वर्किंग कैपिटल फाइनेंसिंग स्कीम की शुरूआत, बाजार दरों पर 5 करोड़ रुपए के क्रेडिट कार्ड की सुविधा और एमएसएमई मंत्रालय की देखरेख में रिटेल बैंकों के माध्यम से त्वरित निधि वितरण तंत्र शामिल हैं।

# सोने की कीमतों में तेजी जारी

- 96 हजार रुपए के करीब पहुंचा भाव

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में तेजी का ट्रेंड जारी है। सोमवार को 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 96,000 रुपए के करीब और चांदी की कीमत 97,000 रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गई।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की ओर से शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 24 कैरेट सोने का दाम 342 रुपए बढ़कर 95,813 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं, 22 कैरेट सोने का भाव बढ़कर 87,765 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 18 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 71,860 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। चांदी की कीमत 488 रुपए बढ़कर 97,397 रुपए प्रति किलो हो गई है। आईबीजेए की ओर दिन में दो बार हाजिर बाजार की सोने और चांदी की कीमतें जारी की जाती है। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतीन त्रिवेदी ने कहा कि आने वाले सत्रों में सोने के 95,000 से 96,500 रुपए के बीच में कारोबार करने की उम्मीद है।

## राष्ट्र निर्माण व आर्थिक विकास के लिए रहें प्रतिबद्ध : सर्बानंद सोनोवाल

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने देश के नागरिकों से राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में ईमानदारी से काम करने का आह्वान किया। डिब्रूगढ़ में 'तिरंगा यात्रा' में उपस्थित लोगों और मन की बात कार्यक्रम की ऑडियंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम ने देश भर से परिवर्तनकारी विचारों और साहस की कहानियों के माध्यम से नागरिकों को लगातार प्रेरित किया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सभी नागरिकों से एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए खुद को समर्पित करने का आग्रह किया है। उनके नेतृत्व में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है।


//सूचना//

मैं बसंती साहू प्रो. मेसर्स कुरूद सेण्ड माईन, निवासी – ग्राम–कोटगढ़, तहसील अकलतरा, जिला – जांजगीर–चांपा (छ.ग.) यह सूचित करता हूँ कि ग्राम – कुरूद, तहसील – आरंग, जिला – रायपुर (छ.ग.), के खसरा क्रमांक 2742 (भाग) रकबा 5.0 हेक्टेयर पर रेत उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिये राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छ.ग. के पत्र क्रमांक 2680/एस.ई.आई.ए.ए., छ.ग./रेत/2620 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 23/01/2024 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

मेसर्स कुरूद सेण्ड माईन
प्रो0 बसंती साहू
जिला – रायपुर (छ.ग.)

//सूचना//

मैं आदित्य कुमार वर्मा, प्रो. मेसर्स चिखली सेण्ड क्वारी, निवासी – 1630, विवेकानंद आश्रम के पास शांति विहार कॉलोनी, डंगनिया, सुंदर नगर तहसील – रायपुर, जिला– रायपुर (छ.ग.) यह सूचित करता हूँ कि ग्राम – चिखली, तहसील–आंरग, जिला– रायपुर (छ.ग.), के खसरा क्रमांक 1127 रकबा 4.95 हेक्टेयर पर रेत उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिये राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छ.ग. के पत्र क्रमांक 248/एस.ई.आई.ए.ए.,छ.ग. /रेत खदान/2911 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 12/04/2024 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

मेसर्स चिखली सेण्ड माईन
प्रो0 आदित्य कुमार वर्मा
जिला – रायपुर (छ.ग.)

//सूचना//

मैं बिनय जायसवाल प्रो. मेसर्स दतरेंगी सेण्ड माईन, निवासी – ग्राम–तपकरा, तहसील फरसाबहार, जिला–जशपुर (छ.ग.) यह सूचित करता हूँ कि ग्राम – दतरेंगी, तहसील – पलारी, जिला – बलौदाबाजार–भाटापारा(छ.ग.), के खसरा क्रमांक 1512 (भाग) रकबा 4.9 हेक्टेयर पर रेत उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिये राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छ.ग. के पत्र क्रमांक 172 /एस.ई.आई.ए.ए.,छ.ग./रेत खदान / 2729 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 09/04/2024 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

मेसर्स दतरेंगी सेण्ड माईन
प्रो0 बिनय जायसवाल
जिला – बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै शमशुनिसा शेख (SHAMSHUNNISA SHEIKH) उम्र 67 वर्ष, पति– अजीमुद्दीन (AZIMUDDIN) निवासी मकान नंबर 36/546, बैरन बाजार, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूँ–
1. यह कि, मेरे पासपोर्ट नंबर Y4449081, आधार कार्ड नंबर 5087 3595 5988 एवं अन्य समस्त दस्तावेजो मे मेरा नाम शमशुनिसा (SHAMSHUNNISA) पति अजीमुद्दीन (AZIMUDDIN) दर्ज है।
2. यह कि, वर्तमान मे कई देशो मे सिंगल नाम वालो का प्रवेश प्रतिबंध है इस कारण मैने अपना पुराना नाम बदलकर नया नाम शमशुनिसा शेख (SHAMSHUNNISA SHEIKH) पति– अजीमुद्दीन (AZIMUDDIN) रख ली हूँ।
3. यह कि, अब मैं अपना पुराना शमशुनिसा (SHAMSHUNNISA) पति अजीमुद्दीन (AZIMUDDIN) को परिवर्तित करवाकर अपना नया नाम शमशुनिसा शेख (SHAMSHUNNISA SHEIKH) पति– अजीमुद्दीन (AZIMUDDIN) रखना चाहती हूँ इस हेतु मेरे द्वारा शपथ पत्र अनुविभागीय दण्डाधिकारी रायपुर छ.ग. के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।
अत: अब से मुझे मेरे नये नाम शमशुनिसा शेख (SHAMSHUNNISA SHEIKH) पति– अजीमुद्दीन (AZIMUDDIN) के नाम से जाना पहचान, पुकारा जावे व समस्त शासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा यही नाम दर्ज किया जावे।
**पुराना नाम**– शमशुनिसा (SHAMSHUNNISA) पति– अजीमुद्दीन (AZIMUDDIN) निवासी मकान नंबर 36/546, बैरन बाजार, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
**नया नाम**– शमशुनिसा शेख (SHAMSHUNNISA SHEIKH) पति– अजीमुद्दीन (AZIMUDDIN), निवासी मकान नंबर 36/546, बैरन बाजार, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा
क्रमांक 5614/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर दिनांक 22/05/25

प्राधिकरण की कटोरातालाब सेक्टर 05 योजनान्तर्गत श्री पुर्णेन्द्र कुमार पाण्डेय पिता स्व. श्रद्धानंद पाण्डेय को भूखण्ड क्रमांक डी–401/5 रकबा 1500 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री–होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री–होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार फ्री–होल्ड की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।
जारी दिनांक 22.05.25

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा
क्रमांक 5674/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर दिनांक 23/05/25

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर योजना के अन्तर्गत श्री पुरन लाल जैन पिता स्व. तुलसी जैन द्वारा भूखण्ड क्रमांक सी–110/1 क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट फ्री–होल्ड पर धारित है। फ्री–होल्डधारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को पंजीकृत उपहार विलेख (बिना प्रतिफल के) के माध्यम से दिनांक 21.04.2025 को उपहारग्रहिता श्री गुलाब चंद जैन पिता स्व. तुलसी जैन निवासी म.नं. 110 सेक्टर 01, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में उपहार कर दिया गया है।

उपहारग्रहिता श्री गुलाब चंद जैन पिता स्व. तुलसी जैन द्वारा पंजीकृत उपहार विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत कर प्राधिकरण अभिलेख में नाम दर्ज कराना चाहा है। अत: उक्त भूखण्ड के अभिलेख में उपहारग्रहिता का नाम दर्ज किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 23.05.25 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

न्यायालय तहसीलदार रायपुर
तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )
ईश्तहार
रा.प्र.क्र./202505110200134/अ–6/वर्ष 2024–25
ग्राम–शंकर नगर प.ह.नं. 110/63
रायपुर, दिनांक 26.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 01. श्रीमती जैनब अजीम पति स्व. अब्दुल अजीम, 02. मोहम्मद ईमुद्दीन पिता स्व. अब्दुल अजीम निवासी फ्लैट नं. 1306, कुंदन्स द पार्क सोसायटी एन.आई.बी.एम. रोड कुन्धावा खुर्द पुणे महाराष्ट्र द्वारा स्वयं एवं मु.आम द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र वास्ते छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा–110 के अंतर्गत पेश कर लेख किया है कि ग्राम शंकर नगर, प.ह.नं. 110/63, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खाता क्रमांक 1646, खसरा नंबर 37/28 रकबा 0.1130 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदकगण के पति/पिता अब्दुल अजीम पिता अब्दुल करीम के नाम से भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार आवेदकगण के पति / पिता अब्दुल अजीम पिता अब्दुल करीम की मृत्यु दिनांक 05.05.2022 को हो चुका है। उनके मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान में श्रीमती अफसाना बेगम (पत्नी), श्रीमती जैनब अजीम (पत्नी), गुलाम अशरफ (पुत्र), मोहम्मद वसीम (पुत्र), मोहम्मद नूरूल अजीम (पुत्र), मोहम्मद नईमुद्दीन अजीम (पुत्र) श्रीमती शगुफ्ता फातिमा पति नईमुद्दीन (पुत्री) है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं हैं। अतएव आवेदित भूमि से संबंधित राजस्व अभिलेखों में मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 12.06.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, KHIKH RAM S/O BAHADUR SAHU resident of MDS 155, PHASE -, NEAR OLD POLICE STATION, KABIR NAGAR, TATIBANDH, (C.G.) 492099 have changed my old name KHIKH RAM S/O BAHADUR SAHU so in future I should be recognized by my new name that is KHIKH RAM SAHU S/O BAHADUR SAHU in all Government and other documents.

KHIKH RAM SAHU
MDS 155, PHASE -,
NEAR OLD POLICE STATION,
KABIR NAGAR, TATIBANDH,
(C.G.) 492099

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर
जिला रायपुर ( छ.ग. )
ईश्तहार
क्रमांक/202501137000017/अ–6/वर्ष 2024–25
ग्राम टाटीबंध प.ह.नं. 54
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 14.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण ऑनलाईन भुईया नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदक मरियम्मा चाको पति स्व. टी.ए. चाको निवासी म.नं. ए 11/2 सेक्टर–3 उदया सोसायटी टाटीबंध रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109–110 छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आवेदिका को पति टी.ए. चाको पिता टी.ए. थॉमस के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम टाटीबंध प.ह.न. 64 तहसील व जिला रूयपुर स्थित भूमि भूखण्ड क्रमाक ए 11/2 खसरा नंबर 203/1 का भाग रकबा 4000 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि को आवेदिका के पति टी.ए. चाको पिता टी.ए थॉमस द्वारा विक्रेता उदया सहकारी गृह निर्माण संस्था समिति मर्यादित रायपुर से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 24.09.1987 के माध्यम से क्रय किया है। आवेदिका के पति / क्रेता टी.ए. चाको पिता टी.ए. थ्रींमस की मृत्यु दिनांक 20.04.2004 को हो चुकी है। मृतक क्रेता त्य. टी.ए. चाको पिता टी.ए थॉमस के विचिक वारिसान मरियाम्मा चाको पति स्व. टी.ए. चाको जेम्स चाकी, जिजु चाको दोनों पिता स्व. टी. ए. चाको है, इसके अतिरिक्त अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। अत उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर मृतक क्रेता स्व. टी.ए. चाको पिता टी.ए थॉमस के विधिक वारिसान को नाम पर नामांतरण दर्ज जाने का निवेदन किये है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दाक/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में
मामला क्रमांक: 202505112800015/160
मामले की श्रेणी–राजस्व
ईश्तहार
क्रमांक: 202505112800015/160
विषय–अ–20 (3) सन् 2024–2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 हे.
पक्षकारों का विवरण–आवेदक पक्षकार 1. कु. वीणा इंगले 2. कु. मीना इंगले दोनों पिता एस. इंगले 3. श्रीमती सुरभि गनोदवाले पति सुनील गनोद वाले, अनावेदक पक्षकार–

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा सिविल स्टेशन रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकण (1) कु. वीणा इंगले, (2) कु. मील इंगले दोनों पिता एस इंगले, (3) श्रीमती सुरभि गनोद वाले पति सुनील गनोद वाले, निवासी–बैरनबाजार, रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 109, 110 के तहत् इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा सिविल स्टेशन स्थित ब्लॉक नंबर–17, प्लॉट नंबर–21/33, रकबा 1750 वर्गफुट भूमि आवेदकगण के अलावा उनकी बड़ी बहन उज्जवला इंगले के नाम दर्ज है। आवेदकगण की बड़ी बहन कु. उज्जवला इंगले की मृत्यु दिनांक 03.10.2024 को गया है, जो कि अविवाहित थी। उनके कोई विधिक वारिसान नहीं है। अतएव आवेदकगणों के द्वारा कु. उज्जवला इंगले की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर शेष आवेदकगण का नाम यथावत रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 06.06.2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक–07 से स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी रायपुर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर–2 तहसील रायपुर, जिला रायपुर
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जरवाय उर्फ हीरापुर प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. रायपुर–2 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि के संबंध में आवेदक सुनील कुमार अठवानी पिता तोपन दास अठवानी निवासी लाखे नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 253/10 रकबा 0.0110 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त न्यायालय नायब तहसीलदार 02 रायपुर के रा.प्र.क्र. क/अ–12/वर्ष 2024–2025 आदेश दिनांक 2025 के परिपालन में दिनांक 28.07.2025 को 2 पूर्वाहन/पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर हल्का पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा, अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जानें।
राजस्व निरीक्षक
रायपुर–2 हीरापुर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर–19 धनेली तहसील धरसींवा जिला रायपुर ( छ.ग. )
आम सूचना
दिनांक 09.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स तान्या वेर हाउसिंग प्रो. मयूर वोरा पिता/पति एस.के. वोरा निवासी गोंदवारा रायपुर की ग्राम गुमा प.ह.नं. 32 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर–19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 422/11, 422/12, 423/112 रकबा 0.0940, 0.1460, 0.5410 का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक वा/तह./2025 आदेश दिनांक 07.05.2025 के परिपालन में दिनांक 30.05.2025 को समय 11.30 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 32 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।
राजस्व निरीक्षक
रायपुर–19 ( धनेली )

न्यायालय तहसीलदार नजूल तिल्दा नेवरा जिला–रायपुर ( छ.ग. )
ईश्तहार
रा.प्र.क्रमांक/अ–20 (1)/ वर्ष 2024–2025
ग्राम–नेवरा, प.ह.नं. 18

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय कुमार पिता स्व. रामाधार अग्रवाल निवासी दुर्गा आटा चक्की के पास शांति विहार कॉलोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम नेवरा स्थित नजूल पट्टे से प्राप्त भूमि का खसरा नंबर 244/3–246/3, 250/5, 251/1 का भाग शीट नं. 07 प्लॉट नंबर 71/2–70/3 रकबा 5224 वर्गफुट भूमि है। उक्त नजूल भूमि के पट्टे की अवधि 31.03.2010 है। उक्त भूमि आवेदक पंजीकृत बैनामा के जरिये प्राप्त किया है। जिसकी सुनवाई न्यायालय तिल्दा में 06.06.2025 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति यदि हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या अपने विधिमान्य अभिकर्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार नजूल तिल्दा–नेवरा

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर–18 तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )
आम सूचना
जारी दिनांक 16.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेजबहार प.ह.नं. 82 रा.नि.मं.–18 तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित आवेदक सहज सिंह होरा पिता रंजीत सिंह होरा निवासी अवंति विहार तेलीबांधा रायपुर खसरा नंबर 389/62 रकबा 0.0392 हे. के द्वारा धारित उपरोक्त वर्णित भूमिस्वामी हक की भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 09.05.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हेतु हमारे द्वारा दिनांक 29.05.2025 को 4 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा अथवा आपत्ति हो तो मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।
राजस्व निरीक्षक
रायपुर–18

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर–18 तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )
आम सूचना
जारी दिनांक 16.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेजबहार प.ह.नं. 82 रा.नि.मं.–18 तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित आवेदक सतपाल कौर छाबड़ा पति श्री हरमिन्दर सिंह छाबड़ा निवासी सुंदर नगर रायपुर खसरा नंबर 389/61 रकबा 0.0334 हे. के द्वारा धारित उपरोक्त वर्णित भूमिस्वामी हक की भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 09.05.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हेतु हमारे द्वारा दिनांक 29.05.2025 को 4.15 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा अथवा आपत्ति हो तो मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।
राजस्व निरीक्षक
रायपुर–18

न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर 03 जिला–रायपुर ( छ.ग. )
सूचना पत्र/नोटिस
रा.प्र.क्र. 202505114000009/अ–6/वर्ष 2024–25
ग्राम धुसेरा, प.ह.नं. 14
प्रति,

सांई निवास द्वारा भागीदार 1. डॉ. गोपाल चावला पिता सोचोमल चावला निवासी कटोरा तालाब रायपुर छ.ग. 2. श्री प्रकाश तेजवानी पिता इन्दरलाल निवासी समता कॉलोनी रायपुर छ.ग.

इस सूचना पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक चुन्नीलाल बजाज पिता स्व. मग्गूमल बजाज निवासी गली नं0 3. फाफाडीह नाका, रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम धुसेरा प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. केन्द्री तहसील अभनपुर स्थित खसरा नं. 206 का भाग रकबा 1500 वर्गफुट भूमि आवेदक/ क्रेता द्वारा अनावेदकगण/विक्रेतागण सांई निवास, द्वारा भागीदार डॉ. गोपाल चावला पिता सोचोमल चावला, श्री प्रकाश तेजवानी पिता इन्दरलाल से पंजीकृत विक्रय विलेख पत्र दिनांक 30.03.2011 को क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया। आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया गया। तत्संबंध में इस न्यायालय में रा.प्र.क्र. 202505114000009/अ–6/2024–25 वर्ष विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में आप विक्रेतागण/अनावेदकगण है।

अत: सुनवाई दिनांक 04.06.2025 को आप स्वयं अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता अथवा अधिवक्ता के साथ न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 26.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार अभनपुर

PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME

I, Nilesh Kumar, S/o Tuka Ram Rugra and a resident of House no. 347, Kusha Bhau Thakre Ward No.26, Daldal Seeoni, Raipur Chhattisgarh, wish to inform the public of my Daughter's official name change to Shashti Rugra D/o Nilesh Kumar which I have done through a solemn affirmation. I hereby formally relinquish and abandon my Daughter's previous name Shashti Rugra D/o Nilesh Rugra, from this day forward, will be recognized by New correct name: Shashti Rugra D/o Nilesh Kumar. I kindly request that everyone henceforth address my Daughter by her name and recognize her as Shashti Rugra D/o Nilesh Kumar. My Daughter will now go by the name Shashti Rugra D/o Nilesh Kumar in all circumstances, including records, legal documents, personal interactions. and government and Non-governments records. This change is effective immediately and will be upheld on all occasions henceforth.

Raipur, Chhattisgarh.
Date:

Nilesh Kumar
S/o Tuka Ram Rugra
House no. 347, Kusha Bhau Thakre Ward No.26. Daldal Seeoni, Raipur Chhattisgarh.

PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME

I, Nilesh Kumar, S/o Tuka Ram Rugra and a resident of House no. 347. Kusha Bhau Thakre Ward No.26, Daldal Seeoni, Raipur Chhattisgarh. wish to inform the public of my Son's official name change to Vivan Rugra S/o Nilesh Kumar which I have done through a solemn affirmation. I hereby formally relinquish and abandon my Son's previous name Vivan Rugra S/o Nilesh Rugra and, from this day forward, will be recognized by New Name: Vivan Rugra S/o Nilesh Kumar. 1 kindly request that everyone henceforth address my son by his name and recognize him as Vivan Rugra S/o Nilesh Kumar. My son will now go by the name Vivan Rugra S/o Nilesh Kumar in all circumstances, including records, legal documents, personal interactions, and government and Non-governments records. This change is effective immediately and will be upheld on all occasions henceforth.

Raipur, Chhattisgarh.
Date:

Nilesh Kumar
S/o Tuka Ram Rugra
House no. 347, Kusha Bhau Thakre Ward No.26. Daldal Seeoni, Raipur Chhattisgarh.

PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME

I. Karan Netam, S/o Santosh Netam and a resident of 4/464 Near Jagriti Chowk, Bharapara, Fafadih, Ganj, Raipur Chhattisgarh. wish to inform the public of my Son's official name change to Yash Netam S/o Karan Netam and Sita Netam which I have done through a solemn affirmation. I hereby formally relinquish and abandon my Son's previous name Yash Netam S/o Karan Thakur urf Karan Netam and Sita Dhruw urf Sita Netam and, from this day forward, will be recognized by New correct Name: Yash Netam S/o Karan Netam and Sita Netam. I kindly request that everyone henceforth address my son by his name and recognize him as Yash Netam S/o Karan Netam and Sita Netam. My son will now go by the name Yash Netam S/o Karan Netam and Sita Netam in all circumstances, including records, legal documents, personal interactions, and government and Non-governments records. This change is effective immediately and will be upheld on all occasions henceforth.

Raipur, Chhattisgarh.
Date:

Karan Netam
S/o Santosh Netam
4/464 Near Jagriti Chowk,
Bharapara, Fafadih, Ganj,
Raipur Chhattisgarh.

न्यायालय तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी–राजस्व
ईश्तहार
संदर्भ:– जिला–रायपुर तहसील–रायपुर प.ह.नं. 00081 बोरियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी–202425440 726400163

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00081 के अंतर्गत ग्राम बोरियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी लीव इन होम्स बिल्डर्स प्रा.लि. डाय. हरीश पिता/पति एम.एम. पुरोहित पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15005/1 0.0116 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती हेमा वालगुंजे पिता/पति संजय वालगुंजे पता दावडा कॉलोनी रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार 8 ए रायपुर
मामले की श्रेणी–राजस्व
ईश्तहार
संदर्भ:– जिला–रायपुर तहसील–रायपुर प.ह.नं. 00070 टिकरापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी–2024254407 25600312

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी प्रियदर्शनी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. रायपुर पिता/पति श्यामसुंदर श्रीवास्तव पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 348/14 0.0167 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पूजा पींचा पिता/पति धीरज पींचा पता प्रियदर्शनी नगर टिकरापारा रायपुर, शैलेन्द्र पींचा पिता/पति जीतमल जी पींचा पता प्रियदर्शनी नगर टिकरापारा रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार 8 ए रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर–धरसींवा तहसील व जिला धरसींवा
सीमांकन के संबंध में आम सूचना
जारी दिनांक 23.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मेसर्स सिंघानिया एग्री ए.प्रा. द्वारा पार्टनर राजकमल सिंघानिया पिता जीवन लाल सिंघानिया निवासी शंकर नगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम सिलतरा प.ह.नं. 20 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर–15 धरसींवा स्थित भूमि खसरा नंबर 536/3 प, 536/3च, 533/25, 534/6, 536/3 झ, रकबा 0.869 हे., 0.809 हे., 0.041, 0.053 हे., 0.283 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के रा.प्र.क्र.क्यू/अ–12/वर्ष 2024–2025 रायपुर के आदेश दिनांक 04.04.2025 के परिपालन में दिनांक 06.06.2025 को समय 11.30 बजे पश्चात किया जाना है।

अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त रिदनांक समय तक पटवारी हल्का नंबर 20 के पटवारी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।
राजस्व निरीक्षक
रायपुर–धरसींवा

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा
क्रमांक 5843/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर दिनांक 26/05/25

प्राधिकरण की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना हीरापुर के अन्तर्गत श्री श्रवण सिंह ठाकुर पिता श्री व्यास नारायण ठाकुर को फ्लैट क्रमांक आई–101 भूतल रकबा 290 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती श्री श्रवण सिंह ठाकुर पिता श्री व्यास नारायण ठाकुर के मु. आम श्री अशोक कुमार कश्यप पिता श्री टीकाराम कश्यप द्वारा उक्त फ्लैट को फ्री–होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त फ्लैट को फ्री–होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री–होल्ड की कार्यवाही संपादित कर दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 26.05.25 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा
क्रमांक 5844/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर दिनांक 26/05/25

प्राधिकरण की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना हीरापुर के अन्तर्गत श्रीमती अनिता पाण्डेय पति श्री सुन्द्रेश कुमार पाण्डेय को फ्लैट क्रमांक एस–306 द्वितीय तल रकबा 290 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। उक्त फ्लैट को फ्री–होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त फ्लैट को फ्री–होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री–होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 26.5.25 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

# लोगों की समस्या सुनने व निराकरण करने का माध्यम है समाधान शिविर : राजस्व मंत्री वर्मा

**राजिम**, 26 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गांव एवं शहरी क्षेत्रों में सुशासन तिहार का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में आज फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बिजली में आयोजित समाधान शिविर में प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने स्थानीय विधायक श्री रोहित साहू के अनुरोध पर बाबा कुटिर धाम के लिए 30 लाख रूपये, मुक्तिधाम मार्ग के लिए 10 लाख रूपये, जिम निर्माण के लिए 5 लाख रूपये एवं तीन ब्लॉक में कबड्डी खिलाड़ियों के लिए मेट देने की घोषणा की। समाधान शिविर में मंत्री श्री वर्मा ने ग्रामीण सेवा सहकारी समिति बोरसी बिजली एवं महिला स्व सहायता समूह भवन ग्राम पंचायत बिजली का लोकार्पण किया।




**बिजली के समाधान शिविर में राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने विभिन्न निर्माण कार्य के लिए 45 लाख रूपये तथा तीन ब्लॉक के लिए कबड्डी मेट देने की घोषणा की**

इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 हितग्राही को श्रवण यंत्र, 1 हितग्राही को व्हीलचेयर प्रदाय किया गया। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 3 महिलाओं की गोद भराई एवं 3 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 हितग्राही को मच्छरदानी एवं 6 हितग्राही को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। मत्स्य विभाग द्वारा 4 हितग्राही को मछली जाल और 1 आईसबाक्स, कृषि विभाग द्वारा 5 किसानों को धान बीज एवं दो किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरण किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत के लिए प्रमाण पत्र एवं मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। शिविर में 15 ग्राम पंचायतों के लोग शामिल हुए। कुल प्राप्त आवेदनों में 8821 मांग एवं 36 शिकायत से सम्बधित थे, जिनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण किया गया।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार में आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री सहित मंत्री, अधिकारी गांव में पहुंचकर लोगों की समस्या सुन रहे है और समाधान भी कर रहे हैं। शिविर में अधिकारी प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर जानकारी दे रहे हैं। इसके साथ ही पात्रता अनुसार हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा पदभार ग्रहण करने बाद सौ दिन के भीतर जितने भी बडी घोषणाए की गई थी। उसे पूरा किया गया। उन्हेंने कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं के सम्मान के लिए काम कर रही है। जिससे देश में महिलाओं का एक अलग सम्मान है। और प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर हुई है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में अनेक विकास कार्य कर रही है। इससे लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत हमारी सरकार ने सभी वायदे पूरे किये है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है, महतारी वंदन योजना से नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के सुशासन के डेढ़ साल पूरे हो रहे हैं। सुशासन तिहार के तहत गांव गांव में ग्रामीणों की समस्याओं के निदान के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल से शासन गांव-गांव में पहुंच रही है और ग्रामीणों की समस्याओं से सीधे संवाद किया जा रहा हैं। कई मांगों का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है वहीं कुछ मांगों का निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही की जाएगी। उन्होंनें राजस्व मंत्री श्री वर्मा को बाबा कुटिर धाम, मुक्तिधाम मार्ग, जिम निर्माण, तीन ब्लॉक में कबड्डी मेट देने का अनुरोध किया।

इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम का अध्यक्ष श्री चन्दूलाल साहू, पूर्व विधायक श्री संतोष उपाध्याय ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत श्री गौरीशंकर कश्यप, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी साहू, ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती पदमा निषाद, कलेक्टर श्री बी.एस. उइके, जिला पंचायत सीईओ श्री जी.आर. मरकाम, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, मीडियाकर्मी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# बलौदाबाजार भाटापारा मुख्य मार्ग हादसों का बना हुआ हैं सड़क

**रवान अम्बुजा/ बलौदाबाजार,** 26 मई (देशबन्धु)। बलौदा बाजार भाटापारा मुख्य मार्ग में इन दोनों हादसों का सड़क बना हुआ है। आए दिन इस मार्ग में छोटी बड़ी दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। यह सड़क राहगीरों एवं मुसाफिरों के लिए परेशानियों का सबब बना हुआ है। स्थानीय लोग हमेशा इस सड़क के कारण दहशत में रहते हैं कि कब कहीं कोई अप्रिय घटना न घट जाए। इसी बीच सोमवार शाम लगभग 6.30 से 7.30 के बीच में बलौदा बाजार भाटापारा मुख्य मार्ग में दो दुर्घटनाएं हुई। पहली घटना खैरताल अमरईया अंधे मोड़ के पास दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत हो गई जिसमें भद्रापाली के राकेश मानिकपुरी 25 वर्ष व रावत निषाद 45 वर्ष ग्राम मिर्गी निवासी के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों वाहन चालकों को गंभीर छोटे आना बताया जा रहा है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि ग्राम भद्रापाली निवासी राकेश मानिकपुरी अर्जुनी से आ रहा था वही रावत निषाद सोनाडीह सीमेंट प्लांट से काम खत्म कर घर आ रहा था इसी बीच खैरताल मोड़ के पास में दोनों के बीच में भिड़ंत हो गई। जिसे आसपास के लोगों के द्वारा एम्बुलेंस के द्वारा जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों वाहनों की रफ्तार सामान्य थी परंतु भारी वाहनों के आवाजाही के कारण सड़क के दबे होने से वहन अनियंत्रित होकर आपस में भिड़ गई। वही दूसरी घटना रवान के एक ओमकार पेट्रोल पंप के मोड़ पास तेज रफ्तार दो वाहनों में भिड़ंत हो गई । बताया जा रहा है कि ग्राम मल्दी निवासी नीरज वर्मा अर्जुनी से बलौदाबाजार जा रहा था वही करण प्रताप 30 वर्ष युपी गाजीपुर निवासी व यशवंत देवांगन 31 वर्ष ग्राम रवान दोनो रवान से अर्जुनी जा रहें थे। इसी बीच पेट्रोल पंप के पास दोनों वाहनों में भिड़ंत हो गई जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया बताया जा रहा है कि नीरज वर्मा इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे जिला चिकित्सालय के द्वारा रायपुर रेफर किया गया है। नीरज वर्मा की हालत गंभीर बताई जा रही है। वही करण प्रताप को भी गंभीर छोटे आना बताया जा रहा है जिसे रायपुर रेफर किया गया है। करण प्रताप युपी गाजीपुर स्थानीय सीमेंट संयंत्र के थर्मो इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन में काम करता है। ग्रामीणों ने बताया की पेट्रोल पंप के पास निर्माण काम चल रहा है जिसके चलते हैं सड़क के दोनों ओर रेती गिट्टी का ढेर लगा हुआ है।



**दो अलग अलग मोटरसायकल दुर्घटना में चार लोग हुए घायल**

साथ ही खतरनाक मोड़ जिससे दोनों वाहनों में जबरदस्त भिड़ंत हुई है। गौरतलब है कि बलौदा बाजार भाटापारा मुख्य मार्ग में दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है यह मार्ग जिला मुख्यालय पहुंचने का मुख्य मार्ग होने के साथ-साथ जिले में स्थापित सीमेंट संयंत्र पहुंचने का भी मुख्य मार्ग है । जिसके चलते इस मार्ग में भारी वाहनों का काफी दबाव रहता है इस मार्ग में रोजाना सैकड़ो माल वाहक वाहनों का आना-जाना लगा रहता है जिसके चलते दुर्घटनाएं बढ़ने लगी है। इसके अलावा भारी वहनों के आवागमन से सड़क अंदर धंस गई है जिसके चलते इसमें चलने वाले वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इस मार्ग में कई जगहों पर भारी वहनों के पहिए के निशान उभर आए हैं। जो राहगिरो को दुर्घटना के लिए निमंत्रण दे रहे हैं। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में 578 सड़क हादसों में 283 मौतें और 421घायल हुए। वर्ष 2023 में 541 दुर्घटनाएं 287 मौत और 449 घायल हुए। वर्ष 2024 में 629 हादसों में 281 मौत और 463 लोग घायल हुए। इस तरह इस साल 2025 में पहले साढ़े 4 महीनों में ही 281 दुर्घटनाएं हो चुकी है इनमें 136 लोगों की मौत हुई है।

# छत्तीसगढ़ पेंशनर्स अपनी समस्याओं को लेकर दिल्ली तक लगाई दौड़

**राजिम** 26 मई देशबंधु। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती के मुख्य आतिथ्य में 24 मई शनिवार को पेंशनर्स भवन रायपुर में आयोजित बैठक में आपरेशन सिंदूर के वीर शहीदों को नम आँखों से श्रधांजलि देने के बाद छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, पेंशनर्स फोरम की प्रांतीय बैठक 25 मई रविवार को होने वाली बैठक के संबंध में चर्चा किया गया , अध्यक्ष चेतन भारती को बैठक में जाने के लिए अधिकृत किया गया।



प्रांतीय बैठक रविवार को यह निर्णय लिया गया 1- पेंशनरों की मांग कि मंहगाई राहत धारा 49(6) के तहत मध्यप्रदेश से सहमति लेने की बाध्यता समाप्त हो, 2- मंहगाई राहत के साथ एरियर्स भुगतान केन्द्र के समान किया जावे, 3- प्रदेश में लंबित पेंशन प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जावे, 4- सेवानिवृत्त तिथि को समस्त स्वत्व का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जावे, 5- पेंशनरों को उपचार के लिए कैशलेस सुविधा दी जावे, उपरोक्त सभी मांगो पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया,

पेंशनर्स फोरम के संयोजक श्री बी पी शर्मा, प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, पेंशन फोरम के आर के रिछारिया, चेतन भारती, यशवंत देवान, आर के ठाकुर, कौशल वर्मा, उमेंश मुदलियार सहित प्रांतीय व जिला संयोजक मौजूद रहे।

उक्त निर्णय के समर्थन में छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा राजिम के अध्यक्ष बैसाखूराम साहू उपाध्यक्ष होरी लाल साहू, सचिव ब्यास नारायण चतुर्वेदी सह सचिव योगेश्वर पुरी गोस्वामी एवं समस्त पदाधिकारियों के साथ समस्त पेंशनर्स साथियों ने एक स्वर में समर्थन किया है।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले फरार आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार,** 26 मई (देशबन्धु)। नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा सांई ट्रस्ट में जी.पी. कोऑर्डिनेटर की पोस्ट पर नौकरी लगाने के नाम पर ठगी किया गया। आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर नौकरी लगाने के नाम पर 3,50,000 रकम लेकर ठगी की गई।

प्रार्थिया द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी पदमन साहू एवं अन्य द्वारा प्रार्थिया को सांई ट्रस्ट में भर्ती चलने एवं उसमें जी.पी कोऑर्डिनेटर के पद पर नौकरी लगाने का प्रार्थिया को झांसा दिया गया, जिस पर प्रार्थिया द्वारा फोन-पे एवं नगदी सहित कुल 3,50,000 आरोपियों को दिया गया। साथ ही आरोपियों द्वारा प्रार्थिया को झांसे में लेते हुए उसे जॉइनिंग लेटर भी दिया गया, किंतु प्रार्थना की नौकरी नहीं लगी। उक्त रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 689/2023 धारा 420,34 भादवि का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। रिपोर्ट दर्ज होते ही प्रकरण में संलिप्त आरोपी फरार हो गए थे, जिसकी थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा था। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी पदमन कुमार साहू उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम रायकोना थाना सरसीवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर प्रार्थिया को नौकरी लगाने के नाम पर उसे 3,50,000 रकम लेकर की ठगी करना स्वीकार किया गया। उक्त प्रकरण में आरोपी को 26 मई 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है प्रकरण विवेचना में है।



## बीज विकास निगम अध्यक्ष का दौरा कार्यक्रम

**महासमुंद** 26 मई (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर 27 मई को जिले के बसना एवं सरायपाली प्रवास पर रहेंगे। जारी प्रोटोकॉल के अनुसार श्री चंद्राकर सुबह 9 बजे निज निवास महासमुंद से सरायपाली के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां वे बीज प्रक्रिया केंद्र सरायपाली में आयोजित कृषक संगोष्ठी में शामिल होकर बीज उत्पादक किसानों से चर्चा कर प्रक्रिया केंद्र का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे।

# आवासीय खेल अकादमी रायपुर के लिए 5 खिलाड़ियों का चयन

**महासमुंद** 26 मई (देशबंधु)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छग रायपुर द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी रायपुर के लिए चयन ट्रायल आयोजित किया गया था जिसमें तीरंदाजी एवं हॉकी खेल में जिले के खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में शामिल होकर बैटरी टेस्ट व स्किल टेस्ट दिया था। जिसमें तीरंदाजी खेल में बिहाझर बागबाहरा से कुशो राम साहू पिता माना राम साहू, तुमगांव से राहुल धीवर पिता नारद कुमार, भोरिंग से देविका साहू पिता टीकम साहू, दिलेश्वरी साहू पिता चंद्रहास साहू, हॉकी खेल में बेमचा से डोलेश निषाद पिता जवाहर लाल का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों को शासन द्वारा नि:शुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल सामग्री, प्रशिक्षण, भोजन, आवास, खेल किट उपलब्ध कराया जाएगा। खेल अकादमी रायपुर के लिए जिले के खिलाड़ियों का चयन होने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, प्राचार्य एकलव्य महेंद्र टंडन, व्यायाम शिक्षक डॉ सेवन दास मानिकपुरी, डॉ सुनील कुमार भोई, छात्रावास अधीक्षक बॉल आश्रम बिहाझर, डॉ पुर्नेंद्र चंद्राकर, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, एवन कुमार साहू सचिव एवं तीरंदाजी प्रशिक्षक, सोमनाथ साहू, पिरित राम साहू, संजय पैकरा, जया साहू, नवलीन कौर, नीलम साहू आदि ने शुभकामनाएं दीं।



न्यायालय- ( श्रीमती कामिनी जायसवाल ) तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग, ( छ.ग. )
मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स
( सिविल प्रोसीजर कोड, ऑर्डर 5 रूल्स 1 और 5 )

दीवानी मुकदमा नं.-71/2024
प्रो. क्र.- 187/2025
पेशी तारीख- 17.07.2025
आवेदक- नीलेश कुमार साहू
अनावेदक- (1) श्रीमान प्रबंधक महोदय (2) आम जनता
बनाम- आम जनता

क्योकि मुद्दई मजकूर ने आपके खिलाफ धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम का मुकदमा दायर किया है, आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 17 माह 07 सन् 2025 ई. को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे किसी वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक- ठाक तौर से समझा दी हो और जो कि मुकदमें के बारे में कुल जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या) जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सकें ) मुकदमें का जवाब देने के लिए जाहिर हो जावो और आपकी हाजरी के लिए मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखिरी फैसले के वास्ते रखा जाने की वजह से आपको उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा कि जिन पर आप अपने बचाव की पुष्टि के लिए भरोसा रखना चाहते हो। आपको ताकीद की जाती है कि यदि तारीख मजकूर पर हाजरि न होवोगे तो आपके गैर हाज़िरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जाएगा।

आज तारीख 06.05.2025 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

( श्रीमती कामिनी जायसवाल )
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश,
( मुहर ) वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग ( छ.ग. )

एमपीकॉन लिमिटेड
MPCON LIMITED
भारत सरकार का उपक्रम
Ground Floor, Rajiv Gandhi Bhawan-2, 35, Shyamla Hills, Bhopal-462002
INVITING APPLICATIONS FOR EMPANELMENT
MPCON Limited, invites applications from Training Providers for empanelment. Detailed Terms/ Conditions & Application form available at www.mpconsultancy.org Application should be received within 15 days from the advertisement.

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC0158200 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (SUB-STATION)**
Quarter No. OA-01, Old CSEB Colony, Tifra, Bilaspur (C.G.) 495223
Website- www.cspc.co.in e-mail:- cessonm.bilaspur@cspc.co.in Ph. No. 07752-493537 Fax No. 07752-493537

No. 02-17/Pur/T-499/368 Bilaspur, Date: 19.05.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited from eligible experienced bidder on labour contract basis for the following works:-

| SN | Tender No. | Particulars | E.M.D |
|---|---|---|---|
| 01. | 02-17/T-499/ 368 dtd. 19.05.2025 (RFx No. 8100043297) | Job Work For Detailed Health Earth Assessment Audit/ Analysis On earthing system of 132 KV and 33 KV bays based on latest relevant standard and detail recommendation with optimal implementable solution at 132 KV S/s Silpahri under EE (S/s) Dn. CSPTCL, Bilaspur. | 6,100.00 |
| Cost of Tender Form (Non-refundable) including GST@18%. | | | 2,000.00 |
| Last Date & Time of Sale of Tender: - | | 09/06/2025 | 17:00 Hrs |
| Last Date & Time of Submission of Tender:- | | 10/06/2025 | 15:00 Hrs |
| Date & Time of Opening of Tender :- | | 10/06/2025 | 15:30 Hrs |

**Terms & conditions:-** (i) In case any of the above date is declared as holiday, then the particular date will automatically get shifted to next working day.(ii) Any notice for extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company.(iii) The tender will be processed through e-bidding module of SAP-SRM. Bidders are advised to visit our web site www.cspc.co.in/csptcl for viewing detailed instructions regarding submission of offer through SAP-SRM

SAVE ELECTRICITY

Executive Director (S/s)
CSPTCL Bilaspur

## आम-सूचना

मेरे पक्षकार "प्रथम मणीयार पिता श्री सुधीर मणीयार, उम्र 22 वर्ष, पता म.नं. 145/4, वार्ड नं. 09, मरारपारा बालोद, तहसील/जिला बालोद (छ.ग.)" के आधार कार्ड में उसके पिता का नाम "सुधीर मणीयार (Sudhir Maniyar)" तथा शैक्षणिक दस्तावेज (दसवीं) के अंकसूची में उसके पिता का नाम सुधीर कुमार मणीयार (Sudhir Kumar Maniyar) अंकित है। इस प्रकार सुधीर मणीयार (Sudhir Maniyar) एवं सुधीर कुमार मणीयार (Sudhir Kumar Maniyar) दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पक्षकार के पिता के ही नाम हैं। अत: इस आम-सूचना के द्वारा आम जनता/सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार का सही व वास्तविक नाम प्रथम मणीयार पिता श्री सुधीर मणीयार है तथा सुधीर मणीयार (Sudhir Maniyar) एवं सुधीर कुमार मणीयार (Sudhir Kumar Maniyar) दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पक्षकार के पिता के ही नाम हैं तथा मेरे पक्षकार के पिता के उक्त दोनों नामों का संबधित केन्द्र/राज्य सरकार के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय अभिलेखों में संबोधित, संव्यवहारित एवं अभिलिखित किया जाये ।

स्थान- बालोद (छ.ग.)
दिनांक -26/05/2025

( दानमल जैन )
अधिवक्ता
जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद ( छ.ग. )

**कार्यालय संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग ( छ.ग. )**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री केजू राम कुर्रे आ. स्व. कवल सिंह कुर्रे, निवासी- एम.आई.जी.-1/2875, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एम.आई.जी. 1/2875, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस वारिसानों श्री नोहर सिंह कुर्रे आ. स्व. केजू राम कुर्रे ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एम.आई.जी. 1/2875, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को श्री नोहर सिंह कुर्रे के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. केजू राम कुर्रे के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अत: श्री नोहर सिंह कुर्रे के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 26.05.2025 को जारी किया गया।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-दुर्ग ( छ.ग. )**

### शपथ-पत्र

मैं विदेश्वरी पिता सेवक राम उम्र 18 वर्ष जाति राउत निवासी ग्राम हल्दा तह. विश्रामपुरी जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) की निवासी हूं, शपथ पूर्वक निम्न सत्य कथन करती हूं।
1. यह कि मैं ग्राम हल्दा तह. विश्रामपुरी जिला कोण्डागांव छ.ग. की निवासी हूं।
2. यह कि मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड क्र. 8562 8924 6289 जारी किया गया है जिसमें मेरा नाम बिदेश्वरी यादव एवं जन्म तिथि 28.05.2007 अंकित किया गया है जो कि गलत है।
3. यह कि मेरा सही नाम विदेश्वरी पिता सेवक राम एवं जन्म
जन्म तिथि 28.02. 2007 है जो मेरे शैक्षणिक दस्तावेज एवं जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है वह सही है।
4. यह कि उक्त आधार कार्ड में गलत नाम बिदेश्वरी यादव पिता सेवक राम यादव एवं जन्म तिथि 28.05.2007 को सुधार कर सही नाम विदेश्वरी पिता सेवक राम एवं जन्म तिथि 08.02.2007 अंकित कराना चाहती हूं।
5. यह कि यह शपथ पत्र मेरा सही नाम विदेश्वरी पिता सेवक राम एवं जन्म तिथि 08.02.2007 होने के समर्थन में प्रस्तुत कर रही हूं।

**शपथकर्ती**

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, HAZI KHAN S/O ABDUL SATTAR resident of H NO 13/128 SANJAY NAGAR NAGAR PALIKA KANKER (C.G.) have changed my old name HAZI KHAN S/O ABDUL SATTAR so in future I should be recognized by my new name that is MD HAJI RAZA KHAN S/O ABDUL SATTAR in all Government and other documents.

**MD HAJI RAZA KHAN**
13/128 SANJAY NAGAR
NAGAR PALIKA KANKER
(C.G.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SANJAY SINGH BAIS S/O JAIPAL SINGH BAIS resident of H.NO. 336/3, WARD-14, TALAB PARA, VILLAGE- KUSUMKASA, POST KUSUMKASA DIST- BALOD (C.G.) PIN 491228 have changed my old name SANJAY SINGH BAIS S/O JAIPAL SINGH BAIS so in future I should be recognized by my new name that is SANJAY BAIS S/O JAIPAL SINGH BAIS in all Government and other documents.

**SANJAY BAIS**
H.NO. 336/3, WARD-14, TALAB PARA, VILLAGE- KUSUMKASA, POST KUSUMKASA DIST- BALOD (C.G.) PIN 491228

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, BALJIT SINGH DHAMI S/O GYAN SINGH DHAMI resident of H.NO.-417, STREET -1B, SMRITI NAGAR, JUNWANI ROAD, BHILAI, DISTT.-DURG (C.G.) 490020 have changed my old name BALJIT SINGH DHAMI S/O GYAN SINGH DHAMI so in future I should be recognized by my new name that is BALJEET SINGH DHAMI S/O GYAN SINGH DHAMI in all Government and other documents.

**BALJEET SINGH DHAMI**
H.NO.-417, STREET -1B, SMRITI NAGAR, JUNWANI ROAD, BHILAI, DISTT.-DURG (C.G.) 490020

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SUJEET KUMAR AGRAWAL S/O UMENDLAL AGRAWAL resident of HOUSE NUMBER A08 KANCHANBAGH SUNCITY RAJNANDGAON (C.G.) have changed my old name SUJEET KUMAR AGRAWAL S/O UMENDLAL AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is SUJEET KUMAR UMENDLAL AGRAWAL S/O UMENDLAL AGRAWAL in all Government and other documents.

**SUJEET KUMAR UMENDLAL AGRAWAL**
HOUSE NUMBER A08
KANCHANBAGH SUNCITY
RAJNANDGAON (C.G.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SHANTANU GHOSH S/O SUSTHIR KUMAR GHOSH resident of H NO-44/8, STREET NO-06, NEHRU NAGAR (EAST), MOTILAL NEHRU NAGAR, BHILAI, DURG, (C.G.) PIN-490020 have changed my old name SHANTANU GHOSH S/O SUSTHIR KUMAR GHOSH so in future I should be recognized by my new name that is SANTANU GHOSH S/O SUSTHIR KUMAR GHOSH in all Government and other documents.

**SANTANU GHOSH**
H NO-44/8,STREET NO-06,
NEHRU NAGAR (EAST),
MOTILAL NEHRU NAGAR,
BHILAI, DURG, (C.G.)
PIN-490020

# बीजापुर के पामेड़ में खुली ग्रामीण बैंक की शाखा

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया वर्चुअल शुभारंभ

■ माओवाद से मुक्ति की जमीन पर रखी जा रही है विकास की मजबूत नींव



**बीजापुर,** 26 मई (देशबन्धु)। जिस पामेड़ को कभी माओवादियों की बटालियन नंबर-1 का गढ़ माना जाता था, आज वहां बैंक खुल रहे हैं, कन्या आश्रम बन रहे हैं और लोग खुले मन से सुशासन शिविरों में भाग ले रहे हैं। यह बदला हुआ बस्तर है — आत्मविश्वास, विकास और लोकतंत्र का प्रतीक। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बीजापुर जिले के सुदूरवर्ती और पूर्व में माओवादी प्रभाव से ग्रस्त रहे पामेड़ क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की शाखा का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने इसे विकास और विश्वास की नई सुबह बताते हुए कहा कि अब ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं के लिए 100 किलोमीटर दूर आवापल्ली नहीं जाना पड़ेगा। यह पहल सरकार के सुशासन और समावेशी विकास के विजन को दर्शाती है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बैंक शाखा से पामेड़ और आसपास के 50 गांवों को सीधे लाभ मिलेगा, जहां अब खाता खोलने, पैसा निकालने और महतारी वंदन योजना जैसी योजनाओं की राशि लेने में सुविधा होगी। उन्होंने विशेष रूप से माताओं-बहनों को आश्वस्त किया कि अब उन्हें योजना की राशि के लिए लंबी यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पामेड़ में 50-सीटर आदिवासी कन्या आश्रम का भी लोकार्पण किया, जिसकी लागत 1.62 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि कन्या आश्रम के माध्यम से आने वाले समय में बस्तर की बेटियां शिक्षा और विकास की मुख्यधारा से जुड़कर बस्तर को नया नेतृत्व प्रदान करते हुए क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाईयां प्रदान करेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पामेड़ में अब पोषण पुनर्वास केंद्र (ह्रत्रष्ट) की स्थापना की जा रही है, ताकि आसपास के कुपोषित बच्चों को इलाज के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे बच्चों को समय पर पोषण पुनर्वास केंद्र में लाएं और स्वास्थ्य लाभ लें।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि तालपेरू नदी पर धर्मावरम ब्रिज का निर्माण तेजी से चल रहा है, जिससे अब तेलंगाना के चेरला होकर 200 किलोमीटर लंबा सफर तय करके बीजापुर जाने की बाध्यता समाप्त हो जाएगी। यह पुल न केवल पामेड़ को जोड़ने वाला होगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास का मुख्य द्वार भी बनेगा।

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि आवागमन की सुविधा बढ़ाते हुए सरकार ने पामेड़ से बीजापुर के बीच सीधी बस सेवा शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अब सुबह जाकर शाम को लौटना संभव हो गया है। लोगों की दिनचर्या सरल हुई है और व्यापार-सेवा गतिविधियां तेज़ी से बढ़ी हैं।

इस मौके पर च्सुशासन तिहारज् के तहत समाधान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान छत्तीसगढ़ में लोगों को उनके द्वार पर प्रशासन देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

समाधान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस मौके पर महेश गागड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सरपंचों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने प्रशिक्षण का आयोजन

**कोरबा,** 26 मई (देशबन्धु)। भारत सरकार, नीति आयोग नई दिल्ली द्वारा आकांक्षी जिला/ब्लॉक कार्यक्रम के तहत् नैस्कॉम फाउण्डेशन द्वारा जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों को डिजिटली साक्षरता कार्यक्रम के तहत् डिजिटल रूप से सशक्त बनाने व उनके दैनिक कार्य को सरल बनाने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जनपद पंचायत कोरवा के सभाकक्ष में किया गया। यह पहल प्रधानमंत्री डिजिटल साक्षरता अभियान के अंतर्गत आती है. जिसका उद्देश्य ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना है।



इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों के सरपंचों को डिजिटल उपकरणों और ई-गवर्नेंस सेवाओं के उपयोग में सक्षम बनाना है, ताकि वे अपने दैनिक कार्यों को अधिक प्रभावी और पारदर्शी तरीके से कर सकें। नैस्कॉम फाउंडेशन की पहल, च्डिजी-साक्षरज् विशेष रूप से वंचित समुदायों को डिजिटल कौशल प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है। इस कार्यक्रम के तहत, सरपंचों को कंप्यूटर कौशल, साइबर सुरक्षा और इंटरनेट के प्रभावी उपयोग जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती कौशाम्बी गबेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरवा, और श्रीमती महेश्वरी साव, विकास विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा द्वारा किया गया। संस्था की तरफ से लोकेश तिवारी प्रोजेक्ट फिल्ड ऑफिसर तथा प्रोग्राम के मास्टर ट्रेनर श्रीमती अनुसुईया ने डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिया। इसमें 65 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भाग लिया, जो स्थानीय शासन और प्रशासन में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

श्रीमती गवेल के द्वारा आज के युग में डिजिटल साक्षरता के महत्व एवं आवश्यकता को बताया गया। वही लोकेश जी ने डिजिटल प्लेटफार्म के सुरक्षित उपयोग पर जोर देते हुए, प्रशिक्षण के माध्यम से कई उपयोगी टिप्स साझा किये। नैस्कॉम फाउंडेशन ने वर्ष 2022 में च्आकांक्षी जिला कार्यक्रमज् की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य 55 आकांक्षी जिलों में डिजिटल साक्षरता, ई-गवर्नेंस और कौशल विकास के माध्यम से अधिक लोगों को सशक्त बनाना है। इस पहल के तहत, डिजिटल संसाधन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो समुदायों को आवश्यक डिजिटल उपकरणों और सेवाओं तक पहुंच प्रदान करते हैं।

## चैंबर कार्यकारिणी का विस्तार

# ललित, राजेश, विनय विक्रम सहित 7 कार्यकारी अध्यक्ष

■ चेयरमैन, वाइस चेयरमेन, प्रमुख सलाहकार घोषित
■ अन्य पदाधिकारियो की जल्द होगी घोषणा



**रायपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने आज अपनी कार्यकारणी का विस्तार किया है।प्रदेश के प्रमुख व्यापारियों एवं उद्योगपतियों को चैंबर में संरक्षक, चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, कार्यकारी अध्यक्ष, प्रमुख सलाहकार के पद पर मनोनीत किया गया है।

संरक्षक =श्रीचंद सुंदरानी, पूरनलाल अग्रवाल, खूबचंद पारख, सरदार बलदेव सिंग भाटिया, शिवराज भंसाली, यूएन अग्रवाल, मगन भाई पटेल, चतुर्भुज अग्रवाल को बनाए गए हैं। चेयरमेन गोपाल कृष्ण अग्रवाल, वाइस चेयरमेन चेतन तारवानी बनाए गए हैं।

कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, ललित जैसिंग, विनय बजाज, विक्रम सिंहदेव, कमल सोनी, जसप्रीत सलूजा को दी गई है।

प्रमुख सलाहकार त्रिलोकचंद बरड़ीया, सरल मोदी, लाभचंद बाफना, छगन मुंदड़ा, संजय रुंगटा, अरविंद जैन, राजेन्द्र शर्मा, लखमशी पटेल, किशोर आहुजा, सुशील अग्रवाल, मोहनलाल तेजवानी, अशोक मलानी, अमर गिदवानी, जयंती भाई पटेल, चंदर विधानी, विजय मुकीम, गुरजीत सिंह संधु, विनोद तलरेजा, दीपक रहेजा को बनाए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, शीघ्र ही अन्य पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले पर राष्ट्रीय जंगल एवं प्रकृति बचाओ अभियान का वेबिनार

■ लगभग 22 राज्यों की टीम ने हैदराबाद गछीबावली जंगलों की कटाई रोकने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान कर आभार जताया




**बागबाहरा,** 26 मई (देशबन्धु)। हैदराबाद गछीबावली के 100 एकड़ जंगल को पहले जैसी स्थिति में नहीं लाते हो तो संबंधित अधिकारियों को जेल की हवा खानी पड़ सकती है ।मुख्य सचिव एवं अधिकारी मुश्किल में पड़ सकते हैं । तेलंगाना सरकार को लगाई फटकार । शासन की बिना स्वीकृति के काट दिए जंगल । पर्यावरण संरक्षण के हित में ये है देश की सुप्रीम कोर्ट का सुप्रीम फैसला। जिसे सुनकर पर्यावरण प्रेमियों , छात्रों एवं नागरिकों में है उत्साह का माहौल।

गौरतलब है कि तेलंगाना में हैदराबाद के पास आई टी पार्क एवं अन्य बुनियादी ढांचों के लिए 400 एकड़ गछीबावली के जंगलों को काटा जाना प्रस्तावित था। कटाई के लिए बड़ी बड़ी मशीनों का आना जाना तथा जंगल में नई हलचल एवं वृक्षों का कटना शुरू हुआ । छात्रों ने लिया संज्ञान शसक्त विरोध जताया। स्थानीय नागरिकों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने भी मोर्चा संभाला। पूरे देश में वन , वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जानी जाने वाली संस्था राष्ट्रीय जंगल एवं प्रकृति बचाओ अभियान ने लिया संज्ञान। अध्यक्ष अनुराग विश्नोई के नेतृत्व में वेबिनोर आयोजित किया। जिसमे उत्तराखंड ,मध्यप्रदेश ,छत्तीसगढ़ ,ओडिशा ,राजस्थान बिहार ,उत्तर प्रदेश ,पंजाब , हरियाणा सहित देश के कोने कोने से लोग जुड़े ,चिंतन मंथन हुआ एवं गछीबावली के जंगलों को बचाने सड़क से संसद तक संघर्ष करने ,दिल्ली जंतर मंतर में धरना प्रदर्शन करने के निर्णय के साथ ही अपने अपने स्थान से ज्ञापन कलेक्टर ,मुख्यमंत्री ,प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति को ज्ञापन देने का सिलसिला शुरू हुआ । सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद वेबिनोर आयोजित कर अध्यक्ष अनुराग विश्नोई ने सिलसिलेवार सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की जानकारी दी। जिससे वेबिनोर की अध्यक्षता कर रहे राजेश यादव , वेबिनोर में जुड़े डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ,प्रदीप गुप्ता, दीपाली ,मनोज डागा ,मोनिका ,पूनम खन्ना ,ओमप्रकाश जोशी ,अनुराग बिश्नोई ,डॉ प्रभात पांडे , त्रिभुवन सिंह , गौरव बिश्नोई ,नरेंद्र बिश्नोई , डॉ आचार्य रामकुमार बघेल ,लीला पवार ,विवेक बिंद्रा ,राकेश बिश्नोई ,प्रयास धारसे , सुरेंद्र सिंह लोंगोवाल ,बारिशजी ,नेपाल सिंह पाल ,ओमप्रकाश ,रामप्रताप वर्मा ,विशाल जैन ,एस के रॉय ,बजरंगलाल बिश्नोई ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया सबने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी पर्यावरण प्रेमियों ने इसे ऐतिहासिक फैसला बताया। तथा मुख्य न्यायाधीश सी जे आई जस्टिस बी आर गवई , जस्टिस ए जी मसीह को साधुवाद दिया। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए राष्ट्रीय जंगल एवं प्रकृति बचाओ अभियान भारत के वरिष्ठ सदस्य तथा ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला नजीर बनेगा। विकास के नाम पर प्रकृति का विनाश करने वाले कदम ठहर जाएंगे।

# पर्यावरण व प्रकृति को सुरक्षित रखना सबसे बड़ा कर्म: रमेन डेका

■ भारत स्काउट्स गाइड्स के अलंकरण समारोह में शामिल हुए राज्यपाल
■ सर्वश्रेष्ठ रोवर, रेंजर, स्काउट, गाइडर एवं स्काउट-गाइड को दिया गया राज्यपाल पुरस्कार




**रायपुर/बलौदाबाजार** 26 मई (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में आज राजभवन में स्काउट्स और गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राज्यपाल डेका ने राज्य के सर्वश्रेष्ठ स्काउटर, गाइडर, रोवर, रेंजर, एवं स्काउट-गाइड को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या को देखते हुए प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सबकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। स्काउट्स एवं गाइड्स को इसमें अपना सक्रिय योगदान देना होगा। उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम पर लगाने और दोस्तों एवं परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करने की बात कही।

श्री डेका ने सम्मान प्राप्त होने पर स्काउट्स एवं गाइड्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स अपने आदर्श वाक्य "तैयार हो" के अनुरूप हमेशा अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी के साथ देश और समाज की मदद हेतु तत्पर रहते हैं। देश के युवाओं को अच्छे नागरिक बनने, आत्मनिर्माण करने और सेवा कार्य हेतु सदा तैयार रहने की प्रेरणा देते हैं। आज भारत के युवा, अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उसी दिशा में कदम बढ़ाते हैं जहां उन्हें अपना करियर बनाना है। उसके लिए कठिन परिश्रम और लगन के साथ समय प्रबंधन बहुत जरूरी है। अगर किसी कारण से अपने लक्ष्य से चूक भी गए तो निराश मत हो बल्कि उन असफलताओं और पिछले अनुभवों से सीख लेकर आगे बढ़ें। हार नहीं मानते हुए पुन: अपने आप को तैयार करें और लक्ष्य की ओर बढें, सफलता जरूर मिलेगी। अनुशासन,

दृढ़ संकल्प और स्वयं पर विश्वास, सफलता की ओर ले जाता है।

श्री डेका ने छत्तीसगढ़ के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स द्वारा आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, पेड़ लगाने और उन्हें संरक्षित रखने, साइबर अपराध, जाति भेदभाव जैसे अन्य विषयों पर विभिन्न माध्यमों से समाज को जागरूक करने की दिशा में हो रहे कार्यों सराहना की और राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में रोवर्स, रेंजर्स दलों का पंजीयन और गठन होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

समारोह में सर्वश्रेष्ठ स्काउट दीपक सिंह, नितिश कुमार यादव, लोमेश कुमार सर्वश्रेष्ठ गाइड कु. दीक्षा पटेल, कु. हंसनी, कु. झरना साहू सर्वश्रेष्ठ रोवर अनुज साहू, सर्वश्रेष्ठ रेंजर कु. नेहा सेन व कु. प्रियंका यादव को राज्यपाल ने पुरस्कृत किया। इसी तरह सर्वश्रेष्ठ स्काउटर गोपाल राम वर्मा व मिलन सिंह सिन्हा एवं सर्वश्रेष्ठ गाइडर श्रीमती पुष्पा शांडिल्य व सुश्री रजनीकला पाटकर सम्मानित हुए। दीर्घ सेवा अलंकरण स्काउटर रोमन लाल साहू व गाइडर श्रीमती बीना यादव को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं आभार प्रदर्शन राज्य सचिव कैलाश सोनी ने दिया।

कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर प्रसन्ना, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, छत्तीसगढ़ स्काउट गाइड के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, राज्य के अन्य पदाधिकारी, विभिन्न जिलों से आये हुए स्काउट्र, गाइडर, रोवर, रेंजर एवं स्काउट-गाइड उपस्थित थे।

# मां, बेटी और बेटा समेत 4 लोग गांजा बेचते पकड़ाए

■ पुलिस ने दबिश देकर सभी को रंगे हाथों दबोचा

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,** 26 मई (देशबन्धु)। जिले के कोटमी चौकी अंतर्गत ग्राम पथर्रा बस स्टैंड में पुलिस ने गांजा बिक्री में लिप्त एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 8 किलो 470 ग्राम गांजा, ?60 हजार नकद, तीन मोबाइल फोन समेत कुल ?1,68,890 की अवैध संपत्ति जब्त की गई है।

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कोटमी पुलिस ने किराना दुकान की आड़ में गांजा बेच रही महिला सीमा गुप्ता, उसकी बेटी रेणु गुप्ता, बेटा हिमांशु गुप्ता और उनके सहयोगी अथर गिरी उर्फ अजय को रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी सीमा गुप्ता पिछले 10 वर्षों से गांव में अवैध रूप से निवास कर रही थी और पहले भी अवैध शराब तस्करी व हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त रही है। उसके खिलाफ पेंड्रा थाने में आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण भी दर्ज है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सीमा गुप्ता और उसका परिवार लंबे समय से अवैध गतिविधियों में लिप्त रहकर पूरे गांव में दहशत का माहौल बनाए हुए था। अवैध गांजा बिक्री से अर्जित धन से उसने पक्का मकान एवं महंगी मोटरसाइकिल भी खरीदी है।

# तलवार लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

■ समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर की सहायता से मिली कामयाबी
■ आरोपी बलौदाबाजार लटुवा मार्ग में कर रहा था हरकत




**बलौदाबाजार,** 26 मई (देशबन्धु)। इन दिनों बलौदाबाजार से लगे कुछ ग्रामों के मध्य अपराधिक लोगों के द्वारा राहगिरों को लूटपाट किये जाने की शिकायत लगातार मिल रही हैं। सायकल एवं मोटरसायकल वालों को अचानक रोककर डराया धमकाया जाता हैं पश्चात लुटपाट की जाती है। वहीं ट्रक जैसे बडी वाहनों को भी लिफ्ट लेने की बहाने रोककर चालक परिचालक से लूटपाट करने का प्रयास किया जाता है। जबकि कोई परिचित के व्यक्ति मिल जाने से दुआ सलाम कर फरार हो जाता हैं। वर्तमान स्थिति में वक्त घटना लटुवा रोड के झोंका नाला, केशडबरी में की जा रही है। उक्त घटना तेज दोपहर में या शाम रात्रि को किया जाता है। वहीं कुछ माह पहले लाहोद डोटोपार रोड में भी किये जाने की शिकायत मिली थी। उक्त स्थिति को देखते हुए नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा महत्वाकांक्षी योजना ''समाधान सेल'' प्रारंभ किया जाना एक सराहनीय कदम है। पर देखना है कि इस योजना से इस तरह की घटनाओं में कितनी सफलता मिलती है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना ''समाधान सेल'' प्रारंभ किया गया है। जिसकी सहायता से किसी प्रकार की भी सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। ''समाधान सेल'' के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में 25 मई 2025 को आमरोड में धारदार तलवार लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक आरोपी द्वारा बलौदाबाजार-लटुवा मार्ग सोलहा तालाब के पास मेनरोड में धारदार तलवार लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमकाया जा रहा था जिसकी सूचना पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा संबंधित स्थल पहुंच कर आरोपी शत्रुहन कुमार सोनवानी उम्र 32 साल निवासी ग्राम रसेडा थाना सिटी कोतवाली को हिरासत में लिया गया तथा आरोपी से एक धारदार तलवार जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 552/2025 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# पानी में डूबने से शावक हाथी की मौत

**रायगढ़,** 26 मई (देशबन्धु)। घरघोड़ा क्षेत्र में लगातार पानी में डूबकर शावक हाथियों कि मौत का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में आज घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के पाकादरहा के आरएफ 1269 के चितवाही जंगल में पानी में हांथी के शावक का शव मिला।

प्राप्त जानकारी अनुसार, 24 मई 25 को घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में लगभग 19 हाथियों का दल क्षेत्र में विचरण कर रहा था जिसमे से एक शावक हाथी को पानी में डूबने से मौत हो गई है। वन विभाग द्वारा शावक हाथी का शव बहार निकालकर शव का पोस्टमार्टम करा के नियमानुसार दफना दिया गया है।

शावक हांथी कि उम्र लगभग 6 माह बताया जा रहा है। जो कल रात को हाथियों के नहाने के समय उक्त घटना होने कि बात कही जा रही है।

**NECC**

| 27.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 515 | 75 | 160 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 185 |
| डिलीवरी | 530 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

जन्मदिन की बधाई



रौनक मोरे
आज 27 मई 2025 को 7वां जन्म दिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
- शुभेच्छु -
मम्मी, नाना-नानी, मौसी-मौसा और उसके नन्हे मुन्ने दोस्त
बजरंग चौक, मठपारा, रायपुर (छ.ग.)

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**संपादकीय**

## अनावश्यक व्यायाम से बचें

निश्चित रूप से व्यायाम और खेलकूद शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिये अच्छा है। यह किसी भी रूप में हो, व्यक्ति को चुस्त-दुरुस्त रखता है। हर उम्र में तथा ज़रूरत के लिहाज से सभी लोगों को टहलने, तेज़ चलने, दौड़ लगाने या खेलों के जरिये शरीर को तंदुरुस्त रखना चाहिये। बेशक, हाल के वर्षों में शारीरिक फिटनेस के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है। अब लोग नियमित रूप से पार्क या गार्डन में चहलकदमी करते, दौड़ लगाते, पार्क या जिम में व्यायाम के उपकरणों का उपयोग करते, योगाभ्यास करते दिख जाते हैं। बहुत से ऐसे भी हैं जो इनडोर या आऊटडोर गेम खेलते हैं। क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस आदि लोकप्रिय खेल हैं। लड़कियां और महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। वे भी स्वस्थ रहना चाहती हैं जो बहुत अच्छी बात है। यहां तक कि बहुत सी गृहणियां भी समय निकाल कर अपने स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिये विविध उपाय करती हैं।

इसका दूसरा पहलू भी है। हाल के वर्षों में, खासकर 2019 में आये कोरोना के बाद अचानक मौतों की घटनाएं बहुत हो रही हैं। शादी-ब्याह या ऐसे ही किसी समारोह में हंसते-नाचते हुए लोगों की मृत्यु हो रही है। इतना ही नहीं, कोई कसरत के दौरान ट्रेड मिल का उपयोग करते या वेट लिफ्टिंग करता हुआ अचानक मौत का शिकार हो रहा है। अच्छे-खासे चलते-फिरते लोग भी मौत के मुंह में समा रहे हैं। देश के विभिन्न इलाकों से इस प्रकार की अनेक घटनाओं के वीडियो सामने आ रहे हैं। ऐसा नहीं कि ये उम्रदराज लोग हों। युवा भी इसके शिकार हो रहे हैं जिनकी उम्र 30 से 40 वर्ष की ही होती है।

रायपुर के सप्रे शाला में बने बैडमिंटन कोर्ट में ऐसा ही हादसा हुआ। भिलाई के सेक्टर-4 में रहने वाले 35 वर्षीय हिमांशु श्रीवास्तव रायपुर की एक प्राइवेट कम्पनी में मैनेजर थे। उन्हें लगभग 10 वर्ष पूर्व माइनर हार्ट अटैक आया था। वे अपने को फिट रखने के लिये कुछ समय बैडमिंटन खेलते थे। शुक्रवार को लगभग पौन घंटे खेलकर जब वे आराम करने के लिये बैठे, अचानक मुंह के बल पर गिर गये और उनकी तत्काल मौत हो गयी। इसका एक कारण यह बताया जाता है कि कोरोना के संक्रमण से बचने के लिये जो टीके लगाये गये थे उसके कारण लोगों का खून गाढ़ा हो गया है। यह खून की क्लाटिंग कर रहा है। इससे हार्ट अटैक व ब्रेन हैमरेज के मामले बढ़ गये हैं। यह इतना अचानक होता है कि किसी के पास कुछ करने का अवसर तक नहीं रह जाता। ज्यादातर मामलों में कुछ ही मिनटों में सब कुछ हो जाता है। इसलिये उतना ही व्यायाम करें जितना शरीर सह सके। अनावश्यक, लम्बे और कड़े व्यायाम टालें। विशेषज्ञों की उपस्थिति और उनकी सलाह के अनुसार व्यायाम करने चाहिये।

**उल्टा पुल्टा**

भगवान ने आदमी से पूछा-तुम्हारी इच्छा क्या है?
आदमी शादी के बाद- कृपया करके मेरे बैचलर वाले दिन वापस लौटा दें।
भगवान हंसे और बोले- बेटा, मन्नत मांगने कहा था जन्नत नहीं।

# सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा, 16 श्रृंगार कर मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान



**जगदलपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। महिलाओं ने सोमवार को वट सावित्री व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख शांति की कामना को लेकर व्रत रखा। इस अवसर पर सुहागिनें दुल्हन की तरह सज धज कर वट (बरगद) के पेड़ के नीचे पहुंचीं और पूरे विधि विधान से पूजा की। शहर के कई हिस्सों में सुबह से ही वट वृक्ष के पास महिलाओं की भीड़ जुटी रही। पूजा के बाद सुहागिनों ने पेड़ की परिक्रमा की और वट सावित्री की पूजाकी। उक्त पूजा हाटकचौरा, महादेव घाट, पनारपारा लक्ष्मी नारायण मंदिर, सीताराम शिवालय एसबीआई रोड, शहीद भगत सिंह वार्ड, संजय बाजार समेत अन्य जगहो पर विधि विधान के साथ सुहागिनों ने पूजा की। पनारपारा स्थिल लक्ष्मी मंदिर परिसर में पुजारी चंदन तिवारी व अन्य पंडितों ने कथा कही और महिलाओं ने बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर पूजा की और सावित्री सत्यवान की कथा सुनी। सावित्री ने वट वृक्ष की पूजा करके अपने पति सत्यवान के प्राणों को यमराज से छुड़ा लिया था, बस तभी से ये व्रत रखा जाता है। इस दिन महिलाएं खूब सज-संवर कर अपने पति की तरक्की और लंबी उम्र के लिए पूजा-अचर्ना की। माना जाता है कि वट वृक्ष की पूजा करने से घर में सुख शांति और धन समृद्धि आती है।

**नवविवाहित महिलाओं में दिखा जोश**

वट सावित्री व्रत को सुहाग पर्व के रूप में पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। खासकर नवविवाहित महिलाओं में इस व्रत को लेकर काफी उत्साह देखने का मिला। नई नई दुल्हनें सोलह श्रृंगार कर, नई साड़ी और गहनों के साथ सज धजकर वट वृक्ष की पूजा करने पहुंचीं। उन्होंने विधिपूर्वक पूजा की, पेड़ की परिक्रमा की और कच्चे सूत से पेड़ को लपेटा। पूजा में चना, पकवान, मौसमी फल और सुहाग की चीजें अर्पित की गईं।

**मांगा सुहाग का आशीर्वाद**

जिले में ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रखा। शहर के विभिन्न स्थानो पर महिलाएं वट वृक्ष की पूजा के लिए पहुंचीं। महिलाओं ने सबसे पहले वट वृक्ष पर हल्दी का लेप लगाया। इसके बाद पीला धागा लपेटते हुए सात बार परिक्रमा की। फिर वृक्ष पर जल चढ़ाया और पूजा के बाद व्रत खोला। श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक वट सावित्री व्रत का पर्व बहुत पवित्र माना गया है। बरगद के पेड़ के नीचे सुहागिनों ने भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की। उन्होंने अपने सुहाग की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना भी की। पूजा में फल, पूड़ी, भीगे हुए चने और बरगद के पत्ते अर्पित किए गए। महिलाएं पूजा के लिए सिंदूर, दर्पण, मौली, काजल, मेहंदी, चूड़ी, माथे की बिंदी, नई साड़ी, सात तरह के अनाज और सत्यवान सावित्री की मूर्ति लेकर आई थीं।

# एसडीएम बकावंड और खनिज विभाग के जांच दल ने की कार्रवाई

**गौण खनिज का अवैध परिवहन करने वाले**

**जगदलपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार खनिज विभाग के जांच दल द्वारा 25 मई को बस्तर जिला अंतर्गत ग्राम माड़पाल, उपनपाल, लालबाग जगदलपुर कवि आसना और 26 मई को ग्राम जामगुड़ा फरसागुड़ा एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बकावंड द्वारा 23 मई को ग्राम उलनार क्षेत्र का औचक निरीक्षण में अवैध रूप से गौण खनिज रेत,गि ?ट्टी, मुरूम का वाहन मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बकावंड ऋषिकेश तिवारी एवं जिला खनिज जांच उड़नदस्ता दल के खनि अधिकारी शिखर चेरपा, खनि निरीक्षक मिदुल गुहा तथा खनि सिपाही डिकेश्वर खरे, सीताराम नेताम , पच्चीपन उपस्थित थे। उपरोक्त सभी प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71



12 वाहनों में अवैध परिवहन-उत्खनन करते पाये जाने पर परिवहनकर्ताओ और उत्खन्नकर्ता के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुये पुलिस वाहनों को अभिरक्षा में दी गई है। खनि अधिकारी शिखर चेरपा ने बताया कि 6 हाइवा वाहन व एक ट्रेक्टर वाहन से रेत का, दो हाइवा वाहन से चुना पत्थर और दो टीपर से मुरूम सहित एक जेसीबी से मुरूम उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया है। उपरोक्तानुसार सभी 12 वाहनों को खनिज मय जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौपते हुए सहपठित खान एवं खनिज (विकास तथा विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। पूर्व में भी विज्ञप्ति के माध्यम से जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया था कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिजों का परिवहन करना दण्डनीय अपराध है। अवैध परिवहनकर्ता के विरुद्ध पुनः इसी प्रकार कृत्य करने पर खनिज विभाग द्वारा दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षा में आंशिक संशोधन

**जगदलपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने 27 मई से होने वाले जनवरी से जून 2025 सत्र के कुछ कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षा तिथि में आंशिक संशोधन किए हैं। मंगलवार 27 मई से प्रारंभ होने वाली एमबीए द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा अब 02 जून से प्रारंभ होगी। एलएलबी सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा 09 जून से शुरू होगी। इसी तरह बीएससी, बीसीए, बीए, बीएचएससी, बीकॉम, बीबीए द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में आंशिक परिवर्तन हुए हैं। कुछ के विषय बदले हैं। इसके अतिरिक्त जिन एटीकेटी विद्यार्थियों के देर से रिजल्ट आए हैं। उनके भी टाइम टेबल जारी कर दिए गए हैं। संसोधित टाइम टेबल वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। जो स्टूडेंट्स पूर्व समय सारिणी के अनुसार एडमिट कार्ड डाऊनलोड कर लिए हैं उनसे संशोधित समय सारिणी के अनुसार एडमिट डाऊनलोड करने की अपील की गई है।

# सुशासन तिहार पर केन्द्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल एवं क्विज प्रतियोगिता



**जगदलपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। जनसंपर्क विभाग द्वारा रविवार को स्थानीय शहीद पार्क चौपाटी में राज्य शासन की सुशासन तिहार पर केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित मनोरंजक खेल एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आकर्षक लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों को तन्मयता के साथ देखा। साथ ही मनोरंजक खेल एवं क्विज स्पर्धा में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान कला जत्था दल द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक गीतों की सुरमयी प्रस्तुति दी गई, साथ ही एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से शासन की जनहितकारी योजनाओं पर आधारित वृत्तचित्र का प्रदर्शन कर नागरिकों को इन योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अवसर पर जनसंपर्क विभाग के नोडल अधिकारी संयुक्त संचालक सुश्री इस्मत दानी, मंच संचालन माय एफ़एम के रेडियो जॉकी अनिमेष के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में कुर्सी दौड़, लड्डू-चम्मच लेकर पैदल चाल जैसे मनोरंजक खेल में प्रतिभागियों ने उत्साह दिखाया। वहीं क्विज स्पर्धा के अंतर्गत बस्तर की आराध्य देवी मां दन्तेश्वरी के मंदिर, विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा सहित सुशासन तिहार के आयोजन अवधि, आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि, बस्तर जिले में प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या इत्यादि के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा मन की बात, बस्तर के पर्यटन स्थल धुड़मारास, कांगेर घाटी नेशनल पार्क, कुटुम्बसर गुफा, चित्रकोट, तीरथगढ़, बारसूर, ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर आदि के साथ ही बस्तर की समृद्ध लोक संस्कृति, लोक गीत एवं लोक नृत्य, स्थानीय व्यंजन, पारम्परिक वेशभूषा एवं आभूषण से जुड़े रोचक प्रश्नों का प्रतिभागियों ने त्वरित जवाब दिया। साथ ही कृषक उन्नति योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि योजनाओं पर आधारित सवालों का आसानी से जवाब दिया। इस दौरान उक्त मंनोरंजक खेल और क्विज स्पर्धा के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए जनसंपर्क विभाग की जनमन पत्रिका सहित जनकल्याणकारी योजनाओं को रेखांकित ब्रोसर-फोल्डर प्रदान किया गया। वहीं विजयी प्रतिभागियों को इन प्रचार साहित्य के साथ फूड व्हाउचर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर निजी पैथोलॉजी में सेवारत दामिनी एवं तनुजा ने सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए उक्त आयोजन को प्रेरक पहल निरूपित किया। वहीं कॉलेज छात्राएं मनीषा एवं आयशा ने बस्तर के पर्यटन स्थलों तथा

(शेष पेज-9 पर)

# महारानी जिला चिकित्सालय में नाक कान एवं गला रोग विशेषज्ञ की सुविधा



**जगदलपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। बस्तर जिलेवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ करते हुए, महारानी जिला चिकित्सालय जगदलपुर में नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध है। यह सुविधा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसामान्य की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन बस्तर के पहल पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सक की पदस्थापना 14 मई से की गई है। जिले के नागरिकों को सामान्य से लेकर जटिल नाक, कान एवं गला रोग संबंधी समस्याओं के लिए दूरस्थ के अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। ईएनटी विशेषज्ञ सप्ताह के प्रत्येक दिन ओपीडी समय में महारानी जिला चिकित्सालय जगदलपुर में मरीजों की जांच व उपचार कर रहे है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने सुविधा की जानकारी देते हुए बताया कि यह सुविधा जिला स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी तथा समय पर उपचार मिलने से मरीजों को राहत मिलेगी डॉ नवनीत सिंह द्वारा 14 मई 2025 को उपस्थिति महारानी जिला चिकित्सालय जगदलपुर में देते हुए एक सप्ताह में 121 नांक, कान एवं गला मरीजों का उपचार कर लाभान्वित किया है तथा चिकित्सालय में बाह्य रोगी विभाग के साथ सर्जरी की सुविधा भी उपलब्ध है।

# जलनी माता मंदिर प्रांगण में आयोजित सुशासन तिहार में शामिल हुए जनप्रतिनिधि



**जगदलपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत गुरु गोविंद सिंह वार्ड में सोमवार को जलनी माता मंदिर प्रांगण में नगर निगम जगदलपुर के द्वारा समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप ,विधायक किरण देव,महापौर संजय पांडेय शामिल हुए। इस समाधान शिविर में कुल 7 वार्ड को शामिल किया गया है, जिनमें दलपत सागर वार्ड, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, छत्रपति शिवाजी वार्ड, लोकमान्य तिलक वार्ड, महाराणा प्रताप वार्ड, अटल बिहारी वाजपेई वार्ड, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड शामिल हैं। मालूम हो की छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समस्याओं का निराकरण हो रहा है। आज के समाधान शिविर में सात वार्ड के लोग शामिल हुए हैं। क्लस्टर के आधार पर यह (शेष पेज-9 पर)

# समर कैंप समापन में विधायक एवं महापौर हुये शामिल

**समर कैंप में बच्चों की बौद्धिक क्षमता का होता है विकास : किरण देवो**



**जगदलपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। रविवार को शाम शहर के मैत्री संघ में नई उड़ान समर कैंप के समापन समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल होकर कहा कि 01 मई से 25 मई तक नई उड़ान के द्वारा बच्चों के लिए समर कैंप आयोजित किया गया था। समर कैंप में बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। समर कैंप में बच्चों को अपने बौद्धिक विकास के साथ मनोबल बढ़ाने में कारगर साबित होता है। नई उड़ान के समर कैंप में बच्चों के लिए योग , चित्रकला, मेंहदी, स्पोकन इंग्लिश, वेशभूषा,आर्ट एंड क्राफ्ट,रूप सज्जा एवं मंच सज्जा जैसे गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। समापन कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें महापौर संजय पांडे, डीईओ बलिराम बधेल,साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि समर कैंप में बच्चों में आत्मविश्वास के साथ सर्वांगीण विकास के लिए अलग अलग गतिविधियों के आयोजन से बच्चों को निखारने का कार्य किया गया है। समर कैंप में बच्चों को मुख्यतः अनुशासन सिखाया जाता है जिससे बच्चों में बौद्धिक विकास बढ़ता है। पढ़ाई के साथ बच्चों में अन्य गतिविधियों में भी रूचि लेने की आवश्यकता होती है। महापौर संजय पांडे ने कहा समर कैंप में बच्चों में निखार आता है। बच्चे अलग अलग गतिविधियों में अपने हुनर सीखने में मदद मिलती है। समर कैंप के माध्यम से बच्चों को निखारने के कार्य के लिए नई उड़ान टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं। वहीं समर कैंप में समापन कार्यक्रम में बच्चों को प्रमाण पत्र अतिथियों के द्वारा वितरित किया गया। इस दौरान नई उड़ान के धीरज कश्यप, भूमिका निषाद, गायत्री वड़कस ,व अन्य आयोजन

# खेल का जीवन में विशेष महत्व होता है : किरण देव



**चौकावाड़ा ने नगरनार बी टीम को हराकर ट्राफी पर किया कब्जा**

**जगदलपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र में रविवार को ग्राम चौकावाड़ा में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल होकर टूर्नामेंट में विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं आप सभी खेल भावना के साथ इस प्रतियोगिता में खेले। चौकावाड़ा में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए आयोजन समिति को बधाई। आप सभी खिलाड़ियों ने अनुशासन से खेल को खेला। अपने जीवन में खेल अनुशासन लाता है। पढ़ाई के साथ जीवन में खेल का भी होना जरूरी है। खेल हमें बहुत कुछ सीखने की प्रेरणा देता है। आप सभी खिलाड़ी ने मेहनत और लगन से खेला। क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। चौकावाड़ा में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में चौकावाड़ा की टीम विजयी रही। फाइनल में चौकावाड़ा ने नगरनार बी टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव एवं अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधाशरण तिवारी, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया संरपंच डमरूधर बधेल , सीमांचल दास, राजेश शर्मा,दुजेश्वर देवांगन,सोमधर, आदेश्वर,तपन सरकार, एवं आयोजन समिति के सदस्य व जनमानस उपस्थित थे।

# बस्तर और बकावंड विकासखंड में समाधान शिविर का आयोजन

**सुशासन तिहार 2025**



**जगदलपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तहत सोमवार को जिले बस्तर और बकावंड विकासखंड में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विकासखण्ड बस्तर के ग्राम पंचायत छोटे आमाबाल (आम बगीचा) में आयोजित शिविर में सम्मिलित ग्राम - चेराकुर, पाथरी, गोंडियापाल, कावड़गांव, मांदलापाल, बड़ेआमाबाल, चमिया, छोटेआमाबाल, बड़े अलनार, छोटे अलनार, सिवनी, हिरलाभाटा ग्राम पंचायत को शामिल किया गया था। इस कलस्टर में सुशासन तिहार के तहत 5024 आवेदन प्राप्त हुआ था जिसमें 5022 का निराकरण किया गया। इस शिविर में जनपद पंचायत बस्तर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला और जनपद के सदस्य, संबंधित क्षेत्र के सरपंच,क्षेत्र के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। विकासखण्ड बकावण्ड के ग्राम कोसमी में आयोजित समाधान शिविर में बकावण्ड, कोसमी, दाबगुड़ा, भेजरीपदर, दशापाल, राजनगर, सरगीपाल, मसगांव, कोरटा, तुंगापाल, नलपावंड और पीठापुर ग्राम को शामिल किया गया था। इस क्लस्टर में सुशासन तिहार में 2495 आवेदन प्राप्त हुए थे जिससे से 2493 आवेदनों का निराकरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित जिला और जनपद के सदस्य, सम्बंधित ग्राम क्षेत्र के सरपंच, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने विभागीय स्टालों का अवलोकन किया, साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, योजनाओं से संबंधित कार्ड का वितरण किया।

# पति की लंबी आयु के लिए रखा निर्जला व्रत



- सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा
- सुरभि कालोनी में भी धूमधाम से मनाया पर्व
- वट वृक्ष को रक्षासूत्र बांधकर सौभाग्यवती होने का मांगा आशीर्वाद

**दंतेवाड़ा,** 26 मई (देशबन्धु)। ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या पर आज सुहागिन महिलाओं ने पति के दीर्घायु की कामना कर वट सावित्री की पूजा की। वट पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष में श्रृंगार सामग्री अर्पित कर अपने सुहाग की सलामती एवं उनके लंबी उम्र की कामना की और निर्जला व्रत रखा। वट सावित्री की पूजा दंतेवाड़ा समेत आसपास क्षेत्रों में भी पूरे विधि विधान के साथ किया गया।

वट सावित्री की पूजा आज शहर भर में महिलाओं ने धूमधाम से की। नगर के सुरभि कालोनी में भी यह पूर्व विधि विधान के साथ मनाया गया। यह हिदु स्त्रियों का एक महत्वपूर्ण व्रत है। इस दिन सत्यवान, सावित्री तथा यमराज की पूजा की जाने की परंपरा है। इस अवसर पर निर्जला व्रत रखकर सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर अपने पति के दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना करते हुए वट वृक्ष याने बरगद के पेड़ की पूजा की। एक पौराणिक कथा के अनुसार सत्यवान की मृत्यु के बाद उसकी पत्नि सावित्री ने यमराज से अपने पति के प्राण वापस लाकर उसे पुनर्जीवित किया था। इसके बाद से उसके नाम पर वट सावित्री की पूजा होने लगी। आज के दिन महिलाएं वट वृक्ष के नीचे मिट्टी की बनी सावित्री और सत्यवान तथा भैंसे पर सवार यम की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करती हैं। वट की जड़ में पानी दिया जाता है। पूजा में पुष्प, रोली, कच्चा सूत, भिगोया चना, फूल तथा धूप का इस्तेमाल किया जाता है। महिलाएं जल से वट वृक्ष को सींचकर तने के चारों ओर कच धागा लपेटते हुए वट वृक्ष की सात बार परिक्रमा करती है। तपश्चात वृक्ष के नीचे बैठकर सत्यवान व सावित्री की कथा सुनी जाती है।

वट सावित्री के शुभ अवसर पर आज नगर भर में सुहागिन महिलाओं ने अपने आसपास के वट वृक्षों में पूजा अर्चना की। पूजा करने ट्राईबल कालोनी में भी विशाल वट वृक्ष के नीचे महिलाओं की काफी भीड़ लगी रही। शुभ मूहूर्त पर सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा की। दंतेवाड़ा समेत गीदम, बारसूर, नकुलनार, बचेली, किरंदुल व कटेकल्याण में भी सुहागिनों ने धूमधाम के साथ वट-सावित्री की पूजा की ।

# ग्रामीणों का विकास सरकार का संकल्प : नंदलाल



- नकुलनार शिविर में 1472 मांग तथा 32 शिकायतों का निराकरण
- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रैली

**दंतेवाड़ा**, 26 मई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत कुआकोंडा के ग्राम पंचायत नकुलनार में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। इसमें रेंगानार, गढ़मिरी, नकुलनार, श्यामगिरी, खुटेपाल, कुआकोंडा के ग्रामीण जन शामिल हुए।

इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों में जिला पंचायत दंतेवाड़ा के अध्यक्ष नंदलाल मुडामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, सहित अन्य जनप्रतिनिधि पंचायत के सरपंच, एवं पंच उपस्थित रहे। समाधान शिविर में 27 विभागों से कुल 1519 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1487 मांग व 32 शिकायत थे, जिसमें 1472 मांग तथा 32 शिकायत आवेदनों का निराकरण शिविर में किया गया तथा अन्य लंबित मांगों को शासन स्तर पर प्रेषित किया गया। नकुलनार सुशासन तिहार कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 13 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई किया गया तथा 7 नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया।

साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकाल कर प्रचार प्रसार किया गया। इसके अलावा पीएचई विभाग द्वारा 5 ग्रामो को पीने का साफ पानी जांच मशीन किट, खाद्य विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को राशन कार्ड प्रदाय किया गया, साथ ही लोक सेवा गारंटी अन्तर्गत 17 लोगों का आधार अपडेट किया गया एवं 3 नया आधार बनाने के लिए पंजीयन किया गया। इस क्रम में कृषि विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को स्पेयर पंप-कृषि कार्ड 5 को दिया गया।

# बैलाडीला से कांग्रेस की न्याय पद यात्रा प्रारंभ



- पीसीसी अध्यक्ष दीपक के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी शामिल
- 29 को कलेक्टोरेट घेराव के साथ दंतेवाड़ा में समापन

**दंतेवाड़ा**, 26 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के जल, जंगल, जमीन, खनिज संसाधनों को बचाने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में आज कांग्रेस की न्याय पदयात्रा किरन्दुल से प्रारंभ हुई। 40 किलोमीटर की यह यात्रा 29 मई को दंतेवाड़ा कलेक्टोरेट घेराव के साथ संपन्न होगी। पद यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज के साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और विधानसभा प्रत्याशी छविन्द्र कर्मा, भीमसेन मंडावी, श्री सिद्दीकी सहित कई कांग्रेसी शामिल हुए। इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य बताते हुए श्री बैज ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आयी है तब से छत्तीसगढ़ के संसाधनों को निजी हाथों में सौंपने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक बार फिर कॉरपोरेट घरानों का चारागाह बना दिया है। बस्तर की चार बड़ी लौह अयस्क खदानें निजी पूंजीपतियों को सौंप दी गई है। इसमें से 2 खदानें बैलाडीला 1ए और बैलाडीला 1बी की खदान आर्सेलर मित्तल को 50 साल के लिए लीज पर दे दिया। बैलाडीला 1सी खदान रूंगटा स्टील को 50 सालों के लिए दिया गया। कांकेर जिले के हाहालादी खदान सागर स्टोन को 50 साल के लिए दे दिया गया है।

# शहर को स्वच्छ बनाने, श्रमदान कर करें सहयोग : महापौर

**जगदलपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती पर सोमवार को सुबह प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में सफाई अभियान चलाया गया। इस सफाई अभियान में सभी ने श्रमदान कर आसपास के स्थान को स्वच्छ व सुंदर बनाया। स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है, स्वच्छ जगदलपुर- सुंदर जगदलपुर, आमचो बस्तर- सुंदर बस्तर जैसे स्वच्छता संबंधी नारे भी स्वच्छता प्रेमियों ने लगाए। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि जगदलपुर शहर को स्वच्छ बनाने के लिए हम सबको एकजुट होकर इस अभियान में शामिल होना चाहिए। श्रमदान कर हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बना सकते हैं। चिन्हित स्थानों पर सफाई अभियान चलाने के साथ ही शहर के वार्डों में भी सफाई अभियान आने वाले दिनों में चलाया जाएगा। इसके साथ ही स्वच्छता और सफाई के बारे में लोगों को जागरुक भी किया जाएगा। सभी वार्ड कचरा मुक्त हो यही हमारा मुख्य उद्देश्य है। ब्रेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि सप्ताह में एक दिन हम सभी को श्रमदान करना है, जिससे कि शहर हमारा स्वच्छ हो और सुंदर बने। इस अभियान के माध्यम से हम सभी इसमें भाग लेकर दैनिक कार्यों में से कुछ घंटे निकाल कर स्वच्छता संबंधी कार्य स्वयं करें और लोगों को भी प्रेरित करें। 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई थी। स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया था। यह एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है। जिसका मुख्य उद्देश्य गलियों, सड़कों तथा अधो संरचना को साफ सूथरा करना और कूड़ा साफ रखना है।



सफाई अभियान में निगम स्पीकर खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा,निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, राणा घोष, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, कलावती कसेर, पार्षद श्याम सुन्दर बघेल, रोशन सिसोदिया, गायत्री बघेल, ज्योस्टिस भवानी, अजय पाल सिंह जसवाल, डीके पराशर, रतन व्यास, राजीव निगम, बबला यादव, शशिनाथ पाठक, राजपाल कसेर,रितेश सिन्हा, अभिषेक तिवारी, रेखा सिंह, रोहित सिंह बैस, रोशन झा, नगर निगम के एमआईसी सदस्य, पार्षद, भाजपा कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, स्वच्छता एंबेसडर्स, नगर निगम के आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

# प्रा. शाला सिर्रीखुर्द के समर क्लास में व्यक्तिगत अभिव्यक्ति रोल प्ले का रहा आकर्षण



**फिंगेश्वर,** 26 मई। शासन के निर्देशानुसार प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द मे समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिवस पर बच्चों को बहु भाषा के अंतर्गत संस्कृत भाषा में सामान्य बोलचाल कैसे करें जानकारी दिया गया। रचनात्मक कार्य के अंतर्गत बच्चों को घोंसला बनाना गुलदस्ता बनाना माला बनाना मिट्टी के बर्तन बनाना इत्यादि सिखाया गया बच्चों ने पूरे उमंग एवं उत्साह के साथ इस समर क्लास में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं प्रथम दिवस समर क्लास कैंप में 40 बच्चे उपस्थित रहें। समर क्लास का आयोजन बच्चों की समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां कराई जा रही है इससे बच्चे अपनी दैनिक जीवन में भी उपयोग कर पाएंगे साथ शिक्षा सत्र के प्रारंभ होने पर इन्हें अपने पठन-पाठन पर भी उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर सकेंगे प्रथम दिवस का समापन नारा लगाते हुए सभी ने भारत माता का जय घोष किया इस कार्यक्रम में संस्था के प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव शिक्षक घनश्याम कंवर दुर्गेश विश्वकर्मा लीलाराम मतावले प्रशिक्षक के रूप में खंकेस सिन्हा सभी छात्र-छात्राएं के साथ शिक्षक खोमन सिन्हा उपस्थित रहे।

## जामगांव में सफाई अभियान



**फिंगेश्वर,** 26 मई। नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में भारत के तीनों सेनाओं को आतंकवाद खत्म करने एवं आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिऐ ऑपरेशन सिंदूर के नाम से एक्शन लिया गया जिससे कि पाकिस्तान में आतंकवाद के कई अड्डों को समाप्त किया और पाकिस्तान में घर में घुसकर आतंकवाद को सबक सिखाया इस ऑपरेशन सिंदूर के सफलतम कार्यक्रम में भारत के सभी मठ मंदिरों देशभर में साफ सफाई एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है इसी के तहत गरियाबंद जिला के फिंगेश्वर मंडल के जामगांव में सफाई कार्यक्रम शीतला माता मंदिर में आयोजित किया गया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल के महामंत्री मिजून साहू मंडल उपाध्यक्ष अरुण सिंन्हा सरपंच प्रतिनिधि हीरो डाहरे पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंत्री दशरथ सिंन्हा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष यशवंत साहू लालता ध्रुव मुकेश ध्रुव नागेश्वर सिंन्हा महिला कमांडो के नीरा साहू कौशल्या साहू सुकांतिन दीवान देवकी ध्रुव कुमारी साहू सरस्वती दीवान संतोषी साहू श्याम भाई सेन धनेश्वरी ध्रुव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# नर्रा के समाधान शिविर में हितग्राहियों को बांटे गए विभिन्न प्रकार की सामग्रियां

**बागबाहरा,** 26 मई (देशबन्धु)। ओड़िशा सीमा से लगे बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत नर्रा में आज सोमवार 26 मई को समाधान शिविर का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। इस शिविर के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर थे। जिन्होंने अपने हाथों से समाधान शिविर में आए हितग्राहियों को विभिन्न प्रकार की सामग्रियां बाँटी गई। जिससे हितग्राही खुश नजर आए। समाधान शिविर को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न प्रकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक अधिकारी कर्मचारी पहुंचाए। ताकि गरीब तबके के लोगों को शासन के योजनाओं का लाभ मिल सके।



छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन-प्रशासन सुशासन त्यौहार मना रहे हैं। जिसके अंतर्गत विभिन्न समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों के माध्यम से शासन प्रशासन तक निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

इसी कड़ी में आज 26 मई को खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के 15 पंचायतों का ग्राम पंचायत नर्रा में समस्या निवारण हेतु 'समाधान शिविर' का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर , अनुविभागीय दंडाधिकारी उमेश कुमार साहू ,बागबाहरा तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, कोमाखान तहसीलदार हरीशकांत ध्रुव, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनहरण लाल मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकार , जनपद सदस्य लोचन पटेल एवं समस्त विभागीय अधिकारी/कर्मचारी व 15 ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच एवं क्षेत्र के जनपद पंचायत बागबाहरा के जनपद सदस्य आदि उपस्थित थे। उक्त समाधान शिविर के माध्यम से उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपने विभागीय जानकारी सहित प्राप्त प्रमुख मांगो एवं शिकायतों के निराकरण की विस्तृत जानकारियां प्रस्तुत की गई। अतिथिगणों के द्वारा छः माह के बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया। साथ ही हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, किसानों को उच्च गुणवत्ता की धान बीज, वनाधिकार पट्टा सहित प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को आवास का चाबी वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड, मनरेगा कार्ड आदि का वितरण शिविर में किया गया।

इस अवसर पर शिविर के सफल संचालन में समस्त मंचीय अतिथि सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी, जनपद सदस्य , सरपंच ग्राम पंचायत नर्रा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दुबेलाल साहू, लोकेश पनुरिया खल्लारी मंडल अध्यक्ष, कोमाखान मंडल अध्यक्ष नितिन जैन, कलाराम नायक , नवीन पटेल, लेखमणि पटेल किरण यदु, गोविंद साहू, पंकज जैन ,गुलशन कुमार बघेल, डेविड नायक सरपंच, परमेश्वर सोनवानी, भीमा साहू, डी कुमार चौरे, आशीष गुप्ता, यादराम सिन्हा, परमेश्वर पटेल, महामंत्री युवा मोर्चा हीरालाल साहू ,माधव सेन, उपाध्यक्ष, आदिवासी युवा प्रभाग ओमप्रकाश ध्रुव समेत क्षेत्र के 15 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं ग्रामीणजन प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# भूजल संवर्धन मिशन अंतर्गत कार्यशाला में शामिल हुए आरंग विधायक व नपा अध्यक्ष

**आरंग,** 26 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के अध्यक्षता में दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में पंडित दिनदयाल उपाध्याय भूट्ठजल संवर्धन मिशन के शुभारम्भ पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे गुरु खुशवंत साहेब विधायक एवं उपाध्यक्ष अनु. जा.वि.प्रा.छ.ग. शासन, डॉ संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग, श्रीमती शीतल चंद्रवंशी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद आरंग एवं प्रदेश के अन्य विभागों में कार्यरत अभियंतागण, आर्किटेक्ट , हाइड्रोलॉजिस्ट के साथट्ठसाथ एनआईटी, चैंबर ऑफ कामार्स एवं क्रेडाई संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन (शहरी) के शुभारंभ पर आयोजित कार्यशाला में 'जल संरक्षण की प्राचीन परंपरा और वर्तमान में इसे पुनर्जीवित करने की जरूरत' पर पीपीटी के माध्यम से अपनी बातें रखीं। उन्होंने रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कार्यशाला में मौजूद विशेषज्ञों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, अभियंताओं, स्वयंसेवी और गैर-सरकारी संगठनों से कहा कि इस गर्मी में सभी लोगों ने महसूस किया होगा कि जल संरक्षण क्यों जरूरी है।नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भी गंभीरता से इसे महसूस कर वर्षा जल और भू-जल संवर्धन का अभियान मिशन मोड पर शुरू कर रही है। इसमें सभी शहरवासियों की सहभागिता जरूरी है। कार्यशाला में हाइड्रोलॉजिस्ट्स, कॉलोनाइजर्स, उद्योग समूह और राज्य शासन के विभिन्न विभागों ने भू-जल और वर्षा जल के प्रभावी संवर्धन पर चार घंटे तक संवाद किया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव और भारत के वाटरमैन के नाम से प्रसिद्ध राजेन्द्र सिंह ने ओपन सेशन (ह्यद्वठ्ठ स्द्गह्यह्यद्बशठ्ठ) में प्रतिभागियों के सवालों के जवाब भी दिए।



## प्रादेशिकी का शेष...

### सुशासन तिहार पर केन्द्रित सांस्कृतिक ...

शासन की योजनाओं के बारे में जानने-समझने के लिए क्विज स्पर्धा को अच्छा माध्यम है। वहीं नागरिकों ने सरकार की योजनाओं की जानकारी को आम लोगों तक पहुंचाने हेतु उक्त कार्यक्रम को सार्थक पहल बताया। इस मौके पर जनसंपर्क विभाग के उप संचालक कमल बघेल, चंद्र शेखर कश्यप सहित बादल संस्था के छात्र और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधी तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### जलनी माता मंदिर प्रांगण में आयोजित ....

शिविर जगह-जगह आयोजित किया जा रहे हैं। सुशासन तिहार के अंतर्गत कई ऐसे प्रकरण है जिनका तवरित निराकरण भी किया जा रहा है। अपनी आवश्यकातों को लेकर लोगों ने जो समस्याएं रखी थी उसके अनुरूप उनका समाधान किया जा रहा है। बड़े ही संवेदनशीलता व गंभीरता के साथ अनेक प्रकरण का निराकरण समाधान शिविर में ही किया जा रहा है। आज के शिविर में महापौर संजय पाण्डे, निगम स्पीकर खेमसिंह देवांगन, पूर्व महापौर सफीरा साहू, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा, सुरेश गुप्ता, योगेंद्र पाण्डे, संग्राम सिंह राणा, राणा घोस, संजय विश्वकर्मा, कलावती कसेर, पार्षद नरसिंह राव, श्याम सुंदर बघेल, संतोष गौर, नेहा ध्रुव, श्वेता बघेल, गायत्री बघेल, पूनम सिन्हा, आशा साहू, उर्मिला यादव, बसंती समरथ, मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, राजपाल कसेर, रितेश सिन्हा, बीजुली वैद्य, शशि नाथ पाठक, वीरेन्द्र जोशी, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मनरेगा जॉब, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र पाकर हितग्राहियों के चेहरे पर आई खुशी

**आरंग,** 26 मई (देशबन्धु)। सोमवार को आदर्श ग्राम पंचायत फरफौद सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में 11 ग्राम पंचायत की सहभागिता के साथ समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने क्षेत्र वासियों को समाधान शिविर की बधाई देते हुए कहा कि सुशासन का उद्देश्य सरकार का जनता के प्रति जवाबदेह होना व पारदर्शिता है जिससे आम नागरिकों के चेहरे पर खुशी एवं संतुष्टि का भाव हो तथा प्रत्येक नागरिक का विकास सुनिश्चित हो, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने आते ही पहला काम प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने का किया और अब प्रत्येक नगरीय निकाय व ग्राम पंचायत की छोटी बड़ी समस्याओं को शिविर के माध्यम से न केवल निराकरण किया जा रहा है अपितु जनमानस के साथ संवाद से सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर नवीन अग्रवाल ने लोगों को प्रेरित किया कि वे समस्याओं के निराकरण के लिए जागरूक बने और शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाए।



वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुमार सिंह लहरे एवं तहसीलदार सीता शुक्ला के निर्देशन में प्रत्येक शासकीय विभाग ने प्राप्त आवेदनों पर निराकरण की कार्यवाही को मंच पर साझा किया एवं प्राप्त आवेदन 6446 मांग व 79 शिकायत पर निराकरण की कार्यवाही से अवगत कराया गया। इस अवसर पर अन्य अतिथियों में जनपद उपाध्यक्ष रविंद्र रिंकू चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर, जनपद सदस्य प्रीतम साहू,भाजपा मंडल अध्यक्ष आरंग देवनाथ साहु, जनपद पंचायत सभापति अमर मांडले एवं जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुरली साहू एवं महेश साहू ,गोविंद साहू, नीरज चंद्राकर, के के भारद्वाज आदि की उपस्थिति रही। इस समाधान शिविर में अतिथियों ने हितग्राहियों को स्प्रेयर किट,सब्जी बीज किट,आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, बालिका स्वच्छता किट, अन्नप्राशन किट, ड्राइविंग लाइसेंस ट्राईसाईकिल बैसाखी,मत्स्य जाल आदि का वितरण किया जिससे हितग्राहियों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी तथा शिविर में ग्राम वासियों ने निशुल्क टीबी बीमारी परीक्षण, एक्सरे सुविधा का भी लाभ उठाया एवं सत्य साइ संजीवनी हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क सेवाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में अधिकारी गण एडिशनल सीईओ मारुति राव, नायब तहसीलदार गजानन सिदार, बीआरसीसी एम एन वर्मा, रोजगार अधिकारी लारी सर, महिला बाल विकास ऋषि बंजारे, शशांक नायक, एस के शर्मा, शिविर नोडल हरीश साहू,प्राचार्य गण अंजेला बखला,रूपेंद्र चंद्राकर आदि एवं मंच संचालन टीम शिक्षक अरविंद वैष्णव, महेंद्र पटेल, भूषण जलक्षत्रि, संकुल समन्वयक गण हरीश दीवान,सुरेंद्रचंद्र सेन, प्रफुल्ल मांझी, प्रदीप चंद्राकर, भास्कर प्रसाद यादव एवं सरपंच गण प्रिया पंकज चंद्राकर, महेश्वरी पटेल, ज्योति जोशी, रेवती पुरुषोत्तम सोनवानी ,सूरज निषाद, दिनेश कुमार गिलहरे, लक्की कोसले, हेमंत लहरी, ओमप्रकाश लोधी, भेषण साहू, नंदू कुमार चंद्राकर एवं राकेश चंद्राकर, मनीराम आडील, नेतराम चंद्राकर, रामाधार चंद्राकर, हिम्मत चंद्राकर ,गोविंद चंद्राकर, पंच गण आदि एवं रोजगार सहायक, पंचायत सचिव गण सहित 11 ग्राम पंचायत फरफौद, छतौना, अकोलीखुर्द, कलई, भोथली, रसनी, घोट , गुखेरा, जरोद, बोरिद, बोडरा के ग्राम वासियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## सुशासन का अर्थ जनता के चेहरे पर खुशी : गुरु खुशवंत

# नक्सल पीड़ितों और समर्पितों के लिए सरकार की पहल



■ झोड़ियाबाड़म में 38 पक्के आवास के लिए भूमिपूजन
■ नक्सलवाद के खात्मे के बीच सम्मानपूर्ण जीवन का वादा

**दंतेवाड़ा,** 26 मई (देशबन्धु)। जिले के गीदम विकासखंड के ग्राम पंचायत झोड़ियाबाड़म में आज एक ऐतिहासिक पहल के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 38 आत्मसमर्पित, नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए पक्के मकानों का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सरपंच सहित कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पंचायत झोड़ियाबाड़म अन्तर्गत 11 हेक्टेयर की भूमि में आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सली पीड़ित परिवारों के लिए मूलभूत सुविधा युक्त मॉडल स्वरूप में आवासीय पक्के मकान बनाए जाएगें। इस अवसर पर आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी द्वारा विधि विधान से भूमि की पूजा कर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने अपनी बात रखते हुए इस योजना को क्षेत्र के विकास और शांति स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक ने कहा, यह हम सबके लिए खुशी का अवसर है कि बांगापाल और कारली ग्रामों के आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सली पीड़ित परिवारों के 38 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पक्के मकान मिल रहे हैं। यह न सिर्फ एक घर है, बल्कि उनके जीवन में स्थायित्व और सुरक्षा का प्रतीक भी है। मौके पर विधायक ने सभी लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए सरकार का आभार प्रकट किया। इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री का यह सपना है कि हर गरीब को उसका पक्का घर मिले। आज जो मकान इन पीड़ित परिवारों को दिए जा रहे हैं, वह उनके जीवन में स्थिरता, सम्मान और सुरक्षा की भावना को और मजबूत करेंगे।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने इस दौरान कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार, आत्मसमर्पित नक्सल पीड़ित परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने बताया, जिस दिन कोई नक्सली आत्मसमर्पण करता है, उसी दिन से उसे शासन की समस्त योजनाओं का लाभ देने की व्यवस्था की जा रही है। इनमें राशन कार्ड, आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, बस पास, श्रम कार्ड पंजीयन, कौशल विकास, आयुष्मान कार्ड जैसी आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं। कलेक्टर श्री दुदावत ने यह भी बताया कि इन 38 पक्के मकानों को ग्राम झोड़ियाबाड़म में एक मॉडल क्लस्टर के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन मकानों के साथ-साथ आजीविका के साधनों के लिए मुर्गी पालन, बकरी पालन, सूकर पालन एवं सब्जी उत्पादन हेतु अलग से भूमि प्रदान की जाएगी। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, जनपद पंचायत सीईओ बलराम ध्रुव सहित अन्य अधिकारी ओर प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही मौजूद थे।

# आरोपियों के खिलाफ की गई कार्रवाई

**कोण्डागांव**, 26 मई (देशबन्धु)। थाना अनंतपुर पुलिस द्वारा दिगर राज्य उड़ीसा से अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन करने वाले आरोपियों के खिलाफ 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से 24.600 लीटर कीमती 13840 रूपये एवं एक मोटर सायकल को जप्त किया गया है।



13840 रुपए का शराब एवं मोटर सायकल किया जप्त

25 मई को जरिये मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि उमरकोट (उड़ीसा) की ओर से कोण्डागांव बीजापुर की ओर एक मोटर सायकल क्र.सीजी 27 एल 8202 में कुछ व्यक्ति अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) रूपेश कुमार (रा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोमल प्रसाद राठौर के नेतृत्व में थाना अनंतपुर से पुलिस पार्टी ने मुखबीर के बताये स्थान पर जाकर नाकेबंदी की कार्यवाही किया। इस दौरान मोटर सायकल क्र. सीजी 27 एल 8202 आता दिखाई दिया, जिसे बीजापुर नाका के पास रोका गया, उक्त मोटर सायकल में दो व्यक्ति बैठे थे, बीच में बोरी एवं दो कार्टुन में शराब रखे हुए थे। उक्त शराब रखने एवं परिवहन करने के संबंध में नोटिस दिया गया, दस्तावेज पेश नहीं किया गया। तब मोटर सायकल क्र.सीजी 27 एल 8202 में बैठे आरोपी संजय पिता रायधर मरकाम 27 वर्ष एवं मंगियाराम पिता दुखुराम नेताम 22 वर्ष दोनों साकिन बड़ेसिलाटी पुजारीपारा थाना अंनतपुर जिला कोण्डागांव के कब्जे से 24 नग हंटर केन बीयर, 67 नग आफिसर च्वाईस, जुमला 24 लीटर 600 मि.ली. अंग्रेजी शराब किमती 13840 रूपये का अंग्रेजी शराब उड़ीसा राज्य निर्मित बरामद किया गया एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल हीरो स्प्लेण्डर सीजी 27 एल 8202 किमती 25,000 रूपये को जप्त किया गया। उक्त आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना स्टाफ अनंतपुर की भूमिका रही।

# दीगर राज्य के लिए हो रहे रेत के अवैध खनन व परिवहन पर कार्रवाई हो : सीपीआई

**कोण्डागांव**, 26 मई (देशबन्धु)। जिले से दीगर राज्य के लिए हो रहे रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर कार्यवाही करने की मांग करते हुए सीपीआई के राज्य परिषद सदस्य तिलक पांडे ने कहा कि भाजपा षासनकाल में जगह-जगह गौण खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन का कार्य जोर-षोर से हो रहा है। यह स्थिति छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग सभी जिलों सहित कोण्डागांव जिले में भी नजर आ रहा है। जिले के नदी-नालों से रेत माफिया बड़े पैमाने पर रेत का अवैध खनन एवं परिवहन बेधड़क होकर करते नजर आ रहे हैं, लेकिन वहीं गौण खनिज के अवैध खनन और परिवहन को रोकने के लिए जिले में तैनात खनिज विभाग के आधिकारीगण अपनी आंखों में पट्टी बांधे बैठे हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि गौण खनिज के अवैध खनन और परिवहन के कारोबार को भाजपा का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने दावा किया कि जिले में कई नदी-नालों से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन कर, रेत के तस्कर बड़े पैमाने पर पड़ोसी राज्य उड़ीसा भेज रहे हैं। तिलक पांडे ने आरोप लगाया कि इस अवैध कारोबार की शिकायतें कई बार प्रशासन और संबंधित विभागों को दी गई है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। वहीं रेत माफिया पूरी तरह बेखौफ होकर काम कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें सत्तारूढ़ दल के नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने यह भी कहा कि नदी-नालों से अंधाधुंध रेत का दोहन करने पर पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, साथ ही स्थानीय लोगों को भी रेत की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। सीपीआई राज्य परिशद् सदस्य ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र ही रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर रोक नहीं लगाया तो पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करेगी। राज्यपाल एवं मुख्य मंत्री को अवगत कराकर मामले में हस्तक्षेप कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग करेगी है।



# अजजा-अजा एवं अन्य पिछडा वर्ग के विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति देने हेतु ऑनलाईन पंजीयन सूचना

**जगदलपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। बस्तर जिले में संचालित शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों सहित विश्वविद्यालय, इजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पोलीटेक्निक आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तहत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति से लाभान्वित किए जाने हेतु आदिवासी विकास विभाग द्वारा पंजीकरण सम्बन्धी सूचना जारी किया गया है। उक्त शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत सम्बन्धित वर्गों के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं वे शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृत एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट द्धह्लह्लश्च//श्चशह्यह्ल-द्वड्डह्लह्म्द्बष्-ह्यष्द्धशद्यड्डह्म्ह्यद्धद्बश्च.ष्द्द.द्दश्र1.द्बठ्ठ/ पर ऑनलाईन पूरी करवा सकते हैं। विद्यार्थियों को उनके आधार सीडेड बैंक खाते में भुगतान 07 कार्य दिवस में प्राप्त होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जाएगा एवं ड्राफ्ट प्रस्ताव और स्वीकृति आदेश लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रहने पर सम्बन्धित संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे। छात्रवृत्ति निर्धारित पात्रता के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के पालक की आय सीमा ढाई लाख रुपए प्रतिवर्ष तथा अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय सीमा एक लाख रुपए प्रतिवर्ष होना चाहिए। वहीं सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ के मूल निवास प्रमाण पत्र और विद्यार्थी के अध्ययनरत पाठ्यक्रम के विगत परीक्षा परिणाम सलंग्न होना आवश्यक है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से मिली जानकारी के अनुसार इन वर्गों के विद्यार्थियों को पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतएव सभी विद्यार्थियों को अपने सक्रिय एवं आधार सीडेड बैंक खाते की प्रविष्टि आनलाईन आवेदन करते समय सुनिश्चित करना जरूरी है। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को एनएसपी पोर्टल से वन टाईम रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना आवश्यक है। इस हेतु राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में प्रदाय निर्देशों का अवलोकन किया जा सकता है। साथ ही नवीन संस्था के संस्था प्रमुख एवं संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी का बायोमेट्रिक आथौन्टीकेशन किया जाना अनिवार्य है।

# विवि कार्य परिषद की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

10 से अधिक प्राध्यापकों की भर्ती पर सदस्यों ने दी सहमति

**जगदलपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शनिवार को कार्यपरिषद की 58वीं बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य बात यह रही कि विवि की स्थापना के बाद दस से अधिक प्राध्यापकों के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती किए जाने के लिए सदस्यों में सहमति बनी। जिन दस एसोसिएट प्रोफेसर्स के नाम पर सहमति बनी उसमें दो बस्तर की महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त राज्य भर के पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्त करने का फैसला इन्हीं सदस्यों ने लिया। इस निर्णय से विवि प्रबंधन पर नियम विरुद्ध भर्ती किए जाने के आरोपों पर भी विराम लग गया है। बैठक में दो सौ शैक्षणिक सहित 165 अशैक्षणक रिक्त पदों पर भर्ती के लिए सहमति बनाते हुए आरक्षण रोस्टर पर भी सदस्यों ने हामी भरी है। इन पदों पर भर्ती के लिए इसी माह के अंतिम सप्ताह तक विवि विज्ञापन जारी कर सकता है। कार्य परिषद की बैठक में गीदम स्थित नवीन आदर्श कालेज का नाम वीरांगना मासक देवी नाग के नाम पर करने निर्णय लिया गया। फारेस्ट्री एवं वाइल्ड लाइफ की शोधार्थी बुसरा अली सिद्दिकी को पीएचडी दिए जाने कुलपति ने अनुमोदन दिया। इसी क्रम में आदिवासी लोक कला एवं आदिवासी बोली राष्ट्रीय शोध केंद्र में सह-प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति के लिए न्यूनतम अहर्ता पर विचार हुआ। कार्यपरिषद की बैठक में कुलपति मनोज कुमार श्रीवास्तव, विधायक किरण देव, लता उसेंडी, नीलकंठ टेकाम, चैतराम अटामी, सरला आत्रम, बुधरी ताती, मुकेश चांडक, अजय सिंह बैस, डा एसके पांडेय, राजीव शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। प्राध्यापकों के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती में जो चयनित हुए है उनमें फारेस्ट्री एंड वाइल्ड लाइफ में मक्सूदन, रूरल टेक्नालॉजी में दुर्गेश डिक्सेना, सोशल वर्क में तुलिका शर्मा, डिगेश्वर साहू, अनुष्का आतरम, बिजनेस मैनेजमेंट में रश्मि देवांगन, शिवम सोनवानी, कम्प्यूटर एप्लीकेशन में राजेश्वर प्रसाद, तेजबहादुर चंद्रा, राजेश्वर नेताम शामिल हैं। सूची में बस्तर से दो महिला व अन्य छग के विभिन्न क्षेत्रों से हैं।

# राज्य पुरस्कार प्राप्त लौह शिल्पकार तातीराम विश्वकर्मा पड़े बीमार

**कोण्डागांव**, 26 मई (देशबन्धु)। राज्य पुरश्कार प्राप्त लौह शिल्पकार तातीराम विश्वकर्मा के बीमार होने तथा चिकित्सा हेतु शासन से सहायता का इंतजार कर रहे होने की बात सामने आयी है। हस्तशिल्प के विभिन्न विधाओं से जुड़े जिले के शिल्पकारों के प्रति संवेदनषील शिल्पकला प्रेमी से मिली जानकारी के अनुसार राज्य पुरश्कार प्राप्त लौह शिल्पकार तातीराम विश्वकर्मा इन दिनों बीमार चल रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि चिकित्सा हेतु षासन से कुछ सहायता प्राप्त हो जाए। षिल्पकला प्रेमी ने बताया कि लौह हस्तशिल्पि तातीराम विश्वकर्मा ने अपने अद्भुत एवं अद्वितीय सिद्धहस्त लौह शिल्पकला से अनेक कलाकृतियों को निर्मित करके राज्य स्तर पर अपने साथ-साथ कोण्डागांव जिले का नाम भी रोषन कर चुके हैं। तातीराम विश्वकर्मा की लौह हस्तशिल्पकारी में सिद्धहस्ता इतनी गहरी एवं मंझी हुई है कि देष के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भी इन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते-पहचानते हैं तथा इन्हें हस्तशिल्प के प्रदर्शनी-सह-विक्रय आयोजन में देखकर नाम से संबोधित कर चुके हैं। इतना ही नहीं छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल के.एम.सेठ सपरिवार अपने कोण्डागांव जिले में प्रवास के दौरान इनके निवास विकास खंड व जिला कोंडागांव के ग्राम किड़ईछेपड़ा ग्राम पंचायत डोंगरीगुड़ा में भ्रमण कर चुके हैं और जहां षिल्पकार तातीराम ने उन्हें लुहा घाना में लोहा पत्थरों (कच्चा लोहा) से शुद्ध लोहा निकालने की परंपरागत तकनीकी/विधि से लोहा निकालने का जीवंत प्रदर्शन करके भी दिखाया था। ज्ञात हो कि विलुप्तप्राय तथा हाशिए पर जीवंत लौह हस्तशिल्प भारतवर्ष में अन्यत्र कहीं विद्यमान नहीं है। विश्व के चुनिंदा स्थानों पर ही यह विधा है। किंतु कोंडागांव लौह हस्तशिल्प की बात ही निराली है। खेद का विषय है कि अविभाजित मध्यप्रदेश में राज्य पुरस्कार विजेता तातीराम विश्वकर्मा वर्तमान में बीमार हैं, उनका स्वास्थ्य अत्यंत चिंताजनक है, उन्हें त्वरित विशेष शासकीय उच्च स्तरीय चिकित्सा की नितांत आवश्यकता है। लेकिन जिले में हस्त षिल्पकारों के उत्थान हेतु संचालित शिल्प विकास विभाग को लौह हस्तषिल्पी तातीराम विश्वकर्मा के वर्तमान हालात से कोई मतलब हो, ऐसा प्रतित नहीं होता?






चिकित्सा हेतु शासन से सहायता का कर रहे इंतजार

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर होंगे महिलाओं के लिए विविध कार्यक्रम

**कोण्डागांव,** 26 मई (देशबन्धु)। अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर महिलाओं के लिए विविध कार्यक्रम का निःशुल्क आयोजन गर्ल्स स्कूल कोण्डागांव में 28 मई को होने की मिली जानकारी के अनुसार अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती के अवसर पर महिलाओं के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन गर्ल्स स्कूल कोण्डागांव में 28 मई बुधवार दोपहर 3 बजे से रखा गया है। इस दौरान भव्य आनंद मैला, रंगोली, मेहंदी, लोकनृत्य, सलाद, दुल्हन मेकअप, भाषण आदि प्रतियोगिताओं के साथ-साथ रस्साकसी एवं कुर्सी दौड़ आदि सामूहिक खेल का भी आयोजन किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले के साथ-साथ जो भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, सभी के लिए कूपन दिया जाएगा और बम्पर लक्की ड्रॉ निकाला जाएगा। आयोजकों के द्वारा अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया गया है।




गर्ल्स स्कूल कोण्डागांव में कल


**रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें-**

1.भाषण- लक्ष्मी देवांगन 9039403499, गीता नेताम 8827275289, 2.दुल्हन मेकअप- मोनिका कुर्रे- 9589561606, 3.महेंदी- सुनिता नेताम 6266733192, माधुरी सोम 6266151676, 4.रंगोली- दिव्या यदू 7723889222, पायल देवांगन 9340935345, रश्मि शर्मा 8839191010, 5. सलाद प्रतियोगिता- सेफाली 9340347275, ननकी वैष्णव 7470958582, 6.लोकनृत्य- कुन्ती नेताम 9424252011, 7.आनंद मेला-प्रियंका श्रीवास्तव 7000520934, अरूणा सिन्हा 9691376654, गुरनीत कौर 9981755856, 8.पुष्प सज्जा- जयसलीन कौर 7999984647, 9.सामूहिक खेल रस्साकसी एवं कुर्सी दौड़ आदि के लिए। केवल महिलाओं के लिए आयोजित कार्यक्रम की जानकारी के लिए ईना श्रीवास्तव 916266-866704, सोनामणि पोयाम 91 79-74116720, बबली नाग 9175874 66016, सुषमा खोब्रागडे 99932 45570 से उनके उपरोक्त मोबाईल नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# कुछ राज्यों में फैल रही कोविड की स्थिति को देखते हुए लोगों से सतर्कता बरतने की अपील

**जगदलपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। देश के कुछ राज्यों में फैल रही कोविड की स्थिति को देखते हुए छ.ग. राज्य शासन के द्वारा 24 मई को विडियो कॉफेसिंग के द्वारा कोविड के सम्बंध में सतर्क करते हुए जिलों की स्थिति का जायजा लिया गया। साथ ही कोविड सम्बधी लॉजीस्टीक एवं दवाईवों की उपलब्धता की जानकारी ली गई। समस्त मु.चि.एवं स्वा. अधिकारियों को कोविड से बचाव हेतु पूरी तैयारी किये जाने हेतु आदेशित किया गया है। इसी तारतम्य में बस्तर जिला मु.चि.एवं स्वा. अधिकारी डॉ संजय बसाक द्वारा क्षेत्र की जनता से अपील कि गयी है, कि भीड़ भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचे, सर्दी जुखाम होने पर नजदिकी स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर अपना उपचार करवायें, तथा नियमित रूप से हायों की सफाई करते रहे।

# आज योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का प्रथम नगर आगमन



**जगदलपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का बस्तर जिला में योग आयोग के अध्यक्ष बनने के बाद जगदलपुर नगर में प्रथम आगमन 27 मई मंगलवार को रात्रि 8.30 बजे विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) में होने जा रहा है। योग आयोग से प्राप्त दौरा कार्यक्रम अनुसार रूपनारायण सिन्हा रात्रि 8.30 बजे जगदलपुर पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम जगदलपुर के स्थानीय विश्राम गृह में होगा। दूसरे दिन 28 मई बुधवार को जगदलपुर नगर के योग मित्र मण्डल द्वारा योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के प्रथम जगदलपुर आगमन के अवसर पर प्रातः 6.30 बजे से शांतिनगर स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण पर बने मण्डप में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें रूपनारायण सिन्हा योग आयोग के अध्यक्ष का योग के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यह जानकारी देते हुए स्थानीय योग मित्र मण्डली के संयोजक बी जयराम ने बताया कि कि रूपनारायण सिन्हा पूर्व में आर एस एस के प्रचारक रहे हैं। भारतीय किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री के बाद भाजपा के बस्तर एवं बिलासपुर संभाग के संगठन मंत्री समेत अनेक दायित्वों में रहे हैं। योग मित्र मण्डली स्थानीय नगरवासियों से आग्रह करते है जो योग से जुड़े योगियों, आचार्यों, सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र के महानुभावों एवं सभी वर्गों एवं योगाचार्यों, गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों, गायत्री परिवार, विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, ब्रम्हकुमारीज, एवं सर्व समाज से उन्होंने अपील की है कि इस अवसर पर उपस्थिति होकर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाएं।

# शामपुर में समाधान शिविर का आयोजन, 86 हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

**कोण्डागांव**, 26 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार-2025 के तीसरे चरण में 26 मई को माकड़ी विकास खंड के ग्राम शामपुर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष व कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। उक्त शिविर में क्लस्टर अंतर्गत ग्राम शामपुर, कावरा, करमरी, बवई, छोटे सलना, मारागांव, मांझीबोरण्ड, बाडरा, केरावाही और हाडीगांव सहित कुल 10 गांव के ग्रामीणजन सम्मिलित हुए। शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य शासन की पहल सुशासन तिहार के तीसरे चरण में जन समस्याओं के समाधान और शासकीय योजनाओं से उन्हें लाभान्वित करने के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में केन्द्र एवं राज्य सरकार कई जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। विधायक सुश्री उसेण्डी ने शिविर में कई ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहीमूलक सामाग्री भी प्रदाय किया। इसमें जनपद पंचायत द्वारा 12 हितग्राहियों को सामाजिक पेंशन स्वीकृति, 29 राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 18 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को धान बीज और सहकारिता विभाग द्वारा 07 कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड, उद्यानिकी विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को सब्जी बीज और जैविक खाद का वितरण शामिल है। समाधान शिविर में जल संरक्षण हेतु प्रत्येक घर में वाटर हार्वेस्टिंग की संरचना लगवाने, पानी के मूल्य को समझते हुए जल के अपव्यय को रोकने और पारंपरिक जल स्त्रोत्रों की साफ-सफाई और संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई गई। इस अवसर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रदमा बघेल व श्रीमती भगवती नेताम, जनपद अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, उपाध्यक्ष बैशाखु कोर्राम, दीपेश अरोरा सहित जनपद सदस्यगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम अजय उरांव तथा कलस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायतों के सर्व सरपंच, पंच एवं ग्राम के वरिष्ठजन उपस्थित थे।



# मेडिकल स्टोर्स में लगे सीसीटीवी कैमरों की हुई जांच

**कोण्डागांव,** 26 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले में स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी दवाईयों के अवैध व्यवसायियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये सहायक औषधि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन कोण्डागांव के नेतृत्व में औषधि विभाग द्वारा माकडी एवं बडेराजपुर ब्लॉक में संचालित कुल 14 मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी कैमरा सक्रिय स्थिति में पाया गया, साथ ही बांसकोट में संचालित पूजा मेडिकल स्टोर में शेड्यूल एच1 एवं अन्य दवाईयों के खरीदी-बिक्री दस्तावेजों के जांच में अनियमितता मिलने पर मेडिकल संचालक को लापरवाही बरतने के लिये नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं अन्य जांच में दवाईयों की गुणवत्ता जांच के लिये कोण्डागांव शहर में संचालित शिवांमृता मेडिकल स्टोर से टेलिस्टा 20 नामक दवाई को राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया एवं बुस्कोगास्ट इंजेक्सन को ओवर प्राईज के कारण राज्य के प्राईज मॉनिटरिंग रिसोर्स यूनिट में अग्रिम कार्यवाही के लिये भेजा गया है। औषधि निरीक्षक द्वारा सभी मेडिकल संचालकों को दवाईयों से संबंधित समस्त दस्तावेजों को नियमानुसार संधारित करने एवं नार्कोटिक, एमटीपी किट जैसे दवाईयों को पजीकृत डॉक्टर के प्रिस्क्रीप्सन के बिना विक्रय न करने के निर्देश दिये गये हैं।



■ नार्कोटिक दवाईयों के अवैध व्यवसायियों पर नियंत्रण हेतु
■ दस्तावेज अनियमितता के कारण पूजा मेडिकल को नोटिस जारी

संपादकीय

## अनावश्यक व्यायाम से बचें

*निश्चित रूप से व्यायाम और खेलकूद शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिये अच्छा है। यह किसी भी रूप में हो, व्यक्ति को चुस्त-दुरुस्त रखता है। हर उम्र में तथा ज़रूरत के लिहाज से सभी लोगों को टहलने, तेज़ चलने, दौड़ लगाने या खेलों के जरिये शरीर को तंदुरुस्त रखना चाहिये। बेशक, हाल के वर्षों में शारीरिक फिटनेस के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है। अब लोग नियमित रूप से पार्क या गार्डन में चहलकदमी करते, दौड़ लगाते, पार्क या जिम में व्यायाम के उपकरणों का उपयोग करते, योगाभ्यास करते दिख जाते हैं। बहुत से ऐसे भी हैं जो इनडोर या आऊटडोर गेम खेलते हैं। क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस आदि लोकप्रिय खेल हैं। लड़कियां और महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। वे भी स्वस्थ रहना चाहती हैं जो बहुत अच्छी बात है। यहां तक कि बहुत सी गृहणियां भी समय निकाल कर अपने स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिये विविध उपाय करती हैं।*

*इसका दूसरा पहलू भी है। हाल के वर्षों में, खासकर 2019 में आये कोरोना के बाद अचानक मौतों की घटनाएं बहुत हो रही हैं। शादी-ब्याह या ऐसे ही किसी समारोह में हंसते-नाचते हुए लोगों की मृत्यु हो रही है। इतना ही नहीं, कोई कसरत के दौरान ट्रेड मिल का उपयोग करते या वेट लिफ्टिंग करता हुआ अचानक मौत का शिकार हो रहा है। अच्छे-खासे चलते-फिरते लोग भी मौत के मुंह में समा रहे हैं। देश के विभिन्न इलाकों से इस प्रकार की अनेक घटनाओं के वीडियो सामने आ रहे हैं। ऐसा नहीं कि ये उम्रदराज लोग हों। युवा भी इसके शिकार हो रहे हैं जिनकी उम्र 30 से 40 वर्ष की ही होती है।*

*रायपुर के सप्रे शाला में बने बैडमिंटन कोर्ट में ऐसा ही हादसा हुआ। भिलाई के सेक्टर-4 में रहने वाले 35 वर्षीय हिमांशु श्रीवास्तव रायपुर की एक प्राइवेट कम्पनी में मैनेजर थे। उन्हें लगभग 10 वर्ष पूर्व माइनर हार्ट अटैक आया था। वे अपने को फिट रखने के लिये कुछ समय बैडमिंटन खेलते थे। शुक्रवार को लगभग पौन घंटे खेलकर जब वे आराम करने के लिये बैठे, अचानक मुंह के बल पर गिर गये और उनकी तत्काल मौत हो गयी। इसका एक कारण यह बताया जाता है कि कोरोना के संक्रमण से बचने के लिये जो टीके लगाये गये थे उसके कारण लोगों का खून गाढ़ा हो गया है। यह खून की क्लाटिंग कर रहा है। इससे हार्ट अटैक व ब्रेन हैमरेज के मामले बढ़ गये हैं। यह इतना अचानक होता है कि किसी के पास कुछ करने का अवसर तक नहीं रह जाता। ज्यादातर मामलों में कुछ ही मिनटों में सब कुछ हो जाता है। इसलिये उतना ही व्यायाम करें जितना शरीर सह सके। अनावश्यक, लम्बे और कड़े व्यायाम टालें। विशेषज्ञों की उपस्थिति और उनकी सलाह के अनुसार व्यायाम करने चाहिये।*

उल्टा पुल्टा

पत्नी- बहुत मोटे हो गए हो तुम।
पति- तुम भी तो कितनी मोटी हो गई हो।

पत्नी- पर मैं तो मां बनने वाली हूं।
पति- तो मैं भी तो बाप बनने वाला हूं।

# मेकाहारा अस्पताल में पत्रकारों के साथ मारपीट करने वाले बाउंसरों का पुलिस ने निकाला जुलूस




**रायपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। राजधानी के मेकाहारा अस्पताल में पत्रकारों के साथ मारपीट मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आज जयस्तंभ चौक से सभी आरोपी बाउंसरों का शहर में जुलूस निकाला गया। इस दौरान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मेकाहारा में पत्रकारों को चाकूबाजी से पीड़ित वर्ग की रिपोर्टिंग करने से रोका गया। अस्पताल में जब बाउंसर सप्लाई करने वाली एजेंसी का संचालक वसीम पिस्तौल लेकर अस्पताल पहुंचा तो विवाद बढ़ा। वसीम अपने 3 बाउंसर के साथ मिलकर पत्रकारों को धमकाने लगा।पुलिस की मौजूदगी में उसने महिला सुरक्षाकर्मियों को अस्पताल के गेट से बाहर निकालकर पत्रकारों की ओर धकेलना शुरू किया। अस्पताल के गेट पर ही पुलिस ने रिपोर्टरों को रोका। सभी पत्रकार बाउंसर के खिलाफ कार्रवाई की मांग लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे लगभग 3 घंटे बीद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो सभी पत्रकारों ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर दिया।

**मेकाहारा अधीक्षक ने मांगी माफी**

पत्रकार धरने पर बैठे तो मौके पर रायपुर के एस एस पी डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह भी पहुंचे। पत्रकारों ने कहा कि अंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक स्वयं यहां आए और घटना को लेकर कार्रवाई की जानकारी दें। इसके बाद अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर सीएम हाउस गेट के पास पहुंचे। उन्होंने दुर्व्यवहार को लेकर माफी मांगी. उन्होंने कहा कि अस्पताल की सुरक्षा में लगी कॉल मी सर्विस के टेंडर को निरस्त करने की अनुशंसा को लेकर सरकार को पत्र लिखेंगे। धरने में बैठे रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने फोन पर बातचीत की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पत्रकारों को इस तरह से धमकाने वाले लोगों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा, इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी. स्वास्थ्य मंत्री से कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद देर रात पत्रकारों ने धरना प्रदर्शन को स्थगित किया।

## 'कॉल मी सर्विस' पर गिरेगी गाज

राजधानी के डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल (मेकाहारा) में रविवार देर रात बाउंसरों द्वारा पत्रकारों के साथ की गई बदसलूकी और मारपीट के मामले में अब प्रशासनिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने रायपुर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी को पत्र लिखकर विवादित सुरक्षा एजेंसी च्कॉल मी सर्विसज् के ठेके को तत्काल निरस्त करने की सिफारिश की है।

डॉ. सोनकर ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि प्राइवेट ठेका कंपनी द्वारा तैनात सुरक्षा कर्मियों की वजह से हुई घटना से अस्पताल की छवि को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के साथ हुई घटना बेहद दुर्भाग्यजनक है और इससे अस्पताल प्रशासन की भी किरकिरी हुई है।

डॉ. सोनकर ने बताया कि रविवार देर रात पत्रकारों के प्रदर्शन के दौरान उन्होंने खुद मौके पर पहुंचकर संवाददाताओं से बातचीत की थी और कार्रवाई का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा, च्मैंने आज सुबह कार्यालय खुलते ही डीन को पत्र भेजकर ठेका निरस्त करने की सिफारिश की है।ज्

**राज बोथरा की है कंपनी**

'कॉल मी सर्विस' ठेका कंपनी जहां-जहां संचालित है, वहां-वहां विवाद आम बात हो गई है। यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी अलग-अलग मामलों में इस कंपनी को नोटिस जारी हुए हैं लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कुछ समय पहले स्वास्थ्य मंत्री मेकाहारा के औचक निरीक्षण पर पहुंचे थे, तब 'कॉल मी सर्विस' की लापरवाही उजागर हुई थी और कंपनी को नोटिस जारी किया गया था।

**राजधानी के इन अस्पतालों में चल रहा है कंपनी का ठेका**

'कॉल मी सर्विस' डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल, दाऊ कल्याण सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, जिला अस्पताल पंडरी, जिला प्रसव अस्पताल कालीबाड़ी और एम्स में संचालित है। इन सभी जगहों पर इस कंपनी का विरोध हो चुका है। इन संस्थानों में नोटिस झेल चुकी यह कंपनी कांग्रेस शासनकाल में ठेका पाने के बाद अब भाजपा शासन में भी एक्सटेंशन पर संचालित की जा रही है, जो कि चौंकाने वाली बात है।

पत्रकारों से मारपीट के इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपी बाउंसरों को गिरफ्तार कर विधानसभा थाना में रखा था। इन बाउंसरों के आधे सिर मुंडवाकर जुलूस भी निकाला गया, जिससे यह मामला और गरमा गया। अब देखना होगा कि डीन इस सिफारिश पर कितनी जल्द कार्रवाई करते हैं और क्या इस ठेका एजेंसी पर पूरी तरह से बैन लगाया जाएगा। पत्रकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन तेज करेंगे।

## अस्पताल के बाउंसर से पिस्टल और 22 गोलियां जब्त, पुलिस भी हैरान

**सुरक्षा एजेंसी के ठेकेदार की भी पड़ताल**

अंबेडकर अस्पताल में मीडियाकर्मियों से दुर्व्यवहार और धक्का-मुक्की में जिन चार बाउंसरों वसीम अकरम, सूरज राजपूत, मोहन राव गौरी एवं जतीन गंजीर को गिरफ्तार किया गया है, उनमें से वसीम बाबू से एक पिस्टल और 22 गोलियां भी जब्त की गई हैं। अस्पताल की सुरक्षा में लगे बाउंसर के पास पिस्टल को लेकर पुलिस ने कड़ा रूख अपनाते हुए चारों आरोपियों पर आर्म्स एक्ट का केस ठोक दिया है, क्योंकि पुलिस के मुताबिक मीडियाकर्मियों से धक्का मुक्की के दौरान वसीम ने पिस्टल दिखाकर निपटाने की धमकी दी थी, ऐसा मीडियाकर्मियों की ओर से दर्ज एफ आई आर में कहा गया है। बाउंसर जिस कॉल में सर्विस के हैं, उन्हें अंबेडकर अस्पताल में सुरक्षा का ठेका लेने वाले ठेकेदार ने आउटसोर्स किया था। इसे भी ठेका नियमों का उल्लंघन करार देते हुए ठेकेदार की भूमिका शक के दायरे में है। हालांकि अस्पताल में उच्च स्तर पर यह भी चर्चा है कि ऊंची राजनैतिक पहुँच के कारण ठेकेदार पर आंच नहीं आएगी।

जिन मीडियाकर्मियों ने बाउंसरों पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट की है, वो एक न्यूज़ चैनल और एक न्यूज़ वेबसाइट के हैं, जिनका छत्तीसगढ़ में बड़ा कवरेज है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले चैनल के क्राइम रिपोर्टर और कैमरामैन को आरोपी बाउंसरों वसीम, सूरज, जतिन और मोहन ने रोककर धक्कामुक्की की, फिर वसीम ने पिस्टल दिखाकर धमकाया। रिपोर्टर की सूचना पर जब वेबसाइट तथा अन्य रिपोर्टर अस्पताल पहुंचे तो चारों ने उनके साथ भी वैसा ही व्यवहार किया और पिस्टल फिर निकाली गई। इस आधार पर पुलिस ने पिस्टल और गोलियां जब्त कर आर्म्स एक्ट का केस लगाया है। पुलिस पता लगा रही है कि पिस्टल लाइसेंसी है या नहीं। अगर लाइसेंसी भी निकली तो पुलिस कलेक्टर से अनुशंसा कर लाइसेंस रद्द करवाने की तैयारी में है।

# अभाविप राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की तीन दिवसीय बैठक 29 से रायपुर में



- भारत के वैश्विक संबंधों और समसामयिक विषयों पर होगा मंथन
- 478 से अधिक प्रतिनिधि होंगे शामिल

**रायपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक 29 से 31 मई तक राजधानी रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मंडपम सभागार में आयोजित की जाएगी। इससे पूर्व 28 मई को परिषद के विभिन्न आयामों और गतिविधियों से जुड़ी बैठकों का आयोजन होगा, जिसमें 250 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। तीन दिवसीय इस मुख्य बैठक में देश के सभी राज्यों से 478 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होने के लिए पहुचेंगे।

इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान शिक्षा, पर्यावरण, आंतरिक सुरक्षा, भारत के वैश्विक संबंधों और समसामयिक मुद्दों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा।बैठक का प्रमुख उद्देश्य देशभर में विद्यार्थी परिषद की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करना और राष्ट्रीय छात्र-युवा नीति में ठोस एवं सार्थक हस्तक्षेप की दिशा को सुनिश्चित करना है। इस आयोजन की शुरुआत 27 मई की शाम एक भव्य प्रदर्शनी के उद्घाटन से होगी। जिसमें उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह प्रदर्शनी दस प्रमुख विषयों पर केंद्रित रहेगी, जिनमें छत्तीसगढ़ का इतिहास, कला एवं लोक संस्कृति, भारतीय गणतंत्र के 75 वर्ष, ढोकरा आर्ट, मूर्ति कला और बस्तर आर्ट आदि विषयों को चित्रित किया जाएगा। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में अभाविप उनकी जन्मस्थली उलिहातु से पीतल के पात्र में मिट्टी लेकर इस बैठक में रायपुर ला रही है। यहां से वह मिट्टी देश के सभी प्रांतों में स्मृतिस्वरूप भेजी जायेंगी। 28 मई को नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।इस आयोजन में रायपुर के नागरिक भी शामिल होंगे। यह कार्यक्रम परिषद की सामाजिक सहभागिता, संवाद की परंपरा और राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ समरसता को दर्शायेगा।

**पांच प्रस्ताव होंगे पारित**

29 से 31 मई के दौरान आयोजित राष्ट्रीय बैठक में पांच प्रमुख प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। इनमें भारतीय सेना के पराक्रम 'ऑपरेशन सिंदूर' व 'ऑपरेशन कगार' के लिए अभिनंदन प्रस्ताव, कोचिंग संस्थानों में अवैध व मनमानी फीस वृद्धि पर नियंत्रण के लिए ठोस नीति निर्माण, केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपतियों के रिक्त पदों की शीघ्र नियुक्ति की मांग, आंतरिक सुरक्षा पर आधारित विमर्श, और भारत के वैश्विक संबंधों पर केंद्रित प्रस्ताव सम्मिलित हैं। इसके साथ ही मार्च महीने में द्वारिका, गुजरात में विचार बैठक में आए सुझावों पर भी व्यापक चर्चा होगी।

यह संपूर्ण आयोजन पर्यावरणीय अनुकूलता को ध्यान में रखकर किया जा रहा है।जिसमें सब्जियों के छिलकों से कंपोस्ट खाद तैयार की जाएगी, भोजन अपव्यय रोकने के लिए 'जीरो फूड वेस्ट' नीति लागू की गई है। परिषद के सेवा प्रकल्प सेवार्थ विद्यार्थी के माध्यम से बचा हुआ भोजन सेवा बस्तियों में वितरित किया जाएगा। लकड़ी के बुरादों से जूठे बर्तनों को साफ़ कर जल-संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा, वहीं गोधन से बने नेमप्लेट्स का उपयोग कर प्लास्टिक मुक्त आयोजन को मूर्त रूप दिया जायेगा।इस आयोजन के माध्यम से परिषद पर्यावरण के प्रति सजग, सामाजिक दायित्वनिष्ठ और नवाचारशील विद्यार्थी संगठन के रूप में अपनी भूमिका को और भी सशक्त बना रही है।

# समाधान शिविर में अनुपस्थित अधिकारियों पर तत्काल कार्यवाही करें : राजेश मूणत



- अधिकारी समाधान शिविर को गंभीरता से लेकर आमजनों को करें संतुष्ट : महापौर

**रायपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन अश्वनी नगर और शहीद संजय यादव उ.मा. शाला संजय नगर टिकरापारा में सुशासन तिहार समाधान शिविर लगाया गया। सुशासन तिहार समाधान शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर पूर्व केबिनेट मंत्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, दक्षिण विधायक सुनील सोनी, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड, आयुक्त विश्वदीप ने किया। मंच में आवेदन करते ही तत्काल बनाये गये राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमकार्ड पात्र नागरिको को प्रदत्त किये गये। अतिथियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में जाकर नवजात शिशुओ का अन्न प्रासन्न कराया।

पूर्व केबिनेट मंत्री मूणत ने कहा कि समाधान शिविर में ड्यूटी लगाने के बाद भी अनुपस्थित अधिकारियों पर तत्काल कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि अधिकारी आमजनता को इधर उधर घूमाने का कार्य ना करें। बल्कि जनता की समस्याओं का समाधान करने का कार्य करें। पार्षदों को जनसमस्याओं के निराकरण का कार्य जागरूक रहकर करना चाहिए। विधायक ने कहा कि अधिकारीगण सुशासन तिहार अंतर्गत लगाये गये समाधान शिविर में प्राप्त आमजनों के आवेदनो मांगो व शिकायतो का शत प्रतिशत निराकरण अगले 3 माह के भीतर करना सुनिश्चित कर ले। उन्होने कहा कि जल भराव की समस्या का भी निदान प्राथमिकता से सुशासन तिहार समाधान शिविर के माध्यम से किया जाना चाहिए। ताकि विष्णु के सुशासन का पूर्ण लाभ आमजनों को रायपुर शहर में प्राप्त हो सके।

रायपुर दक्षिण विधायक सोनी ने कहा कि अधिकारियों को वार्ड पार्षदों सहित बारिश की तैयारी पुख्ता तरीके से राजधानी शहर में करने मूलभूत कार्यो सफाई पेयजल लाईट से संबंधित कार्यो को प्राथमिकता के साथ करवाना चाहिए। यदि कही पाईप लाईन लीकेज मिलता है तो तत्काल लीकेज को सुधारा जाना चाहिए ताकि कही भी गंदा पानी ना मिलने पाये एवं स्वच्छ पेयजल सभी को शहर में उपलब्ध कराया जा सके। दक्षिण विधायक ने कहा कि नालो व नालियों की सफाई सभी जोनो के अधिकारियों को वार्ड पार्षदों से समन्वय करके मानसून की पहली बारिश के पूर्व प्राथमिकता से करवाना चाहिए ताकि कही भी जलभराव ना होने पाये। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि अधिकारीगण सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर को गंभीरता से लेते हुए आम जनता को उनके आवेदनो के समाधान की जानकारी देकर संतुष्ट करने का कार्य करें एवं यदि आम जनता अधिकारियों के जवाब व जानकारी से संतुष्ट ना हो तो संबंधित नागरिको को कारण सहित कार्य नहीं किये जा सकने की स्पष्ट जानकारी लिखित रूप में दें ताकि वे अन्य योजनाओं में लाभ उठा सकें एवं अपात्र नागरिक जानकारी के अभाव में शहर में इधर उधर ना भटके। महापौर ने आमजनों से मंच से अपील की कि वे सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर अपनी मांगो एवं शिकायतो से अधिकारियों को अवगत कराए।

# खारून नदी के बड़े पुल की मरम्मत बरसात ने रोकी




- पुल के नीचे बेयरिंग और ऊपर रोड बनाना अब मुश्किल
- अब अक्टूबर में ही होने की संभावना

**रायपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। रायपुर-भिलाई आने जाने वाले रोज़ाना औसतन एक लाख से ज़्यादा लोगों के लिए कुम्हारी टोल नाके से लगा खारून नदी का बड़ा पुल बेहद अहम है। नेशनल हाईवे होने के कारण इस पुल से चौबीसों घंटे भारी ट्रैफ़िक भी गुज़रता है। इस पुल की मरम्मत शुरू होने वाली थी। इस वजह से 20 जून तक इस पुल पर ज़रूरत के अनुसार ट्रैफ़िक भी रोका जाना था। लेकिन समय से पहले बारिश आ जाने की वजह से मरम्मत शुरू नहीं की जा सकी। दो दिन पहले पीडब्ल्यूडी के ब्रिज डिवीज़न के चीफ इंजीनियर एमएल उरांव ने पुल का निरीक्षण करने के बाद इंजीनियरों और ठेकेदार की बैठक ली थी। बैठक में समय से पहले आ रही बारिश की वजह से पैदा हुई नई परिस्थिति पर लंबा विचार विमर्श हुआ है। खबर है कि पुल के काम को बरसात तक रोकने का फैसला कर लिया गया है।

इस पुल की मरम्मत की वजह से ट्रैफ़िक कब-कब प्रभावित रहेगा, इसे लेकर उत्सुकता बहुत है। जो हालात बने हैं, उनसे स्पष्ट हो गया है कि मरम्मत बरसात तक के लिए रोकी गई है, इसलिए अगले दो-तीन माह तक पुल से सामान्य रूप से ट्रैफ़िक चलता रहेगा। इस संभावना के दो कारण हैं। इंजीनियरों का मानना है कि पुल के नीचे बियरिंग का काम अब मुश्किल है क्योंकि नदी में पानी बढ़ने लगेगा। दूसरा, पुल के ऊपर सड़क का काम भी बरसात में नहीं हो सकता क्योंकि डामर के काम मॉइश्चर में नहीं किए जा सकते। इसलिए, यह लगभग तय हो चुका है कि खारून नदी के बड़े पुल की मरम्मत अब अक्टूबर में ही संभव है।

# चेम्बर कार्यकारिणी में श्रीचंद गुट का दबदबा

**रायपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। चेम्वर आफ कामर्स की सोमवार को घोषित कार्यकारिणी में श्रीचंद सुंदरानी की अगुवाई वाले व्यापारी एकता पनल का दबदबा है। वहीं दूसरी ओर चैंबर के निवर्तमान अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व वाले जय व्यापार पेनल से जुड़े समर्थकों को दूर रखा गया है।चैंबर से जुड़े पुराने लोगों के साथ ही युवा चेहरो को जगह मिली है।उनमें भी अधिकांश सुंदरानी समर्थक बताए जाते है। पहली बार राजधानी से बाहर बिलासपुर से कमल सोनी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।

आज पहली सूची जारी की गई है।इस जम्बो जेड कार्यकारिणी में पहली बार सात कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए है।इनमें से 3 तो केवल सिंधी समाज से है। जातीय समीकरण का पूरा ध्यान रखा गया है। इसी तरह 19 सलाहकार बनाए गए है। श्रीचंद सुंदरानी के हनुमान कहे जाने वाले राजेश वासवानी, विनय बजाज, राधा किशन सुंदरानी, ललित जैसिंग को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाना पहले से तय माना जा रहा था। इसीलिए इनके बनने से किसी को आश्चर्य नहीं हुआ।

पहले यह चचर्चा की कि दोनों गुटो से पदाधिकारी 60-50 के रेशों में बनाए जाएंगे। लेकिन आज जो सूची जारी हुई है।उसमें अमर पारवानी से जुड़े केवल विक्रम सिहदेव को ही फिर से कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।बताया जाता है कि उन्हें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का भाई होने के नाते पदाधिकारी बनाकर संतुलन साधने का प्रयास किया गया है।

पारवानी समर्थक अन्य पदाधिकारियों को इस बार कार्यकारिणी में शामिल नहीं किया गया है। चैंबर चुनाव के ठीक पूर्व श्रीचंद का साथ छोडकर पारवानी का दामन थामने वाले विनय बजाज जो दिन बाद पुन: श्री चंद खेमे में वापस आ गए थे उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। अमर पाखानी के प्रथम कार्यकाल में विनय बजाज महामंत्री थे।इस दौरान जो विवाद हुआ वह जग जाहिर है

इसी तरह अध्यक्ष सतीश थारानी के कोटे से ललित जैसिंघ को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। राधाकिसन सुंदरानी तो श्रीचंद के छोटे भाई है। उन्हें भी कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।जसप्रीत सलूजा भी सुंदरानी समर्थन है। कमल सेनी जो छग सराफा संघ के अध्यक्ष है। और बिलासपुर निवासी है। उनका कार्यकारी अध्क्ष बनना सभी को सबको चौंकाने वाला रहा है।बताया जाता है कि चेम्वर चुनाव के समय उन्होने पर्दे के रहबर सुंदरानी को अध्यक्ष बनाने के लिए कैंपेन चलाया था। उन्होंने अमर पारवानी की खिलाफत की थी।जिसका ईनाम उन्हें मिला है। संरक्षक बनाए गए पूरनलाल अग्रवाल व श्रीचंद सुंदरानी पूर्व अध्यक्ष रहे है। यू.एन अग्रवाल एकमात्र है जो पिछली बार पारवानी के कार्यकाल में चेयरमैन थे।संरक्षक और सलाहकार बनाए गए कई लोग भाजपा की सक्रिय राजनीति में है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल के बड़े भाई गोपाल कृष्ण अग्रवाल को एकमात्र चेयरमेन बनाया गया है। लेकिन चैंबर की राजनीति में सक्रिय योगेश अग्रवाल को नहीं लिया गया है।वही वाइस चेयरमैन पद पर चेतन तारवानी को नियुक्ति की गई है। छग सिंधी पंचायत चुनाव में उन्हें अमर पारवानी समर्थक महेश दरयानी से हार का सामना करना पड़ा था। वे व्यापारी एकता पैनल की ओर से चैंबर अध्यक्ष पद के दावेदार भी थे।

**पुराने व नए चेहरों को मिला मौका**

# प्रदेश में खाद-बीज का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध : नेताम



- राज्य में किसान तेजी से कर रहे हैं खाद एवं बीज का उठाव
- कृषि मंत्री ने 28 नवीन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने आज छत्तीसगढ़ बीज एवं कृषि विकास निगम परिसर, तेलीबांधा रायपुर में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में राज्य के 28 जिलों को नवीन बोलेरो वाहन की सौगात देने की साथ ही उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन नवीन वाहनों का उपयोग विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं का फील्ड में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ ही किसान हितैषी कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर संचालक कृषि राहुल देव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के हित में कई योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसका लाभ किसानों को मिले इसके लिए किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनको इसका लाभ उठाने के लिए जागरूक किए जाने का काम विशेष रूप से किया जाएगा। किसान जागरूकता शिविरों में इस वाहन के माध्यम से विशेषज्ञ अधिकारियों की टीम गांव-गांव पहुंचेगी और किसानों को उन्नत तकनीक और आधुनिक खेती की जानकारी देगी। जिलों को वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित होने से विभागीय कामकाज में तेजी आएगी।

मंत्री नेताम ने इस मौके पर मौजूद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि खरीफ सीजन 2025 के लिए कृषि विभाग द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। खरीफ के लिए खाद-बीज का पर्याप्त भण्डारण कराए जाने के साथ ही किसानों को इसका तेजी से वितरण भी किया जा रहा है। मंत्री नेताम ने बताया कि खरीफ सीजन 2025 के लिए रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य 14 लाख 62 हजार मेट्रिक टन है, जिसके विरूद्ध अब तक 8 लाख 48 हजार 604 मेट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों का भण्डारण तथा एक लाख 68 हजार 255 मेट्रिक टन का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो कि भण्डारण की मात्रा का 20 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि उर्वरक कंपनियों से विभिन्न प्रकार की खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा सतत् संपर्क एवं समन्वय किया जा रहा है, ताकि राज्य की डिमांड अनुरूप उर्वरकों की रैक निर्धारित सेड्यूल के अनुरूप उपलब्ध हो सके।

मंत्री नेताम ने बताया कि राज्य में मार्कफेड के डबल लॉक, सहकारी समितियों एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर वर्तमान में कुल 3 लाख 90 हजार 840 मेट्रिक टन यूरिया, 86,046 मेट्रिक टन डीएपी, 1,14,539 मेट्रिक टन एनपीके, 67,640 मेट्रिक टन पोटाश तथा 1,89,539 मेट्रिक टन सुपर फॉस्फेट उपलब्ध है। किसानों को समितियों और निजी क्षेत्रों के माध्यम से खाद का वितरण लगातार किया जा रहा है। अब तक किसानों को 84,661 मेट्रिक टन यूरिया, 27,045 मेट्रिक टन डीएपी, 18,809 मेट्रिक टन एनपीके, 10,359 मेट्रिक टन पोटाश तथा 27,381 मेट्रिक टन सुपर फॉस्फेट का वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में विभिन्न प्रकार की 6,80,350 मेट्रिक टन रासायनिक खाद राज्य में किसानों के वितरण हेतु उपलब्ध है।

# राजधानी सहित पूरे प्रदेश में वट सावित्री पर उपवास रख महिलाओं ने की पूजा



**रायपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। वट सावित्री व्रत रख महिलाओं ने पति की दीर्घायु की कामना की। यह व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है जो कि इस बार आज सोमवार को पड़ा। आज वट सावित्री पर महिलाओं ने व्रत रख वट वृक्ष की पूजा की। इसके पश्चात विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा व परिक्रमा के बाद सावित्री एवं सत्यवान पर आधारित कथा श्रवण किया। पश्चात मंगल आरती कर पति के दीर्घायू एवं अखंड सौभाग्य के लिए कामना की। सुहागिनों द्वारा महापर्व वट सावित्री व्रत को आज विभिन्न स्थानों पर स्थित बरगद पेड़ पेड़ की पूजा अर्चना कर अपने पति के लम्बी उम्र की कामना की। बरगद पेड़ के नीचे बैठकर सुहागीन महिलाएं बरगद पेड़ की सफेद धागा को लपेट कर ग्राम पुरोहितो के वैदिक मंत्रोचारण के बीच विधि विधान से पूजा पाठ किया। हिंदू पुराणों के अनुसर बरगद पेड़ में ब्रम्हा, विष्णु और महेश का निवास बताया गया है। सुहागिन महिलाएं ने बताया कि इस व्रत को लेकर साल भर से बेसब्री से इंतजार करते हैं। मान्यता है कि ब्रम्हा वृक्ष के जड़ मे, विष्णु के तने मे और शिव ऊपरी भाग मे रहते हैं। यही वजह है कि इस पेड़ के नीचे बैठकर पूजा अर्चना करने से मनोकामनाएं पूरी होती है।

# मैथिल ब्राह्मण समाज के आचार्य बसंत लाल झा से प्रदीप मिश्र ने लिया आशीर्वाद



**रायपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। प्रदीप मिश्र ने बताया कि मैथिल ब्राह्मण सभा का गुप्त मतदान पद्धति से पहली बार चुनाव 18 मई को संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष के पद पर विजय कुमार झा , कोषाध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार मिश्र और सचिव पद पर भावेश पंकज झा विजयी हुए विजयी होने के उपरांत 24 मई 2025 को मैथिल ब्राह्मण समाज के जगदलपुर बस्तर निवासी* *वयो वरिष्ठ शिक्षाविद साहित्यकार, इतिहासकार, समाजसेवी आदरणीय मेरे पूज्य आचार्य बसंत लाल झा जी शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर हैं कोषाध्यक्ष चुने जाने के उपरांत लिए उनसे आशीर्वाद लेने के लिए प्रदीप मिश्र*उन से सीधे रूबरू होकर समाज के अध्यक्ष विजय कुमार झा जी के सानिध्य में विजयश्री प्राप्त होने के उपरांत समाज के हितार्थ, समाज को उन्नति करते हुए प्रगति की ओर ले जाने के लिए आशीर्वाद लेने समाज के कोषाध्यक्ष प्रदीप मिश्र को सौभाग्य प्राप्त हुआ, बसंत लाल झा जी ने अपनी शताब्दी पूर्ण करने से मात्र दस माह से भी कम समय शेष है आपने समाज के सभी विजयी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और उन्होंने लिखित में आशीरवचन देते हुए कहा कि समाज को जब भी मेरी आवश्यकता होगी मैं समाज के लिए हमेशा उपलब्ध रहूँगा और मुझसे जो भी बन पड़ेगा समाज के लिए करूँगा,,,,,ऐसे शख्शियत को पूरा समाज नमन करता है और उनका आशीर्वाद समाज को सदा मिलता रहे इसके साथ ही पूरा समाज उनके शतायू पूर्ण करने की ईश्वर से कामना करता है ।

# साहित्य सृजन संस्थान की काव्य संध्या सह स्वास्थ चर्चा एवं विशिष्ठ सम्मान





**रायपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। साहित्य सृजन संस्थान द्वारा 25 मई को आयोजित काव्य संध्या में रचनाकारों का काव्य पाठ एवं सम्मान के साथ साथ उन्हें स्वास्थ संबंधी जानकारी भी वृंदावन हॉल सिविल लाइन्स रायपुर में आयोजित काव्य संध्या कार्यक्रम में दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.चारुदत्त कलमकर ,श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल रायपुर एवं विशिष्ठ अतिथि द्वय जसपाल भामरा एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, डॉ.छत्रपाल सिंह साहू,वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट,उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल रायपुर द्वारा साहित्य सृजन संस्थान परिवार के सदस्यों को विभिन्न रोगों की जानकारी एवं उपाय से अवगत कराया गया।मासिक काव्य कार्यक्रम में कवियों में अपनी काव्य पाठ किया एवं वाहवाही लूटी। इस काव्य संध्या में धनीराम वर्मा,हबीब खान बागबाहरा,आर विश्वकर्मा,सरोज सप्रे,सुरेन्द्र रावल,गजाधर जैन कांकेर,राजकुमार धर द्विवेदी,शिव शंकर गुप्ता, आरव शुक्ला,अनिल राय भारत,डॉक्टर चंद जैन,शुभम हैं,अनामिका शर्मा 'शशि',विजय कुमार,संतोष शर्मा, रुणाली चक्रवर्ती,प्रवीण डहरवाल,आशा मानव, डॉ कोमल प्रसाद राठौड़, डॉ साधना कसार, प्रमदा ठाकुर,मोहित कुमार शर्मा,सूरज प्रकाश,कमलेश कुमार अग्रवाल, यामिनी सूर्यजा, उपस्थिति हुए।

# रेजांगला रज़ कलश यात्रा का नगरागमन

**रायपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रेजांगला पवित्र माटी कलश यात्रा के राष्ट्रीय संयोजक श्री दिनेश यादव जी के मार्गदर्शन में 13 अप्रैल 2025 को बिहार के छपरा से प्रारम्भ हुई कलश यात्रा भारतवर्ष के बंगाल, बिहार और झारखंड के विभिन्न कस्बों, गांवों और शहरों की यात्रा पूरी करते हुए सरायपाली मार्ग से कल 27मई 2025 को दोपहर 03बजे रायपुर शहर में प्रवेश करेगी।

रायपुर के बंजारी धाम में यात्रा के संयोजक श्री संजय यादव की अगुवाई में कलश रथ के सारथियों एवं कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले यादव बंधुओं के भव्य स्वागत पश्चात जन जागरण निमित्त मोटर साइकिल सवार नौजवानों की टीम द्वारा नगर भ्रमण किया जाएगा। ज्ञात हो कि शहीद 114 वीर अहीरों की स्मृति में प्रतिवर्ष 18नवंबर को रेजांगला दिवस मनाया जाता है। कलश यात्रा के प्रदेश प्रभारी और महासभा के प्रांत उपाध्यक्ष कमल सिंह यादव ने बताया कि शोभा यात्रा भनपुरी, खमतराई, फाफाडीह चौक, जेल रोड, घड़ी चौक होते हुए काली मंदिर आकाशवाणी स्थित शहीद कौशल यादव में उनकी मूर्ति को नमन करने पश्चात आमसभा में तब्दील हो जाएगी। रजबंधा मैदान स्थित मायाराम सुरजन सभागार में आयोजित सम्मेलन को समाज के प्रमुख पदाधिकारी गण संबोधित करेंगे।

# बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 29 मई को, प्रवेश पत्र ऑनलाइन उपलब्ध

**रायपुर,** 26 मई। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन 29 मई बुधवार को किया जाएगा। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र मंडल की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रत्येक परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा शुरू होने के समय से कम से कम एक घंटा पहले पहुंचना अनिवार्य होगा। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक रहेगा। अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र केवल ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध होगा, डाक द्वारा किसी को नहीं भेजा जाएगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्टसाथ लाना आवश्यक होगा।

# मानदेय न मिलने से नाराज महिलाओं ने चौथे दिन भी नहीं लिया घरों से कचरा

**दुर्ग,** 26 मई (देशबन्धु)। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली महिलाओं ने समय पर मानदेय न मिलने के विरोध में आज चौथे दिन भी घरों से कचरा कलेक्शन नहीं किया। पिछले चार दिनों से घरों से कचरा नहीं लिये जाने के कारण घरों में भारी मात्रा में कचरा डंप हो गया है। आज भी इन महिलाओं ने कचरा इकट्ठा करने की बजाय शहर के विभिन्न एसएलआरएम सेंटर के सामने धरना देकर बैठी रहीं। सफाई कामगार मजदूर के महामंत्री रवि कुमार सोनी ने बताया कि नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने उन्हें आज ही शाम साढ़े 5 बजे तक मानदेय भुगतान कर देने का आश्वासन दिया है। यदि निर्धारित समय पर मानदेय न दिया तो आंदोलन को और आक्रामक बनाया जायेगा। आज शाम 7 बजे तक स्वच्छता दीदियों को भुगतान नहीं मिला है। श्री सोनी ने कल 27 मई को पांचवें दिन भी हड़ताल जारी रखने की घोषणा की है।



उल्लेखनीय है कि शहर में रोजाना की तरह सड़कों, नालियों इत्यादि नियमित साफ सफाई की जा रही है मगर रिक्शा गाड़ी लेकर घरों घर जाने वाली स्वच्छता दीदी महिलाएं घरों में नहीं जा रही है। विगत तीन दिनों की तरह आज भी घरों से कचरा कलेक्शन ठप्प रहा। आज भी विभिन्न कालोनियों व मोहल्लों में महिलाएं अपने घरों के सामने कचरा गाड़ी का इंतजार करती रहीं। आज वट सावित्री का व्रत होने के कारण महिलाओं को कचरा डिस्पोजल कर स्थान ध्यान व पूजा पाठ करने की हड़बड़ी रही। कचरा गाड़ी न आने के कारण महिलाओं ने अपने घरों की बाउण्ड्री के बाहर ही कचरों की बास्केट रख दी और दैनन्दिन कार्य निपटाया। डोर टू डोर कचरा इकट्ठा करने वाली इन महिलाओं को पूर्व में नगर निगम द्वारा महिने की 5 या 6 तारीख को मानदेय का भुगतान कर दिया जाता रहा है। इस माह में शासन द्वारा व्यवस्था बदलने की आज 26 तारीख तक मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। इसमें पूर्व भी ये महिलाएं दो बार मानदेय भुगतान के लिये आंदोलन कर चुकी है। पूर्व में दो बार इन्होंने अपने रूटीन की दैनन्दिन ड्यूटी करने के बाद धरना प्रदर्शन किया आज पिछले दिनों से पूरी तरह हड़ताल की जा रही है। समय पर भुगतान न मिलने से इस व्यवसाय में लगी 530 महिलाओं के समक्ष दैनन्दिन खर्चे की समस्या आ गई है और घर चलाना मुश्किल हो गया है। इन महिलाओं को मात्र 9 हजार रूपये मासिक मानदेय का भुगतान किया जाता है।

# मकान में चोरी करने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलाईगढ़,** 26 मई(देशबंधु)। ग्राम डुरूमगढ़ रात्रि में शांतिलाल साहू के मकान में घुसकर चोरी को अंजाम देने वाले आरोपियों को बिलाईगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मागले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी शांति लाल साहू पिता रधई साहू उम्र 40 वर्ष साकिन डुरूमगढ़ का दिनांक 01.04.2025 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने खाता से कुल 180000 रूपये बेटी के विवाह हेतु बैंक से निकाला था जिसमें से 10000 रूपये को घर का मरम्मत में खर्च किया था शेष बचत पैसा 170000 रूपये एवं सोने चांदी के आभूषणों को दो अलग अलग पेटी में ताला लगाकर रखा था। दिनांक 31 03.2025 को 09.00 बजे सहपरिवार खाना खाकर सो गये थे सुबह 05.00 बजे उठकर देखा तो उक्त कमरा का दरवाजा खुला था कमरा अंदर जाकर देखा तो कमरा अंदर पेटी नहीं था पेटी में रखे 170000 रूपये तथा सोना चादी का जेवरात कुल 240000 रू. को अज्ञात चोर व्दारा चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों का कथन लिया गया एवं घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना स्थल के नजदीक से दो अलग अलग खेत से चोर व्दारा चोरी के सामान को निकाल कर फेंके गये पेटी को गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपियों की पतासाजी लगातार जारी थी कि दिनांक 25.05.2025 को मुखबीर से सूचना मिली कि थाना बिलाईगढ़ क्षेत्रांतर्गत चोरी करने वाले गिरोह जो ग्राम टुण्डरी से सरहदी क्षेत्र गिधौरी तरफ किसी बड़ी चोरी को अंजाम देने का प्रयास में घुम रहे हैं कि सूचना मिलने पर हमराह स्टाफ के ग्राम गिधौरी के पास पहुंचे तो पुलिस को देखकर जो 07 व्यक्ति्त लूकने छिपने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ में अपना नाम आनद अहिरवार सुरजभान पारधी सजय कुमार पारधी, अमर सिंह पारधी मन्नू लाल पारधी हेमलाल पारधी सोनू अहिरवार बताये हैं। जिनसे हिकमत अमली से पूछताछ करने पर थाना बिलाईगढ क्षेत्रांतर्गत ग्राम डुरूमगढ एवं थाना भटगांव क्षेत्रांतर्गत ग्राम चुरेला में चोरी करना कबूल किया गया कि आरोपीगणों से उनके मेमोरेण्डम कथन के आधार पर लगभग 12 लाख रूपये किमती का सोने चांदी का आभूषण एवं घटना में ईस्तेमाल किये गये एक टोयेटा कार क्रमांक सीजी 04 क्यू एफ 4618 किमती 12 लाख रूपये कुल किमती 24 लाख रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। चोरी का मशरूका खरीदने वाले आरोपी महावीर जैन पिता लक्ष्मीचंद जैन का हार्ट पेशेंट होने से एवं माननीय न्यायालय अर्नेश कुमार के नियमों का पालन करते हुए नोटिस देकर छोड़ा गया है एवं अन्य आरोपीगणों का कृत्य अपराध धारा का घटित करना पाये जाने पर उन्हें उनके गिरफ्तारी का आशय बताते हुए दिनाक 26.05.2025 को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों के देकर आरोपीगणों को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।




# जुआ खेलते पकड़ाए



**राजनांदगांव,** 26 मई (देशबन्धु)। वचिखली साई मंदिर के आगे स्थित खेत में 52 पत्ती ताश मे रुपये पैसे की दाव लगाकर जुआ खेल रहे 1सी रामनगर वार्ड नं0 07 राज . कुंदन वाहने पिता एधन वाहने उम्र 24 साल निवासी चिखली वार्ड नं0 06, राज. दिनेश साहू पिता सुग्गु साहू उम्र 25 साल निवासी शिवनगर वार्ड नं0 04 राज. 04. सुमरन लाल साहू पिता स्व0 हिरालाल साहू उम्र 70 साल निवाी वार्ड नं0 10 चिखली राज द्वारिका देवांगन पिता स्व0 कार्तिक राम देवांगन उम्र 60 साल निवासी टांकापारा वार्ड नं0 14 राज. मगेला राम नेताम पिता स्व0 कोंदा राम नेताम उम्र 58 साल निवासी चिखली वार्ड नं0 10 राज. 07. विक्की साहू पिता सुभाष साहू उम्र 43 साल निवासी स्टेशन पारा वार्ड नं0 12 राज. 08. दुर्वाश सोनटक्के पिता विश्राम उम्र 48 साल निवासी शांतिनगर 09. रामचंद्र यादव पिता कंन्हैया यादव उम्र 34 साल निवासी शांतिनगर वार्ड नं0 10 चौकी चिखली राज. से नगदी रकम 13940 रूपये , एवं 52 पत्तीताश को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) अपराध कायम कर वैधानिक कार्यवाही की गयी। उपरोक्त कार्यवाही में निरी0 उमेश बघेल, प्र0आर संतोष मिश्रा, म0प्र0आर0 वंदना पटले आर0 मोरध्वज देशलहरे, अविरल भगत, चंद्रकपुर आयाम, गोपाल पैकरा, मनोज जैन, एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

# संघर्ष करने वालों को सफलता मिलती है : देवांगन

**रायपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष कोरबा में जिले के मेधावी विद्यार्थियों हेतु जेईई, नीट की नि:शुल्क प्रशिक्षण हेतु बस से रवाना किया गया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर कड़ी मेहनत कर लक्ष्य प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। मंत्री देवांगन ने कहा कि जो व्यक्ति संघर्ष करता है, उन्हें सफलता जरूर मिलती है। हम सभी मन लगाकर अच्छे से पढ़ाई करें और सफल होकर मुकाम हासिल करते हुए अपने माता-पिता, जिले का नाम रौशन करें। उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले दसवी के 100 तथा बारहवी बोर्ड के 50 विद्यार्थियों को राजधानी रायपुर में कोंचग के लिए भेजा गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उद्योग मंत्री देवांगन ने कहा कि कलेक्टर के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा सराहनीय पहल करते हुए यहां के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए राजधानी में जेईई, नीट कोचिंग की व्यवस्था की गई है। विगत वर्ष भी 100 विद्यार्थियों को रायपुर भेजा गया है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रशासन द्वारा निरंतर विकास कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा उत्खनन वाले जिले में ही डाएमएफ की राशि को खर्च किए जाने का प्रावधान करने के बाद इस राशि का सदुपयोग जिले के विकास कार्यों और शिक्षा, स्वास्थ्य में हो रहा है। उन्होंने कहा कि खनिज प्रभावित जिलो में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में विकास हेतु सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिले के 100 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडिकल इंजीनियरिंग जैसे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की जेईई, नीट जैसी प्रवेश परीक्षा की नि:शुल्क तैयारी हेतु व्यवस्था की गई है। यह आप सभी के लिए सुनहरा अवसर है। इस अवसर का लाभ उठाएं, आप सभी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े, कार्ययोजना बनाकर परीक्षा की तैयारी करें, सफलता जरूर मिलेगी। मंत्री ने डीएमएफ की राशि से स्कूल में नाश्ता, शिक्षकों की व्यवस्था, जर्जर स्कूल भवनों का जीर्णोद्धार, नवीन भवन निर्माण होने की बात कहते हुए जिला प्रशासन की पहल की सराहना की।



विधायक कटघोरा पटेल ने बच्चों के बेहतर शिक्षा हेतु चलाए जा रहे जिला प्रशासन के इस पहल का सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन का मूल आधार है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने एवं कड़ी मेहनत से अपने मंजिल को हासिल करने की शुभकामनाएं दी। महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि आप सभी के बेहतर भविष्य के लिए आपके परिजन सहित जिला प्रशासन द्वारा सपना देखा गया है। उसे पूरा करने की शत प्रतिशत जिम्मेदारी आपकी है। इस हेतु आने वाले चुनौतियों के लिए खुद को अभी से तैयार करें। आपके कदमों में सफलता का मार्ग है और आप मेहनत से अपने सपनों को पूरा कर सकेंगें। कलेक्टर वसंत ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके जीवन का यह महत्वपूर्ण अवसर है। दो साल के समय का उपयोग अपने लक्ष्य को हासिल करने में लगाकर आप अपने जीवन को नई दिशा में ले जा कते हैं। आपके जीवन की सफलता की शुरुआत आज हो रही है। आप सभी ने बोर्ड परीक्षा में खूब मेहनत कर अच्छा परिणाम प्राप्त किया है, इसी तरह आगे भी आप पूरी लगन से अध्ययन करते रहे।हरी झंडी दिखाकर बस को किया गया रवाना।

# गांजा बेचने वाले मां बेटे गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा,** 26 मई (देशबन्धु)। थाना प्रभारी सत्यम सिंह श्याम से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिला सिर में लट लगा एवं उसके साथ एक लडका सफेद शर्ट नीला जींस पहना एक प्लास्टिक थैला के अंदर में अवैध रुप से मादक पदार्थ रखकर उडीसा से ट्रेन बैठकर तिल्दा नेवरा में उतर कर सासाहोली ओवर ब्रिज के नीचे से सांकरा की ओर जाने वाले है कि सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी महिला व उसके पुत्र को घेराबंदी कर पकड़ कर उनके पास रखे एक-एक प्लास्टिक थैला में कुल मादक पदार्थ गांजा 02 किलो 568 ग्राम कीमती 20000/रू का जप्त किया गया जिस पर आरोपी शंकर धृतलहरे और उसकी माँ कुंवर बाई धृतलहरे को धारा 20(बी) नारकोटिक एक्ट के तहत् गिरफ्तारी कर ज्यूडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय भेजा गया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया । उपरोक्त कार्यवाही उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 लाल उमेंद सिंह द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक(विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी द्वारा क्षेत्र में निजात (नशामुक्ति) कार्यक्रम के तहत् प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश के परिपालन में निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा के निर्देशन में उप निरीक्षक अरूण भोई, प्र0आर0 जालम साहू, आरक्षक किशोर शर्मा, महिला आरक्षक किरण वर्मा, पूजा वर्मा द्वारा किया गया।

# हफ्तेभर हो सकती है बारिश, तेज हवाएं भी चलेंगी





**रायपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में इस बार नौतपा की शुरुआत भीषण गर्मी की जगह बारिश और तेज हवाओं के साथ हुई।प्रदेश में भीषण गर्मी से राहत बनी हुई है। रविवार को कई इलाकों में हल्की से लेकर 4 सेंटीमीटर तक बारिश दर्ज की गई।अगले एक सप्ताह तक बारिश, आंधी और गरज-चमक का दौर जारी रहने की संभावना है। वहीं अगले 4 दिनों तक अधिकतम तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है।

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई है।राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस रायपुर में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.1 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में रहा।

फिलहाल एक चिन्हित कम दबाव का क्षेत्र दक्षिण मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और उत्तर आंतरिक कर्नाटक के ऊपर सक्रिय है, जो धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ते हुए अगले 24 घंटों में कमजोर पड़ने की संभावना है।

इसके अलावा एक ऊपरी हवा का द्रोणिका पूर्व-मध्य अरब सागर से उत्तर ओडिशा तक फैला हुआ है, जो मध्य महाराष्ट्र, उत्तर तेलंगाना और दक्षिण छत्तीसगढ़ से होकर गुजरता है। यह द्रोणिका 1.5 किलोमीटर से 4.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तृत है।

प्रदेश में आज कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई गई है। साथ ही कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात और भारी वर्षा की भी संभावना है।

### मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने जानकारी दी कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। अगले तीन दिनों में यह मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के शेष भागों के साथ-साथ पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उत्तर-पूर्वी राज्यों के कुछ और हिस्सों तक पहुंच सकता है।

# कृषि वैज्ञानिकों का आंदोलन, भेदभाव व अधिकारों की अनदेखी के खिलाफ रैली

**रायपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों में कार्यरत वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मचारी कल से आक्रोश व्यक्त करते हुए रैली निकालकर प्रदर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ तकनीकी कर्मचारी संघ ने लंबे समय से लगातार आवेदन व ज्ञापन सौंपने के बावजूद समस्याओं की अनदेखी और भेदभावपूर्ण व्यवहार से नाराज होकर आंदोलन का रास्ता चुना है।




संघ का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन कार्यरत कर्मचारियों के साथ संस्थागत भेदभाव कर रहा है। उनकी सेवा शर्तों का उल्लंघन हो रहा है और उन्हें उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।

ये हैं प्रमुख मुद्दे -पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा से वंचित करना, कर्मचारियों को ह्लक्क/ह्लक्क जैसे मूलभूत लाभों से अनुचित तरीके से वंचित किया गया है। मेडिकल एवं अन्य भत्तों की समाप्ति- बिना किसी सूचना के मेडिकल भत्ते रोक दिए गए, जिससे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

कैरियर उन्नयन योजना का उल्लंघन योग्य कर्मचारियों को पदोन्नति और वेतन वृद्धि से अनुचित रूप से रोका गया है।सेवा-निवृत्ति आयु में भेदभाव- विश्वविद्यालय के नियमों के विपरीत कर्मचारियों को 60 वर्ष की आयु में ही सेवानिवृत्त किया जा रहा है, जबकि अन्य कर्मचारियों के लिए यह सीमा 62/65 वर्ष है। सेवानिवृत्ति उपरांत लाभों की अनदेखी पेंशन, ग्रेच्युटी और चिकित्सा सुविधाएं जैसे अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं। विशुद्ध अस्थायी नियुक्तियों का विरोध- विश्वविद्यालय द्वारा चक्ङ्मह्य में विशुद्ध अस्थायी नियुक्तियां की जा रही हैं, जो ढ्ढक्रयङ्क अधिनियम, 1987 और के समझौते का उल्लंघन है। कर्मचारी संघ की मांगें -कर्मचारियों को विश्वविद्यालय के समकक्ष पदों के समान सेवा लाभ प्रदानफोटो किए जाएं। मेडिकल भत्ते और योजना को तुरंत बहाल किया जाए। सेवा-निवृत्ति आयु को 62/65 वर्ष किया जाए। सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन, ग्रेच्युटी और चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएं।

# सतबहनिया तालाब को जलकुम्भी से मुक्त करने अभियान

**रायपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। निगम आयुक्त विश्वदीप और पण्डित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 के पार्षद और संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी के निर्देश पर जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव और जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर के मार्गनिर्देशन में पुराना राजेन्द्र नगर क्षेत्र में सतबहनिया तालाब को जलकुम्भी से मुक्त करवाने हेतु समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से 10 स्थानीय मछुआरों की सहायता से व्यापक अभियान प्रारम्भ किया गया है। मछुआरों की सहायता से सतबहनिया तालाब के भीतर से जलकुम्भी को खींचकर बाहर निकाला जा रहा है जेसीबी मशीन की सहायता से जलकुम्भी को तत्काल उठवाकर स्वच्छता कायम करने कार्य किया जा रहा है।



**जब्बार नाला सफाई का निरीक्षण, निकासी के लिए पुलिया चौडी करने आवश्यक निर्देश**

रायपुर। निगम आयुक्त विश्वदीप ने रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद देवदत्त द्विवेदी सहित जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, जोन स्वास्थ्य अधिकारी उमेश नामदेव की उपस्थिति में वार्ड क्षेत्र में जब्बार नाला की बारिश पूर्व सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर इसे लेकर वार्ड पार्षद से स्थल पर चर्चा की । आयुक्त ने जोन कमिश्नर को जब्बार नाला क्षेत्र में सकरी पुलिया को व्यवहारिक आवश्यकता के अनुरूप चौड़ा करने एवं गंदे पानी की व्यवस्थित निकासी करवाने का कार्य करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। आयुक्त ने जब्बार नाला की तले तक लद्दी निकालकर मानसून की बारिश के पूर्व सुव्यवस्थित तरीके से सफाई करवाने के निर्देश जोन कमिश्नर और जोन स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। आयुक्त विश्वदीप ने वार्ड 10 क्षेत्र में पार्षद देवदत्त द्विवेदी सहित वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर जलभराव क्षेत्र में शीघ्र स्थल सर्वे करवाकर व्यवहारिक आवश्यकता के अनुसार नालियों का निर्माण करवाये जाने जोन से प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने के निर्देश जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय को स्थल पर कार्य समीक्षा के दौरान दिये।

# राजधानी में 80 से अधिक स्पा सेंटर्स में पुलिस की दबिश

**रायपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। शहर में संचालित स्पा सेंटर्स की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए रायपुर पुलिस ने रविवार को बड़ा अभियान चलाया। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के निर्देश और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के मार्गदर्शन में रायपुर के करीब 80 से अधिक स्पा सेंटर्स पर एक साथ औचक निरीक्षण किया गया। इस कार्रवाई के दौरान स्पा सेंटर्स के संचालन से जुड़े दस्तावेज, लाइसेंस और वहां कार्यरत युवकों-युवतियों के पहचान पत्र की गहन जांच की गई।



### दूसरे राज्यों से आकर काम कर रहे कर्मचारियों की जुटाई जानकारी, जांच के बाद होगी कार्रवाई

रायपुर पुलिस के इस अभियान के दौरान खास तौर पर छत्तीसगढ़ के बाहर से आकर काम कर रहे कर्मचारियों के आधार कार्ड और निवास से जुड़ी जानकारियां जुटाई गईं। सभी दस्तावेजों को जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है और इनका सूक्ष्मता से विश्लेषण किया जा रहा है।

इस व्यापक अभियान में शहर के सभी थाना प्रभारियों के साथ-साथ करीब 200 पुलिसकर्मी (महिला और पुरुष) शामिल रहे।

नेतृत्व कर रहे अधिकारियों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) लखन पटले, एएसपी (ग्रामीण) कीर्तन राठौर, एएसपी (पश्चिम) दौलत राम पोर्ते, एएसपी ममता देवांगन, सीएसपी आजाद चौक अमन झा, सीएसपी सिविल लाइन अजय कुमार, सीएसपी नवा रायपुर करन कुमार उके, सीएसपी पुरानी बस्ती राजेश देवांगन और डीएसपी रूचि वर्मा शामिल थे।

पुलिस का कहना है कि यह अभियान शहर में अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने और स्पा सेंटर्स की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया है। जांच के बाद जिन सेंटर्स में गड़बड़ी मिलेगी, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सुशासन तिहार, आवेदनों के लंबित होने पर अब होगी समीक्षा

**रायपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सुशासन तिहार का तीसरा चरण संपन्न हो गया। लेकिन सुशासन तिहार के दौरान जिलों और निकायों में जो भी गतिविधियां हुईं, अब उनके नतीजे जल्दी ही सामने आएंगे। सुशासन तिहार में जितने आवेदन मिले, उनमें कितनों का निराकरण हुआ, निराकरण से लोग संतुष्ट थे या नहीं, कितने आवेदन पेंडिंग रह गए क्यों।पता चला है कि हर जिले में अफसरों के असेसमेंट का मापदंड इन्हीं सवालों के जवाब बनेंगे। पता चला है कि मुख्यमंत्री सचिवालय ने जिलों से इस तरह के डीटेल्स लेने शुरू कर दिए हैं और जल्द ही यह काम पूरा हो जाएगा। इधर, नई दिल्ली में नीति आयोग तथा एनडीए के मुख्यमंत्रियों की परिषद में हिस्सा लेकर सीएम विष्णुदेव साय तीन दिन बाद सोमवार की रात दिल्ली से रायपुर लौट गए। माना जा रहा है कि सुशासन तिहार में जिलों की समीक्षा का काम वे कल यानी मंगलवार से ही शुरू कर सकते हैं।




सुशासन तिहार के दौरान सीएम साय रोज तीन-चार समाधान शिविरों में शामिल हुए और कम से कम एक गांव में अचानक उतरकर सरकारी योजनाओं की नब्ज टटोली। उनके हर प्रवास में उनकी ब्यूरोक्रेसी की टीम साथ रही। अधिकांश प्रवासों में चीफ सेक्रेटरी अमिताभ जैन और सीएम के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव पी दयानंद, राहुल भगत और बसव राजू उनके साथ गए।

इस दौरान अफसरों ने खामोशी से हर गांव और शिविर में लोगों से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी कलेक्ट की। बताते हैं कि सीएम सचिवालय भी सुशासन तिहार में आवेदनों के निराकरण, पेंडेंसी, योजनाओं की स्थिति और अफसरों की भूमिका पर अलग रिपोर्ट तैयार कर रहा है। जिलों से ली जाने वाली जानकारी और सीएम सचिवालय की रिपोर्ट्स को जिलावार टैली किया जा सकता है। सीएम साय खुद इसकी समीक्षा कर सकते हैं। यह पूरी प्रक्रिया बहुत सारे केंद्रीय और राज्य सेवा के अफसरों का असेसमेंट कर देगी। हालांकि इस बारे में टाप ब्यूरोक्रेसी बिलकुल खामोश है। कुछ अफसरों ने तो ऐसी किसी प्रक्रिया से भी इंकार कर दिया है। लेकिन जानकारों का दावा है कि इस खामोशी और खंडन के भीतर काफी हलचल भी मची हुई है, जिसके नतीजे जल्दी सामने आ सकते है।

## फेसबुक में आईपीएस के नाम से बनाई गई दो फेक आईडी, एसपी ने किया अलर्ट

**रायपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के आईपीएस शलभ कुमार सिन्हा के नाम और फोटो का दुरूपयोग कर फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया गया है, उन्होंने खुद अपने आधिकारिक अकाउंट से इस बात की जानकारी दी है. इन फर्जी खतों में प्रोफाइल फोटो एक ही तरह की लगाई गई है. लेकिन कवर फोटो दोनों खातों में अलग है. आईपीएस शलभ ने लोगों को अकाउंट की रिपोर्ट करने के लिए अपील की है. आईपीएस शलभ सिन्हा ने अपने आधिकारिक फेसबुक अकाउंट पर लिखा कि मेरे दो फर्जी प्रोफाइल बनाए गए हैं और इनसे फ्रेंड रिक्वेस्ट की जा रही है. कृपया प्रोफाइल की रिपोर्ट करें और रिक्वेस्ट को स्वीकार न करें. हमारी ओर से उचित कार्रवाई की जा रही है. सायबर अपराध पर लगाम लगाना अब भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है. यह पहली बार नहीं है जब किसी आईपीएस अधिकारी या पुलिस अफसर के नाम पर सोशल मीडिया पर फर्जी खाता बनाया गया हो. इससे पहले भी कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं. बता दें कि आईपीएस अक्षय कुमार के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर ठगी करने का मामला उजागर हुआ था. इस केस में हरियाणा से दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था.

# पुनर्निर्मित सखी निवास व सेनेटरी पैड मशीन का उदघाटन आज

**रायपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की 142वीं जयंती पर 28 मई को शाम 5.30 बजे महाराष्ट्र मंडल के पुनर्निर्मित सखी निवास (कामकाजी महिला वसति गृह) व सेनेटरी पैड मशीन का उदघाटन किया जाएगा। उदघाटन समारोह की मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे होंगी।




महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने बताया कि महाराष्ट्र मंडल के महिला केंद्र, साहित्यिक समिति व युवा समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल की दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रवीण्य सूची में आठवां स्थान हासिल करने वाली पूर्वी साहू, नौवां स्थान प्राप्त वर्षा परिडा और 12वीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में सातवां स्थान पर महाराष्ट्र मंडल का परचम लहराने वाली रुचिका साहू को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर दो विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित वीर सावरकर निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

युवा समिति के समन्वयक विनोद राखुंडे ने बताया कि इसके साथ 'वर्तमान पीढ़ी को स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर के व्यक्तित्व से सीखने योग्य बातें' विषय पर मूर्धन्य इतिहासकारों के विचार सुनने को मिलेंगे। सखी निवास प्रभारी नमिता शेष के अनुसार कार्यक्रम में विशेष अतिथि बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा और समाजसेवी व मंडल की आजीवन सभासद शुभांगी आप्टे होंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर समारोह की अध्यक्षता करेंगी।

# मुख्यमंत्री साय ने स्वर्गीय रामजीलाल को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के मौलश्री विहार स्थित सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निवास पहुंचकर उनके पिता और वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय श्री रामजीलाल अग्रवाल को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री साय ने स्वर्गीय रामजीलाल अग्रवाल के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें व उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. रामजीलाल अग्रवाल का सम्पूर्ण जीवन समाजसेवा, गौसेवा और जनकल्याण के कार्यों के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने अपने सेवा प्रकल्पों से समाज में एक आदर्श स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात की और उन्हें ढाँढस बंधाया। इस अवसर पर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल व उनके परिवारजन तथा अन्य उपस्थित थे।

## टीम प्रहरी ने जोन 10 के मुख्य मार्गों से अवैध बैनर पोस्टर हटाये

**रायपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप और जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार एवं नगर निगम अपर आयुक्त श्री पंकज के. शर्मा, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक श्री आभाष मिश्रा, सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं के मार्गनिर्देशन में टीम प्रहरी द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी जोनों के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा हेतु मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रो में अभियान चलाकर यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हटाकर सडक यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाने कार्यवाही जारी है।

इस क्रम में आज टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम और नगर निगम जोन क्रमांक 10 की नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर नगर निगम जोन क्रमांक 10 क्षेत्र के अंतर्गत भिन्न मुख्य मार्गो में मार्ग विभाजकों, चौक- चौराहों, विद्युत पोलों में लगाए गए अवैध बैनर पोस्टर जप्त कर हटाने की कार्यवाही की गई। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जोन महा प्रबंधक ने रेलवे यात्री सुविधएं और विकास कार्यों की दी जानकारी

### उपभोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक

**रायपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। 20वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर की प्रथम बैठक 26 मई को महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, तरुण प्रकाश की अध्यक्षता में सौहार्दपूर्ण एवं सहयोगात्मक वातावरण में संपन्न हुई । इस बैठक में दो सांसदो सहित क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के 19 सदस्य उपस्थित थे । बैठक में सदस्यों के अतिरिक्त दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित थे । बैठक के प्रारम्भ में सदस्यों का स्वागत करते हुए उप महाप्रबंधक (सा.) एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ज़ेडआरयूसीसी) के सचिव समीर कांत माथुर ने इस बैठक की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की समस्त उपलब्धियों में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से आप सभी सदस्यों के सुझाव एवं सहयोग समाहित है

बैठक में श्री तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अध्यक्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ज़ेडआरयूसीसी) ने अपने उद्बोधन में माननीय सदस्यों का इस बैठक में स्वागत करते हुए यात्री सुविधाओं के विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यो एवं जोन की उपलब्धिओं से माननीय सदस्यों को अवगत कराया । उन्होनें कहा कि यात्रियों की सुविधा और उनकी अपेक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे लगातार यात्री सुविधाओं के विकास कार्य कर रहा है । अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बिलासपुर, रायपुर एवं दुर्ग का पूनर्विकास तथा 47 स्टेशनों का उन्नयन किया जा रहा है । महाप्रबंधक ने सभी सदस्यों के साथ विचार विमर्श करते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सुरक्षित रेल परिचालन के लिए सभी रेलकर्मी निरंतर अथक प्रयास कर रहे हैं । यात्री सुविधाओं एवं सेवाओं में निरंतर विकास हम सब का उद्देश्य है । उन्होने सदस्यों के सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया ।

महाप्रबंधक के संबोधन के पश्चात् क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्यों के समक्ष उप महाप्रबंधक (सा.) एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ज़ेडआरयूसीसी) के सचिव समीरकांत माथुर ने पावरपाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा उपलब्ध कराई गयी यात्री सुविधा एवं उपलब्धियों की जानकारी दी । इस बैठक में यात्री सुविधाओं से संबंधित तथा यात्री सुविधा विकास एवं परियोजनाओं से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया । माननीय सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण सुझावों के रूप में यात्री सुविधाओं से संबन्धित मुद्दे जिसमें में प्रमुख रुप से ट्रेनों के ठहराव, देश के विभिन्न स्थानों के लिए नई सेवाएं, महत्वपूर्ण ट्रेनों के विस्तारीकरण सहित विभिन्न यात्री सुविधाएं आदि शामिल थे ।

**उल्टा पुल्टा**

पत्नी- बहुत मोटे हो गए हो तुम।
पति- तुम भी तो कितनी मोटी हो गई हो।
पत्नी- पर मैं तो मां बनने वाली हूं।
पति- तो मैं भी तो बाप बनने वाला हूं।

## संपादकीय

### अनावश्यक व्यायाम से बचें

*निश्चित रूप से व्यायाम और खेलकूद शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिये अच्छा है। यह किसी भी रूप में हो, व्यक्ति को चुस्त-दुरुस्त रखता है। हर उम्र में तथा ज़रूरत के लिहाज से सभी लोगों को टहलने, तेज़ चलने, दौड़ लगाने या खेलों के जरिये शरीर को तंदुरुस्त रखना चाहिये। बेशक, हाल के वर्षों में शारीरिक फिटनेस के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है। अब लोग नियमित रूप से पार्क या गार्डन में चहलकदमी करते, दौड़ लगाते, पार्क या जिम में व्यायाम के उपकरणों का उपयोग करते, योगाभ्यास करते दिख जाते हैं। बहुत से ऐसे भी हैं जो इनडोर या आऊटडोर गेम खेलते हैं। क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस आदि लोकप्रिय खेल हैं। लड़कियां और महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। वे भी स्वस्थ रहना चाहती हैं जो बहुत अच्छी बात है। यहां तक कि बहुत सी गृहणियां भी समय निकाल कर अपने स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिये विविध उपाय करती हैं।*

*इसका दूसरा पहलू भी है। हाल के वर्षों में, खासकर 2019 में आये कोरोना के बाद अचानक मौतों की घटनाएं बहुत हो रही हैं। शादी-ब्याह या ऐसे ही किसी समारोह में हंसते-नाचते हुए लोगों की मृत्यु हो रही है। इतना ही नहीं, कोई कसरत के दौरान ट्रेड मिल का उपयोग करते या वेट लिफ्टिंग करता हुआ अचानक मौत का शिकार हो रहा है। अच्छे-खासे चलते-फिरते लोग भी मौत के मुंह में समा रहे हैं। देश के विभिन्न इलाकों से इस प्रकार की अनेक घटनाओं के वीडियो सामने आ रहे हैं। ऐसा नहीं कि ये उम्रदराज लोग हों। युवा भी इसके शिकार हो रहे हैं जिनकी उम्र 30 से 40 वर्ष की ही होती है।*

*रायपुर के सप्रे शाला में बने बैडमिंटन कोर्ट में ऐसा ही हादसा हुआ। भिलाई के सेक्टर-4 में रहने वाले 35 वर्षीय हिमांशु श्रीवास्तव रायपुर की एक प्राइवेट कम्पनी में मैनेजर थे। उन्हें लगभग 10 वर्ष पूर्व माइनर हार्ट अटैक आया था। वे अपने को फिट रखने के लिये कुछ समय बैडमिंटन खेलते थे। शुक्रवार को लगभग पौन घंटे खेलकर जब वे आराम करने के लिये बैठे, अचानक मुंह के बल पर गिर गये और उनकी तत्काल मौत हो गयी। इसका एक कारण यह बताया जाता है कि कोरोना के संक्रमण से बचने के लिये जो टीके लगाये गये थे उसके कारण लोगों का खून गाढ़ा हो गया है। यह खून की क्लाटिंग कर रहा है। इससे हार्ट अटैक व ब्रेन हैमरेज के मामले बढ़ गये हैं। यह इतना अचानक होता है कि किसी के पास कुछ करने का अवसर तक नहीं रह जाता। ज्यादातर मामलों में कुछ ही मिनटों में सब कुछ हो जाता है। इसलिये उतना ही व्यायाम करें जितना शरीर सह सके। अनावश्यक, लम्बे और कड़े व्यायाम टालें। विशेषज्ञों की उपस्थिति और उनकी सलाह के अनुसार व्यायाम करने चाहिये।*

# भारत माला निर्माण के भू अर्जन प्रकरणों में प्रभावितों से 15 दिनों में शिकायत प्राप्त कर करें कार्रवाही : संभागायुक्त

## संभागायुक्त ने दुर्ग राजनांदगांव के कलेक्टर व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर की समीक्षा



**दुर्ग**, 26 मई (देशबन्धु)। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग एवं भारत माला के निर्माण हेतु दुर्ग तथा राजनांदगांव जिले के विभिन्न ग्रामों में भूमि का अधिग्रहण किया गया है एवं कई स्थानों पर अधिग्रहण का कार्य किया जा रहा है। अधिग्रहण में मुआवजा निर्धारण संबंधी कार्यवाही के संबंध में आज संभाग आयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। संभाग आयुक्त एस.एन.राठौर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सांसद विजय बघेल भी शामिल हुए। साथ ही उपायुक्त (राजस्व) श्री पदुम यादवए कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह, कलेक्टर राजनांदगांव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, एनएचएआई के परियोजना निदेशक दिग्विजय सिंहए एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव एवं एसडीएम राजनांदगांव भी मौजूद थे।

बैठक में भारतमाला परियोजना के भू.अर्जन के संबंध में आयोजित भूमि की जांच हेतु मूल खसरे को केवल अधिक मुआवजा प्राप्त करने के प्रयोजनों से छोटे.छोटे भूखण्डों में विभाजित कर मुआवजा प्रकरण। भू.अर्जन हेतु आशय पत्र प्राप्ति दिनांक के उपरान्त मूल भूमि के हस्तांतरण, बंटवारा, व्यपवर्तन, नवीन निर्माण इत्यादि मुआवजा हेतु सम्मिलित किये जाने। अधिक मुआवजा प्राप्त करने हेतु पूर्व दिनांक से फर्जी नामांतरण, बंटवारा प्रकरण तैयार कर मुआवजा स्वीकृत किये जाने। मुआवजा पत्रक तैयार ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# वट सावित्री पर महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिये की वट वृक्ष की पूजा



**दुर्ग**, 26 मई (देशबन्धु)। नगर में आज जगह जगह सुहागिन महिलाओं ने पति के दीर्घायु होने की कामना को लेकर वट सावित्री का व्रत करते हुए वट वृक्ष के नीचे पूजन किया। लगभग सभी बरगद वृक्ष के नीचे बड़ी संख्या में महिलाएं पूरे श्रृंगार के साथ एकत्रित हुई। वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना कर रक्षा सूत्र बांधा, वट सावित्र की कथा कही। कहीं कहीं पुरोहितों ने पूजा कराई तो ज्यादातर स्थानों में महिलाओं ने स्वयं ही पूजा अर्चना कर आपस में कथा कहती व सुनाती रहीं।

स्टेशन रोड पर सिटी क्लब के पास, बुनकर सहकारी संघ कार्यालय के सामने, राजेन्द्र पार्क चौक, दादा दादी नाना नानी पार्क के पास, पद्मनाभपुर नया पारा, गिरधारी नगर, शनिचरी बाजार सहित अनेक स्थानों पर महिलाओं को वट वृक्ष की पूजा करते देखा गया। जहां पर वट वृक्ष नहीं था वहां पर महिलाओं ने गमले में वृक्ष लगाकर पूजा की। पूजा के बाद महिलाओं ने कच्चे धागे को वृक्ष पर लपेटते हुए परिक्रमा भी की।

# दुर्ग जिले में मिला कोरोना का पहला मरीज

**दुर्ग**, 26 मई (देशबन्धु)। दुर्ग जिले में आज कोरोना पाजिटिव का एक प्रकरण सामने आया। भिलाई के एक निजी अस्पताल में भर्ती इस मरीज का इलाज शुरू कर दिया। जिला चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी ने बताया कि इसे लेकर अभी राज्य शासन से किसी भी तरह का मार्गदर्शन प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव के लिये जो परहेज व उपाय पूर्व में किये जा रहे थे उन्हें ही अपनाना चाहिए।

# प्लेसमेंट केम्प 30 को, निजी क्षेत्र के 225 पदों पर होगी भर्ती

**दुर्ग**, 26 मई (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 30 मई को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट केम्प में वृंदा इंजीनियर्स प्रालि के 220 पद एवं सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड के 5 पद, कुल 225 रिक्त पदों हेतु भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। जिसमें फिटर 50 के पद, वेल्डर 40 के पद, गैस कटर के 35 पद, ग्राइन्डर के 30 पद, हेल्पर के 50 पद, सैप ऑपरेटर के 3 पद, एनडीटी लेवल.2 के 2 पद, असिस्टेंट इंजीनियर के 4 पद, सेफ्टी ऑफिसर ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# 9 वीं एशियाई जुजीत्सु चैम्पियनशिप में शामिल होने प्रदेश के दो खिलाड़ी जार्डन रवाना




**दुर्ग**, 26 मई (देशबन्धु)। अम्मान जार्डन में होने वाली 9 वीं एशियाई जुजीत्सु चैम्पियनशीप 2025 में भारतीय दल में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे डोंगरगढ़ की फाइटर राणा वसुंधरा सिंह (63 केजी) एवं राजनांदगांव से जतिन राहुल (69 केजी) ये दोनों खिलाड़ी इंदिरा गांधी हवाई अड्डे से जार्डन के लिये रवाना हो गये।

राणा वसुंधरा सिंह का मुकाबला जार्डन एवं वियतनाम के खिलाड़ियों से है। जतिन राहुल का पहला मुकाबला पाकिस्तान से है। जूजित्सु एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, महासचिव राणा अजय सिंह कोषाध्यक्ष सुरेश शांडिल्य, बाबूराव जनबंधु जिला सचिव रेखा साहू, आशीष चंद्राकर पार्षद सुषमा जांगड़े एवं रिमा देवांगन ने इन दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# भाजपा नेता योगेश तिवारी के जन्मदिवस पर समर्थकों ने की भव्य आयोजन की तैयारी



- **पूजा पाठ, फल वितरण और रक्तदान शिविर के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन**

**बेमेतरा**, 26 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रखर किसान नेता एवं सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रिय अध्यक्ष योगेश तिवारी जी के जन्मदिवस को उनके समर्थक यादगार बनाने के लिए भव्य आयोजन की तैयारी कर रहे हैं।

इसके तहत बेमेतरा जिले में अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं जनसेवा से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा व उत्साह के साथ किया जा रहा है। बेमेतरा जिला अस्पताल में मरीज को फल वितरण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन समर्थक द्वारा दोपहर 12 बजे से 3 बजे के तक किया जाएगा। ग्राम भैंसबोड़ (बोरिया) स्थित मां कारोकन्या मंदिर में मंगलवार को दोपहर 2 बजे से शुभ हवन-पूजन का आयोजन होगा। धर्म और आस्था से सराबोर इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं योगेश तिवारी के समर्थक शामिल होने वाले हैं। इसके बाद, सेवा कार्य के रूप में बेरला उप-स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को ताजे फलों का वितरण का भी आयोजन किया जाएगा। ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# नगर निगम अब चिन्हित स्थानों पर गुमटी बनाकर व्यवसाय के लिये जरूरतमंदों को आबंटित करेगा



**एमआईसी की बैठक में 7 प्रस्ताव**

**दुर्ग**, 26 मई (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग के मेयर इन काउंसिल की बैठक में आज एक विशेष प्रस्ताव पारित कर चिन्हित स्थानों पर गुमटी बनाकर जरूरतमंदों को व्यवसाय के लिये आबंटित करने का निर्णय लिया गया। इसमें नगर निगम की सक्षम अनुमति के बिना जहां तहां अतिक्रमण लिये जाने पर नियंत्रण लगाया जा सकेगा। इसी तरह सुभाषन स्कूल प्राथमिक शाला की दूकान क्रमांक 6 एवं राजेन्द्र प्रसाद पार्क शापिंग काम्पलेक्स की दूकान क्रमांक 8 एवं 14 की लीज का नवीनीकरण 25 प्रतिशत वृद्धि के साथ करने का निर्णय लिया गया। एमआईसी की अध्यक्षता महापौर अलका बाघमार ने की। बैठक में निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल व एमआईसी के प्रभारीगण तथा अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कुल 7 प्रस्ताव रखे गये। इसमें प्रमु रूप से बारिश से पहले पुलगांव नाला में दोनों तरफ गैंग लगवाकर सफाई कराने, नगर निगम परिसर में वाहन शाखा गैरेज में गाड़ियों के रखरखाव के लिये एवं टीन शेड बनाने व सीमेंटीकरण करने का निर्णय लिया गया। विद्युत विभाग के अंतर्गत औद्योगिक नगर, दक्षिण, जवाहर नगर, सोमनाथ मंदिर गार्डन एवं देशमुख के सामने गार्डन में 14 नग पुराने, ट्यूबलर पोल, राजीव ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# मानदेय न मिलने से नाराज महिलाओं ने चौथे दिन भी नहीं लिया घरों से कचरा



- **रात 7 बजे तक भी भुगतान नहीं, आज भी हड़ताल रहेगी**

**दुर्ग**, 26 मई (देशबन्धु)। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली महिलाओं ने समय पर मानदेय न मिलने के विरोध में आज चौथे दिन भी घरों से कचरा कलेक्शन नहीं किया। पिछले चार दिनों से घरों से कचरा नहीं लिये जाने के कारण घरों में भारी मात्रा में कचरा डंप हो गया है। आज भी इन महिलाओं ने कचरा इकट्ठा करने की बजाय शहर के विभिन्न एसएलआरएम सेंटर के सामने धरना देकर बैठी रहीं। सफाई कामगार मजदूर के महामंत्री रवि कुमार सोनी ने बताया कि नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने उन्हें आज ही शाम साढ़े 5 बजे तक मानदेय भुगतान कर देने का आश्वासन दिया है। यदि निर्धारित समय पर मानदेय न दिया तो आंदोलन को और आक्रमक बनाया जायेगा। आज शाम 7 बजे तक स्वच्छता दीदियों को भुगतान नहीं मिला है। श्री सोनी ने कल 27 मई को पांचवें दिन भी हड़ताल जारी रखने की घोषणा की है।

उल्लेखनीय है कि शहर में रोजाना की तरह सड़कों, नालियों इत्यादि नियमित साफ सफाई की जा रही है मगर रिक्शा गाड़ी लेकर घरों घर जाने वाली स्वच्छता दीदी महिलाएं घरों में नहीं जा रही है। विगत तीन दिनों की तरह आज भी घरों से कचरा कलेक्शन ठप्प रहा। आज भी विभिन्न कालोनियों व मोहल्लों में महिलाएं अपने घरों के सामने कचरा गाड़ी का इंतजार करती रहीं। आज वट सावित्री का व्रत होने के कारण महिलाओं को कचरा डिस्पोजल कर स्थान ध्यान व पूजा पाठ करने ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# ग्राम घोरारी से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त



- **आबकारी विभाग की कार्रवाई**
- **आरोपी भाग निकले**

**दुर्ग**, 26 मई (देशबन्धु)। उपायुक्त आबकारी नवीन प्रताप सिंह तोमर व प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी सीआर साहू के मार्गदर्शन में 25 मई को भोर गश्त के दौरान आबकारी विभाग जिला दुर्ग के द्वारा वृत.दुर्ग आंतरिक दक्षिण क्षेत्र अन्तर्गत अवैध शराब के निर्माण विक्रय की सूचना प्राप्त होने पर पर त्वरित कार्यवाही कर ग्राम घोरारी में 250 लीटर महुआ शराब तथा 2000 किलोग्राम महुआ लाहन जप्तकर नष्ट किया गया। मौके पर अज्ञात आरोपी खेत के रास्ते भाग निकले तथा घटना स्थल पर चढ़ी हुई 15 भट्टियां मिली। इस प्रकरण में अज्ञात के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

ग्राम घोरारी में ही एक अन्य स्थल छोटी डबरी तालाब में जांच किये जाने पर 50 लीटर महुआ शराब तथा 500 किलोग्राम लाहन जप्त कर नष्ट की कार्यवाही वृत्त भिलाई 3 प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी धीरज कन्नोजिया के द्वारा किया गया तथा अज्ञात के विरुद्ध ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# धनोरा स्कूल कालेज के पास तम्बाखू, सिगरेट बेचने वालों पर कार्रवाई

**दुर्ग**, 26 मई (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन, स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत् चालानी कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी अनुसार 22 मई को ग्राम धनोरा में स्कूल के पास, कॉलेज के पास एवं होटलों के आस.पास पान दुकानों पर तंबाखू, सिगरेट की बिक्री पर चालानी कार्यवाही की गई। कार्यवाही अंतर्गत धारा 4 के तहत् सार्वजनिक स्थान में धुम्रपान प्रतिबंधित है, साथ ही कोटपा एक्ट की धारा 6 के तहत् स्कूल के 100 गज के दायरे में तंबाखू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है एवं 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को धुम्रपान एवं अन्य तंबाखु उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है। तंबाखू उत्पादों का सेवन करते पाए जाने पर समझाईश देने के साथ-साथ नो स्मोकिंग व नाबालिग बच्चों द्वारा तंबाखू उत्पादों पर खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध का बोर्ड लगाते हुए कुल 10 चालानी कार्यवाही की गईए जिसमें कुल 1450 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया।

# आज फिर 30 वार्डों में रहेगी जल आपूर्ति प्रभावित

**कल स्थिति सामान्य होने की संभावना**

**दुर्ग**, 26 मई (देशबन्धु)। नगर निगम के 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट के सब स्टेशन में मेंटनेंस कार्य हेतु कल मंगलवार 27 मई को फिर एक बार शहर के 60 में से लगभग 30 वार्डों में जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। कल पहली पाली में जल आपूर्ति की जायेगी किंतु दूसरी पाली में जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। नगर निगम सूत्रों के अनुसार गुरूवार 28 मई को जल आपूर्ति सामान्य होने की संभावना है। महापौर अलका बाघमार एवं जल कार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने नागरिकों से कल पहली पाली में ही पर्याप्त पानी संग्रह कर लेने की अपील की है। पूर्व में 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट व शिवनाथ नदी इंटकवेल में आई खराबी ठीक कर ली गई है। संबंधित वार्डों में जल आपूर्ति सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

नगर निगम सूत्रों के अनुसार कल 27 मई को 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में सब स्टेशन मेटेनेंस कार्य हेतु शट डाउन किये जाने से 30 वार्डों में नलों द्वारा जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। जिन वार्डों में कल जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी उनमें 24 केएमएलडी टंकी रायपुर नाकाए पांच बिल्डिंग सिविल लाईन, बोरसी वार्ड 49 बोरसी पश्चिम, वार्ड 50 बोरसी पूर्व, वार्ड 51 बोरसी उत्तर, वार्ड 52 बोरसी दक्षिण के आंशिक व वार्ड46 पद्मनाभपुर पूर्व के आंशिक एमएमएमए पोटिया टंकि वार्ड 52 बोरसी दक्षिण, वार्ड53 पोटियाकला उत्तर, वार्ड 54 पोटियाकला दक्षिण, बघेरा वार्ड 1 नयापारा, वार्ड 2 राजीव नगर, वार्ड 3 मठपारा दक्षिण, वार्ड 4 मठपारा उत्तर रामनगर, बघेराए बटालियन, सिकोला (उरला) वार्ड 14 (सिकोला भाटा), वार्ड 15 (सिकोला बस्ती दक्षिण) वार्ड 16 (सिकोला ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# 29 से 12 जून तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

**दुर्ग**, 26 मई (देशबन्धु)। जिले में 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान् खरीफ2025 प्रारंभ होने के पूर्व कृषि कार्यों की तैयारी के संबंध में खरीफमौसम के प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकों, किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न विभागीय योजनाओं, मृदा स्वास्थ्य कार्ड में फसलवार अनुशंसित मात्रा अनुसार संतुलित उर्वरक के प्रति जागरूक करने तथा किसानों द्वारा किये गये नवाचार के संबंध में फीडबैक के आधार वैज्ञानिकों द्वारा कृषि अनुसंधान की आवश्यक दिशा निर्धारण के उद्देश्यों से चलाया जाना है। जिले में इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए तीन टीमें प्रति विकासखण्ड हेतु बनाई गई हैं। ये टीमें प्रतिदिन 2.2 ग्राम प्रति विकासखण्ड एवं जिले में कुल 78 ग्रामों में शिविर आयोजित कर किसानों से सीधा संवाद करेंगी। प्रत्येक टीम में आईसीएआर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# मारपीट के दो आरोपी जेल भेजे गये



**दुर्ग**, 26 मई (देशबन्धु)। ग्राम पीसेगांव में गत 25 मई को पैसों के लेनदेन के मामले में हुई मारपीट में नीलकंठ रजक नामक व्यक्ति को गहरी चोट पहुंची है। इस मामले में पुलगांव पुलिस ने रेखराम निर्मलकर की रिपोर्ट पर आरोपियों गजेन्द्र सेन उर्फ राजा सेन, योगेन्द्र सेन उर्फ पिंटू निवासी पिसेगांव के विरूद्ध धारा 333, 107, 3,5 के तहत मामला दर्ज कर इन्हें न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार 26 मई को नीलकंठ रजक, सुमित्रा रजक व मोनिका रजक बैंक ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# रानी अहिल्या बाई की जयंती पर निगम ने चलाया जलस्त्रोतों की सफाई अभियान




**दुर्ग**, 26 मई (देशबन्धु)। रानी अहिल्या बाई होल्कर की तीन सौंवी जयंती के उपलक्ष्य में वार्ड क्रमांक 3 मठपारा में नगर निगम द्वारा व्यापक सफाई अभियान चलाया गया है। सुबह लगभग 2 घंटे तक चलाये गये सफाई अभियान के अंतर्गत वार्ड के सभी जल स्त्रोतों तालाब, कुआं नलकूप हैंडपंप के आसपास व्यापक साफ सफाई की गई। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों को जीवंत बनाये रखने की दृष्टि से यह कदम उठाया गया। उन्होंने सारथी पारा सहित वार्ड के सभी गलियों, मोहल्लों के लोगों को काम हो जाने के बाद नलों की टोटियां बंद कर पानी को व्यर्थ बहने से रोकने की अपील की। इस दौरान नगर निगम की समिति के प्रभारी पार्षद नरेन्द्र बंजारे, स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, नोडल स्वास्थ्य अधिकारी मोहेन्द्र साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धमेन्द्र मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ का अधिवेशन 14-15 जून को



**दुर्ग**, 26 मई (देशबन्धु)। स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ का 14-15 जून को स्वामी विवेकानंद सभागृह में राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक त्रयवार्षिक अधिवेशन किया जायेगा। इसी परिप्रेक्ष्य में भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय प्रभारी एम.पी.सिंह ने दुर्ग जिले के स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ की इकाई एवं प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक ल्रेकर तैयारियों की समीक्षा की व जरूरी निर्देश दिये। बैठक में प्रथम दिवस रैली निकालने तथा सभी विभागों के प्रभारी नियुक्त कर कार्य करें। सभी पदाधिकारियों से ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# रिसाली निगम करेंगे मकान, दुकान को पुन: निर्धारण



**भिलाईनगर,** 26 मई (देशबन्धु)। रिसाली निगम के 40 वार्डों में बने मकान और दुकानों का पुन: कर निर्धारण किया जा रहा है। अधिक क्षेत्रफल में निर्माण कार्य कर टैक्स की राशि में बचत करने वालों से अंतर की राशि जमा कराई जाएगी। इसकी शुरुआत मैत्रीनगर निवासी सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर से की गई है। निगम ने शीघ्र अंतर की राशि 1154 रुपए जमा करने निर्देश दिए है। निगम के इस अभियान में सांसद प्रतिनिधि दीपक और उनकी पार्षद पत्नी सुन्दा चंद्राकर ने सहयोग किया। पहले पुराने कर निर्धारण की प्रति उपलब्ध कराते, अधिकारियों को निष्पक्ष रूप से नाप जोक करने अनुरोध किया। गणना में निर्माण कार्य 66 वर्ग फीट अधिक पाया गया। पूर्व में 1582 वर्ग फीट का टैक्स निर्धारण हुआ था। यह राशि 1154 रुपए कम थी। आयुक्त मोनिका वर्मा ने संपत्ति कर विभाग को निर्देश दी है कि वे निगम के 40 वार्डों में टैक्स पुन: निर्धारण कार्य तीन माह में पूरा करे। मकान व दुकान मालिकों को अंतर की राशि के बारे में विस्तार से बताए। टैक्स पुनर्धारण में रोडा करने वालों से सख्ती से पेश आए। कई ऐसे है जिन्होंने अपने घर में दुकान का निर्माण कर व्यवसाय कर रहे है। या फिर घर को किराया में दिया है। घर में हॉस्टल भी संचालित है। जितने क्षेत्रफल से मकान मालिक व्यवसायिक उपयोग या किराया देकर लाभ अर्जित कर रहा है निगम उसका टैक्स व्यवसायिक निर्धारण करेंगे। जानकारी छिपाने पर एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्देश दी है कि सर्वे कार्य करने वाले कर्मचारी नल कनेक्शन की भी जानकारी ले। नल कनेक्शन होने पर इस बात की पुष्टि करे कि वह व्यक्ति जल कर जमा कर रहा है कि नहीं। मकान या दुकान कब से बना है, . निर्माण हुए मकान या दुकान का वास्तविक टैक्स जमा हो रहा है कि नही मकान व्यवसायिक उपयोग में तो नहीं इत्यादि है।

# टाउनशिप की समस्या को लेकर विधायक मिले प्रबंधन से



**भिलाईनगर,** 26 मई (देशबन्धु)। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने आज सोमवार को बीएसपी के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र की जनता को मिल रही मूलभूत सुविधाओं की कमी पर चर्चा करना और जल्द समाधान निकालना था। विधायक ने बैठक में खासतौर पर बार बार बिजली गुल होने की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि गर्मी के इस मौसम में जब बिजली की सबसे अधिक जरूरत होती है, ऐसे में लगातार कटौती से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ट्रांसफॉर्मर की स्थिति, ओवरलोडिंग और लाइन फॉल्ट की नियमित निगरानी करें और समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाएं। इसके अलावा विधायक देवेंद्र यादव ने आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए नालों की सफाई कार्य में तेजी लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बारिश से पहले नालों की समय पर सफाई न होने के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है। जिससे स्थानीय लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि नालों की सफाई कार्य जल्द से जल्द पूरा हो और कहीं भी अवरोध न रहे। विकास कार्यों को लेकर भी विधायक ने चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि कई जरूरी विकास योजनाएं सिर्फ अनापत्ति प्रमाण पत्रद्ध न मिलने के कारण अधर में लटकी हैं। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे जल्द से जल्द सभी रुके हुए प्रोजेक्ट्स के लिए एनओसी जारी करें ताकि क्षेत्र में विकास की गति बनी रहे। बैठक में विधायक ने अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिया है कि जनता ने हमें उनके हितों की रक्षा के लिए चुना है। हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें और उन्हें बेहतर जीवन देने के लिए काम करें। बैठक में बीएसपी के सीजीएम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। टार फेल्टिंग का कार्य जल्द से जल्द सभी क्वार्टर में करने की बात कही गई है साथ ही लीज नवीनीकरण के कार्य में भी तेजी की बात कही गई है, साथ ही टाउनशिप में आवारा जानवर और कुत्तों की समस्या को भी जल्द निराकरण करने की बात विधायक ने की है।। बैठक का समापन सकारात्मक माहौल में हुआ और अधिकारियों ने कहा कि सभी मुद्दों पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। एक दिन पूर्व ही विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर 5 कार्यालय में स्थानीय नागरिकों से मुलाक़ात कर उनकी समस्याएं सुनीं। भेंट मुलाकात करने शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक अपने विधायक से मिलने पहुंचे। नागरिकों ने प्रमुख रूप से जल आपूर्ति की अनियमितता, क्षतिग्रस्त सड़कों, जलजमाव, कचरा प्रबंधन, ड्रेनेज की सफाई, स्ट्रीट लाइट्स की खराबी और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं को उजागर किया। विधायक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। उन्होंने कहा, ष्जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना मेरी जिम्मेदारी है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी बताया कि भिलाई शहर के सर्वांगीण विकास के लिए कई योजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं और जल्द ही उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू होगी। पार्षद और खुर्सी पार की जनता ने सीवरेज की समस्या के बारे में विधायक को बताया। खुर्सीपार में सीवरेज लाइन का काम किया जा रहा है। लेकिन बारिश में व्यवस्थित तरीके से काम नहीं होने की वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बारिश का पानी गली और लोगों के घरों में भी भर सकता है इसे गंभीर बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है। क्योंकि ठेकेदार ने सीवर लाइन के लिए कई जगह खुदाई कर करके काम छोड़ दिया है। 5-7 फीट गहरे गड्ढे खोद कर छोड़ दिए है। इसके अलावा खुर्सीपार और टाउनशिप एरिया में बैकलिंक की सफाई भी नहीं की गई है।

# संयंत्र के यशवंत द्वारा रचित छत्तीसगढ़ी उपन्यास का विमोचन



**भिलाईनगर,** 26 मई (देशबन्धु)। संयंत्र के कर्मचारी एवं साहित्यकार यशवंत साहू कोंगनिहा द्वारा रचित छत्तीसगढ़ी उपन्यास दाई का भव्य विमोचन अभनपुर के मंडी प्रांगण में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, नारी सशक्तिकरण और लोकगाथा के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल थी। यशवंत साहू वर्तमान में संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग टीएसडी में प्रवर्तन अनुभाग में सहायक महाप्रबंधक के रूप में पदस्थ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल थे। श्री जायसवाल ने यशवंत साहू के उपन्यास विमोचन किया व इसकी सफलता हेतु लेखक को बधाई दी। उपन्यास विमोचन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कलार समाज युवराज सिन्हा, अध्यक्ष योग आयोग छत्तीसगढ़ रूप नारायण सिन्हा, विधायक बालोद श्रीमती संगीता सिन्हा, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक अभनपुर इन्द्र कुमार साहू, तथा महापौर रिसालीद्ध श्रीमती शशि सिन्हा, छत्तीसगढ़ कलार समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मिलित हुए। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल कहा कि छत्तीसगढ़ की महान विभूतियों पर आधारित ऐसे साहित्य से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। मां बहादुर कलारिन का चरित्र समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने यशवंत साहू कोंगनिहा को इस अनछु, विषय पर उपन्यास लेखन के लिए बधाई दी। नगर सेवाएं विभाग ने यशवंत साहू को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में इस योगदान को संयंत्र के बहुआयामी प्रतिभा.संपन्न मानव संसाधन के महत्वपूर्ण अंग के रूप में सराहना की है। उपन्यास दाई छत्तीसगढ़ के कलार समाज की कुलदेवी मां बहादुर कलारिन की जीवनगाथा पर आधारित है, जिनका जीवन त्याग, संघर्ष और न्यायप्रियता का अद्वितीय उदाहरण है। उपन्यास में वर्णित है कि किस प्रकार मां बहादुर कलारिन ने एकल संघर्ष के माध्यम से अपने पुत्र छछानछाडू को सोररगढ़ का राजा बनाया, परंतु स्त्रियों के अपमान पर उसे मृत्युदंड देने से भी पीछे नहीं हटीं। यह कथा न केवल मातृत्व के गूढ़ स्वरूप को उद्घाटित करती है।

# हत्या का प्रयास करने वाला आरोपी को किया गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 26 मई (देशबन्धु)। कुम्हारी पुलिस ने हत्या के प्रयास में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अमित साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना 25 मई को अपने दोस्त मालिक राम साहू व मोहल्ले का अमर साहू उर्फ रेमटा के साथ गुपचुप खाने सप्ताहिक बाजार कुम्हारी गया था। गुपचुप खाते समय आरोपी सुनील आया और अमर साहू से विवाद करने लगा और मां बहन की गंदी गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी देकर पहले हाथ मुक्का से मारपीट करने के बाद अपने शैलून दुकान में गया वहां से कैची लेकर आया और प्रार्थी के पेट में तथा गवाह मालिक राम साहू के बांये बांह को मारकर प्राण घातक चोट पहुंचाया है। कुम्हारी पुलिस द्वारा घटना के बाद आरोपी सुनील का पतासाजी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के द्वारा अपराध धारा का घटित करना सबूत पाये जाने से 26 मई को गिरफ्तार किया। उक्त कार्यवाही में निरी.जे आर कुर्रे, आरक्षक पंकज पटेल, आर.लेखराज निषाद, आर 283 कविंद साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# खराब ग्रेडिंग, एसोसिएशन ने जताई नाराजगी



**भिलाईनगर,** 26 मई (देशबन्धु)। बीएसपीए एस सी, एस टी एम्प्लोयीज़ एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद के नेतृत्व मे संपर्क अधिकारी रोहित हरित से मिलकर कार्यपालक निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने कहा कि एस सीए एस टी अधिकारीयों को ख़राब ग्रेडिंग दी जा रही है। ऐसी बहुतायत शिकायतें एसोसिएशन के पास आई हैं। हमारे अधिकारी अधिकतर हॉर्ड शॉप मे कार्य करते हुए विषम परिस्थितियों मे भी अपना 100 प्रतिशत दे कर संयंत्र को नई उचाईयों पर ले जाने मे अपनी जी जान लगा देते हैं परन्तु ज़ब ग्रेडिंग की बात आती है तो इनको उचित ग्रेड न देकर नाइंसाफी की जाती है। इसका प्रभाव इनके प्रमोशन और पी आर पी पर पड़ता है। जिस कारण मानसिक व आर्थिक रूप मे नुकसान उठाना पड़ता है एसोसिएशन ने मांग की है कि एस सी, एस टी अधिकारीयों का पिछले 5 वर्षो का ग्रेडिंग रिकार्ड एसोसिएशन को उपलब्ध कराया जाय ऐसे ही हालत जवाहर लाल नेहरू मुख्य चिकित्सालय सेक्टर 9 का भी है वहाँ से भी ग्रेडिंग को लेकर शिकायत एसोसिएशन को मिली है ग्रेडिंग ख़राब कर 8- 9 साल तक प्रमोशन से वंचित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध मे जल्द ही एसोसिएशन का प्रतिनिधि मण्डल संयंत्र प्रबंधन से मिलकर समस्याओ से अवगत कराएगा। कोमल प्रसाद ने कहा है कि हमने प्रवंधन से मांग की है कि आगामी प्रमोशन मे एस सी, एस टी अधिकारीयों को प्रयाप्त संख्या मे पदोन्नति दिया जाय इस प्रतिनिधि मण्डल मे एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद, महासचिव विजय कुमार और कोषाध्यक्ष अनिल खेलवार शामिल थे ?

# मकान बनाने से पूर्व सीवरेज की व्यवस्था देखे



**भिलाईनगर,** 26 मई (देशबन्धु)। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में बहुत से ऐसे क्षेत्र है, जहां पर बरसात के समय जल भराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय नियमित भ्रमण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को लेकर मॉडल टाउन उड़िया बस्ती, पंडित दिनदयाल उपाध्याय आवासीय कालोनी, पुष्पक नगर, आनंद नगर, कोसा नगर, रैश्ने आवास, कैलाश नगर, आर्य नगर कोहका, साकेत नगर, कृष्णा ग्रैण्ड सिटी, आनंद पुरम का अंदर का भाग आदि क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां पर नालों एवं नालियों का सफाई किया जा रहा है। मूल रूप से इन स्थानों पर यह समस्या आ रही है कि ज्यादातर प्राईवेट कालोनिया डवलप हो गई है। जहां पर जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक सेवक, पुलिस विभाग, डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता एवं व्यापारीगणों के बड़े.बड़े मकान बन गये है, लेकिन वहां पर सीवरेज पानी एवं बरसात के पानी का पर्याप्त निकासी की व्यवस्था नहीं की गई है। भू.माफियाओं के संपर्क में आकर बड़े.बड़े प्लाट लेकर करोड़ो का मकान एवं फ्लैट बनया गया है। शुरू में कच्ची एवं पक्की नाली बनाकर दुसरे के प्लाट में पानी गिरा दिया जाता है। यही क्रम बढ़ रहा है और अंत में जाकर जो निचली बस्ती हैए वहां पर पानी का दबाव बढ़ते जा रहा है। कही.कहीं पर ऐसी भी स्थिति हैए जहां पुरा का पुरा नाली एवं सड़क ब्लाक हो गया है। वहां पर बड़े मकान बन गए हैए जल निकासी हो तो कहां से हो।

# देवी अहिल्या बाई की जीवनी पर संगोष्ठी का आयोजन




**भिलाईनगर,** 26 मई (देशबन्धु)। शासन के निर्देशानुसार देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती 10 दिन तक निगम भिलाई क्षेत्र में मनाया जा रहा है। इसी के तारतम्य में अहिल्या बाई के जीवनी पर संगोष्ठि का आयोजन नेहरू नगर भेलवा तालाब में किया गया। जिसमें प्रबुद्व लोगो द्वारा राजमाता अहिल्या बाई होल्कर ने 18वीं शताब्दी में किस प्रकार से होल्कर साम्राज्य का विस्तार की, इसके बारे में परिचर्चा की गई। नगर निगम भिलाई के जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला ने बताया कि रानी अहिल्या बाई होल्कर सामान्य परिवार में पैदा होकर अपने कुशल नेतृत्व, संघर्षीलता, ईश्वर के प्रति भक्ति के बल पर होलकर वंश महारानी बन गयी। उन्हें दूरदर्शी महिला शासकों में के रूप में जाना जाता है। चाहे विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण हो, स्त्रियों की शिक्षा, सब वर्ग का सम्मान, अपने राज्य में औद्योगीकरण को लागू करना, धर्म का प्रचार प्रसार उन्होंने कुशलता पूर्वक किया। रानी पहली शासक थी जिन्होंने भूतपूर्व सैनिकों की पेंशन योजना लागू की उसे समय उनके वेतन से कुछ अंश कट करके रखा जाता था उतना ही राशि जोड़ करके उनके रिटायरमेंट के बाद उन्हें पेंशन प्रदान किया जाता था। अपनी सहेली का विधवा विवाह सर्वप्रथम उन्होंने ही करवाया था। जो पूर्व के राजा सोचने से डरते थे उन कार्यों को संघर्ष करके कर डालती थी। डॉक्टर ललित पोपट ने कहा 31 मई 1725 को अहमद नगर के चौंड़ी गांव में जन्मी अहिल्या के पिता मनकोजी राव शिंदे ग्राम प्रधान थे। अहिल्या बाई शुरू से ही संस्कारिक, धार्मिक एवं सामाजिक रिती रिवाजों में पली बढ़ी थी। भगवान शंकर के प्रति उनकी अटूट श्रद्वा थी।उद्योगपति सुभाष गुलाटी ने बताया कि देवी अहिल्या आम लोगो की समस्याओं को जानने के लिए रात में भेष बदलकर नगर में घूमा करती थी खुद समस्याओं से और जनता के विचारों से अवगत होती थी और उसका निराकरण करती थी। भारत विकास परिषद के सचिव जितेंद्र सिंह ने बताया कि एक अच्छी कूटनीतिज्ञ थी बड़े-बड़े राजा उनके कूटनीतिक चाल में फंस जाते थे यह सोच करके कहीं महिला रानी से हार गया तो बहुत बेज्जती होगा। उनके राज्य से मित्रता कर लेते थे। राजकाज के साथ साथ विभिन्न गतिविधिया जैस मंदिरो, घाटों, कुओ, तालाबों और विश्राम गृह तीर्थ स्थलों तक निर्माण शामिल था। उनकी प्रजा उन्हें सम्मान से आई कहती थी। संगोष्ठी में शामिल रहे प्रदीप डालमिया, संजय भाटिया, सुबोध अग्रवाल, मयंक चतुर्वेदी, एम.पी.सिंह, नरेश गुप्ता, एम राजू, ठाकरे, अनिल डागा, शिवचरण गोयल, शैलेंद्र परिहार, रमेश साहू, शिवनारायण मोदीए राजेश साहूए आदि सहभागी रहे।

# रोड पर अतिक्रमण करने वाले से 69000 की चालानी कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 26 मई (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्र के वार्ड -2 स्मृति नगर, सूर्या मॉल चौंक रोड का निरीक्षण करने राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। वहां व्यापारियों द्वारा सड़क, रोड एवं नाली पर अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा था। साथ ही कुछ व्यापारियों द्वारा सिंगलयूज प्लास्टिक रखा गया था एवं अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं पाया गया। जिसके तहत उन सभी दुकानदारों से 13800 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन 1 राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्मृति नगर एवं सूर्या मॉल क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। वहां कुछ दुकानदारों द्वारा सड़क बाधित कर व्यवसाय करने, सिंगलयूज प्लास्टिक रखने एवं अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं पाया गया। प्रमुख रूप से मेडी फ्लैक्स मेडिकोज से 1500, अंजिलेश मेडिकल से 1000, सांई मेडिकोज से 500, जय श्री किराना स्टोर से 300, हिमालया वेलेंस कंपनी से 1000, बबीता माखीजा से 8000, मैरिज पैलेस से 1500 रूपये। इसी प्रकार कबाड़ी कचरा डालकर गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही की गई।

# लोक सृजन समिति का चुनाव संपन्न



**भिलाईनगर,** 26 मई (देशबन्धु)। भिलाई लोक सृजन समिति भिलाई की वार्षिक सामान्य आमसभा की बैठक संपन्न हुई जिसमें अध्यक्ष राजेंद्र परगनिहा के स्वागत भाषण के बाद महासचिव पी.आर. वर्मा ने समिति के वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया तथा कोषाध्यक्ष बीपी राजपूत द्वारा समिति का वार्षिक आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करने के बाद अध्यक्ष ने अपने कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की तथा आगे मई 2025 से 2028 तक के लिए नई कार्यकारिणी के गठन हेतु प्रजातांत्रिक तरीके से विधि समझ चुनाव कराने हेतु हवन किया। समिति के निर्वाचन कार्यक्रम हेतु मार्गदर्शन वरिष्ठ कल्याण मंच भिलाई के अध्यक्ष डी.पी. राय को मुख्य चुनाव अधिकारी एवं उनके महासचिव राम लखन मिश्रा को उपचुनाव अधिकारी बनाया गया। जिन्हें आम सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत से यह निर्णय दिया कि समिति के पूर्व कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी को अगले कार्यकाल 3 वर्ष के लिए पुन: सर्वसम्मति से निर्वाचित करने का निर्णय दिया गया। इसके अनुसार अध्यक्ष राजेंद्र परगनिहा उपाध्यक्ष पी.सी. शर्मा महासचिव पी.आर. वर्मा संयुक्त सचिव श्रीमती शारदा रामटेक एवं राजेंद्र कुमार शर्मा तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गजानंद चौधरी, श्रीमती साधना कुलदीप, टीकम लाल वर्मा, रमेश कुमार पाल एवं शंकर लाल साहू चुने गए हैं। इसको चुनाव अधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए समिति के संचालन पूरी जिम्मेदारी के साथ करने की इच्छा जाहिर की।

# फर्जी बीपीएल प्रमाण पत्र धारियों के विरूद्ध एफआईआर

**भिलाईनगर,** 26 मई (देशबन्धु) वर्ष 2007-08 का गरीबी रेखा सत्यापन प्रमाण पत्र के आधार पर पालको द्वारा अपने बच्चों का बड़े स्कूल में शिक्षा के अधिकार के तहत दाखिला करवा रहे है। इससे उन्हे नियमानुसार छूट की सुविधा प्राप्त होती है। जिसके माध्यम से नर्सरी से लेकर बारहवीं तक नि:शुल्क शिक्षा दी जाती है। कुछ अविभावक जो गरीबी रेखा में नहीं है, उनके द्वारा कुट रचित कृत करके दुसरे के बीपीएल सर्वे सूची क्रमांक पर अपना नाम दर्ज करके स्कूलों में पेश किया जा रहा है। उसके आधार पर बच्चों को दाखिला मिल जा रहा है। इसी प्रकार के कुछ प्रकरण संज्ञान में आया। जॉच करने पर पता चला कि निगम द्वारा बीपीएल प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। वह गलत ढंग से बनाकर स्कूलों में प्रस्तुत किया गया है। बीपीएल सर्वे सूची सत्यापन के लिंक में जाने पर वहां दुसरे व्यक्ति का नाम दिखा रहा है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी द्वारा सुपेला एवं स्मृति नगर थाने में जाकर प्राथमिकी दर्ज करायी गई। कि जिस दस्तावेज के आधार पर स्कूल में दाखिला लिया गया है, वह निगम द्वारा जारी नहीं किया गया है। ऐसे पालकों के खिलाफ कार्यवाही किया जाए। कुछ ऐसे बिचैलिए है जो निगम के द्वारा जारी पूर्व दस्तावेजो के आधार पर उसी के समान बीपीएल सर्वे क्रमांक डालकर नाम दुसरे का अंकित करके बीपीएल प्रमाण पत्र बनवाकर दे रहे है।



# राज्य स्तरीय भोंगापाल बुद्ध महोत्सव 1 को



**भिलाईनगर,** 26 मई (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई द्वारा डा आंबेडकर सास्कृतिक भवन सेक्टर 6 में बैठक आयोजित हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय भोंगापाल बुद्ध महोत्सव 1 जून रविवार को ग्राम पंचायत भोंगापाल विकास खंड फरसगांव जिला कोंडागांव में आयोजित किया जाना है। इस विषय को लेकर विस्तृत चर्चा में जानकारी दी गई। इस बैठक में मुख्य रूप से भोंगपाल बुद्ध महोत्सव के संयोजक, अनिल खोब्रागडे ने इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आव्हान किया। सुनील रामटेके, अनिल गजभिये, रविन्द्र गाडगे और संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि भोंगापाल में पुरातत्व विभाग द्वारा टीले के खुदाई में भगवान बुद्ध की प्रतिमा मिली जिसे वही पर मूर्ति स्थापित की गई। इसलिए भोंगापाल के इस जगह के महत्व को देखते हुए, यहाँ पर महोत्सव का भव्य आयोजन 1 जून को किया जा रहा है। उसी क्षेत्र में बुद्ध शांति वन की स्थापना की जाएगी। आयोजन की बडे पैमाने पर तैयारी चल रही है। इस मेले में लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आव्हान किया। जिन लोगों को मेले में अपनी भागेदारी सुनिश्चित करना चाहते है। उन्हें आने जाने के लिए बस की व्यवस्था की जाएगी। आभार प्रदर्शन संस्था के उपाध्यक्ष विनोद वासनिक ने किया और संचालन रामराव ढोक ने किया। महोत्सव के मुख्य अतिथि विष्णु देव साय मुख्य मंत्री, अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह जी करेंगे। इस अवसर पर कृष्णा बंसोडकर, अशोक शामकुवर, भागवत बागडे, अनिल साखरे, अजय गणवीर, संजय मेश्राम, सुभाष बंसोडकर, कमलराज मेश्राम, सुधाकर फुलमाली, शिवचरण पानतावने, राजेश गजभिये, जीडी राऊत, वसंत नंदेश्वर, नरेंद्र नारनवरे, जेबी पाटील, भीमराव पाटील, राकेश रोशन रंगारी, मूलचन्द गडपायले, मीना नारनवरे, माधूरी बौद्ध, अलका बौद्ध उपस्थित थे।

## पंजीकृत श्रमिक बैंक खाते में आधार लिंक होना अनिवार्य

**बलौदाबाजार,** 26 मई। श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न मंडल के अंतर्गत योजनाओं की राशि 17 सितंबर 2024 से डीबीटी के माध्यम से श्रमिकों के खाते में स्थानांतरित किया जा रहा है। बहुत से ऐसे श्रमिक जिनका आधार एवं बैंक खाता पंजीयन में उपलब्ध नही होने तथा बैंक खाता आधार से लिंक नही होने के कारण डीबीटी (प्रत्यक्ष अंतरण) होने में असुविधा हो रही है।

# ग्राम टकसिवा में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन




**बेमेतरा,** 26 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की अभिनव पहल च्सुशासन तिहार 2025ज् के अंतर्गत बेरला जनपद के ग्राम टकसिवा में एक दिवसीय समाधान शिविर का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लागू कर ग्रामीण नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना रहा।

शिविर में कैप्टन युवराज सिंह परगनिया एवं सैनिक अवैद साहू को श्रीफल, साल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही ताकम ग्राम की बेटी वैशाली साहू, जिन्होंने 12वी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल कर प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया, को भी मंच से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ग्राम टकसिवा क्लस्टर की 10 ग्राम पंचायतों—टकसीयां, सोढ़, रेवें, भरचट्टी, सिंवार, भाठासोरही, हतपान, पतोरा, सिलघट-प, एवं ताकम—से सैकड़ों ग्रामीणों ने शिविर में भाग लेकर अपनी समस्याओं को सामने रखा। शिविर मे कुल 6068 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 95त्न आवेदनो का त्वरित निराकरण किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि यह शिविर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता की सेवा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन की योजनाएं प्रत्येक गांव और व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए पहली बार इस प्रकार के समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को किसान पुत्र बताते हुए कहा कि वे किसानों, मजदूरों, महिलाओं और गरीबों की पीड़ा को भलीभांति समझते हैं और उनके हित में त्वरित निर्णय ले रहे हैं।

विधायक साहू ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवासों को स्वीकृति दी गई है, जो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में वर्षों से लंबित थे। अब हर पात्र व्यक्ति को मकान का लाभ दिलाने हेतु सर्वे का कार्य तेजी से किया जा रहा है। महिलाओं को च्महतारी वंदन योजनाज् के तहत 1000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जा रही है। किसानों से 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10,000 वार्षिक सहायता और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को 6000 वार्षिक सहायता भी दी जा रही है। विधायक साहू ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लें और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा, च्अगर आपकी कोई समस्या रह जाती है, तो बेहिचक मुझसे संपर्क करें। मैं आपका सेवक हूं, जनप्रतिनिधि हूं और हर परिस्थिति में आपके साथ हूं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, बेरला जनपद अध्यक्ष माधुरी रवि परगनिया भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, बेरला जनपद सरपंच संघ के अध्यक्ष रघुवीर पिंटू सिन्हा, टकसिवा सरपंच ज्योति खेमराज साहू, हथपान सरपंच संदीप शर्मा की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचगण, जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु वय मित्र व पेंशनर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे : कलेक्टर शर्मा

**बेमेतरा** 26 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष मे आज स्वास्थ्य, समाज कल्याण व महिला बाल विकास की संयुक्त बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सर्व एसडीएम, महिला बाल विकास के अधिकारी, कर्मचारी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जिले में प्रत्येक तिमाही में जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में वय मित्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर अथवा पेंशनर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इन शिविरों का आयोजन पूर्व में व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक वरिष्ठ जनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। दूरस्थ क्षेत्रों में मुख्यमंत्री हाट बाज़ार क्लिनिक योजना एवं मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर सुविधाएं दी जाएंगी। चलने-फिरने में असमर्थ वरिष्ठजन के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से टेलीमेडिसिन सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य एवं अवसाद से जुड़ी समस्याओं के लिए टेली-मानस योजना का भी प्रचार-प्रसार कर समुचित लाभ दिलाया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि वरिष्ठजनों में आयुष पद्धति के प्रति रुझान को देखते हुए इन शिविरों में आयुष चिकित्सकों की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि श्वसन, अस्थि एवं मानसिक रोगों के लिए एक समग्र उपचार विकल्प उपलब्ध कराया जा सके। गंभीर अथवा रेफरल की स्थिति में वरिष्ठजन को वय वंदना कार्ड के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत उच्च स्वास्थ्य केंद्रों में भेजा जाएगा। सप्ताह में एक दिन च्सियान जतन दिवसज् के रूप में मनाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों का प्राथमिकता से स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। शिविरों के पश्चात जिन मरीजों को निरंतर फॉलो-अप की आवश्यकता हो, उनका परीक्षण निकटतम आरोग्य मंदिर में साप्ताहिक रूप से किया जाएगा। इसके अलावा, प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में महीने में दो बार विशेष योगा शिविर तथा जिला अस्पताल में फिजियोथेरेपी जैसी डे-केयर सेवाएं भी जीरो वेटिंग टाइम के साथ उपलब्ध करायी जाएंगी। लंबे समय से अस्वस्थ, शैय्याग्रस्त अथवा नि:शक्त वृद्धों के लिए पैलिएटिव हेल्थकेयर की व्यवस्था भी की जाएगी। कलेक्टर श्री शर्मा ने अन्य विभागों जैसे समाज कल्याण के साथ समन्वय कर जरूरतमंद वरिष्ठजनों को वॉकिंग स्टिक, हियरिंग एड जैसे सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। यह व्यापक पहल जिले में वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित समग्र, सम्मानजनक एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

## खैरवाही मोड़ के पास मोटरसाइकिल की टक्कर से युवक घायल




**गुरुर,** 26 मई (देशबन्धु)। नेशनल हाइवे 930 में दो मोटरसाइकिल की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक को सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में लाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद धमतरी में रेफर कर दिया गया, जहां आज भी इलाज जारी है। यह घटना बीते देर शाम की है, जहां ग्राम तार्री निवासी हेमंत कुमार अपनी मोटरसाइकिल से गुरुर स्थित हटरी बाजार गया था। सब्जी बेचने के बाद वापस घर आ रहा था, तभी बालोद धमतरी मुख्य मार्ग में स्थित ग्राम खैरवाही मोड के पास पहुंचा था कि विपरीत दिशा से आ रहे एक मोटरसाइकिल के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में हेमंत कुमार के सिर में एवं हाथ पैर में चोट लगी है, घटना के बाद घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में लाया गया, जहां स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने धमतरी रेफर कर दिया। इस घटना की शिकायत पर मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ 125 ए एवं 281 के तहत मामला दर्जकर जांच में लिया है।

# हेलमेट और ट्रैफिक नियमों के पालन पर जोर, जनजागरूकता अभियान की योजना तैयार




**बेमेतरा,** 26 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने ली आज पुलिस कार्यालय बेमेतरा में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु राजपत्रित अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक। बैठक में एसएसपी श्री साहू ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और ट्रैफिक नियमों के पालन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। एसएसपी ने सड़क दुर्घटनाओं की समस्या पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए करते हुए कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं और रणनीतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया और ट्रैफिक नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

हेलमेट, सीट बेल्ट व अन्य सुरक्षा उपकरणों की अनिवार्यता को लेकर जागरूकता अभियान। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई। ब्लैक स्पॉट की पहचान एवं सुधार हेतु विशेष अभियान। खराब ट्रैफिक सिग्नल व लाइटों की मरम्मत हेतु संबंधित विभाग को पत्राचार। जिले में सड़क सुरक्षा की प्रभावी निगरानी हेतु कार्य योजना का निर्माण। हाईवे पेट्रोलिंग को बेमेतरा-सिमगा एवं बेमेतरा-ओडिया तक बढ़ाया जाएगा।

**ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : एसएसपी**

एसएसपी श्री साहू ने वाहन चालकों से अपील की कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, नाबालिको को वाहन न सौंपें एवं मोबाइल फोन का प्रयोग वाहन चलाते समय न करें। उन्होंने यह भी कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें क्योंकि यह व्यवस्था आमजन की सुरक्षा के लिए है। च्हमर पुलिस हमर बजारज् एवं च्हमर पुलिस हमर गांवज् अभियान के तहत अंजोर रथ के माध्यम से गांवों व हाट-बाजारों में जन चौपाल लगाकर यातायात जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

एएसपी श्रीमती ज्योति सिंह ने भी नागरिकों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें ताकि सड़कें सुरक्षित बन सकें और दुर्घटनाएं कम हों। उन्होंने नेक नागरिकों को प्रेरित करने हेतु विशेष योजनाएं बनाने की बात कही।

एसएसपी श्री साहू ने अंत में आमजन से यह भी कहा कि यदि कहीं कोई सड़क दुर्घटना होती है, तो हर व्यक्ति को मानवता दिखाते हुए घायल को शीघ्र अस्पताल पहुंचाने अथवा एंबुलेंस को सूचित करने में देरी नहीं करनी चाहिए। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार झा, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, स्टेनो सउनि (अ)अजय कुमार देवांगन, प्रधान आरक्षक खोमलाल साहू, आरक्षक धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

## वन क्षेत्र में अवैध कटाई और परिवहन की शिकायत पर वन विभाग सतर्क

**कवर्धा,** 26 मई (देशबन्धु)। कवर्धा वनमंडल अंतर्गत ग्राम सोनझरी, भालापुरी, भठेलाटोला, बडौदा खुर्द एवं मिनमिनिया में अवैध वृक्ष कटाई एवं परिवहन की शिकायतों को लेकर वन विभाग ने तत्परता दिखाई है। प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए वनमंडल अधिकारी निखिल अग्रवाल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एसडीओ को स्थल निरीक्षण एवं जांच के निर्देश दिए। एसडीओ द्वारा संबंधित ग्रामों का सघन निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि क्षेत्र में किसी प्रकार की अवैध वृक्ष कटाई अथवा अवैध परिवहन की गतिविधियां नहीं हो रही हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि क्षेत्र में किसी वन अपराध की पुष्टि नहीं हुई है। सावधानी बरतते हुए विभाग ने दिन और रात के समय गश्त तेज कर दी है। स्थानीय वन स्टॉफ द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। इस दौरान अन्य राज्यों से तस्करों की किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि भी सामने नहीं आई है। वनमंडल अधिकारी निखिल अग्रवाल ने कहा कि विभाग शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच करता है, जिससे वन संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि किसी प्रकार की अवैध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें।

## खाद की कमी से किसान परेशान

**परपोड़ी,** 26 मई। परपोड़ी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सेवा सहकारी समितियों मे खाद यूरिया डीएपी की कमी के चलते किसानो को हो रही किल्लत मानसुन का आगमन होने वाला है। ग्रामीण इलाकों मे खेती कि तैयारी तेज हो रही है, फ़सल बुवाई का समय आ रहा है, किसान खेतो मे राखड खाद कि सिचाई करेंगे पर क्षेत्र के सिमितियों मे पर्याप्त खाद बीज नहीं होने के कारण किसानो को दुकानों से दुगने क़ीमत मे लेने को मजबूर हो गए आभाव देखते हुए भी शासन प्रशासन भी इस मामले मे मौन है।

# एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की तैयारी

**बेमेतरा,** 26 मई (देशबन्धु)। गत वर्ष की सफलता को आधार बनाते हुए इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून, 2025) के अवसर पर च्एक पेड़ माँ के नाम 2.0ज् अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस जनभागीदारी से प्रेरित अभियान का उद्देश्य पर्यावरणीय जागरूकता को नई ऊंचाई प्रदान करना है। इस संबंध में भारत सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा संयुक्त रूप से दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आज यहाँ कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने अभियान की तैयारी की समीक्षा की। इस बैठक में वनमंडलाधिकारी श्री दीपेश कपिल वन मंडल दुर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री अनिल बाजपेयी, जिले के सभी एसडीएम, तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देश दिया कि 5 जून को वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया जाएगा। इस दिन शहर के टाउन हॉल में एक गरिमामय मुख्य कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। वृक्षारोपण के लिए स्थानों का चयन वन विभाग द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत होंगे। जिले के स्कूलों, महाविद्यालयों, सरकारी कार्यालयों, अस्पताल परिसरों, आंगनबाड़ी केंद्रों आदि की खाली भूमि पर छायादार और फलदार वृक्षों का रोपण किया जाएगा। इसके अलावा नगर वन, पार्क, ग्रीन बेल्ट, राष्ट्रीय / राज्य राजपथ एवं प्रमुख सड़के, जलसंरचना, कैचमेण्ट एरिया, नदी तट, रिचार्ज जोन, नहर, अमृत सरोवर आदि सम्मिलित है जिनमें या जिनके आसपास प्राथमिकता से वृक्षारोपण किया जा सकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को भी अभियान में सम्मिलित किया जावें।

**कलेक्टर ने जिला अधिकारियों की ली बैठक, दिए जरूरी दिशा निर्देश**

कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सामुदायिक सहभागिता को केंद्र में रखा जाएगा। इसके अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां जैसे- प्रभात फेरी, पर्यावरण संबंधी चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, परिवार के साथ वृक्षारोपण कर सेल्फी प्रतियोगिता के साथ अन्य कार्यक्रम की रुप रेखा तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे भी अपने घरों के आस-पास व खाली ज़मीनों पर पेड़ लगाएं। इस वर्ष की थीम च्जल, वन और जीवनज् पर आधारित होगी, जो सतत विकास के संदेश को आगे बढ़ाएगी।*

कलेक्टर श्री शर्मा ने यह भी बताया कि अभियान की सफलता और जिले की उपलब्धियों को दर्शाते हुए एक च्कॉफी टेबल बुकज् भी प्रकाशित की जाएगी, जिसमें जिले की विकास यात्रा, पर्यावरणीय प्रयासों और वृक्षारोपण की झलकियों को सुंदर फ़ोटोग्राफ्स के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए।

इस अभियान में कॉलेजों, विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों की भी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने समन्वयपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान केवल एक वृक्षारोपण कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। बेमेतरा जिला इस पहल के माध्यम से न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान देगा, बल्कि भावी पीढ़ियों को हरित विरासत भी सौंपेगा।

# प्रबंधन की लापरवाही से बीएसपी क्वार्टर लगातार हो रहा जर्जर : श्याम जायसवाल

**दल्लीराजहरा,** 26 मई (देशबन्धु)। युवा भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने बीएसपी प्रबंधन पर नागरिकों की सुविधाओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि बीएसपी प्रबंधन की लापरवाही से बीएसपी चाटर लगातार जर्जर हो रहा। आज दल्ली राजहरा में बीएसपी के बड़ी बिल्डिंग 80त्न से ज्यादा खंडर बन चुकी हैं। सिंगल बीएसपी चाटर की यह हालत हो चुकी है कि मामूली बारिश में चाटर का छत टपक रहा है। कोई अधिकारी इस पर ध्यान देने वाला नहीं बीएसपी चाटर में रहने वाले केवल बीएसपी कार्यालय का चक्कर काट रहे परंतु उनके परेशानी से बीएसपी अधिकारियों को को मतलब नहीं केवल बीएसपी के अधिकारीयो के चाटर को ही मेंटेनेंस किया जा रहा बाकी बीएसपी कर्मी व थर्ड पार्टी एलाटमेट कराने वाले चाटर में बीएसपी प्रबंधन किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया व थर्ड पार्टी चाटर का किराया व समकेति कर सम्पत्ति कर पुरा लिया जा रहा है सुविधा कुछ नहीं दे रही है? जो कि गलत है। वैसे ही लोगों को बीएसपी में अब थर्ड पार्टी एलाटमेट मिलने में भी भारी परेशानी आ रही है। प्रबंधन द्वारा इस ओर भी आंख बंद कर लिया गया है। जिन लोगों ने भी बीएसपी चाटर एलाटमेट के लिए आवेदन किया है उन्हें केवल यह जवाब दिया जाता है। की बीएसपी द्वारा एक कमेटी गठित कर दिया गया है। जो तय करेगा। की चाटर एलाटमेट किसे करना है। किसे नहीं परंतु पिछले एक साल से इस कमेटी की कोई बैठक नहीं हो सका है। और लोग परेशान है। श्याम जायसवाल ने आगे कहा कि शीघ्र सभी मामले में बीएसपी के उच्च अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। कम से कम तत्काल जरूरी चाटर की छतों पर तत्काल डामर कोटिंग सीट बिछाया जाये जिससे लोगों को बारिश में छत टपकने से होने वाली परेशानी से राहत मिल सके।



**जिम्मेदार अधिकारी बीएसपी चाटरो के छत पर डामर कोटिंग सीट तक नहीं बिछा रहे**

## प्रादेशिकी का शेष...

### भारत माला निर्माण के ...

करते समय भूमि पर स्थित संपत्तियों का सही विवरण प्रस्तुत नहीं किये जाने आदि की जांच के संबंध में चर्चा हुई। बैठक में अधिकारियों को शासन द्वारा प्रेषित प्रपत्र अनुसार जानकारी पन्द्रह दिवस के भीतर तैयार कर विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु विभाग को उपलब्ध कराने कहा गया है। आदेश जारी कर जनसामान्य से पन्द्रह दिवस में भूमि अर्जन की प्रक्रिया के संबंध में शिकायत प्राप्त करने तथा प्राप्त शिकायतों पर पन्द्रह दिवस के भीतर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

संभागायुक्त श्री राठौर ने अधिकारियों को संपूर्ण बिन्दुओं पर जांच कर अधिकारियों कर्मचारियों की जिम्मेदारियों का निर्धारण कर उनके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध कराने एवं भू.अर्जन की प्रक्रिया में प्रभावी सुधार हेतु उपाय सुझाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सांसद श्री बघेल ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक को भारत माला सड़क निर्माण के दौरान क्षेत्र के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए सुविधाजनक पुल निर्माण कराने की ओर ध्यान आकृष्ट किया।

### प्लेसमेंट केम्प 30 को...

के 2 पद, क्यू, क्यूसी इंजीनियर के 4 पद एवं स्नातक ट्रेनी इंजीनियर के 5 पद है, उक्त सभी पदों हेतु वेतन 14000 रूपए से 30000 तक है तथा 10वीं, 12वीं, स्नातक आईटीआईए डिप्लोमा एवं मैकेनिकल इंजीनियर शैक्षणिक योग्यता धारी आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकतें है। विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ रोजगार एप एवं सोशल मीडिया अथवा रोजगार कार्यालय के सूचना पटल के माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

### भाजपा नेता योगेश तिवारी...

भाजपा नेता योगेश तिवारी जी का जन्मदिवस हर बार के तरह इस बार जनसेवा के भाव से मनाने की तैयारी है। यह पहल योगेश तिवारी जी के सामाजिक सरोकारों और जनकल्याण के प्रति उनकी निष्ठा को दर्शाती है।

मंगलवार देर शाम को ग्राम पिरदा (भिभौरी) स्थित सुखमयी मैरिज पैलेस में भव्य जन्मोत्सव समारोह का आयोजन भी रखा गया है, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सैकड़ों नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भव्य स्वागत की सभी तैयारियां हो चुकी है।

### नगर निगम अब चिन्हित स्थानों पर...

नगर में 2 पोल, मठपारा में 3 पोल लगवाने का निर्णय लिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग नगर निगम, दुर्ग सीमाक्षेत्र के अंतर्गत बाढ़ आपदा नियंत्रण हेतु कुल 60 वार्डो में 89 दिवस हेतु (1 मई से प्रारंभ) प्रभावशील सहायक श्रमायुक्त की दर पर अस्थायी रूप से 45 अतिरिक्त कर्मचारी 45 दिन के लिए रखे जाने हेतु विभाग द्वारा प्रस्ताव को पारित किया गया। बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा संचालित निविदा आमंत्रण, शिफा स्व सहायता समूह पँचशील नगर नया पारा को 3 वर्ष के लिए दिये जाने हेतु पारित।

महापौर श्रीमती बाघमार ने कहा कि इदिरा मार्केट के सभी दुकानों को रात्रिकालीन दुकान बंद करते वक्त सड़क पर अपना कचरा फेंकने देते है उनको नोटिस जारी के साथ जुर्माना की कार्रवाही की जायेगी।

इस अवसर पर देवनारायण चन्द्राकर, नरेन्द्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, शिव नायक, हर्षिका जैन के अलावा उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, वीपी मिश्रा, आरके जैन, गिरीश दिवान, धर्मेंद्र मिश्रा, रेवा राम मनु, सुरेश केवलानी, मोहित भरकाम, शुभम गोइर, सत्यनारायण शर्मा, शोएब अहमद, अभ्दय मिश्रा, पंकज चंद्रवंशी सहित मौजूद रहें।

### मानदेय न मिलने से नाराज...

की हड़बड़ी रही। कचरा गाड़ी न आने के कारण महिलाओं ने अपने घरों की बाउण्ड्री के बाहर ही कचरों की बास्केट रख दी और दैनन्दिन कार्य निपटाया।

उल्लेखनीय है कि डोर टू डोर कचरा इकट्ठा करने वाली इन महिलाओं को पूर्व में नगर निगम द्वारा महिने की 5 या 6 तारीख को मानदेय का भुगतान कर दिया जाता रहा है। इस माह में शासन द्वारा व्यवस्था बदलने की आज 26 तारीख तक मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। इसमें पूर्व भी ये महिलाएं दो बार मानदेय भुगतान के लिये आंदोलन कर चुकी है। पूर्व में दो बार इन्होंने अपने रूटीन की दैनन्दिन ड्यूटी करने के बाद धरना प्रदर्शन किया आज पिछले दिनों से पूरी तरह हड़ताल की जा रही है। समय पर भुगतान न मिलने से इस व्यवसाय में लगी 530 महिलाओं के समक्ष दैनन्दिन खर्चे की समस्या आ गई है और घर चलाना मुश्किल हो गया है। इन महिलाओं को मात्र 9 हजार रूपये मासिक मानदेय का भुगतान किया जाता है।

इस मामले में नगर निगम सफाई कामगार मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री रवि सोनी ने बताया कि आज शाम 7 बजे तक मात्र 4-5 मजदूरों को मानदेय भुगतान देने की सूचना दी गई है मगर भुगतान किसी को भी नहीं किया गया है। अत: कल 27 मई को पांचवे दिन हड़ताल जारी करने का निर्णय लिया गया है।

### ग्राम घोरारी से बड़ी मात्रा में ...

34(2) के प्रकरण कायम किया गया। इस प्रकरण में आबकारी उप निरीक्षक प्रियंक ठाकुर, हरीश पटेल, भूपेंद्र नेताम, गीतांजलि ताराम, अनामिका टोप्पो मुख्य आरक्षक संतोष दुबे, आरक्षक खुलदीप यादव एवं ड्राइवर दुर्गा, धनराज, दुर्गेश का विशेष योगदान रहा।

### आज फिर 30 वार्डो में ...

बस्ती उत्तर), वार्ड 57 (उरला पश्चिम), वार्ड नंण् 58 (उरला पूर्व) कातुलबोर्ड वार्ड नं 21 (तितुरडीह) आंशिक, वार्ड 59 (कातुलबोर्ड पूर्व), वार्ड 60 (कातुलबोर्ड पश्चिम) गंजपारा वार्ड 37 (आजाद वार्ड), वार्ड 38 (मिलपारा), वार्ड 39 (कचहरी वार्ड), वार्ड 40 (सुराना कॉलेज), वार्ड 41 (केलाबाड़ी), वार्ड 42 कसारीडीह पश्चिम एवं पुलगांव पानी टंकी वार्ड 55 पुलगांव आदि शामिल है।

### 29 से 12 जून तक चलेगा ...

एफ्पीओ प्रतिनिधि तथा लखपति ड्रोन दीदी शामिल रहेंगे। इन शिविरों में प्राकृतिक तथा जैविक खेती को बढ़ावा देन, कृषि ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग, धान की कतार बोनी डीएसआर मशीन से बोनी, सोयाबीन में उन्नत फसल तकनीक, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत समीपस्थ लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से फार्मर आईडी तैयार करने, डीएपी के विकल्प के रूप में अन्य रासायनिक उर्वरको उपयोग, फसल चक्र परिवर्तन तथा पराली जलों से होने वाले नुकसान समस्याओं आदि के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इस हेतु समस्त ग्राम पंचायतों में अभियान का प्रचार.प्रसार और मुनादी के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को शिविरों में आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही आईसीटी माध्यमों से किसानों को जागरूक किया जाएगा। अभियान की प्रभावी निगरानी हेतु उप संचालक कृषि कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिले के किसानों से अपील की यह है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता कर उन्नत खेती अपनाएं और शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लें।

### मारपीट के दो आरोपी ...

कर्मचारी रेखलाल निर्मलकर के यहां पर बैठे थे। इसी बीच आरोपी गजेन्द्र सेन उर्फ राजा सेन एवं योगेन्द्र सेन उर्फ पिंटू सेन वहां पहुंचे और किसी पुरानी वसूली का उल्लेख करते हुए उनसे ईट रॉड इत्यादि से पिटाई कर दी। इसमें नीलकंठ रजक घायल हो गया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। न्यायालय के निर्देश पर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ का...

राष्ट्रीय स्तर पर रखी जा सकने योग्य मांगों का प्रतिवेदन तैयार करने का भी सुझाव दिया। बैठक में विष्णु चंद्राकर को अधिवेशन का संयोजक बनाया गया। बैठक के प्रारंभ में महामंत्री शरद दुबे ने संघ गीत प्रस्तुत किया। बैठक में कोषाध्यक्ष गोपाल सिन्हा, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, संजय मिश्रा, शशिकान्त यादव, ईश्वर वर्मा, रीता चतुर्वेदी, शशिभूषण, मोहंती, रोहित बंजारे, रामावतार साहू, अमित चन्द्राकर, अखिलेश वर्मा, विवेक रंगनाथ, कृष्णा देशमुख, विजेंद्र परिहार, चन्द्रपाल हरमुख, नंदकुमार कुशवाहा, सर्वेश तिवारी, उदयराज सिंह भोसले, जय प्रकाश दुबे, सुतीक्षण पटेल, रामलाल विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# हत्या का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**कुम्हारी,** 26 मई (देशबन्धु)। प्रार्थी अमित साहू थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना 25 मई रविवार को अपने दोस्त मालिक राम साहू व मोहल्ले का ही अमर साहू उर्फ रेमटा के साथ गुपचुप खाने सप्ताहिक बाजार कुम्हारी गया था। गुपचुप खाते समय करीब रात 08ञ्30 बजे आरोपी सुनील उर्फ अण्डा सेन आया और अमर साहू उर्फ रेमटा को रेमटा रेमटा बोलने लगा लगा, प्रार्थी द्वारा बोलने से मना किया तो मां बहन की गंदी गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी दी और पहले हाथ मुक्का से मारपीट करने के बाद अपने शैलून दुकान में गया वहां से कैची लेकर आया और प्रार्थी के पेट में तथा गवाह मालिक राम साहू के बांये बांह को मारकर प्राण घातक चोट पहुंचाया है। कुम्हारी पुलिस द्वारा घटना के बाद आरोपी सुनील सेन उर्फ अण्डा की पतासाजी कर उसे तत्काल गिरफ्तार किया गया। आरोपी के द्वारा अपराध धारा का घटित करना सबूत पाये जाने से दिनांक 26/05/2025 के 1 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में निरी. जे आर कुर्रे, आरक्षक क्र. 777 पंकज पटेल, आर. 444 लेखराज निषाद, आर.क्र 283 कविंद साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।


मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़
मान. किरण सिंह देव जी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा
जीवेत शरदः शतम्
27 MAY
02 JUNE
बेमेतरा विधानसभा के माटीपुत्र, हमारे मार्गदर्शक, ओजस्वी और प्रखर वक्ता, किसानों और बेमेतरा
विधानसभा के आमजनों के हितों के लिए हमेशा संघर्षरत किसान नेता
योगेश तिवारी जी एवं श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी जी
जिला पंचायत अध्यक्ष, बेमेतरा
को जन्मदिन की अशेष बधाई एवं शुभकामनाएं...
योगेश तिवारी जी समाजसेवी जिन्होने जो आज के ईस युग में अपना पुरा जीवन जनसेवा और सामाजिक उत्थान के लिए सम्प्रति कर दिया।
250 बिस्तरों का मां गोदावरी आनंद वन वृद्धाश्रम के नाम से ग्राम गोमची, रायपुर में विगत 1 वर्षों से इस संचालन कर वृद्धाश्रम के द्वारा 72 बेसहारा बुर्जग माता पिता की सेवा कर रहें है समाज में जनसेवक के रुप एक अपनी पहचान बनाई है।
विगत कई वर्षों से बेमेतरा क्षेत्र में सक्रिय भाजपा किसान नेता के रुप में आम जनो कि सेवा कर रहे है।
विनीतः- समस्त कार्यकर्ता, भारतीय जनता पार्टी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

# एसपी ने ली जिले के सभी थाना प्रभारियों की बैठक में कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराने दिए निर्देश




**बालोद,** 26 मई (देशबन्धु)। अपराधों के गुणवत्तापूर्ण त्वरित निकाल हेतु थाना प्रभारीयों की एसपी द्वारा समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने मालवाहक गाड़ियों में सवारी ना बैठाने, अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने हेतु जन जागरूकता के साथ थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किए गए। थाने में आने वाले फरियादी की शिकायतों को गंभीरता से लेकर उसके निराकरण हेतु उचित कार्यवाही करने निर्देश दिए गए। पुलिस कार्यालय बालोद सभागार में एसपी योगेश कुमार पटेल द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना ध् चौकी प्रभारियों के साथ क्राइम समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में बारी बारी समस्त थाना प्रभारियों को मीटिंग एजेंडा बिंदु लंबित अपराध की जानकारी, लंबित चालान, न्यायालय में प्रस्तुत खात्मा, खारिजी, लंबित मर्ग अदम दस्तयाब गुम इंसान, लंबित शिकायत को प्राथमिकता से निकल करने हेतु प्रकरणवाद समीक्षा की गई। चोरी के प्रकरणों को सुलझाने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर रात्रि गस्त को मजबूत करने महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। किराएदारों की सत्यापन की जानकारी थानावर ली गई एवं सभी किरायेदारों की जानकारी थाने स्तर पर एकत्रित करने के निर्देश दिए गए। इसमें अधिक से अधिक प्रचार करने एवं जन सहभागिता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

सुशासन तिहार में प्राप्त शिकायत की जानकारी ली जाकर उनके निराकरण की स्थिति की समीक्षा की गई। अवैध मादक पदार्थ सप्लाई करने वाले तस्करों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करने सप्लाई चैन की जानकारी लेकर एंड टू एंड कार्यवाही करते हुए अपराध में प्रयुक्त वाहनों को राजसात करने उचित निर्देश दिए। सड़क दुर्घटना के मामले में एमवी एक्ट के तहत त्वरित एफआईआर करने और सीसीटीवी फुटेज को संकलित करने, मालवाहक गाड़ियों में सवारी बैठाने पर सख्त कार्यवाही करने, हेलमेट लगाने आमजनों को ज्यादा से ज्यादा प्रेरित कर जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों का पालन करने अपील एवं जन जागरूकता हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए। बीट क्षेत्रों में थाना स्टाफ की सूचना संकलन एवं सक्रियता बढ़ाने, अपराध में कमी लाने आदतन अपराधियों के गुंडा बदमाश एवं निगरानी बदमाश सूची खोलने के साथ ही साथ उनकी दिनचर्या पर नजर रखने निर्देश दिए गए। ग्राम कोटवारों की थाने में उपस्थिति एवं गांव भ्रमण के दौरान उनको सम्मिलित करने ग्रामीण क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में त्वरित थाने में सूचित करने के संबंध में अवगत कराने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। इसी तरफ जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध कारोबार पर लगाम कसने, बाहरी व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगरानी रखकर मुसाफिर दर्ज करने एवं उचित कार्यवाही करने निर्देशित किए गए। थाने के समस्त रजिस्टरों की मॉनिटरिंग कर अपडेट रखने, पुराने रिकॉर्ड एवं मालखानों में रखे जप्तशुदा माल का मियाद पूर्ण होने पर न्यायालीन आदेश लेकर उसकी नष्टीकरण करने निर्देशित किए। सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम मोबाइल की रिकवरी को लेकर समय समय पर पोर्टल पर अपडेट रहने समस्त थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थ ऑपरेटरों को ब्रीफ करने निर्देशित किया गया। एसपी द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को थाने में आने वाले सभी फरियादी की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर वैधानिक रूप से उचित निराकरण हेतु तत्परता से कार्यवाही करने और आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने निर्देश दिए गए। इस क्राइम मीटिंग में एएसपी मोनिका ठाकुर, एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, सीएसपी डॉ चित्रा वर्मा, डीएसपी राजेश बागड़े समेत जिले के समस्त थानाध्चौकी प्रभारी उपस्थित हुए।

# झेरिया यादव समाज सम्मेलन मे पहुंचे पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा



**बेमेतरा,** 26 मई (देशबन्धु)। जिले के तहसील बेरला के ग्राम पंचायत सोढ में आयोजित तहसील स्तरीय झेरिया यादव समाज सम्मेलन में पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया झेरिया यादव समाज के तहसील स्तरीय सम्मेलन के शुभारंभ समारोह में बोलते हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि झेरिया यादव समाज का देश और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है अपने मेहनत और सूझबूझ के दम पर झेरिया यादव समाज ने सभी समाजों को हमेशा सहयोग प्रदान किया है इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने झेरिया यादव समाज के रीति रिवाज तथा गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला एवं समाज द्वारा सामाजिक क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों का भी उल्लेख करते हुए उन्हें बधाई दी पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने झेरिया यादव समाज से अपील की समाज में शिक्षा की जागृति अधिक से अधिक फैलाई जाए साथ ही साथ जिस प्रकार युवाओं को समाज मौका देता है वैसे ही मौका बेटियों को भी उपलब्ध कराया जाए जिससे समाज हित में बेटियां भी बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे सके पूर्व विधायक ने कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने पर समाज के लोगों के प्रति साधुवाद ज्ञापित किया इस दौरान झरिया यादव समाज के अध्यक्ष गणेश गौ सेवक लच्छी राम यादव जनपद पंचायत बेरला के सभापति मरियम बी नवाज मुंशी खान मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा सहित यादव समाज के जनप्रतिनिधि गण तथा समाज के प्रमुख जन उपस्थित रहे ।

# चंडी मंदिर जीर्णोद्धार हेतु बैठक संपन्न

## 15 ग्रामों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति, 7.06 लाख की दान राशि की घोषणा



**थानखमरिया,** 26 मई (देशबन्धु)। ग्राम करमू स्थित प्राचीन चंडी मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लगभग 15 ग्रामों के श्रद्धालु एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

बैठक ग्राम सरपंच लोकनाथ पटेल, थानेश्वर पटेल, व्यास नारायण पांडे और पुन्नी तोरण यादव के सानिध्य में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य चंडी मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए ठोस योजना तैयार करना था।

बैठक में सर्वसम्मति से मंदिर निर्माण समिति का गठन किया गया, जिसमें श्री थानेश्वर पटेल को अध्यक्ष, श्री सचिन हेमचंद पाटिल को सचिव एवं श्री व्यास नारायण पांडे को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

मंदिर निर्माण को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ और सभी ग्रामवासियों ने पूर्ण समर्थन के साथ मंदिर जीर्णोद्धार कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने का निर्णय लिया।

इस पुनीत अवसर पर श्रद्धालुओं एवं दानदाताओं ने खुलकर सहयोग की घोषणा की। अब तक लगभग 7 लाख 6 हजार रुपए की दान राशि की घोषणा हो चुकी है, जिससे मंदिर निर्माण की दिशा में सकारात्मक शुरुआत सुनिश्चित हो गई है।

बैठक में धार्मिक उत्साह, सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक विरासत के प्रति समर्पण की अद्भुत झलक देखने को मिली। समिति ने शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ करने का विश्वास दिलाया है।

# कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य, समाज कल्याण व महिला बाल विकास की संयुक्त बैठक



**बेमेतरा,** 26 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने आज कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष मे आज स्वास्थ्य, समाज कल्याण व महिला बाल विकास की संयुक्त बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए 7 इस दौरान सर्व एसडीएम, महिला बाल विकास के अधिकारी, कर्मचारी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जिले में प्रत्येक तिमाही में जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में वय मित्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर अथवा पेंशनर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इन शिविरों का आयोजन पूर्व में व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक वरिष्ठ जनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। दूरस्थ क्षेत्रों में मुख्यमंत्री हाट बाज़ार क्लिनिक योजना एवं मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर सुविधाएं दी जाएंगी। चलने-फिरने में असमर्थ वरिष्ठजन के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से टेलीमेडिसिन सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य एवं अवसाद से जुड़ी समस्याओं के लिए टेली-मानस योजना का भी प्रचार-प्रसार कर समुचित लाभ दिलाया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि वरिष्ठजनों में आयुष पद्धति के प्रति रुझान को देखते हुए इन शिविरों में आयुष चिकित्सकों की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि श्वसन, अस्थि एवं मानसिक रोगों के लिए एक समग्र उपचार विकल्प उपलब्ध कराया जा सके। गंभीर अथवा रेफरल की स्थिति में वरिष्ठजन को वय वंदना कार्ड के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत उच्च स्वास्थ्य केंद्रों में भेजा जाएगा। सप्ताह में एक दिन च्चसियान जतन दिवसज्ज के रूप में मनाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों का प्राथमिकता से स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। शिविरों के पश्चात जिन मरीजों को निरंतर फॉलो-अप की आवश्यकता हो, उनका परीक्षण निकटतम आरोग्य मंदिर में साप्ताहिक रूप से किया जाएगा।

इसके अलावा, प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में महीने में दो बार विशेष योगा शिविर तथा जिला अस्पताल में फिजियोथेरेपी जैसी डे-केयर सेवाएं भी जीरो वेटिंग टाइम के साथ उपलब्ध करायी जाएंगी। लंबे समय से अस्वस्थ, शैय्याग्रस्त अथवा निःशक्त वृद्धों के लिए पैलिएटिव हेल्थकेयर की व्यवस्था भी की जाएगी।

कलेक्टर श्री शर्मा ने अन्य विभागों जैसे समाज कल्याण के साथ समन्वय कर जरूरतमंद वरिष्ठजनों को वॉकिंग स्टिक, हियरिंग एड जैसे सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। यह व्यापक पहल जिले में वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित समग्र, सम्मानजनक एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

# सुहागिनों ने की वट सावित्री व्रत की पूजा पति की दीर्घायु के लिए की 108 परिक्रमा




**थानखमरिया,** 26 मई (देशबन्धु)। नगर में वट सावित्री व्रत का पर्व श्रद्धा, आस्था और परंपरा के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न वार्डों सहित वार्ड क्रमांक 2 स्थित प्राचीन राधाकृष्ण तालाब के समीप वट वृक्ष स्थल पर सोमवार को सौभाग्यवती महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। सैकड़ों सुहागिनों ने वट वृक्ष की 108 परिक्रमा कर अपने पतियों की लंबी उम्र और सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की।

सुबह से ही नगर में धार्मिक वातावरण बना रहा। सजी-धजी महिलाओं ने परंपरागत वेशभूषा में सजी मांग, चूड़ियों और मंगलसूत्र के साथ विधिपूर्वक व्रत रखा। महिलाओं ने कच्चे सूत की डोरी से वट वृक्ष की 108 बार परिक्रमा करते हुए पूजन किया और सावित्री-सत्यवान की पौराणिक व्रत कथा का श्रवण किया।

इस पावन अवसर पर पंडित रामविलास शर्मा ने बताया कि वट सावित्री व्रत जेठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है। यह पर्व स्त्री के सतीत्व, सेवा, और संकल्प शक्ति का प्रतीक है। देवी सावित्री ने इसी दिन अपने पति सत्यवान को यमराज से अपने तप और दृढ़ निष्ठा से वापस पाया था। यह पर्व भारतीय संस्कृति में स्त्री शक्ति की आस्था, प्रेम और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

वट सावित्री व्रत न केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन है, बल्कि यह पति-पत्नी के रिश्तों में प्रेम, विश्वास और समरसता को भी मजबूती प्रदान करता है। नगर में मनाया गया यह पर्व सांस्कृतिक चेतना और पारंपरिक मूल्यों की जीवंत मिसाल बना।

# कुलपति लवली ने उप्र के सीएम योगी से सौजन्य भेंट कर विवि की उपलब्धियों से कराया अवगत



**■ सीएम योगी ने कुलपति के कार्यों को सराहा**

**खैरागढ़,** 26 मई (देशबन्धु)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सौजन्य भेंट की। इस दौरान कुलपति ने योगी को विश्वविद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने विश्वविद्यालय के विकास की गतिशीलता को आगे बढ़ाते हुये अपने द्वारा किये गये कार्यों से अवगत कराया एवं जीवन का कला के प्रति पूर्ण समर्पण को लेकर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस तरह उप्र में जन्मी लड़की ने न केवल मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन किया वरन वैश्विक स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर भातीय संस्कृति का परचम लहरा रही हैं। सीएम योगी ने कुलपति द्वारा किये जा रहे संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन की सराहना करते हुए अनेक विचारणीय एवं महत्वपूर्ण पहलुओं को उनके समक्ष रखे। किस तरह पं.छन्नूलाल के एक ही गांव हरिद्वार, आजमगढ़ से न जाने कितने संगीतज्ञ समझ आये हैं। किस तरह गोरखपुर के संगीत प्रेमियों ने 1991 से 2019 तक सांगीतिक प्रयास जारी रखे एवं सरकार को सांगीतिक हड़ताल करके अपने पक्ष मे किया जिसका परिणाम वहाँ का बाबा गंभीर नाथ ऑडिटोरियम है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखना हमारी प्राथमिकता है, पिछले वर्षों में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। किस तरह वृन्दावन हरिदास व तानसेन से जुड़े हैं, उनके ऊपर शोध होनी चाहिए। योगी ने कहा कि प्राचीन वाद्यों में गहराई थी, आध्यात्मिकता थी, उनमें तीव्रता नहीं था। प्राचीन वाद्यों को लेकर भी कार्य होने चाहिए। हमें संस्कृति के संरक्षण के लिए बेहतर कदम उठाने हैं। राजा मानसिंह तोमर, इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय एवं भातखण्डे विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कुलपति को संस्कृति के संरक्षण में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। भेंट के दौरान कुलपति ने मुख्यमंत्री योगी से उत्तर प्रदेश पहुंचने के आशय से अवगत कराते हुये बताया कि शुक्रवार 23 मई को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय एवं योगी के गोरखनाथ मंदिर के गोरक्षपीठाधीश्वर होने के नाते प्रदेश में विशिष्ट स्थान रखने वाले गोरखपुर स्थित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के साथ एम.ओ.यू. हस्ताक्षर किया गया। 26 एवं 27 मई को भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में विशेष व्याख्यान के लिए आमंत्रित हैं। सीएम योगी ने कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के विकास को गतिशीलता प्रदान करने द्रुत गति से किये जा रहे कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री योगी के शिक्षा में नवाचार, नवोन्वेषण एवं शोधात्मक गतिविधियों के विस्तार पर विशेष रूचि को दृष्टिगत रखते हुये विश्वविद्यालय एवं संस्कृति के विकास के क्षेत्र में सहयोग की आवश्यकता होने पर हर संभव सहयोग प्रदान करने आश्वस्त किया।

# छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने चुनावी ड्यूटी के मानदेय भुगतान के संबंध में सौंपा ज्ञापन



**बालोद,** 26 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के पदाधिकारियों ने जिला संयुक्त कार्यालय में जिले में नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से सौजन्य मुलाकात की व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया तथा वर्तमान में शिक्षा विभाग में चल रही शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के विषयए जिले में शैक्षिक विषय पर चर्चा के साथ फरवरी 2025 में जिले में संपन्न नगरीय निकाय एवं पंचायत आम निर्वाचन में मतदान दलों में ड्यूटी किए कर्मचारियों के लगभग 3 माह उपरांत भी एक दो विकास खंड के अतिरिक्त अधिकांश विकास खंड में कर्मचारियों के मानदेय भुगतान नही होने पर भुगतान के लिए चर्चा कर ज्ञापन सौंपा व शीघ्र भुगतान की मांग की। अधिकारी ने शीघ्र भुगतान की कार्यवाही का आश्वासन दिया। कलेक्टर से सौजन्य मुलाकात व चर्चा में टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष दिलीप साहूए जिला संयोजक रामकिशोर खरांशुए जिला सचिव नरेंद्र साहूए जिला कोषाध्यक्ष पवन कुम्भकारए जिला संगठन मंत्री रिखी ध्रुवए महामंत्री रवींद्र नाथ योगीए लेखराम साहूए रामसिंह ठाकुरए धीरज कस्तुरेए आई टी सेल प्रभारी हरीश साहूए शिवेंद्र बहादुर साहूए ब्लॉक अध्यक्ष गुरूर सूरज गोपाल गंगबेरए जिला सलाहकार संतोष देवांगन आदि शामिल थे।

# श्री सदगुरु कबीर प्रकट दिवस मनाया गया




**परपोड़ी,** 26 मई (देशबन्धु)। नगर में कबीर का प्रकट उत्सव बड़े हर्षो उल्लास से मनाया गया। कबीर साहब के अनुयायियों ने परपोड़ी में उनके विचारों का प्रसार प्रचार किया। इसके लिए उन्होंने शोभायात्र निकली। यह शोभायात्रा नगर के बाजार चौक, भटगांव रोड, बस स्टैंड चौक, गार्डन चौक आदि से होकर निकाली गई। बस स्टैंड में नागरिकों को विभिन्न प्रकार के शरबत का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ललित गोस्वामी, ईश्वर गोस्वामी, रमन गोस्वामी आदि का योगदान रहा।

# नगर में आज बड़े ही धूमधाम से महिलाओं के द्वारा वट सावित्री का पर्व मनाया गया



**परपोडी,** 26 मई (देशबन्धु)। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु की कामना कर वट सावित्री का पाव मानती है महिलाएं किस दिन वटवृक्ष की विधिवत पूजा अर्चना करती है सोलह श्रृंगार कर महिलाएं यह पूजा करने के लिए वट वृक्ष के नीचे जाती हैं सोलह श्रृंगार का सामान वट वृक्ष में चढ़ाया जाता है इस पर्व में पीली वस्तु की बहुत ही महत्व रहता है जिस प्रकार महिलाएं पीली साड़ियां पहनती है और पीली वस्तुओं का भोग लगती है और अपने पति की दीर्घायु होने की कामना करती हैं यह वट सावित्री की कथा कहीं जाती है ईश्वर महिलाएं प्रचलित कहानी भी कहती है जो कहानी इस प्रकार हैवट सावित्री व्रत कथा प्रचलित वट सावित्री अमावस्या के पूजन की प्रचलित कहानी के अनुसार सावित्री अश्वपति की कन्या थी, उसने सत्यवान को पति रूप में स्वीकार किया था। सत्यवान लकड़ियां काटने के लिए जंगल में जाया करता था। सावित्री अपने अंधे सास-ससुर की सेवा करके सत्यवान के पीछे जंगल में चली जाती थी।

एक दिन सत्यवान को लकड़ियां काटते समय चक्कर आ गया और वह पेड़ से उतरकर नीचे बैठ गया। उसी समय भैंसे पर सवार होकर यमराज सत्यवान के प्राण लेने आए। सावित्री ने उन्हें पहचाना और सावित्री ने कहा कि आप मेरे सत्यवान के प्राण न लें।

यम ने मना किया, मगर वह वापस नहीं लौटी। सावित्री के पतिव्रत धर्म से प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान के रूप में अंधे सास-ससुर की सेवा में आंखें दीं और सावित्री को सौ पुत्र होने का आशीर्वाद दिया और सत्यवान को छोड़ दिया।

इसी वट वृक्ष के नीचे सावित्री ने अपने पतिव्रत धर्म से मृत पति को पुन- जीवित कराया था. तभी से यह व्रत 'वट सावित्री व्रत' के नाम से जाना जाता है । वट पूजा से जुड़ी धार्मिक मान्यता के अनुसार तभी से महिलाएं इस दिन को वट अमावस्या के रूप में पूजती हैं।

# ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी राहत: रजिस्ट्री की दस नई क्रांतियों पर कार्यशाला आयोजित

**रजिस्ट्री के साथ-साथ अब नामांतरण भी होगा आसान: मंत्री देवांगन**




**खैरागढ़,** 26 मई (देशबन्धु)। शासन द्वारा रजिस्ट्री की प्रक्रिया में किए गए दस नई क्रांतियों पर विगत दिनों कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन रहें।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि शासन व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित हो। इसी उद्देश्य को साकार करने हेतु उन्होंने डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया है, जिससे समस्त प्रक्रियाएं ऑनलाइन माध्यम से संचालित हों और फर्जीवाड़ा जैसी समस्याओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। प्रधानमंत्री की इस दूरदर्शी सोच के अनुरूप, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। प्रदेश में रजिस्ट्री की 10 क्रांतियाँ प्रारंभ की गई हैं, जिससे आमजन विशेषकर दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों को सीधे लाभ मिलेगा।

पूर्व में रजिस्ट्री और नामांतरण से जुड़ी जो समस्याएं नागरिकों को झेलनी पड़ती थीं, उन्हें दूर करने की दिशा में यह एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगा। यह पहल सरलता, पारदर्शिता एवं दक्षता को सुनिश्चित करती है, जिससे नागरिकों को अब अपने भूमि से संबंधित कार्यों के लिए बार-बार दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रशिक्षण और कार्यशालाएं जनसमुदाय को सशक्त बनाने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाओं से आम लोगों को न केवल जानकारी मिलती है, बल्कि वे नई व्यवस्थाओं और बदलावों को भी समझ पाते हैं।

सांसद संतोष पाण्डेय आज यहां एक विशेष कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, कार्यशालाएं केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह परिवर्तन का पहला चरण होती हैं। आज की कार्यशाला जनहित के लिए अत्यंत लाभकारी है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, भुनेश्वरी देवांगन, दिनेश वर्मा, अरुणा बनाफर, हेमलता मंडावी, जमुना कुर्रे ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजना सराहनीय है। 10 नई क्रांति बहुत अच्छी पहल है। रजिस्ट्री, नामंतरण एवं अन्य समस्याओं का हल निकालने सरकार का बेहतर प्रयास है। सरलीकरण एवं सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आए दिन जनप्रतिनिधियों के पास आमलोग पहुंच कर जमीन से संबंधित विवादों की शिकायत करते है लेकिन अब इन सभी समस्याओं से आम नागरिकों को निजात मिलेगा। कार्यशाला में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बताया कि 03 मई 2025 को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं पंजीयन विभाग के मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी की उपस्थिति में रजिस्ट्री में 10 क्रांतियां कार्यक्रम के अन्तर्गत पंजीयन विभाग की 10 जन उपयोगी पहलों का शुभारंभ किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पंजीयन संबंधी सेवाओं का अधिक पारदर्शी, सरल, डिजिटल एवं नागरिकों की सुविधा के अनुरूप बनाना है। आधार आधारित प्रमाणीकरण, ऑनलाईन भारमुक्त प्रमाण-पत्र, व्हाट्सअप सूचना सेवा, घर बैठे रजिस्ट्री और स्वत: नामांतरण जैसी सुविधाओं के माध्यम से आम जनता को पंजीयन सेवाओं का लाभ अब कही अधिक सहजता से प्राप्त हो सकेंगे।

इन सुधारों से आम नागरिकों को पंजीयन से जुड़े कार्यों हेतु कार्यालयों में बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता नही होगी और साथ ही सम्पत्ति पंजीयन में होने वाले फर्जीवाड़े की घटनाओं पर भी प्रभावी नियंत्रण होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधिगण जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित पंजीयन, राजस्व विभाग अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर 600 से अधिक गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**जिले में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन**

**खैरागढ़,** 26 मई (देशबन्धु)। जिले में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से 600 से अधिक गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें से 186 महिलाओं को उच्च जोखिम (हाई-रिस्क) गर्भावस्था की श्रेणी में चिन्हित किया गया है, जिनकी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सतत निगरानी की जाएगी।



यह आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर तथा कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा के नेतृत्व में किया गया। जिले के 14 चिन्हित सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में यह शिविर आयोजित किया गया

**उद्देश्य-सुरक्षित मातृत्व की दिशा में ठोस कदम-** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का उद्देश्य है कि गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के चौथे से नौवें माह के दौरान कम से कम एक बार विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में जांच एवं परामर्श मिल सके। इससे जटिलताओं की समय रहते पहचान कर उपचार संभव हो सके। अभियान के दौरान महिलाओं को हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, रक्त व मूत्र की जांच सहित अन्य आवश्यक परीक्षण उपलब्ध कराए गए। 36 महिलाओं की सोनोग्राफी निजी केंद्रों के सहयोग से नि:शुल्क कराई गई।

**ग्राम स्तर से लेकर जिला प्रशासन तक सक्रिय सहयोग-** स्वास्थ्य शिविरों में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्राम स्तर पर मितानिनों और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाने में सहायता की।

**वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में मॉनीटरिंग-** इस अवसर पर राज्य स्तर से डॉ. फैज़ल रज़ा, डॉ. नरेंद्र सिंहा तथा जिला स्तर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सोनल ध्रुव, प्रभारी जिला प्रशिक्षण प्रबंधक खिलेश साहू, बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन, डॉ. मनीष बघेल, एवं अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति में अभियान की साइट मॉनीटरिंग की गई। यह अभियान न केवल गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि सुरक्षित प्रसव और मातृ मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहा है।

# जिला सहकारी बैंक मर्यादित राजनांदगांव की छुईखदान में संचालित शाखा नये भवन परिसर का हुआ लोकार्पण



**राजनांदगांव,** 26 मई (देशबन्धु)। जिला सहकारी बैंक मर्यादित राजनांदगांव की छुईखदान में संचालित शाखा के नये भवन परिसर (पुराना सिविल न्यायालय शहीद पार्क के सामने) का लोकार्पण जिले के सांसद संतोष पाण्डे करकमलों से दिनांक 25.05.2025 को किया गया। कार्यक्रम में सचिन सिंह बघेल अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रेमनारायण चंद्राकर, दिनेश वर्मा, कोमल जंघेल भूतपूर्व विधायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष तीरथ चंदेल, मंडल अध्यक्ष गण्डई राकेश ठाकुर, रावल कोचर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, अरविंद शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष, झम्मन साहू पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, नवनीत जैन, ललित चोपड़ा, विक्रांत चंद्राकर, रामपाल ताम्रकार, ज्ञान यादव, कृष्ण कांत महोबिया, महावीर जैन एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के संचालक सदस्य अरूण साहू, मिनेश साहू गुहराराम बंजारे, श्रवण जंघेल तथा बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मिश्रा, सुरेश कुमार द्विवेदी अधीक्षक, आलोक शर्मा नोडल अधिकारी, प्रकाश अखिलेश, प्रकाश शुक्ला, मनीष श्रीवास्तव, संजय बाजपेयी, संजय साहू, नोहर वर्मा, आदि उपस्थित थे।

# चिखली में जुआ खेलते जुआरियों पकड़े गए

**राजनांदगांव,** 26 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने अवैध गांजा - शराब बिक्री, जुआ, सट्टा, तथा असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत दिनांक 25.05.25 को मुखबीर सूचना मिला की कुछ व्यक्ति चिखली साई मंदिर के आगे स्थित खेत में 52 पत्ती ताश मे रुपये पैसे की दाव लगाकर जुआ खेल रहे आरोपियान 01. ईमरान खान पिता मो0 निसार खान उम्र 25 साल निवासी रामनगर वार्ड नं0 07 राज0 02. कुंदन वाहने पिता एधन वाहने उम्र 24 साल निवासी चिखली वार्ड नं0 06, राज. 03. दिनेश साहू पिता सुग्गु साहू उम्र 25 साल निवासी शिवनगर वार्ड नं0 04 राज. 04. सुमरन लाल साहू पिता स्व0 हिरालाल साहू उम्र 70 साल निवाी वार्ड नं0 10 चिखली राज. 05. द्वारिका देवांगन पिता स्व0 कार्तिक राम देवांगन उम्र 60 साल निवासी टांकापारा वार्ड नं0 14 राज. 06. मगेला राम नेताम पिता स्व0 कोंदा राम नेताम उम्र 58 साल निवासी चिखली वार्ड नं0 10 राज. 07. विक्की साहू पिता सुभाष साहू उम्र 43 साल निवासी स्टेशन पारा वार्ड नं0 12 राज. 08. दुर्वाश सोनटक्के पिता विश्राम उम्र 48 साल निवासी शांतिनगर 09. रामचंद्र यादव पिता कंन्हैया यादव उम्र 34 साल निवासी शांतिनगर वार्ड नं0 10 चौकी चिखली राज. से नगदी रकम 13940 रूपये, एवं 52 पत्तीताश को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) अपराध कायम कर वैधानिक कार्यवाही की गयी।




उपरोक्त कार्यवाही में निरी0 उमेश बघेल, प्र0आर संतोष मिश्रा, म0प्र0आर0 वंदना पटले आर0 मोरध्वज देशलहरे, अविरल भगत, चंद्रकपुर आयाम, गोपाल पैकरा, मनोज जैन, एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

# जिले के प्रभारी मंत्री देवांगन से संदीप ने किया मुलाकात

**नगर के विकास हित में की गई चर्चा**



**खैरागढ़,** 26 मई (देशबन्धु)। केसीजी जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन का शनिवार को खैरागढ़ में आगमन हुआ था। नगर के विश्राम गृह में विधि प्रकोष्ठ के सचिव संदीप दास वैष्णव ने प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन से मिलकर नगर के विकास में सारगर्भित चर्चा की गई इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता टीके चंदेल, पूर्व जिप सदस्य घम्मन साहू, जिला अध्यक्ष बिसेसर साहू सहित अन्य लोगों ने मुलाकात किया।

# एनएसयूआई नेता का नकल प्रकरण में संलिप्त होना शर्मनाक: कमलेश प्रजापति

**राजनांदगांव,** 26 मई (देशबन्धु)। युवा मोर्चा के जिला सह कोषाध्यक्ष एवं दिग्विजय महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के सदस्य कमलेश प्रजापति ने कहा कि छात्र संगठन का उद्देश्य छात्रों के हित में कार्य करना होता है और छात्र हित में संघर्ष उनका जीवन और उद्देश्य होता है, लेकिन तथाकथित छात्र संगठन के द्वारा उनके नेता ही अगर गैर कानूनी काम में लिप्त पाए जाते हैं, जो अक्षम अपराध की श्रेणी में आता है और लगातार सालों तक मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के हितों से कुठाराघात करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिए, ऐसे ही एक नेता जो की लगातार छात्रों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते रहे और स्वयं ही नकल के प्रकरण में लिप्त पाए गए। हम महाविद्यालय प्रशासन से यह चाहते हैं कि पूरी पारदर्शिता के साथ बिना किसी राजनीति के दबाव के इस प्रकरण का पूरी पारदर्शिता के साथ निराकरण हो और दोषियों को सजा मिले।



ज्ञात हो की इस प्रकरण में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के नेता अमर झा लिप्त पाए गए हैं। विद्यार्थियों को दिग्भ्रमित करने वाले ऐसे कृत्यों को माफ नहीं करना चाहिए और ऐसे लोगों पर विश्वविद्यालय से उचित कार्यवाही की मांग करते हैं।


# शहर का मास्टर प्लान रिवाइज करना अत्यंत आवश्यक: विवेक मोनू भंडारी

**डोंगरगढ़,** 26 मई (देशबन्धु)। सालो पीछे चल रहा डोंगरगढ़ का विकास धर्मनगरी के विकास की गति 20 साल पीछे चल रही है। शहर के विकास को देखते हुए शहर का मास्टर प्लान रिवाइज करना अत्यंत आवश्यक होने की बात कही है उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ शहर का मास्टर प्लान बता रहा है कि साल 2000 के बाद शहर के लिए नया मास्टर प्लॉन बन ही नहीं पाया। आज भी डेवलपमेंट के पहले 2011 के मास्टर प्लॉन का अवलोकन किया जाता है और वर्ष 2000 में बने नियमों को ही माना जा रहा है। इसके ठीक 10 दिन बाद छत्तीसगढ़ राज्य की घोषणा हुई यानी एमपी शासन में बने प्लॉन आज भी चल रहा है। 2011 के बाद दूसरा मास्टर प्लॉन तैयार होना था परंतु ऐसा आज तक नहीं हो पाया। इस हिसाब से कई साल पुराने प्लॉन पर शहर का विकास दर चल रहा है। 1991 के जनगणना को आधार मानकर प्लॉन तैयार किया गया तब शहर में महज 18 वार्ड ही थे। 2011 में थे 18 वार्ड, आबादी थी 60 हजार डोंगरगढ़ शहर की आबादी बढ़ने के साथ नहीं बना नया मास्टर प्लान। अब शहर की आबादी 80 हजार के पार पर मास्टर प्लान की हकीकत कुछ और डोंगरगढ़ विकास योजना वर्ष 2011 की अनुमानित जनसंख्या 60 हजार को आधार मानकर तैयार की गई थी। लेकिन कई साल बाद शहर की आबादी लगभग 80 हजार पहुंच चुकी है। इसके बाद भी नया प्लान तैयार करने पहल नहीं की जा रही है। पुराने प्लॉन में शहर के सीमा से लगे 11 गांवों को निवेश क्षेत्र माना गया है, जो अब लगभग शहर की आबादी में शामिल होने वाले हैं। डोंगरगढ़ निवेश क्षेत्र के अंतर्गत कुल 50.13 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र शामिल है। इनमें 13.18 वर्ग किमी डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद व 36.96 वर्ग किमी ग्रामीण क्षेत्र शामिल है। आउटर में रिंग रोड तो प्रस्तावित हुआ परंतु अब उसी जमीन पर बन गए मकान वर्ष 2000 के मास्टर प्लॉन में शहर के आउटर क्षेत्र में रिंग रोड बनना प्रस्तावित किया था। यदि 2011 में 2021 या 2031 के लिए मास्टर प्लॉन तैयार होता तो विकास की गति भी बढ़नी तय थी। आज की तेजी से शहरीकरण की दुनिया में,शहरी वातावरण को कई प्रकार की चुनौतीयो का सामना करना पड़ता है इसमें जलवायु परिवर्तन,पहचान संकट,जनसंख्या वृद्धि,और नियोजन विकास शामिल है। मास्टर प्लान किसी भी शहर के विकास की मजबूत नींव है यह विकास योजना की वास्तविक आर्थिक सामाजिक और पर्यावरणीय क्षमता को साकार करने में मदत करता है।पूर्व जिला भाजपा संयोजक विवेक मोनू भंडारी ने कहा कि यह सही समय हैं मास्टर प्लान रिवाइज करने का लगातार प्रदेश भर में विकास के नए आयाम खुलते जा रहे है और लगभग 20 साल बाद डोंगरगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की स्पष्ट सरकार भी बन पाई है जिससे अब एक उम्मीद की किरण बन पाई है कि डोंगरगढ़ के विकास का रोड मेम तैयार करने हेतु सालों से अवरुद्ध डोंगरगढ़ शहर के मास्टर प्लान को जल्द से जल्द रिवाइज कर सर्वांगीण विकास का मजबूत ढाचा तैयार किया जा सकेगा।



# आठवीं में कुमारी घटा साहू का सुयश

**राजनांदगांव,** 26 मई (देशबन्धु)। आई जी एन आई टी इ एमएस स्टेट स्कूल में आठवीं कक्षा की छात्रा कुमारी घटा साहू 82.50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्टता हासिल की है। कुमारी घटा साहू शुरू से मेघावी रही है वह नगर के प्रतिष्ठित पत्रकार लखोली निवासी दीपक साहू व दक्ष गृहणी श्रीमती सोम बाई साहू की पुत्री है।



कुमारी घटा साहू ने कहा कि सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ के नारे को बुलंद कर रही है। माता-पिता भी बेटियों पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं तो उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतारने का प्रयास हमें करते रहना है। कुमारी घटा साहू की सफलता पर परिजनों, गुरुजनों सहित समस्त शुभ चिंतको ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# जिले के एनएमएमएसई टॉपर आयुष पटेल को बधाई देने माध्यमिक शाला के स्टॉफ पहुंचे उनके निवास



**गंडई पंडरिया,** 26 मई (देशबन्धु)। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृति परीक्षा एन एम एम एस ई 2024-25 के जिला स्तर के चयन सूची में शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला लिमो के प्रतिभावन छात्र आयुष कुमार पटेल कक्षा 8वीं ने 126 अंक के साथ अविभाजित जिला राजनांदगांव (के.सी.जी.) में अपना प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आयुष पटेल को बधाई देने माध्यमिक शाला के स्टॉफ उनके निवास ग्राम नादिया पहुंचे। उनके परिवार से मुलाकात कर आयुष को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान अध्यापिका इंदिरा सोनी, मुकेश कुमार कश्यप (संकुल समन्वयक लिमो), शिक्षक श्रवण कुमार देवांगन व पारखदास पाटिला ने उपस्थित होकर बधाई व उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने किया सरकारी भूमि पर बेजा कब्जा, कब्जा हटाने ग्रामीणों ने लगाई गुहार

**डोंगरगढ़,** 26 मई (देशबन्धु)। विकासखंड के आदिवासी अंचल के क्षेत्र बोरतलाव क्षेत्र में ग्राम पंचायत पीपरखारकला में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कीर्ती तुमरे द्वारा सरकारी घास भूमि पर बेजा कब्जा कर घर के सामने बाउंड्री वॉल का अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया उन्होंने अवैध रूप से घर भी बना डाला है। जबकि पंचायत द्वारा इस स्थान का चयन पानी टंकी के लिए किया गया था। ग्राम के सरपंच बसंत कुमार उप सरपंच विश्राम पंच सुभेलाल विष्णुराम लखन देवकरण हरिचंद रामकिशोर उपकार सिंह कमलेश वर्मा सहित ग्रामवासियों ने भी अनविभागीय अधिकारी व तहसीलदार को अवैध कब्जा हटाने गुहार लगाई है।कब्जा नहीं हटाने की दशा में ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

**तहसीलदार को भेज कर जांच कराई जाएगी बेजा कब्जा होने पर उसे हटाने कार्रवाई की जाएगी।**

**मनोज मरकाम**
**अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़**

# महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा अर्चना



**डोंगरगढ़,** 26 मई (देशबन्धु)। सभी सुहागन महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु के लिए वट सावित्री एवं सोमवती अमावस्या व्रत पुजा पाठ किए मां रणचंडी मंदिर प्रांगण में वट वृक्ष एवं पीपल का पुजा का परिक्रमा धागा बांध कर पति की दिर्घायु , इस दिन महिला बहने हेतु मां गौरी को सिन्दुर चढ़ा कर सभी ने अपने माथे पर लिए । इस दौरान अंचला सिंह ठाकुर श्री राष्ट्रीय राजपुत करणी अध्यक्ष एवं अपने सभी पदाधिकारी गण प्रतिभा कल्चुरी, संध्या सिंह,पदमा परिहार, दिव्या राजपुत, पुष्पा राजपुत, गीता मिश्रा सरीता दुबे, पिंकी दुबे, रश्मि दुबे सहित सभी सुहागन बहने उपस्थित हो कर बहुत उत्साह के साथ वट सावित्री एवं सोमवती अमावस्या व्रत का पुजा अर्चना की।

**उल्टा पुल्टा**

भगवान ने आदमी से पूछा-तुम्हारी इच्छा क्या है?
आदमी शादी के बाद- कृपया करके मेरे बैचलर वाले दिन वापस लौटा दें।
भगवान हंसे और बोले- बेटा, मन्नत मांगने कहा था जन्नत नहीं।

## संपादकीय

# अनावश्यक व्यायाम से बचें

निश्चित रूप से व्यायाम और खेलकूद शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिये अच्छा है। यह किसी भी रूप में हो, व्यक्ति को चुस्त-दुरुस्त रखता है। हर उम्र में तथा ज़रूरत के लिहाज से सभी लोगों को टहलने, तेज़ चलने, दौड़ लगाने या खेलों के जरिये शरीर को तंदुरुस्त रखना चाहिये। बेशक, हाल के वर्षों में शारीरिक फिटनेस के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है। अब लोग नियमित रूप से पार्क या गार्डन में चहलकदमी करते, दौड़ लगाते, पार्क या जिम में व्यायाम के उपकरणों का उपयोग करते, योगाभ्यास करते दिख जाते हैं। बहुत से ऐसे भी हैं जो इनडोर या आऊटडोर गेम खेलते हैं। क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस आदि लोकप्रिय खेल हैं। लड़कियां और महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। वे भी स्वस्थ रहना चाहती हैं जो बहुत अच्छी बात है। यहां तक कि बहुत सी गृहणियां भी समय निकाल कर अपने स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिये विविध उपाय करती हैं।

इसका दूसरा पहलू भी है। हाल के वर्षों में, खासकर 2019 में आये कोरोना के बाद अचानक मौतों की घटनाएं बहुत हो रही हैं। शादी-ब्याह या ऐसे ही किसी समारोह में हंसते-नाचते हुए लोगों की मृत्यु हो रही है। इतना ही नहीं, कोई कसरत के दौरान ट्रेड मिल का उपयोग करते या वेट लिफ्टिंग करता हुआ अचानक मौत का शिकार हो रहा है। अच्छे-खासे चलते-फिरते लोग भी मौत के मुंह में समा रहे हैं। देश के विभिन्न इलाकों से इस प्रकार की अनेक घटनाओं के वीडियो सामने आ रहे हैं। ऐसा नहीं कि ये उम्रदराज लोग हों। युवा भी इसके शिकार हो रहे हैं जिनकी उम्र 30 से 40 वर्ष की ही होती है।

रायपुर के सप्रे शाला में बने बैडमिंटन कोर्ट में ऐसा ही हादसा हुआ। भिलाई के सेक्टर-4 में रहने वाले 35 वर्षीय हिमांशु श्रीवास्तव रायपुर की एक प्राइवेट कम्पनी में मैनेजर थे। उन्हें लगभग 10 वर्ष पूर्व माइनर हार्ट अटैक आया था। वे अपने को फिट रखने के लिये कुछ समय बैडमिंटन खेलते थे। शुक्रवार को लगभग पौन घंटे खेलकर जब वे आराम करने के लिये बैठे, अचानक मुंह के बल पर गिर गये और उनकी तत्काल मौत हो गयी। इसका एक कारण यह बताया जाता है कि कोरोना के संक्रमण से बचने के लिये जो टीके लगाये गये थे उसके कारण लोगों का खून गाढ़ा हो गया है। यह खून की क्लाटिंग कर रहा है। इससे हार्ट अटैक व ब्रेन हैमरेज के मामले बढ़ गये हैं। यह इतना अचानक होता है कि किसी के पास कुछ करने का अवसर तक नहीं रह जाता। ज्यादातर मामलों में कुछ ही मिनटों में सब कुछ हो जाता है। इसलिये उतना ही व्यायाम करें जितना शरीर सह सके। अनावश्यक, लम्बे और कड़े व्यायाम टालें। विशेषज्ञों की उपस्थिति और उनकी सलाह के अनुसार व्यायाम करने चाहिये।

# अंबेडकर अस्पताल में रायपुर के पत्रकारों के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर गरियाबंद जिला श्रमजीवी पत्रकार संघ ने की निंदा

## घटना में शामिल गुंडो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो



**राजिम,** 26 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में पत्रकारो के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के गरियाबंद जिला ईकाई द्वारा कड़ा विरोध करते हुए घटना की निंदा की गई। कहा गया है कि ऐसे गुंडो के खिलाफकड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी गुंडे,मवाली,बदमाश ऐसी हरकत करने की हिम्मत न कर पाए। बता दें कि राजधानी रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में रिपोर्टिंग के लिए पहुंचे मीडिया के साथ सुरक्षा के ठेकेदार मवालियों ने जिस तरह की मारपीट और हिंसा की है, उससे कई सवाल खड़े होते हैं। सवाल तो यह कि जो कैमरे और माइक लिए हुए रिपोर्टरों के साथ ऐसा बर्ताव करते हैं वे लोग गांव-गांव से आने वाले गरीब मरीजों के घरवालों के साथ कितना बुरा बर्ताव नहीं करते होंगे? अपने हुलिए से ही ये बाउंसर साबित होते हैं कि ये शराबखानों और नाइट क्लबों में धुत्त लोगों की गुंडागर्दी को रोकने के लिए बने हैं, लेकिन गरीबों के अस्पताल में इनकी तैनाती सरकार की एक बड़ी चूक बताती है। अभी हफ्ता भर भी नहीं हुआ है, जब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने इसी अस्पताल को लेकर राज्य सरकार से कई तरह के जवाब मांगे हैं। कहा है कि मरीजों के घरवालों के रहने-खाने की जगह भी, अस्पताल की जिम्मेदारी है। गरीब घरवाले अस्पताल के अहाते में कहीं पकाते-खाते हैं, कहीं नहाते और कपड़े सुखाते हैं। जो सबसे बेबस मरीज रहते हैं उनके लिए सरकारी अस्पताल ही अकेला ठिकाना रहता है। ऐसे कमजोर गरीबों के साथ ये बाउंसर कैसे गुंडागर्दी नहीं करते होंगे? सरकार के सारे संस्थानों में अस्पताल सबसे संवेदनशील होते हैं क्योंकि लोग वहां बहुत दुख-तकलीफमें ही आते हैं। ऐसे लोगों के सामने गुंडे-मवालियों की तैनाती अस्पताल की सोच पर भी एक बड़ा सवाल खड़ा करती है, कि क्या अस्पताल गरीब मरीजों को इतना बड़ा खतरा मानता है? पत्रकारो के साथ हुई घटना की निंदा करने वालो में गरियाबंद जिला अध्यक्ष श्यामकिशोर शर्मा,महासचिव रमेश चौधरी, संरक्षक फारूख मेमन,अरेंद्र पहाड़िया,गोरेलाल सिन्हा,यशवंत यादव, मनमोहन नेताम,अल्तमश खान, जितेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, कामेश्वर गोस्वामी, नीरज शर्मा,प्रकाश वर्मा,मनोज वर्मा, आलोक पहाड़िया, मनीष जैन,पुरूषोत्तम पात्र,हसन खान,गुरूनारायण तिवारी,भरत बखारिया,जितेंद्र सिन्हा,लीलाराम साहू,रामकृष्ण ध्रुव, अश्वनी अवस्थी,धनंजय बिहारी, योगेश सिंह ठाकुर,यामिनी चंद्राकर, रमेश सोनी,योगेश शर्मा,समद खान, नितिन बखारिया,रामानुज नेताम, संतोष जैन, विकास शर्मा, भागीरथी सिन्हा, मोहन कुशवाहा, नागेश्वर मोरे, देवीचरण ठाकुर, अनंतनारायण तिवारी, नेमीचंद बंजारे, गोविंद तिवारी,नागेश तिवारी, सहित संघ के सभी पदाधिकारी,सदस्य शामिल है।

# सत्संकल्प का पाठ कराते हुए अखण्ड ज्योति

## कलश यात्रा का बलौदाबाजार में भव्य स्वागत



**बलौदाबाजार,** 26 मई (देशबन्धु)। अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में अखण्ड ज्योति के अखण्ड प्रकाश को प्रचण्ड बनाने के भाव से ज्योति कलश यात्रा निकाली गई है जिसका आगमन 25 मई 2025 दिन रविवार को बलौदाबाजार में प्रवेश हुआ जहां लक्ष्मण विहार कालोनी, राधा विहार कालोनी, गायत्री शक्तिपीठ, गांधी चौक, संजय नगर, कमल कालोनी, सिविल लाईन परसाभदेर रोड, अपना घर कालोनी एवं मंगलम कालोनी में भव्य स्वागत हुआ।

यात्रा के दौरान ज्योति कलश यात्रा का उद्देश्य बताते हुए गायत्री शक्तिपीठ बलौदाबाजार के अध्यक्ष कौशल साहू द्वारा बताया गया कि शांति कुंज हरिद्वार में प्रज्वलित अखण्ड ज्योति एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के दिव्य अवतरण वर्ष 1926 के 100 वर्ष पूर्ण कर शताब्दी वर्ष के रूप में आ रहे वर्ष 2026 की तैयारी है। ऋषि युग्म पं.श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के तप, त्याग, तितिक्षा के साक्षी अखण्ड ज्योति के प्रकाश को जन-जन तक, घर-घर तक, केन्द्रों एवं संस्थानों तक पहुंचा कर इस दिव्य प्रकाश से प्रकाशित करने के भाव से यह ज्योति कलश यात्रा निकली है। जिन घरों, जिन मनों तक पूज्य गुरूदेव के विचार पहुंचाना शेष है उन घरों तक, उन मनों तक पूज्य गुरूदेव के विचारों को पहुंचाने के भाव से यह यात्रा निकाली गई है। यात्रा के साथ दिव्य अखण्ड ज्योति कलश स्थापित व ज्योति प्रज्वलित है साथ में जन जन तक सद्विचार पहुंचाने हेतु गुरूदेव रचित साहित्य, अखण्ड ज्योति, युग निर्माण पत्रिका, चालिसा, सत्संकल्प पत्रक, मंत्र लेखन पुस्तिका, बलिवैश्व, सदवाक्य स्टीकर आदि बांटे जा रहे हैं एवं स्वाध्याय हेतु प्रेरित कर संकल्प कराया जा रहा है।
युग निर्माण सत्संकल्प में व्यक्ति निर्माण-परिवार निर्माण व राष्ट्र निर्माण हेतु प्रेरित करते हुए-18 सूत्रों का पाठ कराया जाता है जिसमें शरीर को भगवान का मंदिर समझकर आत्म संय और नियमितता द्वारा आरोग की रक्षा करने, मन को कुविचारों और दुर्भावनाओं से बचाये रखने के लिये स्वाध्याय एवं सत्संग की व्यवस्था रखने, अपने आपको समाज का एक अभिन्न अंग मानकर सबके हित में अपना हित समझने, परम्पराओं की तुलना में विवेक को महत्व देने, राष्ट्रीय एकता एवं समता के प्रति निष्ठावान रहने, जाति, लिंग, भाषा, प्रान्त, सम्प्रदाय आदि के कारण परस्पर कोई भेदभाव न बरतनें, हम बदलेंगे-युग बदलेगा, हम सुधरेंगे-युग सुधरेगा आदि सूत्रों कों सतत अपने जीवन में उतारने का अभ्यास कराने का संकल्प कराया जा रहा है जिसमें लोग पूरी रूचि लेते हुए विभिन्न कालोनियों में यात्रा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# साहित्य सुमन की मासिक गोष्ठी आयोजित



बलौदाबाजार, 26 मई (देशबन्धु)। बलौदाबाजार की चर्चित साहित्यिक संस्था साहित्य सुमन की मासिक कवि गोष्ठी, रमाकांत झा के निवास पर गोविंद राम वर्मा को अध्यक्षता में संपन्न हुई। मां शारदा के पूजन के बाद आंगन की अभिलाषा कविता नेहरू यादव ने प्रस्तुत किया। व्याख्याता रामकुमार पटेल ने हवा में फैलते जहर पर काव्य पाठ किया। कवि रेस कुमार वर्मा ने एक अनोखा सपना देखा गीत गुनगुनाया। पलारी से पधारे कवि पुरन जायसवाल ने क्या करूं गम का खुशी का क्या करूं कविता सुनकर खूब वाहवाही लूटी।

रमाकांत झा ने मित्र, पड़ोसी, बंधुजन माने सभी सशक्त कविता की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। युवा कवि दिलीप वर्मा ने सामयिक विषय मां के नाम >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# त्रिवेणी संगम में स्वच्छता अभियान



**राजिम,** 26 मई (देशबन्धु)। नगर में स्थित त्रिवेणी संगम में पसरी गंदगी की समस्या से पार्षद तुषार कदम ने नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव को अवगत करवाया। जिसपे अध्यक्ष के नेतृत्व में आज सीएमओ मनीष गायकवाड़ के सानिध्य में महानदी के पावन तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष महेश यादव ने जनता से अपील की है कि नदी में कपड़ों एवं अन्य अपशिष्टों का विसर्जन रोकें। नदियाँ राष्ट्र की धरोहर है आने वाली पीढ़ियों के जीवन के लिये महत्वपूर्ण है इनका संरक्षण संवर्धन हमारी जिम्मेवारी है।

इस अवसर पर नगर पंचायत सीएमओ मनीष गायकवाड़, सभापति भारत यादव, पार्षद बलराम यादव, सुरेश पटेल, प्रतिनिधि पार्षद यशवंत निराला, नगर पंचायत के दीपक कहार अपनी स्वच्छता टिम के साथ उपस्थित हुए। वार्ड पार्षद तुषार कदम ने समस्त जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

# कलेक्टर की पहल पर सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही छात्रा को मिलेगा लैपटाप

धमतरी, 26 मई (देशबन्धु)। लोगों की समस्या, मांग और



शिकायतों के निराकरण के लिए प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज जिले के दूर-दराज से आये ग्रामीणों की समस्या व शिकायतें सुनी और उन पर विचार कर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जनदर्शन मे आज >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# दिगम्बर जैन मंदिर में मूलनायक श्रीशांतिनाथ भगवान का मनाया सदी का अंतिम जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याण महोत्सव



**नवापारा राजिम** 26 मई देशबंधु । दिगम्बर जैन समाज के मंदिर निर्माण का 100 वां वर्ष चल रहा है इस 100 वा वर्ष को समाज धूमधाम से मना रहा है साथ ही इस 100 वे वर्ष में मंदिर के मूल नायक भगवान शांति नाथ जी का सदी का अंतिम जन्म तप और मोक्ष कल्याणक मनाया गया । सदी का अंतिम तीनों कल्याणक होने के कारण समाज ने भगवान शांतिनाथ जी का कल्याण धूमधाम से मनाया । इस अवसर पर शांति धारा अभिषेक में श्रद्धालुओं ने बढ़कर हिस्सा लिया । जिसमें आज का प्रथम स्वर्ण कलश अभिषेक श्री शांतिनाथ भगवान जी के मस्तक पर प्रथम कलश से डॉ राजेंद्र समर्पण अर्पण गादिया, द्वितीय स्वर्ण कलश से श्री राकेश सत्यम शुभम चौधरी, तृतीय स्वर्ण कलश से श्री रविन्द्र रितेश ऋतिक सिंघई, चतुर्थ स्वर्ण कलश से श्री अशोक आकाश गंगवाल परिवार को मला ।

**आज की शांतिधारा**

आज की शांति धारा के लाभ में प्रथम शांतिधारा स्वर्ण कलश से प्रदीप अजित आकाश अक्षय जैन, द्वितीय शांतिधारा रजत कलश से जिनेंद्र कुमार सुजय कुमार जी जैन तृतीय शांतिधारा रजत कलश से श्रीमती ममता आशीष सुप्रिया आगम श्रुत चौधरी, चतुर्थ शांतिधारा रजत कलश से रमेश ,स्वप्निल, स्वपन, अतिशय चौधरी पांचवीं शांतिधारा प्रकाश पंकज जैन छठवां शांतिधारा किशोर अमित सिंघई परिवार को मिला।

**भगवान शांतिनाथ जी के मोक्षकलणक पर चढ़ाया गया निर्वाण लाडू**

भगवान शांतिनाथजी के मोक्षकलण पर निर्माण लाडू चढ़ाया गया जिसमें प्रथम निर्वाण लाडू चढ़ने का सौभाग्य श्रीमती ममता आशीष सुप्रिया आगम श्रुत चौधरी परिवार ,द्वितीय निर्वाण लाडू चढ़ने का सौभाग्य किशोर अमित अग्रिम अध्ययन सिंघई परिवार ,तृतीय निर्वाण लाडू चढ़ने का सौभाग्य प्रकाश सीमा पंकज जैन परिवार, चतुर्थ निर्वाण लाडू चढ़ने का सौभाग्य राजेश आरती जैन परिवार (आरवी)। आज का निर्वाण लाडू बनाने का परम सौभाग्य महिला मंडल द्वारा किया गया ।

# पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के चलते भारत बनी दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : विधायक



महासमुंद 26 मई (देशबंधु)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा जारी ताजा डेटा में भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस संबंध में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि लगातार देश की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। आज हम 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के आंकड़ों के अनुसार आज भारत की अर्थव्यवस्था जापान से बड़ा है। केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी ही भारत से बड़े हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2025 में भारत की अनुमानित ग्रोथ रेट 6.2ः और 2026 में 6.3 प्रतिशत रहेगी, जो कि बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा है। उन्होंने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की सरकार ने 2017 में वस्तु एवं सेवा कर लागू कियाए जिससे पूरे देश में एक समान कर व्यवस्था बनी। मेक इन इंडिया अभियान के तहत घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिला और विदेशी निवेश आकर्षित किया गया। स्टार्टअप इंडिया के जरिए नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहन दिया गया। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में रिकॉर्ड स्तर पर सड़कें बनाई गईं और श्भारतमालाश् व श्सागरमालाश् जैसी योजनाएं शुरू की गईं। मेट्रो नेटवर्क भी देश के कई शहरों में तेजी से फैला। देश में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देकर देश को तकनीकी रूप से अग्रणीय करने का कार्य किया गया है। आज हमारा देश सैन्य ताकत में आगे बढ़ गया है। देश हरे क्षेत्र में विकास कर रहा है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि केंद्र की हमारी भाजपा सरकार ने कई लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ देश की जनता को दिया है। इसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए। उज्ज्वला योजना के माध्यम से 9 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 10 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए लाखों लोगों को घर मिले और आयुष्मान भारत योजना के तहत 50 करोड़ लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया गया।

# जनदर्शन में पूरी हुई दिव्यांग नरोत्तम और रामाधनी की आस

## जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा ने दिए वाकर और श्रवण यंत्र



**धमतरी,** 26 मई (देशबन्धु)। जिला कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन का आयोजित किया जाता है। इस सप्ताह आयोजित जनदर्शन कुछ जरूरतमंदों के लिए खास व सुकून देने वाला रहा। कलेक्टर जनदर्शन में ग्राम हरफ़तराई के दिव्यांग नरोत्तम बंजारे और ग्राम गिरहोलाडीह, सिंगपुर निवासी रामाधीन सिन्हा ने वाकर और श्रवण यंत्र प्रदान करने के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर श्री मिश्रा ने आवेदन पर संवेदनशीलतापूर्वक विचार करते हुए तत्काल इन्हें वाकर और श्रवण यंत्र प्रदान करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक मनीषा पाण्डेय को दिये। समाज कल्याण विभाग द्वारा तत्काल इन हितग्राहियों से आवश्यक दस्तावेज लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा के हाथों इन्हें वाकर और श्रवण यंत्र वितरित कराया गया।

# व्रत रखकर पतिव्रत धर्म को महिलाओं ने किया साकार



**कटगी/बलौदाबाजार,** 26 मई (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए दिनभर निर्जला व्रत रखकर वट वृक्ष की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर वट सावित्री पर्व धूमधाम से मनाया। सुबह से ही ग्रामीण के अनेक जगहों पर वट वृक्ष पूजा अर्चना के लिए महिलाओं की भीड़ शुरू हो गई। सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत कर, धागे से वट वृक्ष की परिक्रमा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन पतिव्रता सावित्री अपने पति सत्यवान की अल्पायु में मृत्यु होने पर यमराज से अपने पति के प्राण वापस ले आई थी, तब से यह पर्व वट सावित्री के नाम से जगत में विख्यात हुआ। वही गांव के भैरों बाबा चौक, सनी देव चौक, बस स्टैंड तालाब चौक आदि जगहों में महिलाओं के भीड़ देखने को मिला।

# शहर को हरियर बनाने 5 हजार पौधों का होगा रोपण: निखिलकांत



**पालिका अध्यक्ष ने दी एनयूएलएम प्रभारी को निर्देश**

**महासमुंद** 26 मई (देशबंधु)। नगर के विभिन्न उद्यानों, शासकीय दफ्तरों सहित सार्वजनिक स्थलों व वार्डों के रिक्त पड़े स्थानों पर अब पालिका द्वारा पौधारोपण किया जाएगा। रोपे गए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी शहर के महिला स्व सहायता समूहों को दी जाएगी। पौधारोपण की तैयारी के लिए सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने एनयूएलएम के प्रभारी श्री तिवारी से चर्चा कर कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अमृत मिशन 2.0 योजनांतर्गत वूमेन फॉर ट्री के तहत एनयूएलएम के संयुक्त तत्वावधान में पालिका द्वारा शहर में 5 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्री साहू महिला समितियों को पौधे उपलब्ध कराएंगे। समूह की महिलाओं द्वारा चयनित स्थलों पर पौधे रोपे जाएंगे। पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि पौधारोपण का यह कार्य शहर को हरियर महासमुंद बनाने की दिशा में एक बेहतर प्रयास साबित होगा। उन्होंने बताया कि महिला बहनों द्वारा चिन्हित स्थलों में संजय कानन, शास्त्री चौक रोड, स्वामी आत्मानंद स्कूल, कलेक्ट्रेट परिसर ,डीईओ ऑफिस परिसर, मुक्तिधाम सहित सभी वार्डों के खाली भूमि पर पौधारोपण किया जाएगा। नपाध्यक्ष ने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है जो नगर को हरित भविष्य के साथ नगर की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को भी प्रोत्साहित करती है। अगामी माह से पौधरोपण किये जाने की तैयारी के लिए महिला समूह की बहनों को उन्होंने अभियान की सफलता हेतु शुभकामनाएं दी।अभियान को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## पंजीकृत श्रमिक बैंक खाते में आधार लिंक होना अनिवार्य

**बलौदाबाजार,** 26 मई। श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न मंडल के अंतर्गत योजनाओं की राशि 17 सितंबर 2024 से डीबीटी के माध्यम से श्रमिकों के खाते में स्थानांतरित किया जा रहा है। बहुत से ऐसे श्रमिक जिनका आधार एवं बैंक खाता पंजीयन में उपलब्ध नही होने तथा बैंक खाता आधार से लिंक नही होने के कारण डीबीटी (प्रत्यक्ष अंतरण) होने में असुविधा हो रही है।

# मनरेगा जॉब, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र पाकर हितग्राहियों के चेहरे पर आई खुशी

**आरंग,** 26 मई (देशबन्धु)। सोमवार को आदर्श ग्राम पंचायत फरफौद सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में 11 ग्राम पंचायत की सहभागिता के साथ समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने क्षेत्र वासियों को समाधान शिविर की बधाई देते हुए कहा कि सुशासन का उद्देश्य सरकार का जनता के प्रति जवाबदेह होना व पारदर्शिता है जिससे आम नागरिकों के चेहरे पर खुशी एवं संतुष्टि का भाव हो तथा प्रत्येक नागरिक का विकास सुनिश्चित हो, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने आते ही पहला काम प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने का किया और अब प्रत्येक नगरीय निकाय व ग्राम पंचायत की छोटी बड़ी समस्याओं को शिविर के माध्यम से न केवल निराकरण किया जा रहा है अपितु जनमानस के साथ संवाद से सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर नवीन अग्रवाल ने लोगों को प्रेरित किया कि वे समस्याओं के निराकरण के लिए जागरूक बने और शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाए।

वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुमार सिंह लहरे एवं तहसीलदार सीता शुक्ला के निर्देशन में प्रत्येक शासकीय विभाग ने प्राप्त आवेदनों पर निराकरण की कार्यवाही को मंच पर साझा किया एवं प्राप्त आवेदन 6446 मांग व 79 शिकायत पर निराकरण की कार्यवाही से अवगत कराया गया। इस अवसर पर अन्य अतिथियों में जनपद उपाध्यक्ष रविंद्र रिंकू चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर, जनपद सदस्य प्रीतम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष आरंग देवनाथ साहु, जनपद पंचायत सभापति अमर मांडले एवं जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुरली साहू एवं महेश साहू ,गोविंद साहू, नीरज चंद्राकर, के के भारद्वाज आदि की उपस्थिति रही। इस समाधान शिविर में अतिथियों ने हितग्राहियों को स्प्रेयर किट,सब्जी बीज किट,आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, बालिका स्वच्छता किट, अन्नप्राशन किट, ड्राइविंग लाइसेंस ट्राईसाईकिल बैसाखी,मत्स्य जाल आदि का वितरण किया जिससे हितग्राहियों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी तथा शिविर में ग्राम वासियों ने निशुल्क टीबी बीमारी परीक्षण, एक्सरे सुविधा का भी लाभ उठाया एवं सत्य साइ संजीवनी हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क सेवाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में अधिकारी गण एडिशनल सीईओ मारुति राव, नायब तहसीलदार गजानन सिदार, बीआरसीसी एम एन वर्मा, रोजगार अधिकारी लारी सर, महिला बाल विकास ऋषि बंजारे, शशांक नायक, एस के शर्मा, शिविर नोडल हरीश साहू,प्राचार्य गण अंजेला बखला,रूपेंद्र चंद्राकर आदि एवं मंच संचालन टीम शिक्षक अरविंद वैष्णव, महेंद्र पटेल, भूषण जलक्षत्रि, संकुल समन्वयक गण हरीश दीवान,सुरेंद्रचंद्र सेन, प्रफुल्ल मांझी, प्रदीप चंद्राकर, भास्कर प्रसाद यादव एवं सरपंच गण प्रिया पंकज चंद्राकर, महेश्वरी पटेल, ज्योति जोशी, रेवती पुरुषोत्तम सोनवानी ,सूरज निषाद, दिनेश कुमार गिलहरे, लक्की कोसले, हेमंत लहरी, ओमप्रकाश लोधी, भेषण साहू, नंदू कुमार चंद्राकर एवं राकेश चंद्राकर, मनीराम आडील, नेतराम चंद्राकर, रामाधार चंद्राकर, हिम्मत चंद्राकर ,गोविंद चंद्राकर, पंच गण आदि एवं रोजगार सहायक, पंचायत सचिव गण सहित 11 ग्राम पंचायत फरफौद, छतौना, अकोलीखुर्द, कलई, भोथली, रसनी, घोट , गुखेरा, जरोद, बोरिद, बोडरा के ग्राम वासियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।



**सुशासन का अर्थ जनता के चेहरे पर खुशी : गुरु खुशवंत**

# महिला की हत्या करने वाले आरोपी 2 सगे भाई गिरफ्तार

**खरोरा,** 26 मई (देशबन्धु)। 25 मई को दोपहर लगभग 3.30 बजे खरोरा के वार्ड क्रमांक 13 में एक अधेड़ उम्र की महिला को अपने घर के बाहर मुख्य दरवाजा के पास खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ी हुई है। जिसकी पहचान पद्मा यादव के रूप में हुई उसके सिर, सीना, व हाथ पैर में चोट के निशान थे, कंधे के पास बोल्डर पत्थर खून लगा हुआ पड़ा था तथा थोड़ी दुर में टूटा हुआ डण्डा पड़ा हुआ था। आरोपी द्वारा बोल्डर पत्थर व डण्डा से मारकर पद्मा यादव की हत्या कर दिया गया था।

पुलिस टीम के सदस्यों को पूछताछ में यह जानकारी प्राप्त हुई कि मृतिका पद्मा यादव के पड़ोस में रहने वाले राजू यादव एवं जीवन यादव का उससे पूर्व में लड़ाई झगड़ा एवं विवाद हुआ था तथा दिनांक घटना को राजू यादव को मृतिका के घर के पास की गली से भागते हुये भी देखा गया था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा राजू यादव एवं जीवन यादव की पतासाजी कर उन्हें पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा पद्मा यादव की हत्या की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। आरोपियों ने बताया कि मृतिका उनके ही जमीन को उनके दादाजी से सस्ते दाम में खरीदकर घर बनाकर अकेली रहती थी। आरोपियों को शक था कि मृतिका पद्मा यादव जादू टोना करती है एवं नींबू मिर्ची फेंकती है। आरोपियों के पत्नियों का गर्भपात भी हुआ था, गर्भपात का कारण आरोपियान मृतिका के जादू टोना को ही मानते थे एवं मृतिका के प्रति द्वेष रखते थे। कुछ दिन पूर्व आरोपियों का मृतिका पद्मा यादव से लड़ाई झगड़ा व विवाद हुआ था। 24 मई को आरोपियों एवं मृतिका का पुनः विवाद हुआ और विवाद बढ़ती चली गई, जिस पर आरोपियान आवेश में आकर पास पड़े बांस एवं नीलगिरी पेड़ के डण्डा से पद्मा यादव के साथ मारपीट किये, सिर में डण्डा पड़ने से वह जमीन में गिर गयी तब आरोपियान पास पड़े भारी बोल्डर पत्थर को उसके सिर में पटक दिये जिससे पद्मा यादव की मृत्यु हो गई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कार्यवाही कर आरोपियों को जेल भेजा गया।



**घटना के चंद घंटों के भीतर आरोपियों को किया गया गिरफ्तार**

# प्रा. शाला सिरींखुर्द के समर क्लास में व्यक्तिगत अभिव्यक्ति रोल प्ले का रहा आकर्षण



**फिंगेश्वर,** 26 मई। शासन के निर्देशानुसार प्राथमिक शाला सिरींखुर्द मे समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिवस पर बच्चों को बहु भाषा के अंतर्गत संस्कृत भाषा में सामान्य बोलचाल कैसे करें जानकारी दिया गया। रचनात्मक कार्य के अंतर्गत बच्चों को घोंसला बनाना गुलदस्ता बनाना माला बनाना मिट्टी के बर्तन बनाना इत्यादि सिखाया गया बच्चों ने पूरे उमंग एवं उत्साह के साथ इस समर क्लास में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं प्रथम दिवस समर क्लास कैंप में 40 बच्चे उपस्थित रहें। समर क्लास का आयोजन बच्चों की समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां कराई जा रही है इससे बच्चे अपनी दैनिक जीवन में भी उपयोग कर पाएंगे साथ शिक्षा सत्र के प्रारंभ होने पर इन्हें अपने पठन-पाठन पर भी उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर सकेंगे प्रथम दिवस का समापन नारा लगाते हुए सभी ने भारत माता का जय घोष किया इस कार्यक्रम में संस्था के प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव शिक्षक घनश्याम कंवर दुर्गेश विश्वकर्मा लीलाराम मतावले प्रशिक्षक के रूप में खंकेस सिन्हा सभी छात्र-छात्राएं के साथ शिक्षक खोमन सिन्हा उपस्थित रहे।

# खाद-बीज के लिए किसान भटक रहे : भाटिया



**सिमगा,** 26 मई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने विज्ञप्ति जारी कर बतलाया कि विष्णुदेव साय की सरकार एक ओर सुशासन तिहार के नाम पर अपने गुणगान करते नहीं थक रही वहीं क्षेत्र के किसान बीज की कमी, पेयजल समस्या, लो वोल्टेज, बिजली कटौती के साथ-साथ गेल इंडिया के प्रोजेक्ट के चलते अपने खरीफ फसल के लिए तैयारी नहीं कर पा रहे भाटिया ने बतलाया कि इस वर्ष मानसून 5 जून तक छत्तीसगढ़ में आ जाएगा मगर सरकार के द्वारा सोसाइटियों के माध्यम से मिलने वाला प्रमाणिक बीज अभी तक आया ही नहीं क्षेत्र के कामता, चौरेंगा, तुलसी, विश्रामपुर सोसाइटी में अभी तक एक भी बोरी प्रमाणिक बीज नहीं आया है जिसके लिए क्षेत्र के किसान भटक रहे हैं वहीं ग्रामीण जन लो-वोल्टेज एवं बिजली कटौती से परेशान है सरकार के नुमाइंदे सुशासन तिहार के नाम पर वाह वाही लूट रहे हैं मगर जनता की परेशानी उन्हें दिखलाई नहीं दे रही भाटिया ने बतलाया कि गेल इंडिया गैस पाइपलाइन का कार्य सिमगा ब्लॉक के कई गांव में चल रहा है जिसके लिए कई जगह पर बिना मुआवजे के कार्य प्रारंभ कर दिए हैं वर्ष 2025-26 के खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य सामने आ गया है मगर कंपनी द्वारा खोदे गए गड्ढे एवं उनका मलबा उनके खेत में पड़े हैं जिससे उनको इस वर्ष के कृषि कार्य करने में तकलीफ आ रही है इन सभी विषयों पर श्री भाटिया जी ने अनुविभागीय अधिकारी से चर्चा कर तत्काल इन समस्याओं पर कड़े कदम उठाने की मांग की यदि समय पर किसानों को बीज उपलब्ध नहीं हो पाया, बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

## वट वृक्ष की पूजा करने लगी महिलाओं की भीड़

**लवन,** 26 मई (देशबन्धु)। लवन नगर के वट वृक्ष में आज वट सावित्री की पूजा करते हुए देखा गया नगर के अधिकांश महिलाएं बरगद की पेड़ के नीचे धागा बांधकर पंडित के मंत्र चार से विधिवत पूजा अर्चना किया अपने पति की दीर्घायु की कामना के लिए दिनभर उपवास रहकर। वट वृक्ष का पूजा किए।



# जामगांव में सफाई अभियान



**फिंगेश्वर,** 26 मई। नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में भारत के तीनों सेनाओं को आतंकवाद खत्म करने एवं आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिऐ ऑपरेशन सिंदूर के नाम से एक्शन लिया गया जिससे कि पाकिस्तान में आतंकवाद के कई अड्डों को समाप्त किया और पाकिस्तान में घर में घुसकर आतंकवाद को सबक सिखाया इस ऑपरेशन सिंदूर के सफलतम कार्यक्रम में भारत के सभी मठ मंदिरों देशभर में साफ सफाई एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है इसी के तहत गरियाबंद जिला के फिंगेश्वर मंडल के जामगांव में सफाई कार्यक्रम शीतला माता मंदिर में आयोजित किया गया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल के महामंत्री मिजून साहू मंडल उपाध्यक्ष अरुण सिंन्हा सरपंच प्रतिनिधि हीरो डाहरे पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंत्री दशरथ सिंन्हा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष यशवंत साहू लालता ध्रुव मुकेश ध्रुव नागेश्वर सिंन्हा महिला कमांडो के नीरा साहू कौशल्या साहू सुकांतिन दीवान देवकी ध्रुव कुमारी साहू सरस्वती दीवान संतोषी साहू श्याम भाई सेन धनेश्वरी ध्रुव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा



**पलारी,** 26 मई (देशबन्धु)। नगर सहित पूरे क्षेत्र में महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखकर पूजा अर्चना की इसी प्रकार से ग्राम बिनौरी की महिलाएं ने रखी वट सावित्री व्रत की पूजा बर की पेड़ पर 108 बार चक्कर लगाकर विधिविधान से पूजा कर अपने अपने पति की लम्बी उम्र की कामना की इस अवसर पर ग्राम पंचायत बिनौरी की सरपंच किरण साहू सरोज साहू पूजा यादव तामेश्वरी साहू चित्ररेखा सेन अश्वनी सेन ममता साहू तारणि साहू गंगा यादव सहित भारी संख्या में महिलाए मौजूद रही।

## क्षेत्र के गौरव का हुआ सम्मान



**नगरी,** 26 मई (देशबन्धु)। नगर में उस वक्त हर्ष का माहौल देखने को मिला जब क्षेत्र का गौरव अतुल जैन का नगर आगमन हुआ। जैन मंदिर में पूजा अर्चना पश्चात सम्मान यात्रा निकली गई जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर अतुल का पुष्पगुच्छ और पुष्पहार से सम्मान किया। गौरतलब है कि भारतीय वन सेवा परीक्षा में आल इंडिया में अतुल ने सत्ताइसवां रैंक हासिल कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है, आईएफएस बनने के बाद सोमवार को अतुल का पहली बार नगर आगमन हुआ। नगर के जैन मंदिर से ओसवाल भवन तक इनकी सम्मान रैली निकली जिसमें लोगों ने जगह-जगह पर पुष्पहार से सम्मान किया और अतुल के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इस अवसर पर नगर के मुख्यमार्ग में बाजे गाजे के साथ सम्मान रैली निकली गई जिसमें जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे और अतुल का श्रीफल से सम्मान किया।

# नर्रा के समाधान शिविर में हितग्राहियों को बांटे गए विभिन्न प्रकार की सामग्रियां

**बागबाहरा,** 26 मई (देशबन्धु)। ओड़िशा सीमा से लगे बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत नर्रा में आज सोमवार 26 मई को समाधान शिविर का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। इस शिविर के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर थे। जिन्होंने अपने हाथों से समाधान शिविर में आए हितग्राहियों को विभिन्न प्रकार की सामग्रियां बाँटी गई। जिससे हितग्राही खुश नजर आए। समाधान शिविर को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न प्रकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक अधिकारी कर्मचारी पहुंचाए। ताकि गरीब तबके के लोगों को शासन के योजनाओं का लाभ मिल सके।

छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन-प्रशासन सुशासन त्यौहार मना रहे हैं। जिसके अंतर्गत विभिन्न समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों के माध्यम से शासन प्रशासन तक निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

इसी कड़ी में आज 26 मई को खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के 15 पंचायतों का ग्राम पंचायत नर्रा में समस्या निवारण हेतु 'समाधान शिविर' का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर , अनुविभागीय दंडाधिकारी उमेश कुमार साहू ,बागबाहरा तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, कोमाखान तहसीलदार हरीशकांत ध्रुव, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनहरण लाल मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकार , जनपद सदस्य लोचन पटेल एवं समस्त विभागीय अधिकारी/कर्मचारी व 15 ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच एवं क्षेत्र के जनपद पंचायत बागबाहरा के जनपद सदस्य आदि उपस्थित थे। उक्त समाधान शिविर के माध्यम से उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपने विभागीय जानकारी सहित प्राप्त प्रमुख मांगो एवं शिकायतों के निराकरण की विस्तृत जानकारियां प्रस्तुत की गई। अतिथिगणों के द्वारा छः माह के बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया। साथ ही हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, किसानों को उच्च गुणवत्ता की धान बीज, वनाधिकार पट्टा सहित प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को आवास का चाबी वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड, मनरेगा कार्ड आदि का वितरण शिविर में किया गया।

इस अवसर पर शिविर के सफल संचालन में समस्त मंचीय अतिथि सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी, जनपद सदस्य , सरपंच ग्राम पंचायत नर्रा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दुबेलाल साहू, लोकेश पनुरिया खल्लारी मंडल अध्यक्ष, कोमाखान मंडल अध्यक्ष नितिन जैन, कलाराम नायक , नवीन पटेल, लेखमणि पटेल किरण यदु, गोविंद साहू, पंकज जैन ,गुलशन कुमार बघेल, डेविड नायक सरपंच, परमेश्वर सोनवानी, भीमा साहू, डी कुमार चौरे, आशीष गुप्ता, यादराम सिन्हा, परमेश्वर पटेल, महामंत्री युवा मोर्चा हीरालाल साहू ,माधव सेन, उपाध्यक्ष, आदिवासी युवा प्रभाग ओमप्रकाश ध्रुव समेत क्षेत्र के 15 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं ग्रामीणजन प्रमुख रूप से मौजूद थे।



# भूजल संवर्धन मिशन अंतर्गत कार्यशाला में शामिल हुए आरंग विधायक व नपा अध्यक्ष

**आरंग,** 26 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के अध्यक्षता में दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में पंडित दिनदयाल उपाध्याय भूद्गजल संवर्धन मिशन के शुभारम्भ पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे गुरु खुशवंत साहेब विधायक एवं उपाध्यक्ष अनु. जा.वि.प्रा.छ.ग. शासन, डॉ संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग, श्रीमती शीतल चंद्रवंशी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद आरंग एवं प्रदेश के अन्य विभागों में कार्यरत अभियंतागण, आर्किटेक्ट , हाइड्रोलॉजिस्ट के साथद्गसाथ एनआईटी, चैंबर ऑफ कामार्स एवं क्रेडाई संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए ।उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन (शहरी) के शुभारंभ पर आयोजित कार्यशाला में 'जल संरक्षण की प्राचीन परंपरा और वर्तमान में इसे पुनर्जीवित करने की जरूरत' पर पीपीटी के माध्यम से अपनी बातें रखीं। उन्होंने रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कार्यशाला में मौजूद विशेषज्ञों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, अभियंताओं, स्वयंसेवी और गैर-सरकारी संगठनों से कहा कि इस गर्मी में सभी लोगों ने महसूस किया होगा कि जल संरक्षण क्यों जरूरी है।नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भी गंभीरता से इसे महसूस कर वर्षा जल और भू-जल संवर्धन का अभियान मिशन मोड पर शुरू कर रही है। इसमें सभी शहरवासियों की सहभागिता जरूरी है। कार्यशाला में हाइड्रोलॉजिस्ट्स, कॉलोनाइजर्स, उद्योग समूह और राज्य शासन के विभिन्न विभागों ने भू-जल और वर्षा जल के प्रभावी संवर्धन पर चार घंटे तक संवाद किया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव और भारत के वाटरमैन के नाम से प्रसिद्ध राजेन्द्र सिंह ने ओपन सेशन (ह्ळद्गठ्ठ स्द्गह्यह्यद्बशठ्ठ) में प्रतिभागियों के सवालों के जवाब भी दिए।



## प्रादेशिकी का शेष...

### सत्संकल्प का पाठ ...

का संचालन हो रहा है। अपना घर कालोनी में कलश यात्रा का स्वागत मातृशक्तियों द्वारा पूरी कालोनी में रंगोली सजाकर जयघोष के साथ स्वागत किया गया एवं मंगलम कालोनी में भव्य रंगोली सजाकर शंखनाद करते हुए दीप महायज्ञ के साथ यात्रा को रात्रिकालीन विश्राम दिया गया।

### साहित्य सुमन की मासिक ...

पेड़ लगाने का आह्वान किया और कहा कि दहक रही है धरतीमाता जाने क्या होगा अंजाम, सभी समय है चलो लगा ले एक पेड़ माता के नाम। संस्था के सचिव फिरत पटेल ने सस्वर बदल गई आवोहवा बदल गया व्यवहार का पाठ कर जादू बिखेर दिया। आंचलिक कवि अनिल गौतरिहा ने छत्तीसगढी में जनम धरे हाव बड़ भाग मानी, कण कण में यहां जिनगानी के द्वारा समर्पण का भाव जगाया। अध्यक्ष गोविंद राम वर्मा ने देश के प्रति समर्पित सैनिकों के द्वारा दुश्मनों को दी गई चेतावनी और देशवासियों के द्वारा शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि संबंधी कविता सुनाकर राष्ट्रीय धारा प्रवाहित कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ यू के मिश्र ने किया। अंत में पूर्व प्राचार्य डॉ निशा झा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कलेक्टर की पहल पर ...

ग्राम लोहरसी निवासी कुमारी ऐश्वर्या गंगबेर ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए लैपटाप की मांग की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने ऐश्वर्या से उसकी पढाई के बारे में पूछा। ऐश्वर्या ने बताया कि वह सिविल इंजीनीयरिंग की पढ़ाई कर रही है, आगे की पढ़ाई के लिए उसे लैपटाप की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि उसके पिताजी मूर्ति बनाने का काम करते है और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह लैपटाप नहीं खरीद पा रही है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजना के तहत ऐश्वर्या को लैपटाप प्रदान किया जाए।

वहीं जनदर्शन में नवागांव कचना निवासी राजेश कुमार ने बीते 12 वर्षो से निजी जमीन पर गांव का गंदा पानी छोड़ने के कारण खेती नहीं कर पाने की शिकायत कलेक्टर के समक्ष की। कलेक्टर ने उक्त प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही करते हुए आवेदक के भूमि के पानी को नाली के माध्यम से अन्य स्थान प्रवाहित करने और मौके का निरीक्षण करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद को दिये। जनदर्शन में कुरूद विकासखंड के धौराभाठा निवासी मनोज कुमार ने पट्टा भूमि से अवैध कब्जा हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। मनोज कुमार ने बताया कि उनके पिता जी के नाम से 1600 वर्गफूट का पट्टा प्रदान किया गया था, गांव की महिला द्वारा लगभग 19 वर्गफीट में कब्जा कर लिया गया है। गांव वालों के समझाने पर भी वह कब्जा नहीं छोड रही है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस संबंध में एसडीएम कुरूद को जमीन का सही माप करने के निर्देश दिये। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, मजदूरी भुगतान आदि से संबंधित कुल 58 आवेदन मिले।

# कांग्रेसियों ने निकाली संविधान बचाओ रैली व झीरम के शहीद को दी श्रद्धांजलि



**कुरूद,** 26 मई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कुरुद नगर में ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरूद, भखारा व मगरलोड द्वारा विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली निकाली गई व शहादत दिवस मनाते हुए झीरम के शहीदो को कारगिल चौक में स्थित स्मारक में छाया चित्र के समाने दीप प्रज्ज्वलित किये ।इस अवसर पर कांग्रेसियों ने कहा कि देश में केन्द्र सरकार द्वारा संविधान को अनदेखा किया जा रहा है। विपक्ष के आवाज को दबाने की कोशिश, किसान, मजदूर, अल्पसंख्यक, दलित, शोषित व पिछड़ों के अधिकारो से वंचित किया जा रहा है। कांग्रेसीयो ने झीरम के शहीदो को नमन करते हुए कहा कि आज के दिन हिंदुस्तान के इतिहास का सबसे काला दिन था। नक्सलियों ने घेर कर हमारे शीर्ष नेतृत्व विद्या चरण शुक्ल, नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा सहित तीस से अधिक साथियों को शहीद कर दिये ।आज तक हत्या के साजिश कर्ता व गुनाहगारो का पर्दाफाश नहीं हो पाया जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है ।इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कुरूद अध्यक्ष आशीष शर्मा, भखारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजू साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व आयोग उपाध्यक्ष सुश्री राजकुमारी दीवान, प्रदेश कांग्रेस सचिव तारिणी चन्द्राकर, जिला उपाध्यक्ष भरत नाहर,, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेश्रर साहू, बसंत साहू, प्रमोद साहू, वरिष्ठ नेता प्रहलाद चंद्राकर, रवि शर्मा, रामा साहू ,गीता राम सिन्हा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष व पार्षद देवव्रत साहू,युंका ब्लाक अध्यक्ष व पार्षद डुमेश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भखारा विनोद साहू,पार्षद मनीष साहू, अर्जुन ध्रुव, गिरिश साहू,तोषण साहू, पप्पू राजपूत, कृष्ण कुमार साहू, रविन्द्र साहू, हितेंद्र केला,शत्रुघन साहू, रामचंद्र साहू, तुकेश साहू,, बिट्ठू गौर,एवन साहू,झुमुक साहू, दिलिप साहू, जीवन यादव, चन्द्रभान साहू, सहित अनेक कांग्रेसी गण उपस्थित थे।

# प्रजापिता ब्राम्हकुमारी ईश्वरीय विवि में सम्मान समारोह का आयोजन



**पलारी,** 25 मई (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रम्ह कुमारी संस्थान पलारी के द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे खरोरा से आये वरिष्ठ उमा दीदी जी द्वारा मन की शांति कर्म के बारे मैं जीवन को श्रेष्ट कैसे बनाये के बारे मैं बताया मैडिटेशन से काम को कैसे अच्छा बनाये और इस कार्यक्रम उद्देश्य मन का शांति का मतलब विश्व शांति का संदेश देना है हम सभी इस ईश्वरीय विश्व विद्यालय मैं जो आते है उसे शांति का रास्ता बताते है पलारी सेंटर का पता दशहरा मैदान मैं सामने प्रजापति ब्रम्हांकुमारी ईश्वरी विश्व विधायलाय है जहाँ रोज सुबह शाम को निशुल्क मेडिटेशन करवाया जाता है इसमें मुख्य रूप से श्रीमती आकांक्षा जायसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत नगर अध्यक्ष गोपी साहू नंदेश्वर साहू अध्यक्ष नगर पंचायत रोहाँसी पिंटू वर्मा उपाध्यक्ष पलारी पीतांबर साहू उपाध्यक्ष रोहांसी सरपंच संघ अध्यक्ष धृतलहरे व सभी ग्राम पंचायत के सभी सरपंच व पंच गण उपस्थित रहे ब्रम्हांकुमारी संस्थान से खरोरा से अथिति वरिष्ठ उमा दीदी भगवनतिन वरिष्ठ दीदी हर्षा दीदी सुरेश वर्मा दयाराम ध्रुव कृष्णा ध्रुव प्रमिला वर्मा पदमिनी ध्रुव बुध्धा यादव कुशुम गिरजा निशा पटेल भानमती भनी साहू सरस्वती अविनाश करियारे आदि उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई गई

**पिथौरा,** 26 मई (देशबन्धु)। भाजपा मंडल पिथौरा में अहिल्याबाई होल्कर 300 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में महिला आयोग की सदस्य प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा श्रीमतीसरला कोसरिया जी वरिष्ठ भाजपा नेता शशि डड़सेना मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा नगर पंचायत के अध्यक्ष देव सिंह निषाद नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रीत राम सूर्या वरिष्ठ भाजपा नेता सीताराम सिंन्हा रैदास गोयल मंडल महामंत्री जतिन ठक्कर, किरण दुलीकेशन साहू मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू मंडल उपाध्यक्ष पंचराम मटियारा मंडल मंत्री दिपक देवी गजेंद्र राजेश चौधरी आलोक त्रिपाठी, विजय नायक, क्षमा गोयल मधुरिमा पांडे निर्मला पिंपलकर नारायण पटेल सौरभ अग्रवाल पार्षद पुष्पांत पटेल, किशोर पटेल रविंद्रर आजमानी देव कुमार सिन्हा बबलू सोनी मनमोहन जैन अश्विन साहू श्रीमती लक्ष्मी सिंह सुमित अग्रवाल बिट्टू मोनू सलूजा राजेश अग्रवाल जीतूअग्रवाल सहित महिला पदाधिकारियों,सदस्यों की उपस्थिति रही।



# सुहागन महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत



**पिथौरा,** 26 मई (देशबन्धु)। वट सावित्री का व्रत सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए रखती हैं. इस दिन विवाहित महिलाएं पति दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला उपवास रखती हैं और वट वृक्ष की पूजा करती हैं. मान्यतानुसार इस वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है. महिलाओं ने व्रत रख सत्यवान,और सावित्री की कथा का श्रवण किया, तत्पश्चात अपने,अपने पति का आशीर्वाद लेकर अल्पाहार ग्रहण किया।

# रात्रि में शांतिलाल साहू के मकान में घुसकर चोरी को अंजाम देने वाले आरोपियों को बिलाईगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

## सोने चांदी के जेवरात बर्तन कपडे व एक सफेद रंग के टोयटा कार जुमला कीमती लगभग 24 लाख रुपये को किया जप्त

**बिलाईगढ़,** 26 मई (देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे अनुभागीय विभागीय अधिकारी (पुलिस) विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक शिवकुमार धारी के नेतृत्व में ग्राम डुरूमगढ़ रात्रि में प्रार्थी शांतिलाल साहू के मकान में घुसकर चोरी को अंजाम देने वाले आरोपियों को बिलाईगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार।

मागले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी शांति लाल साहू पिता रधई साहू उम्र 40 वर्ष साकिन डुरूमगढ़ का दिनांक 01.04.2025 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने खाता से कुल 180000 रूपये बेटी के विवाह हेतु बैंक से निकाला था जिसमें से 10000 रूपये को घर का मरम्मत में खर्च किया था शेष बचत पैसा 170000 रूपये एवं सोने चांदी के आभूषणों को दो अलग अलग पेटी में ताला लगाकर रखा था। दिनांक 31 03.2025 को 09.00 बजे सहपरिवार खाना खाकर सो गये थे सुबह 05.00 बजे उठकर देखा तो उक्त कमरा का दरवाजा खुला था कमरा अंदर जाकर देखा तो कमरा अंदर पेटी नहीं था पेटी में रखे 170000 रूपये तथा सोना चादी का जेवरात कुल 240000 रू. को अज्ञात चोर व्दारा चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों का कथन लिया गया एवं घटना स्थल का




निरीक्षण कर घटना स्थल के नजदीक से दो अलग अलग खेत से चोर व्दारा चोरी के सामान को निकाल कर फेंके गये पेटी को गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपियों की पतासाजी लगातार जारी थी कि दिनांक 25.05.2025 को मुखबीर से सूचना मिली कि थाना बिलाईगढ़ क्षेत्रांतर्गत चोरी करने वाले गिरोह जो ग्राम टुण्डरी से सरहदी क्षेत्र गिधौरी तरफ किसी बड़ी चोरी को अंजाम देने का प्रयास में घुम रहे हैं कि सूचना मिलने पर हमराह स्टाफ के ग्राम गिधौरी के पास पहुंचे तो पुलिस को देखकर जो 07 व्यक्ति लूकने छिपने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ में अपना नाम आनद अहिरवार सुरजभान पारधी सजय कुमार पारधी, अमर सिंह पारधी मन्नू लाल पारधी हेमलाल पारधी सोनू अहिरवार बताये हैं। जिनसे हिकमत अमली से पूछताछ करने पर थाना बिलाईगढ क्षेत्रांतर्गत ग्राम डुरूमगढ एवं थाना भटगांव क्षेत्रांतर्गत ग्राम चुरेला में चोरी करना कबूल किया गया कि आरोपीगणों से उनके मेमोरेण्डम कथन के आधार पर लगभग 12 लाख रूपये किमती का सोने चांदी का आभूषण एवं घटना में ईस्तेमाल किये गये एक टोयेटा कार क्रमांक सीजी 04 क्यू एफ 4618 किमती 12 लाख रूपये कुल किमती 24 लाख रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। चोरी का मशरूका खरीदने वाले आरोपी महावीर जैन पिता लक्ष्मीचंद जैन का हार्ट पेशेंट होने से एवं माननीय न्यायालय अर्नेश कुमार के नियमों का पालन करते हुए नोटिस देकर छोड़ा गया है एवं अन्य आरोपीगणों का कृत्य अपराध धारा का घटित करना पाये जाने पर उन्हें उनके गिरफ्तारी का आशय बताते हुए दिनाक 26.05.2025 को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों के देकर आरोपीगणों को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। प्रकरण की संपर्ण कार्यवाही में जिला सारंगढ बिलाईगढ़ व बलौदाबाजार भाटापारा सायबर सेल की संयुक्त टीम, उप निरी शिवकुमार धारी थाना प्रभारी बिलाईगढ व थाना बिलाईगढ टीम, निरीक्षक सुश्री बीना यादव थाना प्रभारी भटगांव व हमराह टीम, सउनि भगवती कुर्रे व टीम का विशेष योगदान रहा।

**आरोपीगण** – 1. आनंद अहिरवार पिता पकलू अहिरवार उम्र 44 वर्ष, 2. सुरजभान पारधी पिता स्व कौशल पारधी उम्र 50 वर्ष, 3. संजय कुमार पारधी पिता सुरजभान उम्र 25 वर्ष, 4. मन्नू लाल पारधी पिता कांशीराम उम्र 44 वर्ष सभी साकिनान रोहांसी थाना पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ0ग0), 5. अमर सिंह पारधी पिता अर्जुन सिंह पारधी उम्र 28 वर्ष साकिन केमतु महात्मा गांधी नगर जैन मंदिर के पीछे वार्ड नंबर 26 पावर हाउस मिलाई थना छावनी जिला दुर्ग (छ0ग0), 6. हेमलाल पारधी पिता बंशीलाल पारधी उम्र 40 वर्ष साकिन सांकरा वार्ड नंबर 17 रांवाभाठा थाना अमलेश्वर जिला दुर्ग (छ0ग0), 7. सोनू अहिरवार पिता रमेश अहिरवार उम्र 42 वर्ष साकिन कबीर नगर आदर्श चौक अटल आवास थाना कबीर नगर जिला रायपुर (छ0ग0) हाल पता न्यू कर्सीपार डबरा पारा भिलाई जिला दुर्ग (छ0ग0), 8. महावीर जैन पिता स्व.लक्ष्मीचंद जैन उम्र 51 वर्ष निवासी ऋषभ नगर वार्ड नं 38 थाना कोतवाली जिला दुर्ग छ0ग0.

# गांजा बेचने वाले मां बेटे गिरफ्तार

## अवैध रूप से भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने हेतु ले जाते हुये महिला और उसका पुत्र गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा,** 26 मई (देशबन्धु)। थाना प्रभारी सत्यम सिंह श्याम से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिला सिर में लट लगा एवं उसके साथ एक लडका सफेद शर्ट नीला जींस पहना एक प्लास्टिक थैला के अंदर में अवैध रुप से मादक पदार्थ रखकर उडीसा से ट्रेन बैठकर तिल्दा नेवरा में उतर कर सासाहोली ओवर ब्रिज के नीचे से सांकरा की ओर जाने वाले है कि सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी महिला व उसके पुत्र को घेराबंदी कर पकड़ कर उनके पास रखे एक-एक प्लास्टिक थैला में कुल मादक पदार्थ गांजा 02 किलो 568 ग्राम कीमती 20000/रू का जप्त किया गया जिस पर आरोपी शंकर धृतलहरे और उसकी माँ कुंवर बाई धृतलहरे को धारा 20(बी) नारकोटिक एक्ट के तहत् गिरफ्तारी कर ज्यूडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय भेजा गया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

उपरोक्त कार्यवाही उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 लाल उमेंद सिंह द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक(विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी द्वारा क्षेत्र में निजात (नशामुक्ति) कार्यक्रम के तहत् प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश के परिपालन में निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा के निर्देशन में उप निरीक्षक अरूण भोई, प्र0आर0 जालम साहू, आरक्षक किशोर शर्मा, महिला आरक्षक किरण वर्मा, पूजा वर्मा द्वारा किया गया।

# उपभोक्ता आयोग ने खातेदार को दिलाया ब्याज सहित जमा राशि एवं अन्य व्यय

## बैंक कर्मचारी के विरूध्द गबन राशि वसूली मामले में दिया आदेश

**बलौदाबाजार,** 26मई (देशबन्धु)। बैंक के कर्मचारी द्वारा उपभोक्ता के राशि गबन मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा रसेड़ा खातेदार को जमा की गई राशि ब्याज सहित अन्य व्यय प्रदाय करने का आदेश पारित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक बेदराम फेकर द्वारा अपना बचत खाता बैंक में खुलवाया गया था जिसका उपयोग वह करते आ रहा था। खाते में 6 फरवरी 2014 तक 2,37,090 रूपये राशि जमा था जो माईनस में 15,000 रूपये हो गई है। आवेदक द्वारा अपनी राशि का आहरण नहीं किया गया था जानकारी हासिल किये जाने पर पता चला कि आवेदक के खाते से पूर्ण जमा रकम का आहरण चेक के माध्यम से किया गया है, जबकि आवेदक के खाते में चेक सुविधा प्रदान नहीं की गई थी। आवेदक द्वारा बैंक एवं उप पंजीयक को शिकायत किया गया उपरांत विभिन्न दिनांकों में उच्चाधिकारीयों को शिकायत की गयी परंतु जमा राशि प्राप्त नहीं हुई। आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में शिकायत प्रस्तुत करने पर संबंधित बैंक ने बचाव करते हुए जानकारी दी कि उक्त बैंक के कर्मचारी के विरूद्ध गबन राशि वसूली मामला प्रस्तुत किया गया है जो लंबित विचाराधीन है।

# छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना का 1 जून से खारुन यात्रा

**भाटापारा,** 26 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़िया क्रांतिसेना कार्यालय भाटापारा में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छत्तीसगढ़िया क्रान्तिसेना का जिलास्तरीय बैठक संपन्न हुवा, जिसमे 1 जून से 5 जून तक महादेव घाट रायपुर से ग्राम सुंगेरा (तिल्दा) तक खारुन आजादी यात्रा मे सहभागिता के लिये तैयारी के संबंध मे चर्चा कर निर्णय लिया गया।



## भाटापारा में छत्तीसगढ़िया क्रान्तिसेना व जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के तैयारी बैठक संपन्न

छत्तीसगढ़िया के जल जंगल और जमीन के संरक्षण व लगातार नदियो से बेतहासा रेत उत्खनन, पानी का दोहन कर जल स्त्रोतो को बर्बाद करने का कार्य औद्योगिक ईकायो के द्वारा किया जा रहा है जिसे सरकार का संरक्षण मिला है। जिससे नदी किनारे बसे गांव मे आम निस्तार, पेयजल व खेती किसानी मे भीषण संकट उत्पन्न हो गया है।

खारुन नदी से महेंद्रा स्पंज आयरन कंपनी व पावर प्लांट तक सुंगेरा गांव से पाइप लाइन बिछाकर पानी ले जाने का कार्य गांव वालो के भारी विरोध के बाद भी लगातार जारी है। ग्रामवासियो ने शासन प्रशासन से शिकायत कर रोक लगाने गुहार लगाई गई, आंदोलन किया जा रहा है। जिलास्तरीय बैठक मे आज संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा कर गांव गांव में संगठन विस्तार बैठक करने निर्णय लिया गया, एवं छत्तीसगढ़ियो के हक अधिकार, जल जंगल जमीन के रक्षा का संकल्प लिया गया। बलौदाबाजार शहर ब्लाक अध्यक्ष के पद पर रोहित साहू को जुम्मेदारी सौपी गई। आज के इस बैठक में चंद्रकांत यदु (प्रदेश उपाध्यक्ष – जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी), जिला पधाधिकारी सनत यदु, सुरेंद्र यदु, देवप्रसाद वर्मा, जितेंद्र साहू, ब्लॉक पदाधिकारी – सतीश यादव, संतोष साहू, रोहित साहू एवम सेनानी महेंद्र साहू, आलोक यदु, धनंजय गौतम, गणेशु पाल, ऋतुराज साहू, देवानंद यदु उपस्थित रहे।

# वंदे मातरम : सेना के सम्मान में नारी शक्ति मैदान में

**भाटापारा,** 26 मई (देशबन्धु)। आज भाटापारा शहर में सिंदूर ऑपरेशन का कार्यक्रम महिलाओं के द्वारा रखी गई थी जिसमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार के द्वारा 6 मई की अर्ध रात्रि को पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के नौ स्थानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई सर्जिकल स्ट्राइक का स्वागत करते हुए नरेंद्र मोदी ने हम भारतीय लोगों का मान बढ़ाया और सिंदूर ऑपरेशन के तहत उन्होंने इसके उपलक्ष्य में भाटापारा शहर वासियों बहनों ने लाल साड़ी पहनकर और सिंदूर का लंबा से तिलक लगाकर नगर पालिका प्रांगण एकत्रित होकर के शहर केथाना से होते हुए भारत माता चौक में इस कार्यक्रम को समापन की गई जिसमें उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष सम्माननीय श्री रतन शर्मा जी की धर्मपत्नी एवं भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा जी की धर्मपत्नी नेहा श्रीमती नेहा शर्मा जी, नीरा देवी साहू आयशा खान, सोनी छाबड़िया, नीलम छाबड़िया, प्रीति शाह, सूनिता गुरुवाणी, शीतलआर्या, कचन तलरेजा रचना प्यारपानी, संगीता सबलानी चंद्रकला साय, मीना सोनी, रेखा ध्रुव अंजलि जायसवाल, तनुजा धृतलहरे, मधु सोनी, सुकून ध्रुव, रितु यादव रागिनी डोंडे आदि महिला मोर्चा नेत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए कहां कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस सर्जिकल स्ट्राइक का ऑपरेशन सिंदूर का नाम देकर देश की सनातन संस्कृति का मान बढ़ाया है। वास्तव में सिंदूर हम महिलाओं की सुहाग का प्रतीक होता है और दुष्ट आतंकवादियों ने हमारी 26 बहनों के मांग का सिंदूर उजाडे जाने के 15 वे दिन ही उनके घर में घुसकर बदला लिया है जिससे हर भारतीय आज गर्व महसूस कर रहा है। महिला नेत्रियों ने आगे कहां कि पाकिस्तान को मालूम होना चाहिए कि देश में इस समय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली मजबूत सरकार है जो अपने किसी देशवासी पर किए गए हमले पर उसके घर में ही घुसकर मारना जानती है महिला नेत्रियों ने आगे कहां पाकिस्तान का नामोनिशान ही न रहेगा।



# सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप कार्य योजना का आयोजन

**नवापारा राजिम,** 26 मई (देशबन्धु)। अंचल के प्रतिष्ठित पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय गोबरा नवापारा में आज 26 मई को मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप कार्ययोजना का शुभारंभ किया गया। भाषायी समर कैंप के पहले दिवस बुनियादी अभिवादन, अभिव्यक्तियां, अक्षर ज्ञान, संख्या एवम हस्ताक्षर के बारे में शिक्षको द्वारा बताया गया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य अशोक कुमार साहू, एसएन देवांगन, श्रीमकती लता साहू, भरत लाल साहू ने बच्चो को भाषा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बीएल अवसरिया, विनोद साहनी, अश्वनी साहू, होरीलाल चांदने, सुषमा यादव, महेश कंसारी, सौरभ साहू, किशन सिंह ठाकुर व अन्य शिक्षकगण सहित बच्चे मौजूद थे। अंत में बच्चो को स्वल्पाहार भी कराया गया।



# श्री सत्यनारायण मंदिर की 76वीं वर्षगांठ पर कंसारी समाज द्वारा रक्तदान शिविर, 33 यूनिट रक्त संग्रहित

**नवापारा राजिम,** 26 मई देशबन्धु। नगर कंसारी समाज के युवा संगठन द्वारा श्री सत्यनारायण मंदिर में मूर्ति स्थापना की 76वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आयोजन का दूसरा वर्ष था, जिसमें महानदी ब्लड बैंक कुर्रा के सहयोग से कुल 33 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

कंसारी समाज के युवाओं और महिला संगठन के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में समाज के विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदान को जीवनदान के रूप में देखा जाता है, क्योंकि यह आपातकालीन स्थिति, सर्जरी, प्रसव और गंभीर बीमारियों में जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, और यह केवल मानव दान से ही प्राप्त हो सकता है। महानदी ब्लड बैंक की टीम ने तकनीकी सहायता प्रदान की, और रक्तदाताओं को सम्मानित करने के लिए एक समारोह आयोजित किया गया। सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक की ओर से प्रशस्ति पत्र और कंसारी समाज द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला और युवाओं को इस पुण्य कार्य में नियमित भागीदारी के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन सामाजिक एकता और मानव सेवा के प्रति कंसारी समाज की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। कुल 33 यूनिट रक्त क्षेत्र के अस्पतालों में जरूरतमंदों के लिए उपलब्ध होगा। समाज ने भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया है। यह रक्तदान शिविर न केवल मंदिर की वर्षगांठ को यादगार बनाया, बल्कि समाज में सेवा, एकता और करुणा के मूल्यों को भी बढ़ावा दिया।



# विकसित कृषि संकल्प व प्री–खरीफ अभियान हेतु तैयारियां प्रारंभ

**भाटापारा,** 26 मई (देशबन्धु)। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में विकसित कृषि संकल्प अभियान (ङ्क्चस्न) 2025 का शुभारंभ 29 मई से 12 जून 2025 तक पूरे देश में किया जा रहा है। यह 15 दिवसीय राष्ट्रव्यापी प्री–खरीफ अभियान देश के 700 जिलों में लगभग 1.5 करोड़ किसानों तक पहुँचने का लक्ष्य लेकर चलाया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य में यह अभियान सभी विकासखंडों में आयोजित किया जाएगा, जिसका समन्वय आईसीएआर – राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान (ह्वढ्ढक्चस्रू), रायपुर द्वारा किया जा रहा है। इस अभियान में कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा भी सक्रिय रूप से भाग ले रहा है।

अभियान के तहत बहु–विषयक टीमों का गठन किया गया है, जिनमें कृषि, बागवानी, पशुपालन व मत्स्य पालन विभागों के अधिकारी, वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान तथा जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

प्रत्येक टीम प्रतिदिन तीन किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित करेगी, जिसमें किसानों को खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीकों, मौसम आधारित सलाह, प्राकृतिक खेती, जल प्रबंधन, जैविक खेती, समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन आदि पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अभियान के माध्यम से प्रति दिन 10–12 लाख किसानों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने बताया कि यह अभियान क्षेत्र के किसानों को वैज्ञानिक जानकारी और उन्नत तकनीक से जोड़ने में एक मील का पत्थर साबित होगा। सभी विकासखंडों में सक्रिय संवाद, प्रदर्शन और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

भविष्य की कृषि को अधिक उत्पादक, टिकाऊ एवं लाभकारी बनाने की दिशा में यह पहल एक सशक्त कदम है। हम सभी किसानों से अनुरोध करते हैं कि वे इन संवाद कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और लाभ प्राप्त करें

# संभागीय संचालक राकेश पांडे ने बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षा विभाग को दी बधाई, 50प्रतिशत से कम परिणाम लाने वाले स्कूलों के प्राचार्यों के वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

**गरियाबंद,** 26 मई देशबन्धु। दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा बैठक संभागीय संचालक राकेश पांडे की मौजूदगी में स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में संपन्न हुई। इस अवसर पर संभागीय संचालक पांडे ने दोनो कक्षा के परिणाम की ब्लॉकवार तुलनात्मक जानकारी ली। पहले की अपेक्षा सुधार और कमी के बारे में चर्चा की। दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम में वृद्धि होने पर बधाई भी दी। वही 50 प्रतिशत से पिछड़े स्कूलों पर नाराजगी जताई।



इसके पहले जिला शिक्षा अधिकारी एसके सारस्वत ने बताया कि जिले का 12वीं का परिणाम 90.17त्न और 10वीं का परिणाम 80.70त्न रहा। यह पिछले साल की तुलना में क्रमश: 8त्न और 3त्न की बढ़ोतरी है। इस सुधार के साथ जिले की रैंकिंग में भी बड़ा बदलाव आया है। 12वीं में जिले ने 22वें स्थान से छलांग लगाकर चौथा स्थान हासिल किया। 10वीं में 19वें स्थान से 14वें स्थान पर पहुंचा है। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। 10वीं में यह आंकड़ा 26त्न से बढ़कर 37त्न और 12वीं में 25त्न से बढ़कर 45त्न हो गया। शत–प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले स्कूलों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। 10वीं में ऐसे स्कूलों की संख्या 6 से बढ़कर 23 और 12वीं में 6 से बढ़कर 11 हो गई।

संभागीय संचालक पांडे ने इस उपलब्धि पर जिले के सभी प्राचार्यों, शिक्षकों और शिक्षा विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस सफलता का श्रेय जिला उपसंचालक आशुतोष चावरे को जाता है। उन्होंने ब्लूप्रिंट, प्रश्न बैंक और परीक्षा की लगातार समीक्षा कर परिणाम सुधार में अहम भूमिका निभाई।

बैठक में खराब प्रदर्शन करने वाले स्कूलों पर सख्ती भी की गई। जिन स्कूलों का परिणाम 50त्न से कम रहा, उनके प्राचार्यों की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। इनमें शासकीय ठाकुर दलगंजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहरसी और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम शामिल हैं। समीक्षा बैठक में अनुपस्थित या प्रतिनिधि भेजने वाले प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

सहायक संचालक अजीत सिंह जाट ने विषयवार परिणामों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों के परिणाम संतोषजनक नहीं हैं, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सत्र 2025–26 के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य आधारित कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में डीएमसी केएस नायक, केएस पैकरा, बुद्धविलास सिंह, श्याम चंद्राकर, मनोज केला सहित जिले के पांचों विकासखंडों के शिक्षा अधिकारी, स्रोत समन्वयक और प्राचार्य उपस्थित रहे।

# वट सावित्री पूजा को लेकर दिनभर श्रद्धा और आस्था का माहौल बना रहा

## सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा

**रवान/बलौदाबाजार,** 26 मई (देशबन्धु)। बलौदाबाजार सहित ग्रामींण क्षेत्रों में वट सावित्री व्रत को लेकर सोमवार को दिनभर श्रद्धा और आस्था का माहौल बना रहा। सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और पति की लंबी उम्र के लिए वट वृक्ष की पूजा कर व्रत रखा। मंदिरों और वट वृक्षों के आसपास महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। विशेष रूप से मंदिर में सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पूजा सामग्री के साथ पहुंचने लगी थीं। पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर उसे कच्चे सूत से बांधा और सावित्री–सत्यवान की कथा सुनी। व्रत की धार्मिक महत्ता और मान्यता राम मंदिर के पुजारी पंडित सोन ने बताया कि वट सावित्री व्रत को भरणी व कृतिका नक्षत्र तथा शोभन व अतिगंड योग में किया जाना विशेष फलदायी माना गया है।

इस दिन त्रिदेव–ब्रह्मा, विष्णु और महेश–की पूजा कर वट वृक्ष की आराधना की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि सावित्री ने इसी वृक्ष के नीचे यमराज से संघर्ष कर अपने पति सत्यवान को पुनर्जीवन दिलाया था।सोमवार को अमावस्या तिथि के साथ सोमवती अमावस्या का संयोग व्रत की पुण्य प्राप्ति को और भी बढ़ा देता है। मान्यता है कि इस व्रत से महिलाओं के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य बना रहता है। वहीं पति के जीवन से संकटों का नाश होता है। पूजन सामग्री और परंपरा, पूजन का शुभ मुहूर्त व्रत करने आई महिलाओं ने बताया कि पूजा के लिए सावित्री–सत्यवान की मूर्तियां, धूप–दीप, बांस का पंखा, कच्चा सूत, कलश, बरगद का फल, सुहाग सामग्री और थाल आदि की आवश्यकता होती है। पूजन के बाद महिलाएं अपने पतियों को पंखा झेलकर उनके कष्ट हरने की प्रार्थना करती हैं। रवान क्षेत्र में इस पर्व को लेकर विशेष आस्था देखी गई।



# पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने किया वट वृक्ष पूजन

**गरियाबंद,** 26 मई (देशबन्धु)। हिंदू संस्कृति की गहराई से जुड़ा वट सावित्री व्रत सोमवार को गरियाबंद नगर समेत ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। वट वृक्ष की पूजा कर सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र और पारिवारिक सुख–शांति की कामना की। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में मंदिरों और वट वृक्षों के पास एकजुट होने लगीं थी। शहर के काली मंदिर, शिव मंदिर (फॉरेस्ट परिसर) और गांधी मैदान शिक्षक नगर में विशेष भीड़ देखी गई। सुहागिनों ने वट वृक्ष की 12 बार परिक्रमा की और कच्चा सूत बांधकर व्रत की पूर्णता की। इस दौरान उन्होंने निर्जला व्रत रखकर शाम को विधिवत पूजा के बाद ही अन्न ग्रहण किया।



इस वर्ष नवविवाहिताओं में इस व्रत को लेकर खासा उत्साह देखा गया। सोलह श्रृंगार में सजी दुल्हनों ने पूरी श्रद्धा व विधि–विधान से पूजा की। शहर की गलियों में महिलाओं की चहल–पहल दिनभर बनी रही। बुजुर्ग महिला श्याम कली तिवारी ने बताया कि यह व्रत सावित्री की कथा पर आधारित है, जिन्होंने कठोर तपस्या कर यमराज से अपने पति सत्यवान को वापस पाया था। तभी से सुहागिनें वट वृक्ष की पूजा कर पति की दीर्घायु की प्रार्थना करती हैं। भारती सिन्हा ने व्रत के अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह व्रत मेरे लिए केवल परंपरा नहीं, बल्कि प्रेम और आस्था का प्रतीक है। हर साल एक नई ऊर्जा मिलती है। वर्षा तिवारी ने कहा व्रत नारी शक्ति और धार्मिक विश्वास को सशक्त करता है। मायके आई राधिका सिन्हा ने कहा कि पति के लंबी उम्र के व्रत करना हमारा सौभाग्य है।

इस अवसर पर लालिमा ठाकुर, सविता देवांगन, डॉली ठाकुर, किरण सिन्हा, संध्या सोनी, रेणुका सिन्हा, सुमन लता केला, सीमा मिरी, रूपाली सोनी, साधना सेन सहित बड़ी संख्या में सुहागिनें उपस्थित रहीं।